सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-105 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 22 सितम्बर 2023
06 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ा देश, पीएम ने सभी का जताया आभार

महिला आरक्षण बिल को संसद की मंजूरी

- महिलाओं को लोकसभा-विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा
- राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बनेगा
- नई संसद में कामकाज के पहले दिन पेश हुआ था बिल
- तीन दशक से पेंडिंग था महिला आरक्षण बिल
- हमने बिल पर सार्थक चर्चा की है: पीएम मोदी

नई दिल्ली। देश के गौरवशाली इतिहास में आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ है। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले बिल को आज संसद की मंजूरी मिल गई है। आज भारी समर्थन के साथ यह राज्यसभा में भी पारित हो गया। राज्यसभा में विधायक के पक्ष में 215 वोट पड़े। इसके खिलाफ एक भी वोट नहीं गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्थक चर्चा में भाग लेने और इस बिल का समर्थन करने के लिए सभी सांसदों का आभार व्यक्त किया है।

आपको बता दे कि पिछले 27 सालों में ऐसे कई मौके आए जब इस तरह के बिल को सदन में लाने की कोशिश हुई लेकिन कभी सफलता नहीं मिल सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समर्थन के लिए सभी सांसदों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि देश के जन-जन में नया आत्मविश्वास पैदा हुआ है यह नारी शक्ति को विशेष सम्मान है। विधायक के प्रति सभी की सकारात्मक सोच से नई ऊर्जा हासिल हुई है। राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नारी शक्ति को एक विशेष सम्मान सिर्फ विधेयक पारित होने से मिल रहा है ऐसा नहीं है बल्कि इस विधेयक के प्रति देश के सभी राजनीतिक दलों की सकारात्मक सोच होना, ये हमारे देश की नारी शक्ति को नई ऊर्जा देने वाली है। राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पर बोलते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मैं पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव की सरकार को उस समय पंचायत राज में 33 प्रतिशत आरक्षण लाने का श्रेय देना चाहती हूं। परिणामस्वरूप, हमने पंचायत स्तर पर विकास देखा, जहां आज कई राज्यों द्वारा 33 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। पंचायत स्तर पर महिलाओं के योगदान को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि महिलाओं से संबंधित मामलों में हम कोई राजनीति नहीं करते। यह प्रधानमंत्री के लिए विश्वास का विषय है इसलिए हम वो सब कुछ करते हैं जो हमने किया है। चाहे वह अनुच्छेद 370 हो, तीन तलाक हो या अब महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान वाला 128वां संविधान संशोधन विधेयक बृहस्पतिवार को राज्यसभा में चर्चा एवं पारित किए जाने के लिए पेश किया गया। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण सुनिश्चित करने वाला संविधान संशोधन विधेयक यदि आज संसद से पारित हो जाता है तो 2029 में लोकसभा में 33 प्रतिशत महिलाओं की मौजूदगी सुनिश्चित हो जाएगी।

वित्त मंत्री ने नरसिंहाराव सरकार को क्रेडिट दी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- मैं पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की सरकार को श्रेय देना चाहती हूं, उन्होंने महिलाओं को पंचायत राज में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया था। इससे हमने पंचायत स्तर पर प्रगति देखी है। आज कई राज्यों में 33 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया है।

मेघवाल ने बिल पेश किया

कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने राज्यसभा में बिल पेश किया। इसके बाद कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने बिल के नाम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि महिलाओं को वंदन नहीं, समानता चाहिए। इसके बाद भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- ये बिल महिलाओं पर अहसान नहीं, बल्कि उनका वंदन और अभिनंदन है।

भारत हमारे साथ काम करे और हमारा साथ दे: ट्रूडो

- भारत सरकार के साथ काम करना चाहता हूं: ट्रूडो
- हम समस्याएं पैदा करने के बारे में नहीं सोच रहे
- नागरिक की हत्या में शामिल होना अस्वीकार्य

ओटावा। भारत की नाराजगी और कई सख्त कदमों के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सुर अब बदले-बदले नजर आ रहे हैं। हालांकि, अब भी ट्रूडो अपने पुराने दावों पर कायम हैं। इन सब के बीच उन्होंने भारत के साथ काम करने और उनकी बात को गंभीरता से लेने की बात कही।

उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार से हमारे साथ काम करने, इन आरोपों को गंभीरता से लेने और न्याय को अपने तरीके से चलने देने का आह्वान करता हूं। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत का महत्व विश्व में बढ़ रहा है और भारत एक ऐसा देश है जिसके साथ हमें न केवल एक क्षेत्र में बल्कि दुनिया भर में काम करना जारी रखना है। हम उकसाने या समस्याएं पैदा करने के बारे में नहीं सोच रहे हैं, लेकिन हम कानून का शासन और कनाडा के लोगों की रक्षा करने के लिए खड़े होने के महत्व के बारे में स्पष्ट हैं। इसीलिए हम भारत सरकार से आह्वान करते हैं कि वे मामले की सच्चाई को उजागर करने, न्याय और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए हमारे साथ काम करें। ट्रूडो ने कहा कि कानून के शासन वाले देश के रूप में हमारा दायित्व है कि हम यह सुनिश्चित करें कि जांच की सभी प्रक्रियाएं कठोर और स्वतंत्र तरीके से सामने आएं। हम यही कर रहे हैं। हम अंतरराष्ट्रीय आधारित व्यवस्था के लिए खड़े हैं। हम यह बता रहे हैं कि किसी भी देश के लिए अपनी घरेलू धरती पर किसी नागरिक की हत्या में शामिल होना कितना अस्वीकार्य होगा। हम चाहते हैं किभारत हमारा साथ दे और सच सामने लाने में मदद करे। उन्होंने कहा कि मैंने सोमवार को कहा था कि यह मानने के विश्वसनीय कारण हैं कि भारत सरकार के एजेंट कनाडा की धरती पर एक कनाडाई की हत्या में शामिल थे। यह कानून के शासन वाले देश में अत्यंत और मूलभूत महत्व की बात है।

> ट्रूडो ने कहा कि मेरी प्रधानमंत्री मोदी के साथ सीधी और स्पष्ट बातचीत हुई, जिसमें मैंने बिना अपनी चिंताओं को साझा किया। हम भारत सरकार से इसे गंभीरता से लेने और इस मामले में पूर्ण पारदर्शिता लाने, जवाबदेही और न्याय सुनिश्चित करने के लिए हमारे साथ काम करने का आह्वान करते हैं। हमारे देश में कानून का शासन है। हम कनाडा के लोगों की सुरक्षित रखने और हमारे मूल्यों को बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्य करना जारी रखेंगे।

कनाडा के नागरिकों के लिए वीजा सेवा निलंबित

- विदेश मंत्रालय ने कहा पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर भारत पर लगाए गए आरोप

नई दिल्ली। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बेहद ही गैर जिम्मेदाराना बयान और बेतुकी कार्रवाई के बाद भारत और कनाडा के रिश्तों में एक बेहद खराब दौर आ गया है। एक खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या को लेकर कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाए हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि हां, हमने कनाडा सरकार को सूचित किया है कि हमारी पारस्परिक राजनयिक उपस्थिति में ताकत में समानता होनी चाहिए। उनकी संख्या कनाडा में हमारी तुलना में बहुत अधिक है मुझे लगता है कि इसमें कमी होगी। बागची ने कहा कि भारत शुरू से कनाडा को चरमपंथी तत्वों के प्रति चेताता रहा है। कनाडा पीएम और सरकार के आरोप दुर्भाग्यपूर्ण और राजनीति से प्रेरित हैं। अरिंदम बागची ने कहा कि इस निज्जर मामले में कनाडा ने भारत के साथ कोई सूचना साझा नहीं की है। कनाडा की धरती से चलने वाली भारत विरोधी गतिविधियों के बारे में कई बार सबूत दिए गए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बागची ने कहा कि भारत ने जो एडवाइजरी जारी की है वो सभी के लिए है। सिर्फ हिंदुओं, स्टूडेंट्स के लिए नहीं। भारत भारतीयों को बांट कर नहीं देखता, सभी के लिए एडवाइजरी जारी करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत अपने मिशनों की सुरक्षा के प्रति आश्वस्त है। विश्वास है की विएना संधि का पालन होगा। हमारे सुरक्षा प्रबंधों पर हम सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं करते।

न देरी करेंगे और न ही जल्दबाजी

शिवसेना विधायकों की अयोग्यता का मामला

मुबई। गुरुवार को शिवसेना विधायकों की अयोग्यता मामले पर महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, शिवसेना विधायकों की अयोग्यता मामले के फैसले में देरी नहीं करेंगे और न ही इस मामले में जल्दबाजी करेंगे। इसी के साथ ही उन्होंने जोर देते हुए कहा, वह जो भी निर्णय लेंगे वह संवैधानिक होगा। उन्होंने कहा, मैं केवल यह कह सकता हूं कि मैं इसमें देरी नहीं करूंगा और न ही जल्दबाजी करूंगा। पिछले साल जून में एकनाथ शिंदे अपने समर्थक विधायकों के साथ शिवसेना से अलग हो गए थे। जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से वह मुख्यमंत्री बने।

जयाप्रदा के खिलाफ वारंट

रामपुर। रामपुर की पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री जयाप्रदा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में बृहस्पतिवार सुनवाई टल गई। अब चार अक्तूबर को सुनवाई होगी। अदालत ने जयाप्रदा के खिलाफ दोबारा जमानती वारंट जारी करते हुए उन्हें आगामी 4 अक्टूबर को अदालत में हाजिर होने का आदेश जारी किया है। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान रामपुर के पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी।

राष्ट्रपति ने ग्रेटर नोएडा में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में यूपी इण्टरनेशनल ट्रेड शो का शुभारम्भ किया

यूपी में निवेश से देश बनेगा मजबूत: मुर्मू

- सीएम योगी ने गणेश जी की मूर्ति भेंटकर राष्ट्रपति का किया स्वागत
- उत्तर प्रदेश में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का लक्ष्य रखा है

नोएडा। यूपी का पहला अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला आज से शुरू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार शाम 4 बजे इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, 6 साल में यूपी की इकोनॉमी 13 लाख करोड़ से 22 लाख करोड़ तक पहुंची है। निवेश के लिए उठाए गए कदम व्यापार को और सुगम बनाएंगे जिससे देश आर्थिक रूप से मजबूत बनेगा। राष्ट्रपति ने कहा भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में पांचवी है। इसे तीसरी तक पहुंचाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें उत्तर प्रदेश का अहम योगदान भी रहेगा।

उत्तर प्रदेश में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का लक्ष्य रखा है। मेरा विश्वास है कि इस लक्ष्य को प्रदेश हासिल करेगा। मुझे बताया गया है कि 2017-18 में यहां का निर्यात 88 हजार करोड़ था। जो 2022 में बढ़कर 1.75 करोड़ हो गया है। जो यहां के स्केल को बदल रहा है। 5 दिनों तक चलने वाले इंटरनेशनल एक्सपो सेंटर में पहली बार इतने ज्यादा रजिस्ट्रेशन देखने को मिले हैं। सीएम ने कहा कि ये ट्रेड शो प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करेगा। सीएम योगी दोपहर में ही कार्यक्रम पहुंच गए थे। उन्होंने ट्रेड शो में कार्ट पर बैठकर स्टॉल देखे। उनके साथ प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को गणेश जी की मूर्ति भेंटकर उनका स्वागत किया। ये व्यापार मेला 21 से 25 सितंबर 5 दिनों तक चलेगा। इसमें दो हजार से अधिक उत्पादक और 300 ब्रांड भाग ले रहे हैं। आम लोगों को यहां 22 से 25 सितंबर तक फ्री में एंट्री दी जाएगी। इस ट्रेड शो में आटोमोबाइल जगत की 32 कंपनियां भी शामिल होंगी। वे यहां अपनी गाड़ियों का डेमो देंगी। हॉल में दो एंट्रेंस होंगे, जिसमें एंट्री के बाद फ्रंट पर यही दोनों स्टॉल आमने-सामने नजर आएंगे। ओडीओपी के स्टॉल पर प्रदेश में तमाम जिलों के खास और यूनीक उत्पादों की श्रृंखला रहेगी, जो बायर्स को अपनी ओर आकर्षित करेगी। इसमें सूचना जनसंपर्क के साथ ही 200 स्क्वायर मीटर में पर्यटन व संस्कृति विभाग का स्टॉल होगा, जहां उत्तर प्रदेश के पर्यटन से संबंधी योजनाओं व नीतियों के विषय में लोग जान सकेंगे।

यूपी को अब कोई बीमारू राज्य नहीं बोलत: योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, पहले यूपी बीमारू राज्य था। 6 साल में प्रदेश में विकास के कई काम हुए हैं। अब इसे दुनिया भर में एक समृद्ध राज्य के रूप में जाना जाता है। आज यहां पर प्रदेश के तमाम उत्पादों की ब्रांडिंग की जा रही है। जिसमें 75 जिलों के यूनिक प्रोडक्ट को प्रदर्शनी लगाई गई है। इस ट्रेड शो से बिजनेस को काफी बढ़ावा मिलेगा। अब तक बीटूबी के लिए 70000 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। 2000 एक्जीबिटरों के रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इस ट्रेड शो में 70 देशों की अलग-अलग कम्पनियां शामिल हैं। उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है।

यूपी नहीं देखा तो इंडिया नहीं देखा

मिलेंगे यूनीक प्रोडक्ट

इंटरनेशनल ट्रेड शो कुल 2088 स्क्वायर मीटर एरिया में आयोजित किया जा रहा है। इसके ले-आउट प्लान के अनुसार, कुल 17 विभागों के स्टॉल को यहां इन्स्टॉल किया गया। इसमें सबसे बड़ा स्टॉल (300 स्क्वायर मीटर) ओडीओपी और सूचना जनसंपर्क का होगा।

लखनऊ को तोहफा

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के पहले दिन लखनऊ को शस्त्र बनाने वाले नए संयंत्र की सौगात मिली। यूपीडा ने कैपिटल एयरगन कैपिटल एयरगन मैन्यूफैक्चरिंग के साथ इस संबंध में जमीन के समझौते पर दस्तखत किए। दो हेक्टेयर जमीन पर बोफोर्स तोप के कलपुर्जे और 9एमएम की पिस्टल बनेगी। पहले चरण में करीब 150 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। 15 महीने में प्लांट काम करना शुरू कर देगा।

चीन पर कांग्रेस के सवाल पर भड़के राजनाथ

- सीना चौड़ा कर हम संसद में चर्चा के लिए तैयार
- भारत की संस्कृति को विज्ञान विरोधी कहने वालों को कुछ मालूम नहीं

नई दिल्ली। चीन के साथ सीमा पर तनाव के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में बड़ा बयान दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी के सवाल के सवाब में कहा कि पूरी हिम्मत है चीन पे भी मैं चर्चा करने के लिए तैयार हूं और सीना चौड़ा करके चर्चा करने के लिए तैयार हूं। अधीर रंजन चौधरी ने पूछा था कि क्या उनमें लोकसभा में चीन मुद्दे पर चर्चा करने का साहस है।

दरअसल, लोकसभा में चंद्रयान 3 को लेकर चर्चा हो रही थी। इसकी दौरान यह सब हुआ। रक्षा मंत्री ने कहा कि किसी राष्ट्र की अस्मिता को अक्षुण्ण रखने के लिए जिस तरह से वहां की सीमाई सुरक्षा और बाकी अन्य चीजों की सुरक्षा की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार उसकी अस्मिता को बनाए रखने के लिए वहां की संस्कृति की सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक होती है। राजनाथ ने कहा कि राष्ट्र के उपयुक्त विकास के लिए अनेक प्रकार की सुरक्षा से अवगत होंगे। आप सभी सीमा सुरक्षा, आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, और पर्यावरण सुरक्षा के बारे में अवगत होंगे। अब तो स्पेस और साइबर सुरक्षा जैसे नए-नए आयाम भी इसमें जुड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि विश्व का इतिहास आप उठाकर देखिए, तो आप पाएँगे कि कोई भी ऐसा राष्ट्र नहीं है, कोई भी ऐसा समाज नहीं है, जिसने सांस्कृतिक पुनर्जागरण के बिना आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक और वैज्ञानिक प्रगति की हो। जब तक संस्कृति, समाज को जीवंत नहीं करती, उन्नत नहीं करती, उसे एक दिशा नहीं देती, तब तक समाज जड़ बना रहता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि चंद्रयान 3 की सफलता कोई अपवाद नहीं है। यह सहस्त्राब्दियों से चली आ रही हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक धारा का सहज विकास है। इस सफलता के सूत्र हमारे अतीत में ही छिपे हैं। ऐसा अतीत, जहाँ वैज्ञानिकता एक स्वभाव के रूप में विद्यमान थी। जहाँ विज्ञान और आस्था के बीच एक सामंजस्य था। हालांकि, विदेशी आक्रांताओं के चलते, कुछ समय के लिए, थोड़ा पिछड़ापन आ गया था, पर हम एक बार फिर से हुंकार भरते हुए पहले से भी अधिक ताकत के साथ उठ खड़े हुए हैं, और सूरज, चाँद तारे छूने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एक बार फिर, अपने वैज्ञानिक समुदाय को बधाई देता हूँ, और आशा करता हूँ कि जल्द ही हम नए मिशनों को भी अंजाम देंगे। अभी तो यह शुरुआत ही है, आने वाले समय में हमारे हाथ मंगल और शनि तक भी पहुँचेंगे और हमारा देश वहाँ भी अपना परचम लहराएगा, जहाँ अब तक कोई नहीं पहुँच पाया है। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्रीजी के नेतृत्व में सरकार का प्रयास देखिए, कि आज अयोध्या में राममंदिर के निर्माण का कार्य बड़े जोर-शोर से चल रहा हैढ्ढ राष्ट्र में सांस्कृतिक उत्कर्ष का एक नया युग शुरू हुआ है। राष्ट्र के प्रयासों से भगवान राम, अपने नए अवतार में जल्द ही जनता के सामने होंगे, और यह भारतवासियों की एक बड़ी उपलब्धि होगी।

आधार को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ना होगा वैकल्पिक

- चुनाव आयोग ने इस कदम के बारे में दी जानकारी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी है कि आधार को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने के संदर्भ में फॉर्म में स्पष्टीकरणात्मक बदलाव करेगा। इससे मतदाताओं को पता चलेगा कि यह वैकल्पिक है।

आयोग ने यह जवाब जी निरंजन द्वारा दायर जनहित याचिका पर दिया। शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका पर 27 फरवरी को चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया था। इस याचिका में मतदाताओं के पंजीकरण (संशोधन) नियम, 2022 के नियम 26 बी में स्पष्टीकरण देने के संदर्भ में मांग की गई थी। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जनहित याचिका का निपटारा कर दिया। चुनाव आयोग ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि वह मतदाता सूची में नये मतदाताओं को जोड़ने और पुराने मतदाताओं के रिकॉर्ड को अपडेट करने के लिए आधार नंबर की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अपने फॉर्म में बदलाव करेगा। इसमें यह स्पष्ट किया जाएगा कि मतदाता पहचान पत्र के लिए आधार वैकल्पिक है। इस दौरान, चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सुकुमार पट्टजोशी ने कहा कि मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में 66 करोड़ से अधिक आधार नंबर पहले ही अपलोड किए जा चुके हैं।

गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने दोहरी प्रविष्टियों को खत्म करने के लिए एक नया नियम बनाया था। इसमें आधार को मतदाता सूचियों से जोड़ने की बात कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली सेलिर एलएलपी की अपील पर फैसला सुनाया।

एक विकसित देश की कल्पना बिना स्वच्छता के संभव नहीं: जिलाधिकारी

सरकारी दफ्तरों को चमकाएं, चलाए स्वच्छता का अभियान: डीएम

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी कार्मिक अपने दफ्तर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाएं। विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित कराए कि पत्रावलियों का रखरखाव प्रॉपर होने के साथ ही निस्तारण समयबद्धता से हो। साफ-सफाई अभियान की शुरुआत दफ्तरों और पत्रावलियों से हो। अधिकारी कार्मिक मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि अभियान का असर जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के बाद वह स्वयं अभियान के तहत किए गए कार्यों का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करेंगे।

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत कचरा मुक्त भारत की थीम पर आधारित 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारी, कार्मिकों को ÷स्वच्छ भारत÷ बनाए जाने की शपथ दिलाई।कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने कहा कि एक विकसित देश की कल्पना बिना स्वच्छता के संभव नहीं है। स्वच्छता का कार्य केवल कुछ दिनों का अभियान न होकर निरन्तर चलने वाला अभियान होना चाहिए। हम जो भी कार्य अभियान के तौर पर करते हैं उसमें अच्छा प्रदर्शन करते हैं। इसीलिए सफाई व स्वच्छता का कार्य भी अभियान की तरह प्रतिदिन चलना चाहिए। डीएम ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने घर एवं आस पडोस में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। दूसरे लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। उन्होंने स्वच्छता के प्रति सजग रहने और उसके लिए 100 घंटे हर साल यानी हर सप्ताह 02 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने की अपील की।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि गंदगी ना करना हमारी आदत में शामिल होना चाहिए। अपनी आदतों में छोटे-छोटे परिवर्तन करके स्वच्छ परिवेश का निर्माण किया जा सकता है। डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा 2023 की थीम कचरा मुक्त भारत है। विगत वर्षों की तरह स्वच्छता गतिविधियों की भावना से जन सहयोग के श्रमदान से ही इस अभियान को सफल बनाना है। कार्यक्रम के दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम संजय कुमार सिंह, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, कलेक्ट्रेट के कार्मिक मौजूद रहे।

20 सितंबर से 04 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। सहायक निदेशक (मत्स्य) एसके यादव ने बताया कि मछुआ समाज के लोगों के लिए निषाद राज बोट सब्सिडी योजना चलाई जा रही है। इस योजना में 67000 की अधिकतम सीमा के तहत बिना इंजन की नाव, जाल व लाइफ जैकेट औरआइसबॉक्स आदि की खरीद पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।जनपद खीरी में मछुवा समुदाय के व्यक्तियों को मत्स्य आखेट एवं नदियों जलाशयों में मध्य प्रबन्धन व संरक्षण के माध्यम से राजगार एवं आजीविका के लिए जलाशयों, तालाबो, नदियों एवं अन्य जल संसाधनों में बिना इंजर की नाव (नॉन मोटराइज्ड), जाल, लाइफ जैकेट एवं आइसयॉक्स आदि उपलब्ध कराने के लिए निषादराज बोट सब्सिडी योजना संचालित की गयी है, जिससे मछुवा समुदाय आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।निषादराज बोट सब्सिडी योजना के तहत रु0 67 हजार की अधिकतम सीमा के अन्तर्गत बिना इंजर की नाव (नॉन मॉटराइज्ड), जाल, लाइफ जैकेट एवं आइसक्स आदि पर 40 प्रतिशत अनुदान की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 0.400 हेक्टेयर या उससे अधिक क्षेत्रफल के पट्टाधारक निजी तालाबों के स्वामित्व धारक तथा मत्स्य आखेट के साथ नौकायन में लगे हुए मछुआ समुदाय के व्यक्ति मत्स्य विभाग के विभागीय पोर्टल www.fisheriesup.org पर ऑनलाइन आवेदन पत्र 20 सितंबर से 04 अक्टूबर तक आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

10,000 रुपये का इनामिया वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना तिकुनियाँ द्वारा 10,000 रुपये का इनामिया वांछिंत अभियुक्त सम्बन्धित मु0अ0सं0 190/023 धारा 2(ङ्ग) (2)/3 क्कगैंगेस्टर एक्ट बनाम गुरमेज सिंह उर्फ गेजू पुत्र गुरमीत सिह निवासी ग्राम रननगर थाना तिकुनिया जनपद खीरी को एक अदद तमंचा 12 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ दिनांक 20.09.2023 समय 17.32 बजे दाराबोझी तिराहा वहद ग्राम दाराबोझी फासला 08 किमी उत्तर थाना तिकुनिया जनपद खीरी से गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना तिकुनियाँ पर मु0अ0सं0 196/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत करके अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

सूचनाकर्मी को पितृशोक, शोक सभा हुई

लखीमपुर खीरी। जिला सूचना कार्यालय लखीमपुर में मददगार के पद पर कार्यरत रामदास राना के पिता जयमल राना का गुरुवार की सुबह देहांत हो गया। इसकी सूचना मिलते ही जिला सूचना कार्यालय में शोकसभा हुई, जिसमें सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों, पत्रकारों ने 02 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।शोकसभा में अधिकारी/कर्मचारीगण ने राना के दिवंगत पिता की आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतृप्त परिवार को इस आपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। शोक सभा में अपर जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र कुमार, पत्रकार नंदकुमार मिश्रा, पवन तिवारी, मो. शकील सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं सूचना विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

बाघ की दहाड़ सुनी तो चारा, साइकिल छोड़ जान बचाकर भागे किसान

लखीमपुर खीरी। जैसे-जैसे गन्ने की फसल बड़ी हो रही है। वैसे-वैसे अलग-अलग क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी भी बढ़ती जा रही है। महेशपुर रेंज के अजान गांव के निकट खेत पर चला चारा लेने गए किसानों ने बाघ की दहाड़ सुनी तो वह चारा, साइकिल छोड़ जान बचाकर भाग निकले। सूचना वन विभाग को दी गई। महेशपुर वन रेंज के अजान के पास सुबह लगभग 9 बजे किसान खेतों को चारा के लिए गन्ने की पताई तोड़ने गये थे। अचानक बाल गोविंद के गन्ने के खेत में तेज दहाड़ हुई, कि गन्ने की पत्ती तोड़ रहे जितेंद्र श्रीवास्तव, निर्मिल राज, निर्देश कुमार पटेल, इन्द्रपाल वर्मा, मुनेश वर्मा आदि साइकिल और चारा छोड़कर जान बचा कर भाग निकले। गांव पहुंचकर लोगों को जानकारी दी। खेतों में बाघ होने की सूचना राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने वन विभाग को फोन से दी। सूचना पाकर वन दरोगा माया प्रकाश अपनी टीम संजय कुमार, सर्वेश कुमार, बाघ मित्र के साथ अजान गांव पहुंचे और ग्रामीणों को सचेत रहने, खेतों पर अकेले ना आकर चार पांच लोगों के साथ आने की सलाह दी है।

मारपीट में कई गंभीर रूप से घायल

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम बरम्हौला निवासी सुशील पुत्र नरपति का गांव के ही विद्याधर तथा अरूण से विवाद हो गया। सुशील ने दोनों पर मारपीट का आरोप लगाया है। आरोप है कि बुधवार की देर शाम सुशील अपने घर के दरवाजे के सामने बैठा था। उसी दौरान अरूण तथा विद्याधर आकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। मना करने पर दोनों लाठी ड़डो से सुशील की पिटाई शुरू कर दी। आरोप है कि बचाने आए भांजं साजन तथा पत्नी छोटी बिटिया को भी दोनों ने जमकर पीटा है। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया इस मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

लखीमपुर खीरी। गोला लखीमपुर रोड पर ओवर ब्रिज के करीब रेलवे क्रोसिंग के पास एक 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा पाया गया है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरुवार की सुबह शहर से बाहर लखीमपुर रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास नेशनल हाईवे पर बन रहा ओवर ब्रिज के करीब एक अज्ञात पड़ा शव देखा गया। साइट इंचार्ज ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचे शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया, पर शिनाख्त नहीं हो सकी। कोतवाल इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि शव मिलने की सूचना आई है। जिसके बाद एसआई गौरव सिंह को पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा। टीम ने मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बैठकों के द्वारा लगातार अपील करते हुए जागरूक किया जा रहा है किसाना को

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। धान खरीद व परली प्रबंधन को लेकर एसडीएम डाक्टर अवनीश कुमार ने किसानों एवं जिम्मेदार क्षेत्र के कर्मचारियों के साथ लगातार कार्यालय से लेकर क्षेत्र में बैठकों के द्वारा अपील करते हुए जागरूक किया जा रहा है।

किसानों से अपील करते हुए उन्होंने बताया कि सभी किसान अभी से अपना रजिस्ट्रेशन कर ले। एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू हो रही है इसको लेकर तहसील प्रशासन तैयारी की तेजी से समीक्षा कर रहा है। इसी को लेकर एसडीएम डाक्टर अवनीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय एवं क्षेत्र में लगातार बैठके की जा रही है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि किसानों का सारा धान सरकारी रेट में खरीदा जाएगा। इसके लिए आढ़तियों द्वारा नीलामी प्रक्रिया के तहत भी धान खरीद होगी, धान खरीद के समय 24 घण्टे कैमरा आंन रहेगा, छोटे किसानों से खरीद प्राथमिकता के आधार पर होगी। उन्होंने किसानों से बैंक खाते में केवाईसी आदि कराने की भी अपील की ताकि भुगतान में विलम्ब न हो साथ ही कंबाइन किसी भी दशा में बगैर एसएमएस के चलती पाई गई तो कार्यवाही होगी। किसान भाई किसी भी दशा में पराली ना जलाए, पराली को खेत में ही सढ़ाए जिससे जैविक खाद का काम करती है यदि परली जलते हुए पाया जाएगा तो पिछले साल के अपेक्षा दो गुना ज्यादा जुर्माना लगेगा। पराली जलाने के सम्बन्ध में संवेदनशील स्थानों पर जहां ऐसी घटना ज्यादा हुई थी वहां पर तहसीलदार व नायब तहसीलदार अपनी नज़र रखेगे और उन क्षेत्रों में लगातार भ्रमण भी करेंगे।

39 ग्राम अवैध स्मैक व अवैध शस्त्र/ कारतूस के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत 21 सितम्बर को थाना भदोखर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्तगण 1-नट्टू बेड़िया पुत्र महंगू निवासी रेवली थाना सलोन रायबरेली (01 अदद तमन्चा व 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद), 2-राकेश पुत्र शिवदयाल निवासी ग्राम पूरे भूआ मजरे सनेही थाना भदोखर रायबरेली (14 ग्राम स्मैक अवैध स्मैक बरामद) व 3-मुरादुल्ला पुत्र अब्दुल करीम निवासी मो0 मियां का फाटक थाना सलोन रायबरेली (25 ग्राम स्मैक अवैध स्मैक बरामद) को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है । जिनके विरूद्ध थाना भदोखर पर क्रमशः मुकदमा अपराध संख्या-447/2023 धारा-3/25 शस्त्र अधिननियम बनाम नट्टू बेड़िया पुत्र महंगू व मुकदमा अपराध संख्या-448/2023 धारा-8/21बी एनडीपीएस अधिनियम बनाम राकेश पुत्र शिवदयाल तथा मुकदमा अपराध संख्या-446/2023 धारा-8/21बी एनडीपीएस अधिनियम बनाम मुरादुल्ला पुत्र अब्दुल करीम के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

गोली लगने से घायल युवक की लखनऊ में मौत

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली इलाके के बसंतीपुर गांव निवासी कपिल पुत्र दिलीप 32 वर्ष को बुधवार को अज्ञात हमलावारों ने गोली मार दी थी। वह खेत पर फसल देखने गया था, उसी दौरान उसे गोली मारी गई थी। उसे जिला अस्पताल से डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया था।

गुरुवार को ट्रामा सेंटर में कपिल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कपिल की मृत्यु का समाचार मिलते ही गांव में हाहा कार मच गया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वारदात को उचित धाराओं में तरमीम किया जाएगा। वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। हमलावर कौन थे और उन्होंने किस मकसद से कपिल को गोली मारी, यह रहस्य बना हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित विभागों का किया निरीक्षण

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित विभागों के पटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कर्मचारी और विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये कि जो भी कमियां हैं उसे दूर कर लिया जाए। पंद्रह दिन के अंदर पुनः निरीक्षण किया जाएगा। किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी पटलों पर जाकर रजिस्टर व पत्रावलियों का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने कार्यालय में साफ सफाई की उचित व्यवस्था बनाकर रखें और जन समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा करने का प्रयास करें। जन समस्याओं का निपटारा करते समय उनकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) पूजा मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चन्द्र सहित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

गांवों में लगवाएं सीसीटीवी कैमरे

सीतापुर। गुरुवार को पिसावां थाने में प्रधानों की बैठक की गई। सभी प्रधान व संस्थानों के लोगों से थानाध्यक्षों ने कहा कि वे अपने आवासों, दुकानों तथा मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाएं। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने बेहद जरूरी हैं। उन्होने ग्राम प्रधानों को गांव व चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगने के लिये कहा। इस अवसर पर उन्होंने कहा गांव के चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा आवश्यक है। इससे गांव मे आने वाले अपराधियों व अपराध कर गांव से भागने वालों की पहचान हो जाती है। अपराधी पुलिस की पकड मे आ जाते हैं। उन्होंने बताया कि गांव मे अपरचित व संदिग्ध वव्यक्ति के नजर आने पर पुलिस को सूचना जरूर दें। सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जायेगा। इस अवसर पर उपनिरीक्षक दिवाकर मिश्रा, धीरेंद्र सिंह, राहुल सिंह, संतराम आदि मौजूद रहे।

युवक की संदिग्ध हालात में मौत

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली इलाके के मोहल्ला कटरा निवासी मुन्ना तिवारी 25 वर्ष पुत्र रमेश चंद तिवारी का शव संदिग्ध हालात में मोहल्ला ठठेरीटोला में सड़क के किनारे पड़ा मिला। शव मिलते ही वहां पर भीड़ जुट गई। इस संबंध में मृतक के पिता रमेश तिवारी ने अपने पुत्र की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जल्द ही वारदात का राजफाश किया जाएगा।

मोटर साइकिलों की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रंगवा के निकट लहरपुर-तंबौर मार्ग पर 2 बाईको टक्कर हो गई। इस हादसे में एक मोटरसाइकिल गुड्डू उर्फ सतीश पुत्र लल्लन उम्र 40 वर्ष, पंकज उर्फ घासी पुत्र शिव कुमार निवासी ग्राम सिमरिया लहरपुर कोतवाली तथा दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार ओम प्रकाश पुत्र रमई उर्फ राम लाल निवासी ग्राम औरंगाबाद डीहपुरवा थाना तंबौर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने आनन फानन में घायलों को एम्बुलेंस नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर भेजा। यहां पर डॉक्टरों ने गुड्डू उर्फ सतीश को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

धूमधाम से हुआ मूर्ति विसर्जन

सीतापुर। महोली नगर के इंटर कॉलेज स्थापित गणेश प्रतिमा को गुरुवार को बड़ी ही धूमधाम से विसर्जित किया गया। मूर्ति विसर्जन के साथ गणेश पूजन महोत्सव का समापन किया गया। गुरुवार को गाजेबाजे के साथ मूर्ति को उठाया गया। कॉलेज प्रांगण से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में आकर्षक झांकिया मौजूद रहीं। श्रद्धालु रंग गुलाल उड़ाते हुए निकले। यात्रा बाबा बैजनाथ धाम पहुंचे और कठिना नदी पहुंचकर मूर्ति का पूजा अर्चन के बाद विसर्जन किया गया।

गैंगेस्टर अधिनियम का वांछित 25 हजार का इनामिया अपराधी गिरफ्तार

रायबरेली। अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत 21 सितम्बर को थाना खीरों पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति चेकिंग/क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिरखास की सूचना पर थाना गुरुबक्शगंज पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या-287/2023 धारा-2/3 उ0प्र0 गैंगेस्टर अधिनियम में वाँछित तथा 25,000/- रुपये के इनामिया अपराधी योगेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 ओंमकार सिंह निवासी वासिलपुर थाना तिलवारी जनपद बांदा को थाना क्षेत्र के कानपुर-लालगंज रोड निहस्था मोड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है जिसके विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त योगेन्द्र सिंह पुत्र स्व ओंमकार सिंह निवासी वासिलपुर थाना तिलवारी जनपद बांदा ,अपराधिक इतिहास अभियुक्त 1.मु0अ0 स0-75/2023 धारा 364/366 /411 /506 एवं धारा-30 आयुध अधि0 थाना गुरुबक्शगंज रायबरेली।

यूपी ट्रेड शो में आए एग्जिबिटर्स बोले, योगी जैसा कोई नहीं

अवधनामा संवाददाता

- **एग्जिबिटर्स ने कहा, योगीजी के शासन कौशल की जितनी तारीफ की जाए कम है**
- **पारंपरिक कला से जुड़े लोगों के कल्याण के लिए जितना काम किया, अब तक की सरकारें नहीं कर पाई थीं**

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में गुरुवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आगाज हो गया। प्रदेश भर से आए 2000 से ज्यादा एग्जिबिटर्स ने देश और दुनिया के उद्यमियों के सामने अपने उत्पाद प्रस्तुत किए। आयोजन में ओडीओपी उत्पाद और पारंपरिक कला से जुड़े उत्पादों की खास धमक दिख रही है। मुरादाबाद की पीतल के बर्तनों पर की गई नक्काशी हो या बनारस के पारंपरिक लकड़ी के खिलौने, मेरठ की क्रिकेट गेंद हो या आजमगढ़ के मिट्टी के बर्तन, देश और दुनिया से आए कारोबारियों को लुभा रहे हैं। आयोजन में भाग ले रहे एग्जिबिटर्स का कहना है कि योगीजी के शासन कौशल की जितनी तारीफ की जाए कम है। उन्होंने गरीब और हम जैसे पारंपरिक कला से जुड़े लोगों के कल्याण के लिए जितना काम किया, प्रदेश की अब तक की सरकारें नहीं कर पाई थीं। इस तरह के अंतरराष्ट्रीय शो के माध्यम से स्थानीय कलाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और कला से जुड़े लोगों के लिए नए मौके खुलेंगे।

पीतल के बर्तन पर नक्काशी के लिए प्रसिद्ध मुरादाबाद के खूब सिंह यादव का कहना है कि इस तरह के आयोजन से पारंपरिक कला का विकास होगा। उन्होंने बताया कि उनके पूरे परिवार का जीविकोपार्जन इसी कला के माध्यम से होता है। विधि से स्नातक करने के बाद भी पारंपरिक कला को ही आय का साधन बनाने वाले यादव ने कहा कि योगीजी के मुख्यमंत्री बनने के बाद से पारंपरिक कलाओं और कलाकारों को काफी प्रोत्साहन मिला है। सही मायने में कहें तो उनके जैसा न पहले कोई मुख्यमंत्री हुआ और न भविष्य में होगा। सरकार की तरफ से आज कई स्किल डेवलपमेंट के प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं, जिससे हमें अपने उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग और मार्केटिंग में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शो के माध्यम से विदेशों में अपने उत्पादों को पहुंचाने में मदद मिलेगी।

बनारसी लकड़ी के खिलौने का स्टॉल लगाने वाले रामेश्वर सिंह भी प्रदेश के पहले अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो के आयोजन से काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की सरकार और प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में हम जैसे पारंपरिक कला से जुड़े कारिगरों को काफी प्रोत्साहन मिला है। 2014 में लकड़ी के खिलौनों को जीआई टैग मिलने के बाद से इसकी मांग देश ही नहीं दुनिया में भी काफी बढ़ गई है। इस कला से जुड़े लोगों के आय में भी करीब 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। केंद्र और प्रदेश सरकार की आसान ऋण योजना के माध्यम से हम जैसे छोटे कारीगरों को भी एक बड़े कारोबारी के रूप में पहचान पाने का हक इसी सरकार ने दिया है। काली मिट्टी के बर्तन बनाने की प्राचीन कला को सहेज रही आजमगढ़ की रीता प्रजापति ने बताया कि योगी सरकार पारंपरिक कलाओं को जीवित रखने और कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए कई बेहतर कदम उठा रही है। कोरोना जैसी भयंकर महामारी के मुश्किल दौर में भी सरकार ने उनके परिवार को इलक्ट्रॉनिक चाक और मिट्टी घोलने की मशीन दी थी। इस तरह के आयोजन से उन्हें अपनी कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का मौका मिल रहा है। बिजनौर के कारोबारी मोहम्मद मतलूब कहते हैं कि पूर्व की सरकार की तुलना में योगी सरकार पारंपरिक कलाओं को आगे बढ़ाने पर अधिक ध्यान दे रही है। प्रदेश में पहली बार ऐसी सरकार आई है जो हम जैसे छोटे कारीगरों की मदद के लिए भी कई सारे कदम उठा रही है।

अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो लोगों की

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। जिले में हरपालपुर थाना क्षेत्र के कटरा-बिल्हौर मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शाहजहांपुर जनपद के अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के मऊ गांव निवासी वीरेश कुमार (32) अपने पड़ोसी रंजीत (25 के साथ बाइक से गुरुवार को सांडी थाना क्षेत्र के नयागांव स्थित अपनी ससुराल गोलू के यहां भैंस खरीदने आया हुआ था। भैंस न मिलने पर वह घर वापस घर जा रहा था। बाइक रंजीत चला रहा था। तभी कटरा-बिल्हौर मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हरपालपुर भिजवाकर मोर्चरी में रखवा दिया।

दोनों शवो का पोस्टमार्टम भेज दिया गया

परिजनों के पहुंचने पर दोनों शवो का पोस्टमार्टम भेज दिया गया है। मृतक वीरेश के परिवार में पत्नी रंजना देवी के अलावा एक पुत्र दो पुत्री हैं। वहीं, रंजीत के परिवार में एक पुत्र और एक पुत्री है। इसकी पत्नी कई वर्ष पहले इसे छोड़कर चली गई थी।

70 हजार रुपये सुरक्षित मिल गए

वीरेश के साले गोलू ने बताया कि उसके बहनोई के पास भैंस खरीदने के लिए 70 हजार रुपये भी थे, जो सुरक्षित मिल गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए थे। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।

छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु करे आवेदन: शैलेन्द्र कुमार

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने बताया है कि शैक्षिक सत्र-2023-24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति आवेदन करने से लेकर वितरण तक की समस्त प्रक्रियात्मक कार्यवाही निर्धारित तिथियों मे पूर्ण की जायेगी। उन्होंने बताया कि 21 सितम्बर से 19 दिसम्बर 2023 तक शिक्षण संस्थान द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। इसी तरह 22 सितम्बर से 22 दिसम्बर 2023 तक विश्वविद्यालय /एफिलेयेटिंग एजेन्सी/जिला विद्यालय निरीक्षक /समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन किया जायेगा। 22 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किये जायेगें। 03 जनवरी 2024 तक छात्र द्वारा त्रृटियों को सुधार करने आदि की कार्यवाही, 25 सितम्बर 2023 से 08 जनवरी 2024 तक हार्डकापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांक्षित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था मे जमा किया जायेगा, तथा 25 सितम्बर 2023 से 11 जनवरी 2024 तक शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी।

पांच घरों में डकैतों ने की लूटपाट

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। तालगांव थाना इलाके में डकैतों ने पांच घरों को लूटकर सनसनी फैला दी है। जहां पीड़ित डकैती की वारदात बता रही है। वहीं पुलिस इन वारादातों को चोरी बताने पर तुली हुई है। फिलहाल डकैत पांच घरों से लाखों का माल लूट ले गए हैं। थाना तालगांव इलाके के खैरुल्लापुर गांव निवासी प्रेमचंद पुत्र मैकू लाल बुधवार की रात घर में सो रहा था। रात्रि के अतिम पहर में अज्ञात नकाबपोश डकैतों ने घर पर धावा बोल दिया। इससे पाहले कि परिवार कुछ समझ पाता, डकैतों ने पूरे परिवार को असलहे के बल पर बंधक बना लिया। डकैतों ने परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए 50 हजार की नगदी व सोने चांदी के जेवर लूट लिए। जिसके बाद डकैत माल समेत मौके से फरार हो गए। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने अज्ञात डकैतों के खिलाफ तालगांव थाने में तहरीर दी है। इसी रात डकैतों ने गांव के रामसागर, महेश, अनिरुद्ध के घर भी लूटपाट की। इसी रात तालगांव क्षेत्र के ग्राम बहादुरापुर में सर्वेश पुत्र रामदास के यहां नगदी व जेवर चोरी हुए हैं। इधर सूचना मिलने पर सीओ यादवेंद्र सिंह, कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। क्षेत्राधिकारी ने घटना के शीघ्र खुलासे के दिए निर्देश। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी तालगांव वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में तीन चोर दिखाई दे रहे हैं। डकैती की घटना नहीं है, चोरी की घटना दर्ज की जा रही है।

वन क्षेत्र की चिन्हित भूमि को प्राथमिकता पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराना सुनिश्चित करें

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार ने जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक की समीक्षा के दौरान वन क्षेत्र की भूमि बंदोबस्त में अमल दरामद के कार्य में शिथिलता बरतने पर क्षेत्रीय वनाधिकारी करहल, मैनपुरी, किशनी का वेतन रोके जाने के निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी उप जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर वन क्षेत्र की चिन्हित भूमि को प्राथमिकता पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

उन्होने समीक्षा के दौरान पाया कि वृक्षारोपण महाभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पौधे रोपित किए गए थे लेकिन अभी तक कई विभागों द्वारा हरीतिमा एप्प पर जियो टैग नहीं कराया गया है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि अगले 02 दिन में प्रत्येक दशा में रोपित किए गए शत-प्रतिशत पौधों का जियोटैग करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में दंडात्मक कार्यवाही होगी। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया कि अभी तक पंचायती राज, सहकारिता, पुलिस, महिला एवं बाल विकास, पर्यटन, आयुष, नेडा, खादी एवं ग्राम उद्योग, समाज कल्याण, खेलकूद विभाग द्वारा वृक्षारोपण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं कराया गया है, संबंधित अधिकारी आज प्रत्येक दशा में दि. 15 अगस्त को रोपित पौधों का प्रमाण पत्र वन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। श्री कुमार ने जियो टैगिंग की विभागवार समीक्षा करने पर पाया कि नगर विकास, पर्यावरण, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, पशुपालन, कृषि, पंचायती राज, राजस्व, सहकारिता, परिवहन, आयुष, महिला एवं बाल विकास, नेडा, पर्यटन, आबकारी, रेलवे द्वारा रोपित किए गए पौधों का शत-प्रतिशत जियो टैगिंग नहीं की गई है, परिवहन, आयुष विभाग द्वारा रोपित किए गए पौधों के सापेक्ष मात्र 25 प्रतिशत, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मात्र 24 प्रतिशत, सहकारिता द्वारा मात्र 47 प्रतिशत पौधों को ही हरीतिमा एप्प पर जियो टैगिंग की गई है, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 02 दिन में शत-प्रतिशत जियो टैगिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत जिन विभागों द्वारा पौधारोपण किया गया है, संबंधित अधिकारी अगले 15 दिन में रोपित किए गए पौधों का सत्यापन अपने स्तर से कर ले यदि कोई पौधा मृत हो गया हो तो उसे तत्काल बदलवायें, 15 अक्टूबर से अन्तर्विभागीय अधिकारियों से रोपित किये गये पौधों का सत्यापन कराया जाएगा यदि क्रॉस सत्यापन में कोई पौधा मृत पाया गया तो संबंधित विभाग के अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही होगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 245 ग्राम पंचायत में गठित गंगा समिति की बैठक प्रतिमाह अनिवार्य रूप से आयोजित करना सुनिश्चित करें, बैठक का कार्यवृत्त भी उपलब्ध कराया जाये, गंगा समिति का मुख्य उद्देश्य नदी, नालों, नहर के माध्यम से गंगा में जाने वाले गंदे पानी को रोके जाने से संबंध में है, इसलिए गंगा समितियां सक्रिय रहकर अपने दायित्व का निर्वहन करें।

सचिव ने किया जेल का निरीक्षण, पूछी समस्याएं

गाजीपुर अवधनामा संवाददाता। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर गुरूवार को जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव दीपेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गयी एवं उनके यथोचित अधिकार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 979 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 858 पुरूष, 46 महिला के साथ 8 बच्चा निरूद्ध है व 75 अल्पवयस्क है। इनको सुबह का नाश्ता-ब्रेड, चाय व दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, मूली) तथा सायं का भोजन-रोटी, चावल, चना की दाल सब्जी (आलू, चौकी) दिया जाता है। इस दौरान सचिव द्वारा पुरूष एवं महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया तथा जेल के कई बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया। सचिव ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके।

नवागत जिलाधिकारी का किया गया अभिनन्दन

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष चंद्रमणि यादव के अगुवाई में गुरुवार को नवागत डीएम पवन कुमार अग्रवाल से भेंट किया। इस दौरान उन्हें बुकें देकर तथागत गौतम बुद्ध की धरती पर स्वागत अभिनन्दन किया। डीएम ने प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानों की समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र बैठक आयोजित करुंगा। जिससे शासन की मंशानुरुप काम कराने के साथ विकास कार्यो में तेजी लाने एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचा जा सकें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए पंचायत सहायक एवं आशाओं को हर संभव सहयोग दें। जिससे अधिक से अधिक लोग उसका लाभ उठा सकें। जिलाध्यक्ष चंद्रमणि यादव ने कहा प्रशासन का हर संभव मदद के लिए संगठन हमेशा तैयार रहेगा। इस दौरान संगठन के जिला उपाध्यक्ष राजेश पासवान, ब्लाक अध्यक्ष बर्डपुर इंजीनियर प्रदीप चौधरी, नौगढ़ राम नरेश यादव, बांसी कृष्ण मुरारी यादव, विनोद चौधरी, दीपक यादव व बीर बहादुर यादव समेत अन्य प्रधान संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कन्हैया पासवान के स्वागत समारोह का आयोजन

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान के स्वागत समारोह का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय गौतम ने किया। स्वागत भाषण में संजय गौतम ने कहा कि कन्हैया पासवान जी को शीर्ष नेतृत्व ने जिला अध्यक्ष बना करके कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान दिया है। अपने बीच का जिला अध्यक्ष पाकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं और आने वाले समय 2024 में जनपद सिद्धार्थनगर में भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतेगी। कन्हैया पासवान अपने स्वागत से काफी गदगद दिखे और उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए मैं हमेशा खड़ा रहूंगा काफी संख्या में अनुसूचित समाज के लोग उपस्थित रहे। कई प्रधान भी अनुसूचित समाज के उपस्थित रहे।

सपा जिला महासचिव के नेतृत्व में सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन डीएम को सौंपा

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव मंदीप यादव के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारियों के साथ 7 सूत्रीय मांग पत्र गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी को सौंपा है जिसमें कहा है कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतवर्ष के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव अब हम सब के बीच नहीं है और वह हम सबके दिलों में सदैव रहेंगे। उन्होंने अपनी मांगों में कहा कि नेताजी की स्मृति में जनपद के इटावा बरेली मार्ग सेंट्रल जेल चौराहा पर उचित माप एब क्षेत्रफल है जहा नेताजी मुलायम सिंह यादव की आदम कद विशाल प्रतिमा लगाने के लिए स्थान को आरक्षित करना सुनिश्चित करने की मांग की जिससे नेताजी की प्रतिमा स्थापित कराई जा सके। डीएम को दिए ज्ञापन में कहा है कि नाम बदलने में मशहूर उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि पद्म विभूषण से अलंकृत समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को सच्ची श्रद्धांजलि एवं अनंत तक स्मृतियों में संजोए रखने के लिए सेंट्रल जेल चौराहे का नाम परिवर्तित कर मुलायम चौक घोषित करवाना सुनिश्चित किया जाए। जनपद के नगर निकायों में शेड मुलायम सिंह यादव की स्मृति में पार्क इस प्रतिमा अथवा वार्ड का नामकरण करवाना सुनिश्चित करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने देश के महापुरुषों को सदैव ही सम्मान और स्मरण करते चले आ रहे हैं। नगर के आवास विकास में स्थित पूर्व सांसद समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया प्रतिमा स्थल का सुंदरीकरण समय पर कराया गया था।

वेतन की मांग को लेकर 25 को धरना प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। जनपद की दर्जनों आशा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर वेतन संबंधी समस्याओं का मांग पत्र नगर मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र को सौंपते हुए कहा है कि 24 सितंबर को लखनऊ के लिए रवाना होगी, जहां मांगों को लेकर 25 को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जनपद की आशा कार्यकर्ताओं ने नगर मजिस्ट्रेट को अवगत कराया कि 24 को ट्रेन द्वारा वेतन संबंधित मांगों को पूर्ण कराने की मांग को लेकर लखनऊ जा रही है। उन्होंने कहा कि हम आशाओं द्वारा आयुष्मान कार्ड 500 500 बना चुकी हैं और अब हम लोगों का अनावश्यक अतिरिक्त कार्य का दबाव बनाया जा रहा है द्य स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी है कि वह आयुष्मान कार्ड बनाए द्य यह सभी जिम्मेदारी 2000 रुपए पारिश्रमिक पाने वाली आशाओं की जिम्मेदारी नहीं है। आशाओं ने समस्याओ को लेकर नगर मजिस्ट्रेट से कहा कि स्वास्थ्य विभाग से जारी हर कार्य में लगाया जाना न्यायोचित नहीं है।

मिलेट्स श्रीअन्न की मेगा रैली को डीएम उमेश प्रताप सिंह ने दिखाई हरी झण्डी

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। मिलेट्स अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष 2023 को मनाया जा रहा है। जिसके चलते कृषि विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश मिलेट्स (श्री अन्न) पुनरोद्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय प्रदर्शन कार्यक्रम यानि मेगा रोड शो का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर मेगा रोड शो को रवाना किया।

रैली कलेक्ट्रेट से खिरनी बाग, लोधीपुर होते हुए कृषि भवन निकट एन.टी आई. स्कूल लोधीपुर में सम्पन्न हुयी। मेगा रोड शो में जिले के राजकीय इंटर कॉलेज, सरदार पटेल इंटर कॉलेज, नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, संजय कुमार सरस्वती इंटर कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, ए0जेड खान इंटर कॉलेज, गुरूनानक कन्या उ0मा0वि, आर्य कन्या इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एफ0पी0ओ0 के सदस्य, प्रगतिशील कृषकों सहित 1000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। मेगा रोड शो में मिलेट रथ से प्रचार करते हुये मिलेट उपयोग का ऑडियो संदेश भी चलाया गया तथा बैनर के माध्यम से मिलेट के लाभ से सम्बन्धित स्लोगन पट्टीकाओं, नारो के साथ साथ मिलेट्स के पौष्टिक लाभों का कृषको एवं आमजन के मध्य प्रचार-प्रसार किया गया। रैली में मिलेट्स को दैनिक आहार में सम्मिलित करने हेतु आमजन को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में मिलेट्स कार्यक्रम के अन्तर्गत मोटे अनाजों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु रैली का अयोजन किया गया है। जिसके माध्यम से लोगो को मोटे अनाज की उपयोगिता तथा उसके लाभ के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होने कहा कि आजकल की जीवन शैली में जंक फूड के सेवन से हमारे स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। इसलिये उत्तर प्रदेश सरकार ने मिलेट्स यानी श्री अन्न के प्रति जागरूकता को बढ़ाने की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि हम सबको अपने पुराने खान पान की ओर लौटना चाहिये तथा मोटे अनाज का उपयोग अपने खाने में जरुर करना चाहिये।

डीएम ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। जालौन में राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत गुरुवार को उरई के कलेक्ट्रेट से पोषण जन जागरूकता रैली को जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जन जागरूकता रैली के माध्यम से बच्चों को कुपोषण से बचाव और मोटा अनाज के बारे में जानकारी दी गई। यह रैली कलेक्ट्रेट से निकलकर शहर के विभिन्न विभिन्न इलाकों में जाकर लोगों को जागरूक की। सितंबर माह में शासन द्वारा कुपोषण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शहर के साथ साथ गांव-गांव तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के दौरान बच्चों को कुपोषण से बचाने के उपायों की जानकारी दी जा रही है। इसी के तहत जिलाधिकारी ने पोषण जन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो लोगों को कुपोषण से बचाव के बारे में जानकारियां देगी।

खाद्यान्न वितरण को लेकर निर्देश जारी

मैनपुरी। जिला पूर्ति अधिकारी क्यामुद्दीन अंसारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थ राशन कार्ड धारकों को निःशुल्क वितरण किया जा रहा है, खाद्यान्न वितरण को लेकर निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने ई-पॉश मशीन में लाभार्थियों द्वारा अंगूठा लगाए जाने के बाद तत्काल उसे राशन देने के निर्देश उचित दर विक्रेताओं को देते हुए कहा कि ऐसा न करने वाले कोटेदारों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसी शिकायतें मिल रही है कि कुछ कोटेदार राशन वितरण के दौरान ई-पॉश मशीन में लाभार्थी का अंगूठा तो लगवा लेते हैं लेकिन उसे तत्काल खाद्यान्न नहीं देते, जो नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने जिले के सभी उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि ई-पॉश मशीन में लाभार्थी का आधार प्रमाणीकरण करने के बाद उसे तुरंत खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें यदि ऐसा नहीं किया गया तो उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

अल्जाइमर को समय रहते पहचाने: सीएमओ

मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक हैं: एमओआईसी

अवधनामा संवाददाता

हाटा, कुशीनगर। स्थानीय सीएचसी परिसर में गुरुवार को विश्व अल्जाइमर दिवस पर बृहद राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रभारी चिकित्सा धिकारी द्वारा बैज लगाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

विश्व अल्जाइमर दिवस का इस वर्ष का थीम न कभी बहुत जल्दी,न कभी बहुत देर है। स्वास्थ्य शिविर को सम्बोधित करते हुए सीएमओ डॉ पटारिया ने कहा कि मनोरोग अब अभिशाप नही है, उसका पूर्ण उपचार है जिससे व्यक्ति स्वस्थ हो सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे रोगियों को उपचार के साथ साथ अच्छी परामर्श की जरूरत है। उन्होंने कहा पिछले कुछ वर्षो में अल्जाइमर एक सामान्य बीमारी के रूप में उभर कर सामने आई है। यह दिमाग को कमजोर करके यादाश्त पर असर डालता है। इस खतरा मस्तिष्क में प्रोटीन की संरचना में गड़बड़ी से होता है। इसे दूर करने के जागरूकता के साथ सही समय पर उपचार की जरूरत है। शिविर में बोलते हुए प्रभारी डॉ अमित कुमार ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक है। मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे तभी हमारा शरीर भी स्वस्थ रहेगा। जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम से मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता योगिता कुशवाहा एवं नैदानिक मनोविज्ञानिक अमृता कुमारी तथा मनोरोग नर्स बृज किशोर द्वारा विभिन्न मानसिक बीमारी के लक्षण जैसे नीद न आना, किसी काम में मन न लगना कानों में आवाज आना, भूत प्रेत का शक होना, ज्यादा पूजा पाठ करना, बड़ी बड़ी बाते करना, शक करना आदि मानसिक बीमारी के लक्षण हैं एवं इन लक्षणों के कारण व्यक्तिगत, सामाजिक एवं व्यवसाय जीवन में समस्या आती है तो व्यक्ति को मानसिक बीमारी है। इस बीमारी के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के टेली मानस हेल्पलाइन न.14416 या 1800 89 14416 पर संपर्क करने को कहा गया तो वही अमृता द्वारा बताया गया कि जिला चिकित्सालय में ओपीडी न.13 एवं 9 में संपर्क कर सकते हैं। शिविर में कुल 307 मरीजों का उपचार हुआ जिसमें 19 मानसिक रोगी मिले जिनका उपचार करते हुए उन्हें परामर्श दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एलबी यादव ने किया तथा संचालन डॉ आशुतोष मिश्र ने किया।

56 दिन में कोर्ट ने दुष्कर्मी को सुनाई 20 वर्ष की सजा

गाजीपुर। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो प्रथम राकेश कुमार सप्तम की अदालत ने गुरुवार को पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले दोषी को 56 दिनों में 20 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अभियोजन के अनुसार, शादियाबाद थाना के एक गांव के व्यक्ति ने तहरीर दी कि बीते 26 जून को उसकी पांच वर्षीय भतीजी नमकीन लेने घर के बगल में दुकान पर जा रही थी। इसी दौरान शराब के नशे में धुत पड़ोसी बृजेश कुमार उसकी भतीजी को गोद में उठा ले गया और छेड़खानी करने लगा, जिससे उसकी भतीजी को चोटें आई थी। सूचना पर थाना शादियाबाद में आरोपित के खिलाफ उसी दिन मुकदमा दर्ज हुआ और पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।पीड़िता का मेडिकल और बयान के बाद न्यायालय में बृजेश के खिलाफ 13 जुलाई को आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। 27 जुलाई आरोपित के खिलाफ आरोप तय हुआ और विचारण के लिए एक अगस्त से कार्यवाही शुरू हुई।

बृजेश बने अखिल भारतीय उ. व्या. मं. के जिलाध्यक्ष

फतेहपुर अवधनामा संवाददाता। जनपद के जाने माने व्यापारी नेता बृजेश

सोनी को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने जनपद इकाई का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। बृजेश सोनी के जिलाध्यक्ष बनने की सूचना मिलते ही जनपद के ब्यापारियों एव समर्थकों ने उनके आवास जाकर फूलमालाओ से लादकर एव मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। बृजेश सोनी कई व्यापार संगठन एव व्यापारियों से जुड़ी अनेक समिति विभिन्न पदों को सुशोभित करने के साथ ही बड़े आभूषण व्यापारियों में गिने जाते है। दौरान बृजेश सोनी ने कहाकि राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा उन्हें जो दायित्व दिया गया है वह उसका भली भांति निर्वहन करने एव सदैव व्यपारी हितों के लिए काम करते रहेंगे।

भाकियू लोकशक्ति ने किया संगठन का विस्तार

फतेहपुर अवधनामा संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) की मासिक वैठक रेलबाजार मोहल्ले में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता सन्तलाल पटेल ने किया जिसमें निर्णय लिया गया कि भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव पुष्पेन्द्र यादव एडवोकेट जिला बार चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुऐ हैं जिनका स्वागत यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा किया जायेगा साथ ही संगठन का विस्तार करते हुए अतुल यादव को जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति को मनोनीत किया गया एवं आशीष कुमार को जिला प्रभारी युवा मोर्चा किसान यूनियन (लोक शक्ति) मनोनीत किया गया। जिस पर मौजूद पदाधिकारियों ने नवमनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। बैठक में सरकार से माँग की गयी कि सूखा व बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के किसानों की फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए। किसानों के कर्जे पूर्ण रूप से माफ कर दिये जाए। बैठक का संचालन श्याम सिंह यादव ने किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह पटेल, कासिम खाँ, मो0 हामिद, सोहनलाल, रजिन्द्र पासवान, चन्द्रपाल पाल, हाकिम सिंह, सूरजभान पाल, अंजू प्रजापति, सरस्वती देवी, फूलमती देवी, अनुज रावत, भानू, राजेन्द्र सिंह यादव व गुड्डू मौर्या मौजूद रहे।

बेघर हुए लोग डीएम की चौखट पर पहुंचें

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। गाजीपुर कस्बा में मरघट की जमीन पर बने मकानों को जबरन गिराने का आरोप लगाते हुये पीड़ितों ने भाजपा की जिला पंचायत सदस्य दिलसिया के नेतृत्व में जिला अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ितों ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुये कहा कि गाजीपुर कस्बा की आराजी निजाई की नई गाटा संख्या-1893, 1894, 1895 व 1896 दौरान चकबंदी अधिकारियों ने मरघट के खाते में दर्ज कर दिया है, जबकि इसके पुराने नंबर गाटा संख्या-2720, 2721 व 3283 जो पूर्व में नवीन परती के खाते में दर्ज थे और इन्हीं नम्बरानों में करीब 45 साल पहले ग्राम प्रधान व लेखपाल ने मकान बनवाने हेतु पीड़ितों को दिया था। तब से पीड़ित मकान बना कर परिवार के रहते चले आ रहे हैं। उन्होने आरोप लगाया कि राजस्व अधिकारी व कर्मचारी जेसीबी मशीन के साथ 19 सितम्बर को मौके पर पहुंचे और बिना किसी सूचना से नोटिस तामीला कराये की मकानों को ढहा दिया। मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाने से गृहस्थी के सामान के साथ पीड़ित परिवार सड़क पर आ गये हैं। जिला पंचायत सदस्य ने मांग की है कि जिन लोगों के मकान गिराये गये हैं, उनके रहने की त्वरित व्यवस्था कराई जाये और गैर कानूनी ढंग से गिराये गये मकानों को ध्वस्त करने से रोका जाये। इस मौके पर मो. कासिम, युनुस, नजीर, भोले, हसमत, मुस्ताक, रफीक, सुलेमान, रघुबीर, नरगिस, समापरवीन, चुनिया, नाजो, ततीरूम, जुलेखा, कहरून्निशा, राबिया, नाजमा आदि लोग मौजूद रहे।

कमजोर पड़ने लगे हैं लम्पी के विषाणु

अवधनामा संवाददाता

आज नहीं मिला एक भी नया केस

बोदरवार, कुशीनगर। गायों में तेजी से फ़ैल रहा संक्रमण अब थमने लगा है। लम्पि के विषाणु अब कमजोर पड़ने लगे हैं। आज से दस दिन पहले जहां गाय पशुपालकों के होश उड़ गए थे वहीं हिन्दुस्तान अखबार में लम्पि की खबर छपने के बाद विभाग जगा और पशुपालकों के चेहरों पर सकुन नज़र आने लगी है। गुरुवार को कप्तानगंज और मोतीचक परिक्षेत्र में लम्पि का एक भी नया केस नहीं आया।

गुरुवार को हिन्दुस्तान अखबार ने कप्तानगंज और मोतीचक क्षेत्र का सघन दौरा कर क्षेत्र में लम्पि बीमारी के बावत प्रभावित पशुपालकों से मिलकर बीमार पशुओं की जानकारी ली। मोतीचक के पोखरभिंडा नं एक निवासी राजेंद्र मिश्र ने बताया कि हमारे पास चार गाएं हैं जिसमें से दो गाएं लंपि बीमारी से संक्रमित हो गई थी। गायों का इलाज सरकारी डॉक्टर द्वारा कराया जिसमें से एक गाय पूरी तरह से स्वस्थ हो गई लेकिन दूसरी गाय पुनः बीमार हो गई। डॉक्टर का कहना है कि बीमारी दोबारा अटैक कर दी है। धीरे धीरे ठीक हो जायेगी। आज़ गाय थोड़ा बेहतर लग रही है और थोड़ा चारा भी ली है।इसी तरह चंदरपुर निवासी तारा देवी ने बताया कि मेरी गाय तो मर गई होती लेकिन सरकारी डॉक्टर साहब ने बचा लिया। बनकटा के रामकृपाल सिंह, बेलवनिया के मारकंडेय तिवारी, सोढ़रा ग्राम प्रधान, बनकटा छोटा टोला के तारा सिंह की गाएं लंपि से संक्रमित थी जो पहले से बेहतर है। कप्तानगंज क्षेत्र के बेलभद्र छपरा निवासी पूर्व ग्राम प्रधान नगीना सिंह, बोदरवार के सुनील पटेल, पेमली के गोविंद सिंह सहित तमाम पशु पालकों ने बताया कि पशु तेजी से रिकवर हो रहें हैं। इसके लिए बोदरवार बाजार स्थित पशु अस्पताल के चिकित्साधिकारी डॉ ईशांत का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने सीमित संसाधनों से पशुओं के टीकाकरण से लेकर लंपि के प्रति लोगों जागरूक किया और पशुओं की दवा कराई। इस संबंध में जब डॉ ईशांत से पूछा गया तो उन्होंने बड़े ही सादगी से बताया कि हर चिकित्सक का दायित्व होता है कि वह बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें, और मैंने भी यही किया है। टीकाकरण पर उन्होंने बताया कि कप्तानगंज के सभी न्याय पंचायतों में टीकाकरण अभियान चला कर किया जा रहा है। इस समय तवक्कलपुर न्यायपंचायत के बसंतपुर, मुजडीहा और होलिया में टीकाकरण किया जा रहा है। बरडीहा न्यायपंचायत का महुअवा और विशुनपुरा का आधा हिस्सा का टीकाकरण किया जा चुका है शेष एक दो दिन में पूरा हो जाएगा। बोदरवार, बड़हरा, घोड़ादेऊर न्यायपंचायतों के सभी गांवों में टीकाकरण संपन्न हो चुका है। आज कप्तानगंज और मोतीचक परिक्षेत्र से एक भी नया केस नहीं आया है। पुराने पशुओं के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। और बेहतर परिणाम के लिए पशु पालकों को चाहिए कि अपने पशुओं को पौष्टिक आहार के साथ साथ साफ़ सफाई का विशेष ध्यान रखें। अगर आस पास में कोई भी पशु बीमार दिखता है तो तुरंत पास के सरकारी पशु अस्पताल पर सूचित करें। हमारी टीम भी ऐसे बीमार पशुओं को चिन्हित कर रही है।

तहसील के विभिन्न पटलों का किया औचक निरीक्षण

खागा/फतेहपुर अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी श्रुति ने गुरुवार को सवा चार बजे तहसील का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने तहसील कार्यालय के विभिन्न पटलों, रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया। रिकार्ड रूम में पत्रावलियों को बदहाल स्थिति में देखने के बाद संबंधित अधिकारी को नसीहत दी की महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सुव्यवस्थित रूप से रखें। निष्प्रयोज्य व कालातीत पत्रावलियों का निस्तारण कराकर कक्ष की व्यापक रूप से सफाई कराएं। दीमकरोधी व नमी रोधी रसायनों का छिड़काव कराएं। डीएम ने कहा कि तहसील में जितनी भी चीजें खराब व टूटी -फूट हैं उनको तत्काल हटाया जाए। वहीं उन्होंने कहा कि जितने भी मैप हैं उनकी त्रुटियों को शीघ्र ही सही कराया जाए। तहसील परिसर की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराने, शौचालयों को साफ कराने के निर्देश दिए। जन सामान्य के लिए तहसील को सुविधाजनक बनाए जाने व पेय जल आदि की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का निर्देश एसडीएम नंद प्रकाश मौर्य व तहसीलदार रवि शंकर यादव को दिया।

आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने धरना प्रदर्शन को लेकर की बैठक

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ अयोध्या ने आंगनबाड़ी मिनी आंगनबाड़ी सहायिकाओं के समस्याओं अधिकारियों द्वारा हो रहे शोषण एवं 4 अक्टूबर को दिल्ली मे जंतर मंतर पर हो रहे एकदिवसीय धरना प्रदर्शन को लेकर प्रेस क्लब में जिला कमेटी एवं ब्लॉक कमेटी के समस्त पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संरक्षक रणवीर सिंह गुड्डू ने बताया भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी कृति समिति द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में रिट दायर की गई है जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 25/ 4 2022 के फैसले के तहद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाएं ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम के प्रावधान के अनुसार ग्रेच्युटी पाने की हकदार हैं एक वर्ष बीत जाने के बाद भी सरकार ने इस निर्णय को देश के किसी राज्य में लागू नहीं किया है यह सुप्रीम कोर्ट के फैसले की अवमानना है सिविल अपील संख्या 3153 मैं माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा है आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका मानसेवी स्वयंसेवी मानदेनी कर्मचारी नहीं है वह सरकार की प्रत्यक्ष कर्मचारी हैं इसलिए आंगनबाड़ी सहायिका मांग करती हैं शासकीय सेवा में नियमित करें और सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले वेतनमान भत्ते और सामाजिक कल्याण एवं अन्य सभी लाभ दे आंगनबाड़ी सहायिकाओ की मांग पूरी होने तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 26000/ और सहायिकाओ 18000/ प्रतिमाह दिया जाए इसी मांगों को लेकर अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी कृति समिति के बैनर तले ऑल इंडिया के सभी आंगनबाड़ी संगठन एक साथ होकर पूरे ऑल इंडिया की आंगनवाड़ी मिनी आंगनबाड़ी सहायिकाओ 4 अक्टूबर को दिल्ली जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन अपनी मांगों को लेकर करेगी जिला अध्यक्ष सरोज सिंह ने बताया महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष माननीय गिरीश कुमार पांडे जी प्रदेश महामंत्री नीलम पांडे जी के आवाहन पर प्रदेश की समस्त आंगनबाड़ी कर्मचारी 4 अक्टूबर को हो रहे दिल्ली में धरना प्रदर्शन मे सम्मिलित हो रही हैं जिसमें अयोध्या जिले की समस्त आंगनबाड़ी मिनी आंगनवाड़ी सहायिकाओं भी सम्मिलित होगी।बैठक में मुख्य रूप से जिला सह संरक्षक सुजीत तिवारी बबलू राकेश मिश्रा कलू मिश्रा दयाशंकर तिवारी जिला महामंत्री निर्मला मिश्रा कुसुम मंजू सिंह गिरिजा मिश्रा गीता यादव मिथिलेश सिंह सोनिका मिश्रा माला सिंह शशि किरण श्रीवास्तव पुष्प लता श्रीवास्तव आशा सिंह जगधात्री पांडेय अनीता यादव उषा शुक्ला रानी सिंह बीना सिंह चंदा देवी आदि मुख्य रूप से मौजूद रही।

मण्डलायुक्त ने अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा लगाये जा रहे अयोध्या लोगों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर साकेत पेट्रोल पम्प के ओवरब्रिज के अन्त छोर पर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा लगाये जा रहे अयोध्या लोगो का स्थलीय निरीक्षण किया तथा इसके साथ ही उन्होंने अयोध्या बाईपास के किनारे स्थित प्राईवेट भवनों की बाहरी दीवालों पर हाईवे से गुजरने वाले यात्रियों को अयोध्या की अनुभूति एवं अयोध्या की उत्कृष्ट ब्रान्डिंग हेतु अयोध्या लोगो को लगवाने के निर्देश दिये।इसके उपरांत उन्होंने लता मंगेशकर चौक के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेशन लाईन जो जल्द ही विस्थापित होने वाली है, उनके टावरों को डिस्मेंटल न करके उनमे आकर्षक फसाड लाईटिंग सहित अन्य गतिविधियां कराने के सम्बंध में भौतिक निरीक्षण किया तथा उन्होंने इन टावरों में क्या-क्या गतिविधियां की जा सकती है इसकी एक विस्तृत रूपरेखा बनाने के निर्देश दिये। अन्त में मण्डलायुक्त ने श्रीराम जन्मभूमि पथ में बनायी जाने वाली कैनोपी एवं स्वागत गेट के लिए कराये जा रहे कार्यो का अवलोकन किया तथा स्थल पर उपस्थित पीएम राजकीय निर्माण निगम को सभी कार्य तीव्र गति से सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुये कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नहीं बदली ग्राम सभा की तस्वीर

अवधनामा संवाददाता

रामपुर भगन- अयोध्या। बीकापुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मीतनपुर मजरे अमौनी गाव के बाहर मस्जिद के पीछे तालाब की सफाई व खोदाई का कार्य मनरेगा योजना के तहत चल रहा है जिसमे पुरी ग्राम सभा के मजदूर काम करने जाते थे इसी बीच रोजगार सेवक रेखा देवी, भ्रष्ट ग्राम प्रधान जियालाल हरिजन के प्रभाव में आकर भ्रष्टाचार करना शुरू कर दिया है ग्राम पंचायत मीतनपुर के मजदूरों का आरोप है कि रोजगार सेवक रेखा देवी अपने चहेते मजदूरों को ही काम करने दे रही है शेष मजदूरों से कहती है कि अगले हफ्ते काम पर आना अभी काम नहीं है जबकि 40- 45 आदमी निरंतर काम कर रहे हैं रोजगार सेवक के एक चहेते मजदूर ने नाम ना छापने व बताने कि शर्त पर बताया की जो मजदूर रोज़गार सेवक को 50 रुपये सुविधा शुल्क दे देता है उसका मास्टर रोल निरंतर निकलता है वही लोग बराबर काम करने पाते हैं मजदूरो ने यह भी बताया कि लगभग 8- 9 माह पूर्व फर्जी ढंग से सरकारी धन निकालने केआरोप मे रोजगार सेवक से पूर्व में रहे खंड विकास अधिकारी बीकापुर ने कार्यभार छीन लिया था उसके बाद सत्ता पक्ष की पैरबी पर दो-तीन माह पूर्व पुनर्तैनाती दे दिया था लेकिन ये धोखाधड़ी व सरकारी धन गबन करने मे माहिर है इसी से इस ग्राम सभा का विकास नहीं हो पा रहा है 10 साल पूर्व की तरह स्थिति बनी हुई है। मोदी, योगी सरकार में नहीं बदली ग्राम सभा की तस्वीर ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान तथा कर्मचारी भी मलाई काट रहे हैं।

महिला आरक्षण विधेयक था पूर्व पीएम का सपना: पुनिया

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। महिला आरक्षण बिल पूर्व पीएम राजीव गांधी का अधूरा सपना था जो अब पूरा होगा। महिला आरक्षण बिल हमारा था हमारा रहेगा, आज कांग्रेस पार्टी ही की देन हैं कि पंचायती राज में महिलाओं को आरक्षण देकर आज पूरे देश में 15 लाख हमारी महिलाऐं प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद् में विभिन्न पदों पर निर्वाचित होकर ग्रामीण और नगरीय सरकारे चला रही हैं, अब महिला आरक्षण विधेयक लागू होने पर देश और प्रदेश की सरकार चलाने में देश की आधी आबादी की भागीदारी होगी, यह बात आज कांग्रेसजनो को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की जनता को बतानी होगी। उक्त बातें पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने आज अपने ओबरी आवास पर कांग्रेसजनों की कांग्रेस का बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत् आयोजित बैठक में कांग्रेसजनों के बीच कही।

बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन ने की बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता तनुज पुनिया मुख्य रूप से मौजूद थें।

नारी शक्ति वन्दन बिल पर चर्चा करते हुए पूर्व सांसद श्री पुनिया ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक तत्काल पारित करवाकर लागू किये जाने की जिम्मेदारी सरकार की हैं लेकिन हम कांग्रेसजनो की नैतिक जिम्मेदारी हैं कि हम देश की आवाम को यह बतायें कि महिला आरक्षण विधेयक हमारा था पहली बार यह बिल पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी लेकर आये थे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के मध्य जोन के अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता तनुज पुनिया ने कहा कि विगत् दिनो हुई भारी बारिश के कारण सम्पूर्ण जनपद में एक ऐसी जल प्रलय आयी जो आजादी के बाद नही आयी थी इसमें लोगों के घरो में पानी भरा, किसानों की फसल बर्बाद हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन ने विधानसभा रामनगर एवं जैदपुर की बूथ समीक्षा में आये कांग्रेसजनो से मुखातिब होते हुए कहा कि महिला आरक्षण विधेयक कांग्रेस पार्टी की सोच है जिसे आज भाजपा अपना बता रही है। बैठक को मुख्य रूप से पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया, मो. मोहसिन, तनुज पुनिया, ज्ञानेश शुक्ला, अमरनाथ मिश्रा, इरफान कुरैशी ने सम्बोधित किया।

युगल किशोर दास को न्याय मिलने की जगी आस

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। रामनगरी स्थित प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर की भूमि की लालच में संत युगल बिहारी दास को मृतक दिखा देने के मामले में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सहायक अभिलेख अधिकारी के यहां एक बार फिर से मुकदमा दाखिल किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार युगल बिहारी दास की हनुमानगढी में साढ़े चार बीघा भूमि है। जो उनके नाम थी। युगल बिहारी दास वर्तमान समय में अधिकतर बिहार में रहते हैं। वहीं से आते-जाते हैं। हनुमानगढी के ही गौरी शंकर दास ने उक्त भूमि को जालसाजी कर रामाज्ञा दास के नाम दाखिल खारिज करा लिया। इसका मुकदमा विभिन्न न्यायालय में चल रहा है। न्याय न मिलने पर युगल बिहारी दास ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। जिसमें उच्च न्यायालय ने प्रशासन को निर्देश दिया है कि वादी युगल बिहारी दास का मुकदमा पंजीकृत कर उनको विधि अनुसार भूमि पर दाखिल खारिज कराई जाए। बताते चलें कि युगल बिहारी दास की ओर से दर्ज कराए गए एक मुकदमे में गौरी शंकर दास व रामाज्ञा दास को पुलिस ने जेल भी भेज दिया था। वह मुकदमा वर्तमान समय में न्यायालय में विचाराधीन है। काफी लंबी लड़ाई के बाद जुगल बिहारी दास को एक बार फिर उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद उनकी भूमि मिलने जा रही है।

बूथ की अभेद्य व्यूह रचना में जुटी भाजपा सशक्तिकरण अभियान की कार्यशाला

मिशन 2024 में ऐतिहासिक सफलता की कवायद

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा बूथ सशक्तिकरण की अभेद्य व्यूह रचना में जुट गई है।गुरुवार को पार्टी के जिला कार्यालय में हुई बूथ सशक्तिकरण के तृतीय चरण की कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को इसका मंत्र दिया गया। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए भाजपा की प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने कहा भाजपा में पुनर्विचार, पुनर्समीक्षा तथा पुनर्गठन एक सतत प्रक्रिया है।इसी प्रक्रिया के तहत बूथ सशक्तिकरण अभियान का तृतीय चरण प्रारंभ किया गया है जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। कहा कि भाजपा की बूथ समितियां एवम पन्ना प्रमुख प्रत्येक मतदाता से संवाद व संपर्क की अहम कड़ी है जिसके जरिए पार्टी की विचारधारा तथा मोदी योगी सरकारों के निर्णय व योजनाएं घर घर पहुंचती है। प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने कहा मजबूत बूथ संरचना से भाजपा बड़े लक्ष्यों को भी प्राप्त करने में सफल होगी।विशिष्ट अतिथि व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्वेता सिंह ने सेवा पखवाड़ा के तहत चल रहे विभिन्न अभियानों की समीक्षा की। जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया। पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने आभार ज्ञापित करते हुए विश्वास दिलाया कि इस अभियान में पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता एवम पदाधिकारी पूरे मनोयोग से जुटेगा। संचालन जिला महामंत्री शील रत्न मिहिर ने किया।कार्यशाला में अजीत प्रताप सिंह, राकेश पटेल, दिलीप मिश्रा, ब्रजेश रावत, पवन सिंह रिंकू प्रमोद तिवारी, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, गुरुशरण लोधी, डॉक्टर अंजू चंद्रा, अलका मिश्रा, रामेश्वरी त्रिवेदी, करुणेश वर्मा, शुशील जायसवाल, प्रवीण सिंह सिसौदिया, अरुण वर्मा, सर्वेश अवस्थी विवेक तिवारी, अनुपम निगम मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का लटका मिला शव

अवधनामा संवाददाता

सूरतगंज, बाराबंकी। एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के एक कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। वहीं सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका के पिता की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के गांव टण्डवा निवासी ओमप्रकाश की शादी डेढ़ साल पहले इसी थाना के सैलक जलालपुर निवासी बाबादीन की बाईस वर्षीय बेटी पुष्पा के साथ हुई थी। उसे चार माह का बच्चा भी है। बुधवार की रात पुष्पा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वहीं उसका शव ससुराल के एक कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंचे मृतका के स्वजनों ने दहेज के लिए बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पिता की तहरीर पर मृतका के पति ओम प्रकाश, जेठ विजय और देवर सचिन के साथ सास शोभावती पर मुकदमा पंजीकृत कराया है। कानूनी कार्रवाई के डर से ससुरालीजन फरार हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। नायाब तहसीलदार रामजी द्विवेदी की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने बताया कि चार लोग के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा अंकित कर लिया गया है।

एक दिवसीय कृषि निवेश गोष्ठी मेले का आयोजन

सूरतगंज,बाराबंकी। एक दिवसीय कृषि निवेश गोष्ठी मेला का आयोजन गुरूवार को सूरतगंज ब्लॉक परिसर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख आशीष सिंह रहे। वहीं अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी (एडीओ पंचायत) ऋषिपाल सिंह ने की। गोष्ठी में कृषि रक्षा इकाई एवं केंद्र प्रभारी सिद्धार्थ मिश्रा ने कहा कि यदि किसान जैविक खेती करें तो कई लाभ प्राप्त कर सकता है।स्वास्थ्य अच्छा होगा तो वहीं जमीन के उर्वरा शक्ति बरकरार रहेगी। जबकि मुख्य अतिथि ने मृदा स्वास्थ्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से खेतों की समय-समय पर जांच कराए जाने का सुझाव दिया। गोष्ठी में पशु चिकित्सा अधिकारी बीआर पाटिल ने टीकाकरण पर विस्तार पूर्वक किसानों से चर्चा की। कहा टीका से लंपी वायरस से पशुओं को बचाया जा सकता हैं। तो अंत में कुछ किसानों को बीज के किटें भी वितरित किए गए।

बालू रेत की चोरी करने वाले अभियुक्त दबोचे

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने अवैध रूप से बालू रेत की चोरी करने वाले अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने अभियुक्त सादीन पुत्र सीदू निवासी सराज कालोनी मौहल्ला खाताखेडी थाना मण्डी को बागेश्वर मन्दिर से आगे पुरानी चुंगी की तरफ ट्रांसफार्मर के पास से बालू रेत से भरी हुयी 01 ट्रैक्टर ट्राली बिना नम्बर के साथ गिरफ्तार किया। जबकि दूसरा अभियुक्त शौकीन पुत्र सलीम निवासी सब्जी मण्डी के पीछे 62 फुटा रोड थाना कुतुबशेर मौके का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। ट्राली मे अवैध रूप से खनन रेत ओवरलोड भरा हुआ था, जिसका कुल वजन 115 कुन्तल 20 किलो है। जिसके सम्बन्ध में थाने पर 3/4 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभियुक्त शौकीन पुत्र सलीम निवासी सब्जी मण्डी के पीछे 62 फुटा रोड थाना कुतुबशेर को मुखबिर की सूचना पर मस्जिद के सामने बेहट रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तो के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त सादीन ने ट्रेक्टर ट्राली मे भरे खनन के बारे मे पूछने पर बताया कि वह तथा उसका मालिक शौकीन यह रेत यमुना नदी से चोरी से भरकर ला रहे थे तथा उनके पास इसकी कोई रॉयल्टी नही थी तथा पुलिस को धोखा देकर बचकर निकलने के लिये ट्रैक्टर व ट्राली पर नम्बर नही डाल रखे है, ताकि कोई यह न समझ पाये कि ट्रैक्टर ट्राली से कोई कोमर्शियल बिजनेश किया जा रहा है।

भूदेव शर्मा के उपचार को उद्यमियों ने दी एक लाख की धनराशि

सहारनपुर। चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड सर्विसेज के पदाधिकारी ने आज ग्राम खजूरवाला के 16 माह के बच्चे भूदेव शर्मा के इलाज हेतु रु.101000 की सहयोग धनराशि का एक चेक पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा के आवास पर उसके पिताजी को दिया। बालक भूदेव स्पाइनल मसक्युलर अंट्रोपी नामक बीमारी से पीड़ित है। आज दिल्ली रोड स्थित पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा के आवास पर पहुंचे सीआईएस के पदाधिकारियों ने बच्चे के इलाज के लिए उसके पिता को रु.101000 की सहयोग धनराशि पूर्व सांसद के समक्ष सौंपी। बच्चे के पिता ने बताया कि इलाज के लिए एक इंजेक्शन की आवश्यकता है, जो कि अमेरिका से आएगा और इसकी कीमत 17.5 करोड़ रुपए है। इतनी विशाल धनराशि का प्रबंध वास्तव में एक चुनौती है।

धोखाधड़ी कर ट्रक बेचने वाले दो चोर गिफ्तार

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना जनकपुरी पुलिस ने धोखाधड़ी कर ट्रक को ले जाने व कूट रचना कर फर्जी नम्बर प्लेट उपयोग करने वाले 02 अभियुक्तों को मय ट्रक के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 16 सितम्बर को रियाज अहमद पुत्र फैय्याज निवासी हबीबगढ थाना कुतुबशेर ने थाने पर अपने कन्डेक्टर रिकूं पुत्र बन्ने निवासी ग्राम चांदपुर थाना खुटार जिला शहजहांपुर पर आरोप लगाया कि वह उसका ट्रक वापिस नहीं कर रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं ट्रक की बरामदगी शीघ्र किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिए, जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में थाना जनकपुरी पुलिस पर गठित टीम ने 02 अभियुक्त जुम्मा पुत्र नामे अली निवासी ग्राम डुभरी माराखेडी थाना नहटौर जिला बिजनौर व रिंकू सिह पुत्र स्व. बन्ने निवासी ग्राम चांदपुर थाना खुटार जिला शाहजहांपुर द्वारा वेदप्रकाश पुत्र सुखलाल निवासी लालपुर थाना पुवाया जिला शहजहांपुर को मय ट्रक 10 टायरा, एक फर्जी नम्बर प्लेट यूपी20टी-9746 के बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया। तथा बरामदगी के आधार पर धारा 411, 420, व 465 भादवि की बढोतरी की गयी। पूछताछ के दौरान अभियुक्त रिंकू ने बताया कि वह ट्रक को ट्रांसपोर्ट नगर से बिना मालिक रियाज को बताये लेकर अपने दोस्त जुम्मा के पास उसके घर चला गया था। जहां पर ट्रक को बेचने के उद्देश्य से हम दोनो सबसे पहले ट्रक की असली नम्बर प्लेट को हटा दिया तथा इसके स्थान पर दूसरे ट्रक की नम्बर प्लेट ट्रक पर लगा दी थी। आज वह इस ट्रक को हरिद्वार में बेचने के लिए जा रहे थे कि पुलिस ने पकड़ लिया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल संजीव कुमार, कांस्टेबल विक्रान्त शामिल रहे।

रैंकिंग में खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों का रोका जाएगा वेतन

अवधनामा संवाददाता

कार्यशैली में सुधार लाने को डीएम ने दिए सख्त निर्देश

सहारनपुर। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने जनपद की खराब रैंकिंग आने पर कडी नाराजगी जाहिर करते हुए डी श्रेणी प्राप्त करने वाले विभागों के वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि खराब प्रगति वाले विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं अन्यथा अगली बार वेतन रोकने के साथ ही शासन को भी अवगत कराया जाएगा। उन्होने कहा कि जिन विभागों की प्रगति ठीक है पर पोर्टल पर डी श्रेणी आ रही है वे तत्काल मुख्यालय स्तर से बात कर उसे ठीक कराते हुए पोर्टल के स्क्रीन शॉट के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं विकास कार्यो के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु मासिक समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने श्रम विभाग की खराब कार्यशैली पर सहायक श्रमायुक्त का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह पोर्टल योजनाओं के क्रियान्वयन का सबसे महत्वपूर्ण पोर्टल है इसलिए इसे गंभीरता से लिया जाए। जो विभागीय अधिकारी पोर्टल को लेकर गंभीर नहीं है उनके विरूद्ध कडी कार्यवाही करते हुए शासन को भी पत्र प्रेषित किया जाएगा। पोर्टल पर अपलोड फीडिंग के आधार पर ही जनपद की रैंकिंग निर्धारित की जा रही है। इसलिए त्रुटिरहित डाटा फीडिंग करने में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि विभागीय अधिकारी केवल रैंकिंग वाली योजनाओं पर ही अपना ध्यान केन्द्रित न करते हुए सभी विभागीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। उन्होने कहा कि सभी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने विद्युत विभाग को विद्युत आपूर्ति में सुधार लाते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निर्धारित समय के सापेक्ष शत-प्रतिशत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होने विद्युत विभाग की समस्याओं के निस्तारण के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी प्रशासन को विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ अलग से बैठक करने के निर्देश दिए। सभी विभाग टीम भावना के साथ कार्य करेंगे तो ही जनपद की रैंकिंग में सुधार आएगा।

जिलाधिकारी ने जन शिकायतों के निस्तारण के संबंध में सभी अधिकारियों को कडे निर्देश दिए कि सभी अधिकारी प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने कार्यालयों में उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए जन शिकायतों को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संजीव मांगलिक, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अमित कुमार सहित संबंधित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल, रेफर

सिसवा बाजार(महराजगंज)। सिसवा-घुघली मुख्य मार्ग पर स्थित लोहेपार में गुरुवार को दोपहर एक बजे दो बाइकों की टक्कर में दो युवक बुरी तरह से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सिसवा कस्बा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने दोनों युवकों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार सिसवा नगर पालिका क्षेत्र के लोहेपार निवासी आदित्य (20) पुत्र द्वारिका तथा व नेहरू नगर बरवां द्वारिका निवासी शमशेर (20) पुत्र छांगुर बृहस्पतिवार को दोपहर एक बजे के करीब लोहेपार के पास दोनों के बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें शमशेर और आदित्य दोनों को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से दोनों को सिसवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बप्पा से सीखनी चाहिए जीवन दर्शनः अंजली

नौतनवां, (महराजगंज)। नगर पालिका नौतनवा के बचपन ए प्ले स्कूल व ए बी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने गणेश चतुर्थी व शांति दिवस को उत्साह पूर्वक मनाया। बच्चों ने बप्पा की पूजा की और उनका आशीष लिया। इस अवसर पर बच्चों को बप्पा के अनेक नाम बताये गयेतथा हर नाम के पीछे की कहानी विस्तार से सुनाई गयी। बच्चों ने बप्पा के जीवन से सीख ली कि हमें सदा अपने माता पिता का सम्मान करना चाहिए।शांति दिवस के अवसर पर बच्चों ने बप्पा से हर बच्चे के लिए शांति व शिक्षा की प्रार्थना की। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर अंजली ने सभी को पर्व की बधाई दी और कहा कि हम सबको मिल कर सुख शांति से रहना चाहिए, आपस में क्रोध और द्वेष नहीं रखना चाहिए।उन्होंने बप्पा से हर बच्चे के लिये शिक्षा व शांति की प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चे हर चीज से अवगत रहते है और सम्पूर्ण बनते है। बच्चों में कृशा, हमज़ा, आदर्श, अयांश, राशि, तनमय, देव, रबनूर, मन्नत, रेयांश, अनन्या, प्रगति, शौर्य, अर्पित, शिवांग, आदि मौजूद रहे।

बालू कारोबारी आपस में भिड़े दो गिरफ्तार

महराजगंज। घुघली थानाक्षेत्र के नगर सुभाष चौक पर बृहस्पितवार की सुबह दो बालू कारोबारियों में जमकर मारपीट हुई। जिससे चौराहे पर अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर शांति व्यवस्था कायम किया। जानकारी के अनुसार कुशीनगर और महराजगंज के दो बालू कारोबारियों में भीषण मार पीट हुआ हैं। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार सबसे पहले मारपीट सिसवा रोड पर बस स्टैंड के पास हुई फिर उसके बाद घुघली के सुभाष चौक पर आपस में दोबारा भीड़ गए। कयास लगाया जा रहा है की बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली का लोकेशन अधिकारियो को देने को लेकर मार पीट हुआ हैं। इस संबंध में घुघली थानाध्यक्ष नीरज राय ने बताया कि मारपीट की जानकारी की जानकारी हैं दो लोगो पर कार्रवाई हुई है।

कच्ची दीवार भरभराकर गिरी, दबकर युवक की मौत

हैदरगढ़ बाराबंकी। असंद्रा थाना क्षेत्र में बुधवार रात कच्ची दीवार भरभरा कर ढह गई। इसके मलबे के नीचे युवक दब गया। खबर फैलते ही मची चीख पुकार के बाद मौके पर परिजन और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मलबे को हटाकर सीएचसी बनीकोड़र पहुंचाए गए युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार असन्द्रा थाना क्षेत्र के पूरेबह्मदेव मजरा सिल्हौर गांव निवासी हरिराम रावत (38) पुत्र राममिलन रावत दिल्ली प्रांत में रहकर मजदूरी करता था। वह बुधवार को ही घर लौटा था। पत्नी नीलम (37), दो पुत्री रजनी (10), पूजा (8) व पुत्र अतुल (6) के साथ सोया था। मध्य रात्रि लघुशंका के लिए हरिराम रावत उठा था। वह घर के बाहर कच्ची दीवार के पास लघुशंका कर रहा था तभी दीवार भर भरा कर ढह गई। जिसके मलबे के नीचे वह दब गया। दीवार गिरने की आवाज सुनकर परिजन में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आनन-फानन मलवा हटाकर घायल हरिराम को निकाला। वह अचेत हो गया था। उसके चाचा लालू प्रसाद, ग्रामीण रामसूरत व राम धीरज उसे सीएचसी बनीकोड़र लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

याद आ रहा है शह का अलमदार बार बारः अज़ादार अज्जे

अंजुमन फेदाए अबुल फ़ज़लिल अब्बास की जानिब से आयोजित हुई तरही शब्बेदारी

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। बुधवार शाम तहसील क्षेत्र अंतर्गत हल्लौर स्थित दरगाह हज़रत अब्बास में हज़रतगंज ब्वायज कमेटी के ज़ेरे निगरानी में अंजुमन अबुल फ़ज़लिल अब्बास की जानिब से (मिसरे तरह याद आ रहा है शह का अलमदार बार बार) एक तरही शब्बेदारी का आयोजन किया। शब्बेदारी का संचालन अज़ीम अब्बास ने किया। भोर तक चली शब्बेदारी में भारी संख्या में लोग आखिर तक मौजूद रहे। शब्बेदारी की शुरुआत कारी अब्बास अली ने सूरे यासीन की तिलावत से किया ततपश्चात अम्बर मेंहदी व हमनवां ने मर्सियख्वानी की।

इमाम जुमा व जमात हल्लौर के मौलाना मोहम्मद हसन ने मजलिस को सम्बोधित करते हुए हज़रत अब्बास अलमदार व जनाबे सकीना के फजायल व मसायब बयान किया। मजलिस के बाद मेज़बान अंजुमन अबुल फ़ज़लिल अब्बास की जानिब से गैर तरही लकी हल्लौरी ने पढ़ते हुए कहा कि ÷मौत ने कर दिया मजबूर करे क्या गाज़ी-है सकीना से बहुत दूर करे क्या गाज़ी, तरही नौहा मुमताज़ हल्लौरी ने पढ़ते हुए कहा कि ज़ैनब बुला रही है अलमदार बार बार व अलविदाई नौहा कामयाब बबलू ने पढ़ा कि जी भर के आज कर लो मातम शहे ज़मन का-जाते है कर्बला के मेहमान खुदा हाफिज। इसके बाद अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 की जानिब से नफ़ीस हल्लौरी ने सदा पेश करते हुए कहा कि या अब्बास या अब्बास या अब्बास, ए जाने अली शाने अली हज़रते अब्बास- शान से जीना शान से मारना, जुल्म सितम से मत कभी डरना। तरही कलाम अज़ादार हुसैन अज्जे मास्टर ने कहा कि ये कह के रो रहे है अज़ादार बार बार-याद आ रहा है शह का अलमदार बार बार। अलविदाई नौहा हसन जमाल ने पढ़ते हुए कहा कि ए अमीरे लश्करे हुसैन अलविदा। इसके बाद अंजुमन गुलज़ारे हुसैनी अलीनगर अमहट सुल्तानपुर की जानिब से कफील सुल्तानपूरी व अंजुमन फरोग मातम की जानिब से सदा फरहान, तरही कामयाब मास्टर ने कहा कि तड़पा किया अलम से अलमदार बार बार, गैर तरही मुमताज़, अलविदाई रैना हल्लौरी ने पेशकर मातम किया। इसके बाद अंजुमन गुलशने इस्लाम अम्बेडकर नगर ने अपने मख़सूस अंदाज़ में नौहा मातम कर खिराजे अकीदत पेश किया।

शब्बेदारी के दौरान अंजुमन के सदर एज़ाज़ अहमद मल्ले, सिकरेट्री तंजीम पंजतन रज्जन, तशबीब हसन, इंतेज़ार हुसैन् शबाब, अली सज्जाद, खुशतर, शम्स, काज़िम रज़ा, तसकीन हैदर, वजीहुल हसन, रिज़वान अली, मंज़र, सहजाद, नफीसुल हसन, डॉ0 इरफान मोहम्मद हैदर, बबलू शाहरुख, डबलू, शमशाद अली, काज़िम मेंहदी कायनात, बब्बू, गुड्डू, जमाल हैदर सहित तमाम लोग मौजूद रहे। अंत मे सदर व सिकरेट्री ने शब्बेदारी में आये हुए सभी अजादारों का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। अंत मे तबर्रुक तकसीम किया गया।

हर घर मिट्टी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उप्र में 11 सितम्बर से 30 सितम्बर तक ग्राम सभावार चल रहे मेरी माटी मेरा देश, मिट्टी को नमन, वीरों को बंदन के तहत ब्लाक शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत चेतरा व ग्राम पंचायत रमवापुर खास के प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान ने हर घर मिट्टी और अच्छति लेकर कलश भराया गया। जिसमे ग्रामसभा के हर घर की नारी, पुरुष ने मिट्टी डाली। जिसके क्रम में गुरुवार को जफर आलम ने अपने ग्राम पंचायत में अमर शहीदों को नमन करते हुए जो अपने देश और माटी के लिए बलिदान हो गयें उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर शिलाफलकम का अनावरण किया। गुरुवार को विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत रमवापुर खास व ग्राम पंचायत चेतरा में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। प्रधान प्रतिनिधि जफर आलम ने उपस्थित ग्रामवासियों के साथ-साथ स्कूल के बच्चे, आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका व ग्राम पंचायत सदस्यगण को शपथ दिलायीं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान किसमत अली, मीरा देवी, वीरेन्द्र, अभय सिंह, ओमप्रकाश, विनोद बघेल, राम अभिलाष सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, रमजान, मुबारक, रामनेवास, गुड़िया पाण्डेय व पंचायत सचिव राम स्वरूप गुप्ता, सेवक कुलदीप गिरी, पंचायत सहायक कृष्ण मोहन गिरि, सफाई कर्मचारी कन्हैया व प्रदीप कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री चन्द्रप्रभा, लक्ष्मी, शान्ति, नन्दनी, तारा देवी, मिथलेश, संगीता के साथ शिक्षकों में रामकिशुन, अजय कुमार शुक्ल, राजेश, घनश्याम शुक्ल, और ग्रामवासियों में दिनेश, मनोज गिरी, सुभाष, सुरेन्द्र गिरी, केसरी बाबा, अजहर, फारूक कोटेदार, ओमप्रकाश, मो सई, श्याम सुन्दर, लड्डू बाबा सहित सहित ग्रामवासी उपस्थित रहें।

हत्या में नामजद बाल अपचारी गिरफ्तार

जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। हत्या में नामजद बाल अपचारी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर किशोर न्यायालय भेज दिया है एल। घटना बीते एक सितंबर को मालीपुर थाना के भदोही गांव में घटित हुई थी। भदोही गांव में शीला यादव की गाय महेंद्र यादव के धान के खेत में घुस गई थी। जिसके वजह से महेंद्र यादव समेत 6 महिला पुरुष ने शीला को अपमानित करना शुरू कर दिया था। इसी दौरान बीच बचाव करने गए विनोद यादव उर्फ कल्लू की पीट कर हत्या कर दी गई थी। हत्या के उपरांत मृतक की माता सरोज देवी की तहरीर पर कुल 7 लोगों के विरुद्ध हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पांच दिन पहले जेल भेज चुकी है वहीं बाल अपचारी बृजेश यादव और राजेश यादव को आज सुबह हिरासत में लेकर किशोर न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष प्रेमचंद ने बताया कि यह दोनों किशोर हैं दोनों को बाल अपचारी अदालत में भेजा गया है।

कर्बला के 72 शहीदों की याद में मजलिस का आयोजन

जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। रामगढ़ रोड स्थित जिल्हे हसन महतो के आवास पर गुरुवार को दोपहर बाद कर्बला के 72 शहीदों की याद में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना नूर मोहम्मद सालसी ने खिताब किया। मौलाना ने मौला अली की फजीलत बयान करते हुए हज़रत अली अलैहिस्सलाम को इल्म का पैकर बताया। उन्होंने कहा कि सत्य की राह में जान देने वाले हमेशा जिन्दा रहते हैं। वह अल्लाह की तरफ से रिज्क पाते रहते हैं। मजलिस के पूर्व हिफाज़त हुसैन व उनके हमनवा ने मर्सिया ख्वानी पेश किया। अंजुमन जाफरिया रजिस्टर छोटा इमामबाड़ा ने नौहाख्वानी पेश किया। उक्त अवसर पर अली अब्बास, मास्टर शरीफ अहमद, इब्ने अली जाफरी, आबिद अली, अली असगर, अली हैदर, मेहंदी अब्बास, अहमद हसन कर्बलाई, सैफ अब्बास जाफरी, रईस हसन समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

हजपुरा गाँव में जुलूसे अमारी में की ज़ियारत

जलालपुर, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। स्थानीय तहसील क्षेत्र के हजपुरा गांव में अंजुमन असगरिया के बैनर तले जुलूसे अमारी का वार्षिक कार्यक्रम बुधवार को देर शाम या हुसैन, या हुसैन की सदाओं के साथ संपन्न हुआ। जुलूस के शुरुआत में कर्बला पर हुई मजलिस को मौलाना सैयद मोहम्मद अली (शबीब) ने मजलिस को खिताब करते हुए कर्बला का दर्दनाक मंजर पेश किया जिसे सुनकर मजलिस में मौजूद मोमनीन रोने लगे। नकवी कमेटी के अध्यक्ष राहिब रजा के नेतृत्व में इस वर्ष अंजुमन दुआ ए जहरा बघरा मुजफ्फरनगर, अंजुमन यादगारे हुसैनी नौगावां सादात, अंजुमन इमामिया बस्ती, अंजुमन सज्जादिया नगपुर जलालपुर, अंजुमन जुल्फेकारिया मुस्तफाबाद जलालपुर, अंजुमन नासेरुल अजा कटघर कमाल व मशहूर नौहाख्वान जुहैर सुल्तानपुरी ने अपने मखसूस अंदाज में नौहाख्वानी की। वहीं दौराने जुलूस मौलाना वसी हसन खान, मौलाना नूरुल हसन, मौलाना कैसर अब्बास, मौलाना नदीम रजा जैदी, मौलाना मोहम्मद मेंहदी ने अलग अलग स्थानों पर तकरीर की। जुलूसे अमारी का संचालन मौलाना अर्शी मौलाई ने किया।

नदी के किनारे औरेंज जोन को ग्रीन जोन में विकसित किया जाये

बस्ती। महायोजना 2031 के संबंध में जिलाधिकारी अंद्रा वामसी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में बैठक करके विचार-विमर्श किया गया। उन्होने निर्देश दिया है कि आगामी संभावनाओं को देखते हुए कार्ययोजना तैयार करें। उन्होने संबंधित को निर्देशित किया कि बिना नक्शा पास कराये निर्माण किये गये है का सूची तैयार कर नोटिस जारी करें। उन्होने नदी के किनारों पर एच.एफ.एल. संदर्भ में सिंचाई विभाग को एक सप्ताह में कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। कुआनों नदी के बहाव की जानकारी प्राप्त किया और निर्देश दिया है कि नदी के किनारे औरेंज जोन को ग्रीन जोन में विकसित किया जाये। उन्होने कहा कि ग्रीनबेल्ट के सर्वे का समरीसीट अगले बैठक में प्रस्तुत किया जाय। बैठक में एडीएम कमलेश चंद, विकास प्राधिकरण अधिकारी संदीप वर्मा, ईओ नगरपालिका दुर्गेश्वर त्रिपाठी, बोर्ड के सदस्य तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डीएम ने किया मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने गुरुवार को माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज से सम्बद्ध जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा रजिस्ट्रेशन काउण्टर, समस्त ओपीडी कक्ष, पीआईसीयू/एसएनसीयू वार्ड, एक्स-रे कक्ष, सीटी स्कैन कक्ष, जनरल वार्ड, इमरजेन्सी वार्ड आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था तथा मरीजों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि सभी चिकित्सक समय से उपस्थित होकर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायें, मरीजों को अस्पताल में मिलने वाली निःशुल्क जांच तथा दवायें उपलब्ध करायें। कोई भी चिकित्सक बाहर की दवा न लिखें। मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ एके झा, अनूप यादव, प्रत्यूष दूबे व अन्य डाक्टर उपस्थित रहे। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा उपकृषि निदेशक, कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के विभिन्न पटलों को देखा गया।

एक दिवसीय मेगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर

अवधनामा संवाददाता

कुदरहा, बस्ती। बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनहरा कुदरहा में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय मेगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ फैज वारिश ने कार्यक्रम की अध्यक्षता व बीसीपीएम राघवेंद्र त्रिपाठी ने संचालन किया। शिविर में आए हुए कुल 504 मरीज का जांच और इलाज हुआ जिसमें 71 मरीज मानसिक रोग के शामिल रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कुदरहा अनिल दुबे ने आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आम जन के उत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के लिए तत्पर है। ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य एक ही स्थान पर अलग-अलग रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुंचाना है। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत गायघाट के अध्यक्ष प्रतिनिधि बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि सरकार सभी लोगों के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रही है जिससे गरीब व पिछड़े क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। विशिष्ट अतिथि मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल कुमार दुबे ने बताया कि याददाश्त की कमी, नींद ना आना, तनाव, उलझन, घबराहट, बेचैनी, चिड़चिड़ापन, निराश, भूत प्रेत का साया, आत्महत्या का विचार जैसे लक्षण दिखने पर मानसिक समस्या हो सकती है। इस प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लें। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कुदरहा डॉ फैज वारिस ने बताया कि अल्जाइमर एक बीमारी है जो अक्सर बुढ़ापे में हो जाती है याददाश्त का लगातार कम होना, रोजमर्रा के काम करने में समस्या होना, बातचीत करने में असमर्थ, व्यवहार में परिवर्तन, जरूरी चीज भूल जाना जैसे नाश्ता किया कि नहीं, बाथरूम किया कि नहीं, नहाया कि नहीं, आदि इसके लक्षण हैं। यदि ऐसे लक्षण दिखाई दे तो जिला चिकित्सालय जाकर अपना उपचार कराये।

सरकार आम जन के उत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के लिए तत्पर हैः अनिल दुबे

विधायक ने क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत की सूची राज्यमंत्री को सौंपी

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। विधायक विनय शोहरतगढ़ वर्मा ने गुरुवार को उद्यानिकी कृषि विपणन कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग के राज्यमंत्री (स्वंतत्र प्रभार) से लखनऊ स्थित उनके मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र की 20 सड़कों के मरम्मत व पुनर्निर्माण की सूची भी मंत्री को सौंपा। जिसपर कृषि निर्यात मंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों से प्रस्तावित सभी मार्गो के शीघ्र मरम्मत व पुनर्निर्माण का निर्देश भी दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के किसानों के फसलों के मंडी तक लाने-जाने में परेशानी को लेकर प्रस्तावित कुछ पुराने व नये सड़कों के मरम्मत हेतु उद्यानिकी कृषि विपणन कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग के राज्यमंत्री (स्वंतत्र प्रभार) से लखनऊ स्थित उनके मुलाकात किया और उन्हें 20 प्रस्तावित सड़कों के मरम्मत व पुनर्निर्माण की सूची सौंपी। इस सम्बन्ध में विधायक विनय वर्मा ने बताया कि उनके द्वारा सौंपी गई सूची पर मंत्री जी ने त्वरित संज्ञान में लेकर वहीं विभागीय अधिकारियों को बुलाकर प्रस्तावित सड़कों की मरम्मत हेतु जल्द से जल्द निर्देशित किया।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी को मोहब्बत और शांति के साथ मनाएंः उलेमा

एजाज़ सिद्दीक़ी

इटवा सिद्धार्थनगर। जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर नगर पंचायत इटवा में सुन्नी रजा जामा मस्जिद व जामिया अहले सुन्नत फैजाने रजा की तरफ से बृहस्पतिवार को एक बैठक आयोजित की गई। आगामी 28 सितंबर को होने वाले जुलूस की तैयारी को लेकर यह बैठक की गई। मदरसा व मस्जिद के कमेटी के लोगों द्वारा इस बैठक का आयोजन किया गया। कमेटी के लोगों ने आए हुए क्षेत्रीय लोगों का इस्तकबाल किया। कमेटी वालों ने कहा कि 50 वर्षो से अधिक समय से बड़ी धूमधाम और शान व शौकत के साथ मनाते आए हैं। उसी शांति और धूम धाम से जलूस मनाने की अपील की गयी।

सभी मेंबरान व क्षेत्रीय लोगों की उपस्थिति में मौलाना सय्यद अफरोज़ अहमद नूरी ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी जलूस धूमधाम से निकलेगा। इटवा सुन्नी रज़ा मस्जिद इमाम मौलान उस्मान अलीमी ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी का दिन सारे आलम के लिए बहुत खुशी का दिन होता है, जिसे हमारे इटवा के लोग 50 वर्षो से भी अधिक समय से बड़ी धूमधाम और शान व शौकत के साथ मनाते आए हैं। बैठक में सभी के विचार सुनने और उन पर चर्चा करने के बाद आगामी ईद मिलादुन्नबी जुलूस को लेकर अहम फैसले लिए गए। जिसमें डीजे, छोटे बच्चे, महिला, बुजुर्ग व बीमार न लाने को लेकर चर्चा हुई उलेमा हजरात ने कस्बे व क्षेत्र वासियों से अपील की की जुलूस से मोहम्मदी को मोहब्बत और शांति के साथ मनाएं। जिसका पैगाम हमारा मजहब देता है। बैठक में मौलाना रईस अहमद नूरी, अलहाज गुलाम मोहम्मद, अलहाज अब्दुल मोईद, खान रजा, इरफान अहमद गुड्डू, फारूक हसन चौधरी, रिजवान अहमद सिद्दीकी, मोहम्मद असलम, मोहम्मद हसन राजू पार्सल सहित दर्जनों उलेमा व क्षेत्रीय मौजूद रहे।

50 वर्षों से अधिक समय से बड़ी धूमधाम के साथ मनाते हैं जश्ने ईद मिलादुन्नबी

बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

बांसी सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंर्तगत बृहस्पतिवार को बांसी ब्लाक में छूटे हुए लाभार्थियों और पात्र गृहस्थी कार्डधारक जिसमे 6 या 6 से अधिक सदस्य है। ऐसे पात्र गृहस्थी जिनमे 60 प्लस उम्र के लोग हैं, सीनियर सिटीजन का गोल्डन कार्ड बनाने को लेकर बांसी ब्लाक के आजाद सभागार मे खंड विकास अधिकारी लालजी शुक्ल एवं सीएचसी अधीक्षक डा.राजीव रंजन की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग करने के लिए ब्लाक के सचिव व पंचायत सहायक मौजूद थे। सीएचसी अधिक्षक राजीव रंजन ने पंचायत सहायक व सचिवों के साथ बैठक के दौरान उन्हें आयुष्मान कार्ड बनाने वाली टीम का सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी अंतोदय कार्ड धारकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में कार्ययोजना के अनुसार पंचायत सहायकों व सचिव अधिक से अधिक लोगों का कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें।

कॉलेज में कला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज बढ़नी (कोल्ड स्टोरेज) में गुरुवार को शॉपिंग मॉल बैदौला डुमरियागंज द्वारा कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन के बाद तुरंत परिणाम भी घोषित कर दिया गया। जिसमें कक्षा 9 के छात्र सिराज अहमद को पहला स्थान, कक्षा 9 की छात्रा आमिना को दूसरा स्थान तथा कक्षा 6 की छात्रा पूजा अग्रहरी को तीसरा स्थान मिला। जिन्हें शॉपिंग मॉल के मैनेजर सोनू प्रजापति द्वारा ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य स्थान पाने वाले बच्चे पुरस्कार पाकर काफी गदगद नजर आए। इस मौके पर प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक, अजित कुमार, अजय कुमार सहित पूरा स्टॉफ मौजूद रहा।

हर व्यक्ति रहे नशा से दूर

आपरेशन कवच के तहत चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को किया गया जागरुक

अवधनामा संवाददाता

लोटन सिद्धार्थनगर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोटन में ऑपरेशन कवच के तहत आयोजित कार्यक्रम में आपरेशन कवच के प्रभारी उप निरीक्षक घनश्याम सिंह ने कहा की अन्तर्राष्ट्रीय भारत नेपाल सीमा से मादक पदार्थो की तस्करी रोकने के लिए आपरेशन कवच चलाया जा रहा है। नेपाल सिमा से दस किलोमीटर भारत के अन्दर 424 ग्राम पंचायतों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है नशा की लत्य तेजी से बढ़ रही है।

छोटे छोटे बच्चे नशे की आदत डाल रहे है जिसमे नेपाल सिमा से हिरोइन, इस्मैक, चरस, अफीम तस्करी करके भारत में आने की सम्भावना बनी रहती है। विदेशी ताकतें चाहती है की मादक पदार्थो के जरिए भारतीय युवकों को बर्बाद किया जा सकता है एसी दशा में यदि गांवों में आराजक तत्व दिखाई दे तो अपने करीबी थानो मे सुचना तुरंत दे सुचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। महिला आरक्षी किरन यादव ने वही महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को बताया की सरकार महिला सुरक्षा को लेकर महिलाओं को जागरूक कर रही है ताकी महिलाओं के साथ कोई अप्रिय घटना न हो सके इसके लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी की है जारी नम्बर पर सुचना दे। महिला कांस्टेबल खुशबू सिंह ने भी महिलाओं से सम्बंधित जानकारी दिया। अन्त मे उप निरीक्षक घनश्याम सिंह के अगुवाई में गांव मे फैलैग मार्च किया गया नशा मुक्ति के लिए जागरूक भी किया गया। इस दौरान हेड कांस्टेबल वसीम अहमद, कांस्टेबल हेमंत कुमार, अश्वनी गौड़, प्रभावित, इनर मती, जुग्दा, राज मती, गुलशन, राम सवारे, राजकुमार, राजिन्द्र यादव, पवन मोदनवाल, प्रदीप शहानी, अभय, शिवा सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

दोहरे हत्याकांड में पुलिस नहीं कर सकी गिरफ्तारी

अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश के अम्बेडकरनगर में हुए दोहरे हत्याकांड ने सनसनी फैला दी थी। क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड का सनसनीखेज मामला सामने आया था। जहां अमरदीप ज्वेलर्स के रिहाईसी मकान के पास पिता और पुत्र की हत्या की गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अजीत सिन्हा के निर्देश पर कस्बा चौकी शहजादपुर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नियमानुसार शव का पीएम करवा दिया गया। मुख्य अभियुक्त के ऊपर मुकदमा पंजीकृत होने के पश्चात भी लगभग एक माह बीत जाने के पश्चात भी पुलिस विभाग द्वारा गिरफ्तारी न कर पाना अपने आप में एक सवालिया निशान उत्पन्न करता है। जनपद में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। दोहरे हत्याकांड की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अजीत सिन्हा भी घटना स्थल पर पहुंचे. उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी. पुलिस के अनुसार पीड़ित पक्ष की ओर से मिली तहरीर में दिया गया है।

डीएम की अध्यक्षता में हुई डिस्ट्रिक्ट एक्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक

योजना के संबंध में पशुपालकों को दें जानकारीः डीएम

अवधनामा संवाददाता



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में जनपद में 'नन्दबाबा दुग्ध मिशन' के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु गठित डिस्ट्रिक्ट एक्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी कक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना, नन्दबाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत स्वदेशी गायों में नश्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही। मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना' के क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कहा कि विभागीय अधिकारीगण एवं कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के सम्बन्ध में पशुपालकों को विस्तार से जानकारी देते हुये उन्हें योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करें। बैठक में उप दुग्धशाला विकास अधिकारी द्वारा योजना के उद्देश्य, स्वरूप, प्रोत्साहन, आवेदन प्रक्रिया आदि के बारे विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य जनपद में उच्च गुणवत्ता एवं उत्पादकता वाली स्वदेशी नस्ल की गायों को पालने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पशुपालकों को गायों की नस्ल सुधार, उनकी बेहतर देखभाल, गुणवत्तायुक्त पोषण एवं स्वास्थ्य प्रतिरक्षा के लिये प्रेरित करना एवं जनपद में दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि करके पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। उन्होंने बताया कि 'मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना' के अन्तर्गत चयनोपरान्त प्रगतिशील पशुपालक जिन्होंने देशी नस्ल की साहीवाल, गिर, थारपारकर, हरियाणा, गंगातीरी गायों का पालन किया है तथा प्रतिदिन 8 से 12 किग्रा0 तक दूध दे रही हैं, ऐसे पशुपालकों को प्रोत्साहन स्वरूप रु0-10000 एवं 12 किग्रा से अधिक दूध देने वाली उक्त नस्लों के गायों के पशुपालकों को रु0-15000 प्रोत्साहन धनराशि दिया जायेगा। इसी प्रकार प्रगतिशील पशुपालक जिन्होंने हरियाणा एवं गंगातीरी नश्लों की गायों का पालन किया है तथा प्रतिदिन 7 से 10 किग्रा0 (हरियाणा की दशा में 7 से 10 किग्रा0) दूध दे रही हैं, ऐसे पशुपालकों को रु0-10000 एवं 10 किग्रा0 से अधिक दूध देने वाली गायों के पशुपालकों को रु0-15000, गंगातीरी गायों से प्रतिदिन 7 से 8 किग्रा0 तक दूध देने वाली गायों के पशुपालकों को रु0-10000 एवं 8 किग्रा0 से अधिक दूध देने वाली गायों के पशुपालकों को रु0-15000, प्रोत्साहन स्वरुप दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त योजना का लाभ लेने के इच्छुक पशुपालक मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी कार्यालय एवं समस्त खण्ड पशु चिकित्सा केन्द्र से आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। बैठक में नन्दबाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समितियों के गठन के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि जनपद के 13 विकास खण्डों में समितियों का गठन किया जाना है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने 13 विकास खण्डों में निर्धारित समयसीमा में नियमानुसार समिति का गठन कर अवगत कराने का निर्देश दिया।

बच्चों में डायबिटीज और मानसिक रोग

अब तक जीवन-पद्धति से उपजी मानी जाने वाली बीमारी डायबिटीज या मधुमेह अब छोटे बच्चों में भी अपने पैर पसारने लगी है। जाहिर है यह परिस्थिति सरकार, समाज और परिवार, सभी के सरोकार की है। अपने पास-पड़ोस के किसी बच्चे को डायबिटीज हो तो उसे क्या और कैसे करना चाहिए, प्रस्तुत है इसी पर प्रकाश डालता यह लेख। मध्यप्रदेश के खरगौन जिले के मनीष (परिवर्तित नाम) को तब डायबिटीज होने की जानकारी मिली जब वो नवमीं कक्षा में पढ़ रहा था। जबसे उसे पता चला तबसे उसकी दुनिया ही बदल गई। उसे हर समय यही लगता था कि किसी को यह बात पता न चल जाए। अस्पताल ने भी केवल यह बताया कि इन्सुलिन कैसे लेना है और कब लेना है, लेकिन जिस तनाव से मनीष गुजर रहा था उस पर किसी ने कोई भी बात नहीं की। घर वालों को इस बीमारी के बारे में पता नहीं था, अस्पताल में किसी मनोवैज्ञानिक को संदर्भित किया नहीं गया और स्कूल में मनीष खुद नहीं बताना चाहता था। लिहाजा, डरे-सहमे मनीष ने स्कूल जाने से पहले और आने के बाद घर में ही इन्सुलिन लेनी शुरू कर दी। मनीष को पढ़ाई के लिए चार किलोमीटर दूर के गांव जाना पड़ता था। वह बहुत ज्यादा थकने लगा।

कई-कई दिन वह स्कूल नहीं जाता था। अब वह बहुत शांत भी रहने लगा। यह पूछने पर कि वह किसी को क्यों नहीं बताना चाहता या उसे किस बात का डर था, इसका कोई ठोस जवाब मनीष के पास नहीं था। तनाव बढ़ता गया और नवमीं पास करते ही उसने गांव छोड़ दिया। वह अपने मामा के यहां आ गया और उसने यहां नए सिरे से जिंदगी जीने की ठानी, लेकिन किसी को पता चल जाने के डर ने मनीष का पीछा यहां भी नहीं छोड़ा। मनीष दिन-रात इसी जद्दोजहद में रहता कि किसी को पता न चले। छिपकर इन्सुलिन लेता। अपने गांव में तो सरकारी इन्सुलिन मिल जाती थी, लेकिन यहां तो इसकी जुगाड़ भी खुद को करनी थी, क्योंकि नई जगह पर किसी को पता नहीं चलना चाहिए था। पिता मजदूर और मां गृहिणी। दो छोटे भाइयों का खर्च अलग। कुल मिलाकर परेशानियों का अम्बार था। ऐसे में मनीष को परामर्श की महती आवश्यकता थी, जो उसे कहीं नहीं मिल रहा था। हम सभी जानते हैं कि जब एक बच्चे को डायबिटीज का पता चलता है, तो यह उनकी जीवन शैली और स्वास्थ्य में कई बदलाव लाता है। वह न केवल शारीरिक परिवर्तनों का अनुभव करता है, बल्कि कुछ भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों का भी अनुभव करता है। डायबिटीज वाले बच्चे अक्सर महसूस करते हैं कि वे अपने बाकी साथियों से अलग हैं। डायबिटीज की देखभाल के लिए अस्पताल का दौरा, संबंधित जोखिम और जटिलताओं की निगरानी करना और स्वस्थ प्रतिरक्षा प्रणाली को बनाए रखना बहुत भारी हो सकता है। इसलिए बच्चों में डायबिटीज और तनाव साथ-साथ चलते हैं। डायबिटीज के साथ जी रहा बच्चा, अवसाद जैसी स्थिति की ओर भी बढ़ सकता है। कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि डायबिटीज वाले बच्चों में अवसाद विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है। डायबिटीज वाले लगभग 15-20 प्रतिशत किशोर डायबिटीज से संबंधित अवसाद का अनुभव करते हैं। वे अक्सर उदासी, चिड़चिड़ापन, एकाग्रता की कमी, सुस्ती, नींद की गड़बड़ी, भूख में बदलाव, कम प्रेरणा, भय, गतिविधियों में भागीदारी में कमी और आत्महत्या के बारे में विचार करते हैं। ऐसे में इन बच्चों और किशोरों को इस स्थिति से निकालने के लिए परामर्श की महती आवश्यकता रहती है। 'डायबिटीज बर्नआउट' मन की एक अवस्था है जहां कोई व्यक्ति रक्त-शर्करा के स्तर को प्रबंधित करने से निराश महसूस करता है और दैनिक डायबिटीज प्रबंधन कार्यों को पूरा करके खिंचा हुआ महसूस करता है। यह अक्सर डायबिटीज से जुड़े अवसाद की ओर जाता है। बच्चों और युवाओं में अवसाद अक्सर खराब स्वास्थ्य का नतीजा होता है जैसे कि खराब डायबिटीज नियंत्रण, अस्पताल के दौरे में वृद्धि, कम आत्मविश्वास, जीवन की खराब गुणवत्ता और कम आत्म-प्रभावकारिता।

सड़क दुर्घटनाओं से जूझता पहाड़

गिरीश बिष्ट

भारत में प्रति वर्ष जितने लोग विभिन्न बिमारियों के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, तक़रीबन उतनी ही संख्या में अकेले सड़क दुर्घटनाओं के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। मैदानी इलाकों के साथ साथ पहाड़ी राज्यों में भी प्रति वर्ष अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड इसका उदाहरण है। जहां वर्ष 2021 में 1405 सड़क हादसे (820 मृत्यु व 1613 घायल), 2022 में 1674 सड़क हादसे (1042 मृत्यु व 1613 घायल) 05 जून, 2022 को यमुनोत्री हाईवे पर डामटा के पास बस हादसे में 26 यात्रियों की मौत, 04 अक्टूबर, 2022 को पौड़ी के सिमड़ी में बस हादसा हुआ जिसमें 33 लोगों की मौत हुई, 18 नवम्बर, 2022 को चमोली के जोशीमठ में सूमों हादसा और 12 यात्रियों की मौत।

इस प्रकार के कई हादसे हैं, जिनके बारे में सोचकर ही रूह कांपने लगती है। 2023 में भी सड़क हादसों का क्रम जारी है। पहाड़ों पर अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण ओवरस्पीड, नशा करके गाड़ी चलाना, यायातायात के नियमों का पालन न करना, आदि पाया गया है। सरकार द्वारा इस पर लगाम हेतु पहल भी की गयी है। परिवहन विभाग द्वारा भी निगरानी बढ़ाई गई है, लेकिन इसके बावजूद भी हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे में यह परिवहन विभाग व राज्य सरकार के सामने चुनौती बनी हुई है कि आखिर साल दर साल बढ़ रहे सड़क हादसों पर कैसे लगाम कसी जाए? राज्य में हर दिन सड़कें खून से लाल हो रही हैं। इसके लिए ओवरस्पीड व गलत दिशा में वाहनों का चलना व यातायात के नियमों का पालन करना ही शामिल नहीं है। बल्कि कई जगह सड़कों की ख़राब हालत भी ज़िम्मेदार है। जर्जर हो चुकी सड़कों के चलते सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित ख़बरों का न्यूज़पेपर में आना आम सी बात हो गई है। दरअसल सड़कें बनाते समय सही मानकों का पालन नहीं किया जाता है। जिसके कारण सड़कों की हालत खराब रहती है। यदि सही मात्रा में मटेरियल को मिलाकर कार्य किया जायेगा तो इसके जल्द ख़राब होने की संभावना नहीं होती है। वर्तमान समय में बनने वाली सड़कें बारिश की पहली बूंद में ही दम तोड़ देती हैं। अलबत्ता कागजों में संबंधित कार्यों की वाहवाही ज़रूर होती है। वही दूसरी ओर पहाड़ों पर सिंगल लेन का होना व रोडों पर गाड़ियों का जमावड़ा एवं अतिक्रमण भी इन दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार साबित हो रहे हैं। पहाड़ों में हर ग्राम तक सड़क पहुंचाने के चक्कर में मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए हजारों लिंक रोड बनायी जा रही हैं। जिसके लिए पहाड़ों पर ब्लास्टिंग व मशीनों से पहाड़ों का कटान किया जाता है। इससे पर्वत कमजोर हो रहे हैं। साथ ही बदलते मौसम की मार भी सड़कों पर सफर को जोखिम भरा बना रही है।

इस संबंध में नैनीताल स्थित धारी ब्लॉक के सेलालेख गांव के बुजुर्ग खजान चन्द्र मेलकानी बताते हैं कि पहाड़ों के लिए सड़कों का महत्व केवल यात्राओं के लिए ही नहीं, वरन् आजीविका के लिहाज से भी अत्यन्त आवश्यक है। पहाड़ों में उत्पादित सभी वस्तुएं चाहे वह साग-सब्जी, फल, मसाले या औषधी पौध ही क्यों न हो, इनका उपयोग पूर्ण रूप से पहाड़ों पर इनके स्थानों तक पहुंचना होता है, जहां इनकी मांगें होती हैं। इसके लिए परिवहन सबसे सशक्त माध्यम होता है। लेकिन अक्सर अधिक वर्षा के चलते सड़कें ध्वस्त हो जाती हैं जिसको बनने में काफी समय लगता है। इस दौरान पर्वतीय समुदाय को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। चाहे वह इन उत्पादों को उन स्थानों पर भेजने में हो या फिर मैदानी क्षेत्रों से पर्वतीय क्षेत्रों को भेजी जाने वाली दैनिक आवश्यकता की सामग्री क्यों न हो। काश्तकार काफी मेहनत से अपने खेतों में उत्पादन करते हैं और यदि वह समय से बाजार में न जाए तो उनकी मेहनत व्यर्थ सी हो जाती है। इससे परिवारों की आर्थिक स्थिति बिगड़ जाती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 1998 में लोकसभा में फ़िर महिला आरक्षण बिल को पेश किया था। कई दलों के सहयोग से चल रही वाजपेयी सरकार को इसको लेकर विरोध का सामना करना पड़ा। इस वजह से बिल पारित नहीं हो सका. वाजपेयी सरकार ने इसे 1999, 2002 और 2003-2004 में भी पारित कराने की कोशिश की. लेकिन सफल नहीं हुई। बीजेपी सरकार जाने के बाद 2004 में कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए सरकार सत्ता में आई और डॉक्टर मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने।

मील का पत्थर साबित होगा महिला आरक्षण बिल

बीते सोमवार को केंद्रीय कैबिनेट ने लोकसभा व विधानसभाओं में तैंतीस फीसदी आरक्षण को मंजूरी दी थी। इसके अगले दिन नई संसद में कामकाज का श्रीगणेष हुआ नारी शक्ति को उसके दशकों से लंबित अधिकार देने से हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुराने संसद भवन में अपने अंतिम भाषण में कहा कि दोनों सदनों में अब तक 7500 से अधिक जन प्रतिनिधियों ने काम किया है,

तारकेश्वर मिश्र

जबकि महिला प्रतिनिधियों की संख्या करीब 600 रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के योगदान ने सदन की गरिमा बढ़ाने में मदद की है.इसके बाद नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी ने पिछले 75 सालों में कांग्रेस सरकारों के कामकाज का लेखा-जोखा पेश किया। इस दौरान सोनिया गांधी ने उन्हें महिला आरक्षण बिल की याद दिलाई थी।

इतिहास के पन्ने पलटे तो महिला आरक्षण बिल 1996 से ही अधर में लटका हुआ है। उस समय एचडी देवगौड़ा सरकार ने 12 सितंबर 1996 को इस बिल को संसद में पेश किया था। लेकिन पारित नहीं हो सका था. यह बिल 81वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में पेश हुआ था। बिल में संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण का प्रस्ताव था। इस 33 फीसदी आरक्षण के भीतर ही अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए उप-आरक्षण का प्रावधान था. लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं था। इस बिल में प्रस्ताव है कि लोकसभा के हर चुनाव के बाद आरक्षित सीटों को रोटेट किया जाना चाहिए। आरक्षित सीटें राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में रोटेशन के जरिए आवंटित की जा सकती हैं। इस संशोधन अधिनियम के लागू होने के 15 साल बाद महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण खत्म हो जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 1998 में लोकसभा में फ़िर महिला आरक्षण बिल को पेश किया था. कई दलों के सहयोग से चल रही वाजपेयी सरकार को इसको लेकर विरोध का सामना करना पड़ा। इस वजह से बिल पारित नहीं हो सका. वाजपेयी सरकार ने इसे 1999, 2002 और 2003-2004 में भी पारित कराने की कोशिश की. लेकिन सफ़ल नहीं हुई। बीजेपी सरकार जाने के बाद 2004 में कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए सरकार सत्ता में आई और डॉक्टर मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने।

यूपीए सरकार ने 2008 में इस बिल को 108वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में राज्यसभा में पेश किया. वहां यह बिल नौ मार्च 2010 को भारी बहुमत से पारित हुआ। बीजेपी, वाम दलों और जेडीयू ने बिल का समर्थन किया था। यूपीए सरकार ने इस बिल को लोकसभा में पेश नहीं किया। इसका विरोध करने वालों में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल शामिल थीं। ये दोनों दल यूपीए का हिस्सा थे. कांग्रेस को डर था कि अगर उसने बिल को लोकसभा में पेश

किया तो उसकी सरकार खतरे में पड़ सकती है।

साल में 2008 में इस बिल को कानून और न्याय संबंधी स्थायी समिति को भेजा गया था। इसके दो सदस्य वीरेंद्र भाटिया और शैलेंद्र कुमार समाजवादी पार्टी के थे। इन लोगों ने कहा कि वे महिला आरक्षण के विरोधी नहीं हैं. लेकिन जिस तरह से बिल का मसौदा तैयार किया गया, वे उससे सहमत नहीं थे। इन दोनों सदस्यों की सिफ़रिश की थी कि हर राजनीतिक दल अपने 20 फीसदी टिकट महिलाओं को दें और महिला आरक्षण 20 फीसदी से अधिक न हो। साल 2014 में लोकसभा भंग होने के बाद यह बिल अपने आप खत्म हो गया। लेकिन राज्यसभा स्थायी सदन है, इसलिए यह बिल अभी जिंदा है। इसीलिए अब इसे लोकसभा में नए सिरे से पेश किय गया है और इस पर चर्चा जारी है।

इससे लोकसभा में मौजूद 14 फीसदी व राज्यसभा में 12 फीसदी महिलाओं की स्थिति में अब सम्मानजक ढंग से इजाफ़ा होगा। पहले संसद के विशेष सत्र को लेकर तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे थे, अब लगता है कि विशेष सत्र बुलाना एक सार्थक कदम साबित होगा। राजग सरकार ने इस बिल का नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम रखा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1974 में महिलाओं की स्थिति का आकलन करने वाली समिति ने महिला आरक्षण की वकालत की थी। इस बीच विभिन्न सरकारों में इस विधेयक को सिरे चढ़ाने की कोशिश हुई। फ़िर वर्ष 2010 में संप्रग सरकार ने इस ?विधेयक को राज्यसभा में पारित किया था। लेकिन तब यूपीए सरकार में शामिल राजद, सपा व झामुमो आदि दलों ने इसमें जातिगत आरक्षण की मांग उठाकर विधेयक की गति थाम दी थी। वैसे सवाल उठाया जा सकता है कि वर्ष 2014 में महिला आरक्षण के मुद्दे को अपने घोषणापत्र में शामिल करने के बावजूद इसे मूर्त रूप देने में इतना वक्त क्यों लगा। क्या जब देश आम चुनाव की ओर बढ़ चुका है तब महिला आरक्षण के मुद्दे को अमलीजामा पहनाने की कवायद हुई है? एक पहलू यह भी है कि विधेयक के कानून का रूप लेने के बावजूद इसका क्रियान्वयन तब संभव होगा, जब देश में जनगणना के उपरांत होने वाला परिसीमन पूर्ण होगा। यानी महिला आरक्षण का लाभ आगामी आम चुनाव में संभव नहीं होगा।

बहरहाल, जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिला आरक्षण की व्यवस्था होना भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास में एक बड़ी घटना होगी। बेहतर होगा कि संसद के नये भवन में इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दल स्वस्थ चर्चा करें और आम सहमति बनाएं। इस तरह नया संसद भवन दोहरा इतिहास रचेगा। यद्यपि राजग सरकार ने विधेयक के मसौदे पर आधिकारिक स्तर पर विस्तृत जानकारी नहीं दी है, कयास लगाये जा रहे हैं कि इसके मूल स्वरूप को बरकरार रखने की कोशिश होगी।

अब देखना होगा कि जिन मुद्दों पर लंबे समय तक महिला आरक्षण का विरोध किया जाता रहा है, उन्हें किस तरह संबोधित किया जाता है। हालांकि, तब विरोध करने वाले राजनीतिक दल फ़िलहाल दबाव बनाने की स्थिति में नहीं हैं। जिनके विरोध के चलते ही महिला आरक्षण बिल को पांच बार पारित करने की असफ़ल कोशिश हो चुकी है। बहरहाल, इस बिल के पारित होने से देश में लैंगिक समानता आएगी। इस समय दुनिया में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं की औसतन हिस्सेदारी 26 फीसदी है, जबकि वर्तमान में भारत में यह प्रतिशत 15.21 है। वहीं राज्य विधानसभाओं में स्थिति और ज्यादा खराब है, किसी भी राज्य में 15 फीसदी महिलाओं की भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी नहीं बन पायी।

बहरहाल, नये विधेयक के कानून बनने के बाद भारतीय जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी तैंतीस फीसदी हो जाएगी। वैसे तो देश के लोकतांत्रिक इतिहास में महिला जनप्रतिनिधियों की विशिष्ट भूमिका रही है। जिन्होंने न केवल सदन की गरिमा बनाने में बड़ी भूमिका निभाई, बल्कि अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों में रचनात्मक योगदान भी दिया। देश की संसद के दोनों सदनों में पिछले साढ़े सात दशकों में करीब छह सौ महिला जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। बहरहाल, देर आए दुरुस्त आए, की तर्ज पर इसे भारतीय लोकतंत्र की शुभ शुरुआत कहा जा सकता है।

नारी का राजनीतिक जीवन भी अमृतमय बने

महिलाओं के युग बनते बिगड़ते रहे हैं। कभी उनको विकास की खुली दिशाओं में पूरे वेग के साथ बढ़ने के अवसर मिले हैं तो कभी उनके एक-एक कदम को संदेह के नागों ने रोका है। कभी उन्हें पूरी सामाजिक प्रतिष्ठा मिली है तो कभी वे समाज के हाशिये पर खड़ी होकर स्त्री होने की विवशता को भोगती रही है।

भारतीय संसद के नए भवन के पहले सत्र का श्रीगणेश अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, यादगार एवं अविस्मरणीय रहा। मंगलवार के शुभदिन अनेक नये अध्याय एवं अमिट आलेख रचे गये, जिनमें सरकार और विपक्ष के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध की दुर्लभ तस्वीर सामने आयी, वहीं 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के रूप में नारी शक्ति के अभ्युदय का नया इतिहास रचा गया। यह सुनकर एवं देखकर अच्छा लगा कि सभी नेताओं ने पार्टी लाइनों से ऊपर उठकर बाबा साहेब अंबडेकर, पंडित जवाहरलाल नेहरू, बाबू राजेंद्र प्रसाद, अटलविहारी वाजपेयी जैसे सभी महान नेताओं

ललित गर्ग

को याद किया, जिन्होंने नया एवं सशक्त भारत बनाने में योगदान दिया।

हर राजनीतिक दल महिला उत्थान, उन्नयन एवं विधायी संस्थानों में संतुलित महिला प्रतिनिधित्व के लंबे-चौड़े दावे करते रहे हैं और वादे भी, लेकिन जब समय आता है तो महिलाओं को उनका हक देने में अनेक किन्तु-परन्तु एवं कौताही होती रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में कुल 82 महिला सांसद चुनकर आई थी। जिस देश में आधी आबादी महिलाओं की हो, वहां सिर्फ 15 फीसदी महिलाएं ही लोकसभा पहुंचे तो आश्चर्य ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण ही है। आश्चर्य की बात यह कि 2019 से पहले हुए चुनावों में जीतने वाली महिला सांसदों की संख्या 82 से भी कम रहती आई है। विधानसभाओं के हाल भी कमोबेश लोकसभा जैसे ही हैं। ऐसे हालात में भाजपा एवं मोदी सरकार ने साहस का परिचय देते हुए महिला आरक्षण विधेयक को पेश कर सराहनीय उपक्रम किया है, इससे लोकतंत्र मजबूत होगा। इससे शासन चलाने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी तो उनके खिलाफ होने वाले अत्याचार के मामले भी कम होंगे। सवाल सिर्फ सांसद-विधायक का ही नहीं है, प्रयास होने चाहिए कि मंत्री पद पर भी महिलाओं की भागीदारी बढ़े।

महिला आरक्षण को लेकर कई बहसें और विवाद होते रहे हैं। संसद में कई प्रयास किये गये। 1996 में इससे जुड़ा पहला बिल पेश किया गया था। अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में कई बार महिला आरक्षण विधेयक लाया गया लेकिन इसके लिए संख्या नहीं जुटाई जा सकी और सपना अधूरा रह गया। महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करने, उनकी शक्ति का उपयोग करने और ऐसे अनेक महान कार्यों के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो पहल की है, इसके लिये वे अभिनन्दनीय है। भले ही विधेयक पारित होने के बावजूद इसका लाभ लेने के लिए महिलाओं को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। यानी 1996 में पहली बार पेश आरक्षण विधेयक के व्यावहारिक रूप में लागू होने में अभी तीन चार साल और लगने के आसार हैं। लेकिन, यहां एक सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर महिला आरक्षण विधेयक संसद में लाने की जरूरत क्यों पड़ी? क्या बिना आरक्षण के राजनीतिक दल महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पर्याप्त

टिकट नहीं दे सकते? मुद्दे की जड़ यह है कि राजनीतिक दल चाहे वह भाजपा हो या कांग्रेस या कोई अन्य दल, लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अधिक संख्या में महिला उम्मीदवारों को टिकट देने की शुरुआत आने वाले चुनावों में ही करें, इसके लिए उन्हें किसी कानून की जरूरत नहीं होनी चाहिए। राजनीतिक दल 'आधी आबादी' को उनका पूरा हक दें, ताकि सामाजिक समरसता का ताना-बाना और मजबूत हो सके।

महिलाओं के युग बनते बिगड़ते रहे हैं। कभी उनको विकास की खुली दिशाओं में पूरे वेग के साथ बढ़ने के अवसर मिले हैं तो कभी उनके एक-एक कदम को संदेह के नागों ने रोका है। कभी उन्हें पूरी सामाजिक प्रतिष्ठा मिली है तो कभी वे समाज के हाशिये पर खड़ी होकर स्त्री होने की विवशता को भोगती रही है। कभी वे परिवार के केंद्र में रहकर समग्र परिवार का संचालन करती हैं तो कभी अपने ही परिवार में उपेक्षित और प्रताड़ित होकर निष्क्रिय बन जाती है। राजनीतिक मंचों पर तो महिलाओं के साथ भेदभाव समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रहा था। इन विसंगतियों में संगति बिठाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक एक सार्थक प्रयास है, अब महिलाओं को एक निश्चित लक्ष्य की दिशा में प्रस्थान करना होगा। राजनीतिक सत्ता एक जरिया बना रहा है, जिसके बल पर सत्ता भी मर्दों के हाथ में केंद्रित करके महिलाओं पर दबदबा कायम रखा जाता रहा है। एक पूर्वाग्रह भी रहा है कि महिलाओं के हाथों में राजनीति सौंप दी गई, तो पुरुषों की सत्ता पलट जाएगी। अभी तक जो महिलाएं संसद पहुंचती रही हैं, उनमें से ज्यादातर अभिजात वर्ग से आती हैं, पर महिला आरक्षण लागू होने से अब दबी-कुचली महिलाएं ज्यादा बड़ी संख्या में ऊपर आएंगी।

महिलाओं को उचित एवं सम्मानजनक स्थान देने में आरक्षण एकमात्र इलाज नहीं हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी मुल्कों में वर्षों से विधायी संस्थाओं में स्त्रियों की सीटें आरक्षित रही हैं, पर वहां उनके हालात कैसे हैं, यह बताने की जरूरत नहीं। खुद हमारे देश में ही पंचायती राज संस्थाओं में कई सूबों में 50 प्रतिशत तक महिला आरक्षण लागू है। मगर मुखिया-पति और पार्षद-पति भी हमारे ही समाज की हकीकत है। इसलिए चुनौती राजनीतिक दलों के आगे है कि वे जमीनी स्तर पर महिला नेतृत्व गढ़ने की कोशिश करें। नारी शक्ति वंदन विधेयक ने तमाम राजनीतिक पार्टियों को एक अवसर दिया है कि वे महिलाओं की राजनीतिक आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील रूख अपनाएं। इस कानून का सियासी लाभ अब चाहे कोई उठाए, क्योंकि पिछड़े वर्गों में इसे लेकर जैसी प्रतिक्रिया देखने को मिली है, वह आने वाले दिनों में देश की चुनावी राजनीति में व्यापक बदलाव करेंगी। मगर फिलहाल आजादी के इस अमृतकाल में भारतीय महिलाओं के लिए संभावनाओं के शीर्ष पर सदन का जो बड़ा पट खुला है, उसका स्वागत करते हुए महिलाओं को नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में सहभागी बनाना चाहिए। एक बड़ी आशंका है कि इस विधेयक के लागू हो जाने के बाद भी महिलाओं के लिये संसद एवं विधानसभाओं के दरवाजे जरूर खुल जायेंगे, आरक्षण से माताएं, बेटियां और बहुएं चुनाव लड़कर सदनों में आएंगी लेकिन उनका सारा कामकाज एवं राजनीतिक दावपेंच पुरुष ही करेंगे। इसलिए शासन पुरुषों का रहेगा। पंचायत चुनाव में हम ऐसा होते हुए देख रहे हैं। इस बड़ी विसंगति एवं विडम्बना को दूर किये बिना महिला आरक्षण का वास्तविक लक्ष्य हासिल नहीं हो पायेगा।

औरतों ने बार-बार खुद को साबित किया है। फिर भी पुरुष प्रधान मानसिकता में माना गया कि महिलाओं में न इतनी अक्ल होती है, न इतना अनुभव होता है और न ही उन्हें प्रकृति ने इस काबिल बनाया है कि वे राजनीतिक कार्यों से जुड़ी कठिनाइयां झेल सकें। एक कहावत है कि औरत जन्मती नहीं, बना दी जाती है और कई कट्टर मान्यता वाले औरत को मर्द की खेती समझते हैं। कानून एवं राजनीति का संरक्षण नहीं मिलने से औरत संघर्ष के अंतिम छोर पर लड़ाई हारती रही है। इसीलिये आज की औरत को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए।

सरकारी स्कूलों में लड़कियों का बढ़ता नामांकन

मुजफ्फरपुर जिला के पारु प्रखंड स्थित राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धरफरी की ही बात करें, तो इस स्कूल में लड़कों की तुलना में लड़कियों की संख्या अधिक है। स्कूल के छात्र भी इस हकीकत को स्वीकार करते हैं।

जीवन में सफलता प्राप्त करने और कुछ अलग करने के लिए शिक्षा अर्जित करना सभी के लिए महत्वपूर्ण है। यह स्त्री एवं पुरुषों दोनों के लिए समान रूप से जरूरी है, क्योंकि शिक्षा जीवन के कठिन समय में तमाम तरह की चुनौतियों से सामना करने में सहायता करती है। समाज की प्रगति के लिए बालिका शिक्षा अति आवश्यक है। हम जानते हैं कि किसी भी व्यक्ति की प्रथम पाठशाला उसका परिवार और मां प्रथम गुरु होती

सपना कुमारी

है। मां पढ़ी-लिखी होगी, तो वह अपने बच्चों को सही दिशा, संस्कार व उचित शिक्षा का माहौल उपलब्ध करा सकेगी। बदलते हुए समय को ध्यान रखते हुए आज देश के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी शिक्षा को काफी महत्व दे रहे हैं। यही कारण है कि अब गांव की लड़कियां भी बड़ी संख्या में शिक्षा प्राप्त करने स्कूल जा रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं।

बिहार के कई ऐसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र हैं, जहां पिछले कुछ वर्षों में स्कूलों में लड़कियों के नामांकन का प्रतिशत बढ़ा है। मुजफ्फरपुर जिला के पारु प्रखंड स्थित राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धरफरी की ही बात करें, तो इस स्कूल में लड़कों की तुलना में लड़कियों की संख्या अधिक है। स्कूल के छात्र भी इस हकीकत को स्वीकार करते हैं। कक्षा 9 में पढ़ने वाले छात्र आदित्य कुमार कहते हैं कि हमारे स्कूल में लड़कियों की संख्या अधिक तो हैं ही, साथ ही वह स्कूल भी रेगुलर आती हैं। विद्यालय में पहले से अधिक शिक्षक भी हैं और किताब से लेकर अन्य सुविधाएं भी बढ़ी हैं। इसी कक्षा की छात्रा नेहा कुमारी बताती है कि हम लड़कियां रेगुलर क्लास करती हैं। विद्यालय में लड़कियों के खेलने की भी सुविधाएं उपलब्ध है, जैसे- फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल समेत अन्य प्रकार के खेल की सामगी भी उपलब्ध है। इस स्कूल में वर्तमान में शिक्षकों की संख्या 11 जबकि 2 शिक्षिकाएं हैं। वहीं कक्षा 10 के छात्र अंकित कुमार का कहना है कि स्कूल की लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लास में भी लड़कों की तुलना में लड़कियों की उपस्थिति अधिक होती है।

उधर अभिभावक नवल किशोर बताते हैं कि मेरी बेटी गांव में ही रह कर अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है। वह बारहवीं में पारू प्रखंड की टॉपर रही है। वर्तमान में वह राजधानी पटना के एक प्रतिष्ठित कॉलेज से उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही है। भविष्य में उसकी इच्छा संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर आईएएस बनने की है, जिसके लिए वह अभी से तैयारियों में जुट गई है। पिछले साल उसे अमृत महोत्सव के अवसर पर शास्त्री नृत्य का प्रथम पुरस्कार भी मिला है। वह बताते हैं कि सिर्फ मेरी बेटी ही नहीं, बल्कि गांव की अन्य लड़कियों में भी शिक्षा को लेकर ललक बढ़ी है। इसका कारण है कि राज्य सरकार बालिका शिक्षा के प्रति काफी गंभीर है। साइकिल-पोशाक योजना से लेकर कन्या उत्थान योजना एवं स्कॉलरशिप आदि भी स्कूलों में लड़कियों के नामांकन प्रतिशत को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो

रहा है। मैट्रिक-इंटर एवं स्नातक में प्रथम श्रेणी से पास करने पर सरकार लड़कियों को कन्या उत्थान योजना के तहत दस हजार से लेकर 50 हजार तक प्रोत्साहन राशि देती है। इसका भी असर देखा जा सकता है।

इस संबंध में, धरफरी हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक समरजीत कुमार बताते हैं कि मेरे स्कूल में 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई होती है। जिसमें कुल 1888 विद्यार्थियों में 60 फीसदी छात्राएं नामांकित हैं। शिक्षक संजय भगत कहते हैं कि क्लास में लड़कियां लड़कों से अधिक उपस्थित रहती हैं और रिजल्ट भी लड़कों की तुलना में लड़कियों का अच्छा आता है। जबकि लड़के कई तरह के बहाने बनाकर स्कूल से अनुपस्थित रहते हैं। मोबाइल के कारण भी स्कूली छात्रों में भटकाव की स्थिति बढ़ी है। वहीं, हरपुर कपरफोरा माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक संजय किशोर बताते हैं कि इस स्कूल में छात्र एवं छात्राओं दोनों की संख्या कम है, क्योंकि यह स्कूल बस्ती से काफी दूर है और रास्ते भी कठिन हैं। इसके बावजूद लड़कों की तुलना में लड़कियों की उपस्थिति अधिक होती है। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय शाहपुर पट्टी के शिक्षक विनय कुमार भी बताते हैं कि उनके स्कूल में भी छात्राओं की संख्या पहले की तुलना में बढ़ी है और उनका रिजल्ट भी हर साल अच्छा आता है।

सरैया ब्लॉक स्थित एक हाई स्कूल के शिक्षक सत्येंद्र सुमन का कहना है कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह लिंग के आधार पर भेदभाव को रोकने में भी मदद करती है। शिक्षा प्राप्त कर ही लड़कियां न केवल अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सचेत हो सकती हैं बल्कि अपने साथ हो रहे किसी भी अत्याचारों के खिलाफ लड़ सकती हैं। आज महिलाएं कई क्षेत्रों में पुरुषों से भी आगे निकल चुकी हैं। सरकार भी बालिका शिक्षा के प्रति गंभीर है और इसे बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। इसका असर भी गांवों में दिखने लगा है। राज्य भर के सरकारी स्कूलों में पिछले एक दशक से लड़कियों के नामांकन की संख्या लगातार बढ़ रही है। बहुत सारे स्कूल तो ऐसे हैं, जहां लड़कों से अधिक लड़कियों की संख्या है।

हाल के वर्षों में बिहार के शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों के शैक्षणिक माहौल में आमूलचूल बदलाव के लिए कई प्रयोग और कठोर नियम भी इसके पीछे प्रमुख कारण बना है। लगातार शिक्षकों की बहाली की जा रही है। आधारभूत ढांचे में सुधार व संसाधनों की कमी को दूर किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के पदभार संभालने के साथ ही सरकारी स्कूलों व कॉलेज-यूनिवर्सिटी का माहौल ही बदल गया है। कक्षाओं में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति तो बढ़ी ही है, साथ ही शिक्षकों का भी नियमित व समय से स्कूल आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। यह कदम बिहार कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार का अनुकूल संकेत है। इसके अतिरिक्त सरकारी नौकरियों में महिलाओं को दिया जाने वाला आरक्षण भी प्रमुख कारण है। छठे चरण की शिक्षक बहाली में बिहार में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। अभी सातवें चरण की बहाली को लेकर बीपीएसी ने परीक्षा आयोजित की थी। इसमें कक्षा 1-5 के लिए होनेवाली बहाली में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत एवं माध्यमिक, उच्च माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। महिला एवं बाल विकास परियोजना, पुलिस विभाग से लेकर स्वास्थ्य विभाग तक में महिलाओं के लिए नौकरियों के काफी अवसर पैदा हुए हैं।

हालांकि, उच्च शिक्षा की तस्वीर कुछ अलग ही कहानी कहती है। कॉलेज-यूनिवर्सिटी तक आते-आते छात्राओं की संख्या छात्रों की तुलना में करीब एक-तिहाई रह जाती है। एआइएसएचई के आंकड़ों के मुताबिक, बिहार में उच्च शिक्षा में कुल 6 लाख 22 हजार 509 छात्र नामांकित हैं, जबकि छात्राओं की संख्या 2 लाख 83 हजार 9 है। हालांकि यदि इन आंकड़ों से इतर देखें, तो पहले की तुलना में न केवल उच्च शिक्षा में भी लड़कियों की संख्या में इजाफा हुआ है बल्कि इसका प्रतिशत भी लगातार बढ़ता जा रहा है। यह एक सभ्य और समान अधिकार वाले समाज के निर्माण में सकारात्मक कदम है। (चरखा फीचर)

स्वच्छ पेयजल का विशेष ध्यान रखा जाए : सुरेश

स्वच्छ पानी की सप्लाई ही घरों में हो : प्रभारी मंत्री

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जनपद लखनऊ में डेंगू के बढ़ रहे मामलों के संबंध में जिलाधिकारी लखनऊ एवं नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ को पत्र लिखकर इससे बचाव एवं उपचार हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि डेंगू के मरीज शहर में लगातार बढ़ रहे हैं, जो एक खतरनाक संकेत है, इसके लिए बचाव और उपचार दोनों आवश्यक हैं।

प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि लखनऊ में दवा का सघन एवं नियमित छिड़काव हो ताकि आमजन को मक्खी-मच्छर से निजात मिल सके। जहाँ भी जल जमाव की समस्या है, वहाँ पर मच्छरों का प्रकोप अधिक है, जिस कारण डेंगू जैसी बीमारियां पैदा होती है। इसके दृष्टिगत ऐसे स्थानों को चिन्हित कर विशेष अभियान चलाये जाये। उन्होंने कहा है कि त्योहारों का भी मौसम आ रहा है, जिसमें रामलीला का मंचन एवं विभिन्न आयोजन भी अनेक स्थानों पर होगा, जिसके लिए जरुरी है कि सघन सफाई अभियान का सप्ताह व पखवाड़ा घोषित करके स्वच्छता एवं फागिंग का कार्य कराया जाये। कूडा आदि का निस्तारण भी लगातार कराया जाये। श्री खन्ना ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्वच्छ पेयजल का विशेष ध्यान रखा जाए। स्वच्छ पानी की सप्लाई ही घरों में हो यह सुनिश्चित किया जाए।

प्रभारी मंत्री ने पत्र में यह भी कहा है कि स्थान-स्थान पर बहुत से कार्यकर्ता स्वच्छता एम्बेस्डर भी बनना चाहते हैं, उनको बनाया जाए। साथ ही स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों को बहाल करने की आवश्यकता है। इसके लिए भी समुचित कार्यवाही पूर्ण की जाए।

ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग को मिलेगा बढ़ावा : जयवीर सिंह

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने सुहागनगरी फिरोजाबाद में कॉच उद्योग विकास केन्द्र परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा एक ग्लास म्यूजियम एवं टूरिज्म क्राफ्ट सेंटर की स्थापना के लिए भूमि एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र अपर सचिव एवं विकास आयुक्त एमएसएमई उद्यम मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से दिलाने हेतु मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन से पहल करने का आग्रह किया है।

मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन श्री दुर्गाशंकर मिश्र को 18 सितम्बर, 2023 को लिखे गये पत्र में पर्यटन मंत्री ने कहा है कि ग्लास म्यूजियम तथा टूरिज्म क्राफ्ट सेंटर की स्थापना हेतु फिरोजाबाद के तत्कालीन जिलाधिकारी श्री रविरंजन तथा मौजूदा जिलाधिकारी श्री उज्ज्वल कुमार ने फिरोजाबाद में पर्यटन गतिविधियों के विस्तार एवं परम्परागत कॉच उद्योग/शिल्प को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया था। किन्तु अभी तक एनओसी एवं सहमति प्राप्त नहीं हुई है।

श्री जयवीर सिंह ने यह भी अवगत कराया है कि सुहागनगरी फिरोजाबाद की शीशे के सामान निर्माण तथा परम्परागत कॉच उद्योग के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है। इस जनपद से कॉच से निर्मित विभिन्न उत्पाद विश्व के अनेक देशों में निर्यात किये जाते हैं। कॉच शिल्पियों की शिल्प कला का प्रदर्शन तथा उत्पादों का सजीव निर्माण पर्यटकों को आकर्षित करता है।

पशु चिकित्सा पालीक्लीनिक की स्थापना के लिए 121.98 लाख स्वीकृत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने पशु चिकित्सा सेवाएं तथा पशु स्वास्थ्य के तहत जनपद गोण्डा एवं बरेली में पशु चिकित्सा पालीक्लीनिक की स्थापना के लिए 121.98 लाख रूपये (एक करोड़ इक्कीस लाख अठानवे हजार रूपये) की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु स्वीकृत की है। इस धनराशि में से देवीपाटन के पशु चिकित्सालय सदर, गोण्डा व राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र हेतु 108.34 लाख रूपये तथा बरेली के बुखारा-फरीदपुर मार्ग पर ग्राम पंचायत क्यारा, हेतु 13.64 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है।

इस सम्बंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय निर्माण सम्बंधी संगति शासनादेशों में निहित व्यवस्था अनुसार/निर्धारित मानकों के अधीन किया जायेगा।

दो दिवसीय साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। परिवहन मंत्री के निर्देशों के क्रम में आज प्रातः 11:00 बजे परिवहन निगम के सभागार में परिवहन निगम के प्रबन्ध निदेशक श्री मासूम अली सरवर, अपर प्रबन्ध निदेशक अन्नपूर्णा गर्ग की उपस्थिति में साइबर सुरक्षा विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निगम मुख्यालय के सभी अधिकारीगणों एवं क्षेत्रों में तैनात अधिकारियों द्वारा भी वीसी के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री राहुल मिश्रा, साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट द्वारा वर्तमान समय में बढ़ते साइबर खतरों एवं उनके विभिन्न प्रकार से कारित होनें से अवगत कराया गया।

यह जानकारी जीएम आईटी यजुवेद्र ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता द्वारा साइबर सिक्योरिटी फन्डामेन्टल्स, आई.टी. एक्ट, एडवांस थ्रीट डिटेक्शन टेक्निक्श, साइबर हाइजिनन एण्ड बेस्ट प्रैक्टिसेस (Cyber Security fundamentals, IT Act, Advanced Threat detection techniques, cyber hygiene and best practices) के विषय पर प्रतिभागियों को विस्तृत रूप से जानकारी देकर जागरूक किया गया।

रूपईडिहा डिपो में कार्यरत तीन कर्मियों को किया गया निलम्बित

लखनऊ। रूपईडिहा डिपो देवीपाटन में कार्यरत सीनियर फोरमैन देवेन्द्र कुमार तिवारी, जूनियर फोरमैन सरोज कुमार व मारकण्डे राम को आज प्रधान प्रबन्धक (प्राविस्था) एसएल शर्मा ने आपत्तिजनक अश्लील वीडियो वायरल प्रकरण में तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है।

एसएल शर्मा ने बताया कि उक्त कर्मियों पर 17 सितम्बर, 2023 को विश्वकर्मा पूजा में आयोजित कार्यक्रम में रूपईडिहा डिपो कार्यशाला प्रांगण में रंगारंग संगीतमय नर्तकियों के साथ आपत्तिजनक अश्लील नृत्य करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि उक्त कर्मियों के इस आचरण से जनमानस के समक्ष निगम की छवि धूमिल हुई है साथ ही इन्होंने अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं किया है। उन्होंने बताया कि परिवहन मंत्री के निर्देश हैं कि किसी भी कर्मी को निगम की छवि धूमिल करने की छूट नहीं है। ऐसे लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाय।

चोरी की घटना का खुलासा कर पुलिस ने पांच चोरों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना मिर्जापुर पुलिस ने ग्राम अबाबाकरपुर नौगावा में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 90000 रूपये, 08 चांदी के सिक्के, 02 आधार कार्ड, 01 मोबाइल फोन, 03 लैडिज पर्स बरामद किये है। गौरतलब रहे कि 13 सितम्बर को थाना मिर्जापुर पर बलवीर पुत्र जगराम निवासी ग्राम अबाबाकरपुर नौगांवा थाना मिर्जापुर ने अज्ञात चोरो पर उसके घर से सोना, चाँदी के जेवरात चोरी कर ले जाने का मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना प्रभारी निरीक्षक मिर्जापुर राजेन्द्र प्रसाद वशिष्ट के नेतृत्व में गठित टीम ने घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त.राहुल उर्फ विक्रान्त पुत्र मुकेश, अजीम पुत्र सलीम, नदीम पुत्र सलीम, रिजवान पुत्र गुफ्रान व मोहसीन पुत्र गुफ्रान निवासीगण ग्राम रामपुर जमाईपुरा थाना गंगनहर रुडकी जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड को कासमपुर पुलिया के पास से चोरी किये गये माल 90 हजार रुपये व 08 चांदी के सिक्के व दो आधार कार्ड, एक मोबाइल फोन, तीन लैडिज पर्स सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर अभियुक्त राहुल उर्फ विक्रान्त उपरोक्त ने बताया कि वह मदरहुड युनिवर्सिटी करोडी भगवानपुर जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड से बीएससी की पढाई कर रहा था, तभी उसकी जान पहचान ग्राम अबाबाकरपुर में हुई। उसे जानकारी मिली कि बलवीर के लडके मिलन की शादी बिहारीगढ से तय हुयी थी, लेकिन बाद में रिश्ता टुट गया था, जिसमें बलवीर ने काफी सोने चांदी के जेवर चढाये थे और वह सारा समान बलवीर के घर पर ही रखा है। बलवीर के मकान की रैकी कर अपने साथियों को भी मैने बलवीर का मकान दिखाया था । चोरी करने वाले दिन राहुल उर्फविक्रान्त व उसका साथी रिजवान और अजीम और नदीम मकान के बाहर गली में दूसरे रास्ते से आकर निगरानी कर रहे थे। बलबीर के मकान के अन्दर दानिश और मोहसीन ही चोरी करने गये थे बाद मे सभी का बराबर का हिस्सा तय हुआ था। 12 व 13 सितम्बर की रात्रि मे ग्राम अबाबाकरपुर नौगांवा में बलवीर के मकान से जो माल उनके द्वारा चोरी किया था। उक्त माल रुपयो व जेबरात को उसी दिन यहाँ पर कासमपुर पुलिया के नीचे छुपा दिये थे। आज इस चोरी किये हुए रुपयो को लेने व बांटने आये थे। हम हिस्सा बांट रहे थे कि पुलिस में पकड लिया। मौके से एक अभियुक्त फरार होने मे सफल रहा, जिसके पास भी चोरी का कुछ माल एक थैले में था।

ऊंट पर निकली सवारी, प्लास्टिक को मिली अनोखी की विदाई

लखनऊ। कहते हैं ... हथौड़ा इतना वजनदार चलाओ कि चोट का असरदार हो, जो लोहे का भी आकार बदल सके। जागरूकता अभियान तो बहुत चलाए जाते हैं पर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जो हुआ, ऐसा जुलूस शायद ही कभी कहीं निकाला गया हो। यहां खुशरू बाग लीडर रोड पर जल कल विभाग नगर निगम प्रयागराज की ओर से एक निराली विदाई यात्रा निकाली गई। यह थी 'प्लास्टिक की विदाई यात्रा', जो कि स्वच्छता पखवाड़ा ङ्क स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत निकाली गई थी। लोगों तक प्लास्टिक की विदाई करने के लिए प्रेरित करने का यह अंदाज भले ही व्यंग्य से भरपूर रहा, मगर मामला बहुत गंभीर और उद्देश्य बेहद नेक था। व्यंग्य में दिया गया संदेश ज्यादा से ज्यादा लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचता है, बस यही वजह रही कि प्रयागराज नगर निगम ने यह तरीका अपनाया। अब मन में सवाल आएगा कि प्लास्टिक की विदाई यात्रा में खास क्या है।

हाजी सम्मान समारोह के लिये एआइपीएमएम ने मंत्री दानिश आजाद को किया आमंत्रित

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। आज ऑल इंडिया पसमांदा महाज के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी नेहाल अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधमंडल संगठन की ओर से महोबा में होने वाले कार्यक्रम हाजी सम्मान समारोह हेतु मंत्री दानिश आजाद अंसारी से मिला, जिसमें संगठन ने महोबा में हाजी सम्मान समारोह के लिये उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया, जिस पर मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने जल्द समय देने का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के लखनऊ स्थित कार्यालय पर एक खास बातचीत में हाजी नेहाल अंसारी ने कहा कि जबसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पसमांदा मुसलमानों की बात कही है तबसे देश की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों में इसका जिक्र होने लगा है। ऐसा लगता है कि अब देश में पिछड़े पसमांदा मुसलमानों के लिये काम होगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हमें सिर्फ एक पार्टी का कहकर हमें बदनाम करने की कोशिश करते हैं। हमारा संगठन गैरराजनीतिक संगठन है। हां अगर कोई राजनीतिक पार्टी पसमांदा मुलसमानों के भले की बात कर रही है तो इसमें गलत ही क्या है? इस अवसर पर संगठन के प्रदेश सचिव एजाज इदरीसी, अकबर मंसूरी (बन्दुलखण्ड अध्यक्ष), राका मंसूरी, इमाम बक्श मंसूरी, शफी मंसूरी, रफी मंसूरी, महबूब मंसूरी आदि उपस्थित रहे।

उपभोक्ताओं का उत्पीड़न करने वाले कार्मिक अपने आचरण में लाएंगे सुधार

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। विद्युत विभाग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिसमें प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को जानने के लिए शक्ति मुख्यालय से लगभग 193 अभियंताओं की टीम प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में भेजी गई है जिसमें निदेशक से लेकर सहायक अभियंता तक सम्मिलित हैं जो जनपदों में उपभोक्ताओं की समस्याओं से रूबरू होंगे और उपभोक्ताओं के घर जाकर उनसे उनकी समस्या भी जानेंगे और उनका समाधान का कार्यक्रम पहली बार चलाया जा रहा है निश्चित तौर से यह कार्यक्रम आने वाले समय में मील का पत्थर साबित हो सकता है उपभोक्ता देवो भव की संस्कृति के आधार पर पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने जो यह मुहिम शुरू की है निश्चित तौर पर इसका परिणाम आने वाले समय में सुखद होगा । बस बिजली कंपनियों के कार्मिक अपने आचरण में बदलाव लाए विभाग

■ उपभोक्ता देवो भव की संस्कृति के आधार पर पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने जो यह मुहिम शुरू

आगे भी बढेगा और उपभोक्ता खुश भी होंगे इस कार्यक्रम की शुरुआत करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष कुमार गोयल से बात कर उनका आभार व्यक्त किया और प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की तरफ से शुभकामनाएं दी कहा आपका यह कार्यक्रम सफल हो यही उपभोक्ता परिषद चाहता है।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा हमारे प्रदेश के लगभग तीन करोड 35 लाख विद्युत उपभोक्ता विभाग से हमेशा आपसी सामंजस के आधार पर अपनी समस्याओं का निराकरण चाहते हैं लेकिन कुछ कार्मिको द्वारा ऐन केन प्रकारेण उनका उत्पीडन किया जाता है जिससे उनके मन में विभाग के प्रति गलत छवि आती है ऐसे में अब जब यह सामंजस स्थापित करने की दिशा में अभियान चलाया जा रहा है तो सभी कार्मिक शपथ ले कि वह अपने में बदलाव लाएंगे सभी ऐसे अभियंताओं कार्मिकों को अपने आचरण में बदलाव लाना चाहिए जो उपभोक्ताओं के उत्पीडन की जगत में लगे रहते हैं।

जिस प्रकार से विगत दिनों पावर कारपोरेशन के झटपट पोर्टल पर कनेक्शन न देने के लिए छोटी-छोटी कर्मियों को आधार बनाकर कनेक्शन में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा था और पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष के निर्देश पर एक ही दिन में हजारों उपभोक्ताओं के छोटे-मोटे व्यवधान को दूर कर दिया गया उसे निश्चित तौर पर एक नया संदेश गया है आगे भी इसी तरह संदेश जाए इसी दिशा में बिजली कंपनियों को कार्यवाही आगे बढना किए।

कपट न कीजे कोय चोरन के पुर ना बसें : उत्तम आर्जव धर्म

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। इन्दिरानगर जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व के तीसरे दिन गुरुवार को उत्तम आर्जव धर्म की पूजा हुई। ब्रह्मचारी जी ने बताया की किसी को भी छल-कपट कभी नहीं करना चाहिए क्योंकि चोरों के गांव कभी नहीं बसते, ऐसा दुनिया में कोई भी गांव/शहर नहीं जहाँ मात्र चोर ही रहते हों, क्योंकि चोरी के कार्य में भी विश्वास का होना ज़रूरी है । उन्होंने कहा कि जो जीव सरल स्वभावी होते हैं, उनके घर में संपदा की अपने आप वृद्धि होती है। इस जगत में भी उत्तम आर्जव की ही रीति (प्रथा) अच्छी मानी है तथा रंच (थोड़ी-सी) भी दगा (बेईमानी) बहुत दुख को देने वाली होती है। इससे बचने के लिए, जो मन में हो, उसे ही वचनों से कहना चाहिए तथा जो वचनों से कहें, वह क्रिया अर्थात आचरण में भी होना चाहिए। इसीलिए कहा गया है की मन मे हो सो वचन उचारिए, वचन होय सो टन सो करिए।

सहस्त्र नामो के साथ हुआ गजानन का सिन्दूराभिषेक

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका मे चल रहे गणेशोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को 'मनौतियों के राजा' के समक्ष सिन्दूराभिषेक की विशेष पूजा हुई। जो आकर्षण का केन्द्र बनी रही। इस पूजा में भक्तों ने बारी बारी से बप्पा को सिन्दूर लगाकर अभिषेक किया। बाद में भक्तों ने सिन्दूर को अपने माथे में लगाया।आचार्य ने पूरे विधिविधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश के सहस्त्र नामों के साथ सिन्दूराभिषेक पूजन सम्पन्न कराया। श्रद्धालु अभिषेक करने के समय एक ही स्वर निकल रहा था 'जो सिन्दूर से करते है अभिषेक, श्री गणेश उनपर कृपा करते है अनेक'। आचार्य ने बताया कि भगवान गणेश को सिन्दूराभिषेक करने से घर परिवार में सुख समृद्धि आती है। पूजन में कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, महामंत्री सतीश अग्रवाल, पार्षद रंजीत सिंह, देशराज अग्रवाल, जयकरण सिंह, संजय सिंह गांधी, शरद अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, अखिलेश बंसल, अजय अग्रवाल, अतुल बंसल, नीलेश अग्रवाल टाटा, रामशंकर वर्मा, नरेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल मौजूद रहे।

शाम को कोलकाता के भजन गायक संजय शर्मा ने गणेश जी की स्तुति 'जय गणपति वन्दन गणनायक' से करने के बाद 'घर में पधारो गजानन मेरे घर में पधारो' सुनाया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गए। उसके बाद एक नृत्य नाटिका रामजी की अयोध्या आने की खुशी में दीप उत्सव का नृत्य दिखाया। उसके बाद सिंदूर की महिमा हनुमान जी की झांकी के द्वारा दिखाया। संजय ने एक भजन गले लगा लो मेरे राम बजरंगी लाल लाल हो गया सुनाया तो पंडाल प्रभु श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।

ड्राइंग एण्ड पेन्टिंग प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सीएमएस छात्रा को

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस की कक्षा-9 की छात्रा स्तुति साहू ने अन्तर-विद्यालयी ड्राइंग एण्ड पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता एसोसिएशन ऑफ स्कूल्स फॉर द इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट (एएसआईएससी) के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी कलात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ ही रचनात्मक सोच का प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किया। स्तुति द्वारा बनाई कलाकृति ने निर्णायक मण्डल को अत्यधिक प्रभावित किया। निर्णायक मण्डल ने इस प्रतिभाशाली छात्रा की सृजनात्मक व रचनात्मक प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस प्रतिभाशाली छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से सी.एम.एस. अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु सदैव प्रोत्साहित करता रहता है।

एक मुट्ठी चावल देकर शहीदों को किया नमन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, आजादी का अमृत महोत्सव जन नेतृत्व की पहल के रूप में मनाया जा रहा है। सरकार ने इसी उत्सव की निरंतरता में मेरी माटी मेरा देश अभियान' का शुभारम्भ किया है। कार्यक्रम की विषय-वस्तु के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों का आयोजन 09 से 15 अगस्त, 2023 तक दिल्ली और उसके आसपास के विभिन्न वायु सेना स्टेशनों पर किया गया। इन सभी स्थानों पर स्वदेशी प्रजातियों के 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाई गई, ताकि धरती मां को फिर से हरा-भरा बनाया जा सके। इस कार्यक्रम का नाम वसुधा वंदन रखा गया है।

इसी क्रम में उतर प्रदेश के विभिन्न जिलों में यह अभियान जोरो पर है। उतर प्रदेश के मऊ जिले में नेहरू युवा केंद्र के तत्वधान में ग्राम पंचायत बड़गांव में मेरी माटी, मेरा देश के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के लोगों ने बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता निभाते हुए अपने घर से एक मुट्ठी चावल और एक मुट्ठी मिट्टी देकर शहीदों को नमन किया।

बागपत मे डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने कासिमपुर खेड़ी गांव में ग्राम पंचायत सचिवालय में स्थित लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश, मिट्टी को नमन वीरों को वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत देश की आजादी में अपने प्राणों को न्यौछावर कर देने वाले वीर बलिदानियों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति मिट्टी से पैदा हुआ और मिट्टी में ही मिल जाना है इसलिए हमें अपने देश की मिट्टी से हमेशा लगाव होना चाहिए। इस दौरान गांव में अमृत कलश यात्रा बहुत ही भव्य तरीके से निकल गई, जिसमें ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव दो अमृत कलश लेकर चल रहे थे और उनके साथ गांव के लोग भारत माता के जयकारे लगा रहे थे। कार्यक्रम में कासिमपुर खेड़ी के लोगों में देशभक्ति

■ सभी स्थानों पर स्वदेशी प्रजातियों के 75 पौधे लगाकर बनाई गई अमृत वाटिका

के प्रति जज्बा देखने के लायक था। लोगों ने कलश में अपने गांव की माटी और चावल समर्पित किए।

अंबेडकर नगर में देश के ऊपर अपनी जान निछावर करने वाले वीर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए पूरे देश में चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत जिले में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। टांडा कस्बे में आयोजित इस कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिला पुरुष और स्कूली छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा पूजन अर्चन के बाद शुरू किया गया। कलश यात्रा में लोगों ने देश की मिट्टी और अक्षत डालकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कलश यात्रा के दौरान लोगों में देशभक्ति जबरदस्त जज्बा देखने को मिला।

गणेश उत्सव : विर्सजन व शोभा यात्रा के साथ हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। गणेश पूजा कल्याण समिति की ओर से तीन दिवसीय अलीगंज का राजा का गणेश उत्सव आज विर्सजन शोभा यात्रा के साथ समापन हो गया। इस बार से नये स्थान विसर्जन शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल चन्द्रशेखर पार्क चांदगंज गार्डेन अलीगंज से शुरू हुई। शाम को झूलेलाल वाटिका पर भगवान गणेश की प्रतिमा का विधि विधान से विसर्जन किया गया। इस मौके पर संरक्षक राजकुमार सिंघल, महामंत्री डा. संदीप अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता मौजूद रहे।

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का जन्म होता है: मनोज कुमार

अवधनामा ब्यूरो

■ राजकीय इंटर कॉलेज के प्रांगण में तहसील युवक समारोह का हुआ शुभारंभ

इटावा। राजकीय इंटर कॉलेज के संयोजकत्व में राजकीय इंटर कॉलेज के प्रांगण में तहसील युवक समारोह का शुभारंभ हुआ। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार ने किया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का जन्म होता है। ऐसे आयोजनों से छात्रों में खेल की भावना एवं राष्ट्रीय भावना उत्पन्न होती है तथा छात्रों में आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं तहसील युवक समारोह के संयोजक पूरन सिंह पाल ने मुख्य अतिथि तथा विभिन्न विद्यालयों से पधारे समस्त प्रधानाचार्य एवं खेल प्रशिक्षकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ मुकेश यादव, अंजू, सौरव प्रताप सिंह, बबीता, सुनीता कुशवाहा, मोहित अरोरा, प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, मंत्री संजय शर्मा , मनोज शुक्ला, गुफरान अहमद, उमेश यादव, राजेश सिंह, प्रमेंद्र सिंह, आशुतोष कुमार सहित अनेक प्रधानाचार्य उपस्थिति रहे। समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में खेल प्रशिक्षक नरदेव आर्य, हिमांशु कुमार, दिनेश यादव, विमल यादव, वीरपाल सिंह यादव, मोहम्मद नाजिश, मोहम्मद शाहिद, रमेश कुमार आदि लोगों की अहम भूमिका रही।

जिनके निर्देशन में अनेक प्रतियोगिताएं संपन्न हुई जिसमें 14 वर्ष बालिका वर्ग 600 मीटर में चांदनी तथा रुचि जनता इंटर कॉलेज पूठन सकरौली प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रही। प्रीति तथा प्रिंसी राजकीय इंटर कॉलेज इटावा प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे। 14 वर्ष बालक वर्ग 600 मीटर में हिमांशु तथा हरिओम इस्लामिया इंटर कॉलेज प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे। अंकित जनता इंटर कॉलेज पूठन सकरौली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से 800 मीटर दौड़ में किशन यादव कर्म क्षेत्र इंटर कॉलेज इटावा प्रथम, वीर सिंह एमजीएस इंटर कॉलेज द्वितीय, तथा हरिश्चंद्र राजकीय इंटर कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कीड़ा प्रभारी चंद्रपाल सिंह, सुशील मोहन, मनीष कुमार, सचिन जैन , महेंद्र सिंह पाल, अवधेश कुमार, जयकुमार गुप्ता, राजीव यादव, सतीश चंद्र पोरवाल, अंबुज दुबे, प्रमोद कुमार कुशवाहा, रीना कुमारी, विमलेश कुमारी, मंजू पाल, निधि चतुर्वेदी, कंचन देवी , ऋतंभरा यादव आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक इंद्र नारायण पांडे ने किया। श्री पांडे ने बताया कि आज दिनांक 22 सितंबर को भी प्रतियोगिताएं संपन्न होगी तथा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे।

जैन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रयागराज। पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व के तीसरे दिन गुरुवार को श्रावक- श्राविकाओं ने उत्तम आर्जव धर्म की पूजा आराधना की। श्रद्धालुओ ने जिनालयों में भक्तिभाव से पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर केसरिया वस्त्रो मे महिलाओ ने पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर मंदिर जी की विधुत् झालरो से आकर्षक रूप से साज सज्जा की गयी। दसलक्षण महापर्व पर मुनि सुभद्र सागर महाराज ने बताया कि सरलता भगवान के द्वार में प्रवेश करने का साधन है। जैसे सांप अपने बिल में सीधा प्रवेश करता है, वैसे ही परमात्मा के द्वार में प्रवेश पाने हेतु सरल होना आवश्यक है। मायाचारी मुख में राम बगल में छुरी वाली कहावत को चरितार्थ करता है। मायाचारी बगुले के समान बाहर से कुछ और अंदर से कुछ और होता है।

ताइक्कांडो कलर बेल्ट परीक्षा सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। इटावा ताइक्कांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा रविवार को ताइक्कांडो कलर बेल्ट परीक्षा ताइक्कांडो अकादमी मेहरा चुंगी स्थित मुख्य प्रशिक्षक व सचिव शिवजीत द्विवेदी व मास्टर अमिताभ तिवारी ब्लैक बेल्ट 2nd डान, शिवांग द्विवेदी ब्लैक बेल्ट, अभय राज ब्लैक बेल्ट की देख़ रेख में संपन्न हुआ जिसमे इटावा के ज्यादातर विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया जिसमे येलो बेल्ट मे सेंट जेवियरस से प्रतीक यादव 80 प्रतिशत प्रथम, रेहानश कुमार 78 प्रतिशत द्वितीय, निशांत कुमार 65 प्रतिशततृतीय रहे! व ग्रीन बेल्ट मे सिद्धार्थ कुमार शिवाजी इंटर कॉलेज से 82 प्रतिशत नमन कुमार ज्ञानस्थली अकैडमी 82 प्रतिशत प्रथम दीपांशी सिंह व ऋतिक कुशवाहा सिद्धांत यादव, 80 प्रतिशत सेंट जेवियर्स से द्वितीय रहे। प्रिंस 75 प्रतिशतके साथ तृतीय स्थान पर रहे। उक्त जानकारी मुख्य प्रशिक्षक व सचिव शिवजीत द्विवेदी ने दी।

उन्होंने आगे बताया कि ग्रीन सीनियर बेल्ट मे विष्णु तिवारी संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 80 प्रतिशत प्रथम, इंद्री ज्ञानस्थली अकादमी से द्वितीय स्थान पर रहे। ब्लू बेल्ट मे बिलाल खान85 प्रतिशत ज्ञानस्थली अकादमी से प्रथम, तृषा राजपूत आदि सागर इंटर कॉलेज से , ब्लू सीनियर बेल्ट अनमोल कुशवाहा चिल्ड्रन एकेडमी से 91 प्रतिशत से प्रथम व दक्ष सिंह 90 प्रतिशत आध्या सिंह भदौरिया सेवन हिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल से द्वितीय रहे।

इस अवसर सभी अभिभावकों ने आपने बच्चों की फाइट व ताइक्कांडो कला को देख़ कर प्रशंसा की जिसमे अनुराग भदौरिया, रजनी भदौरिया, अंकित चतुर्वेदी, अवनीश कुशवाह, सहदेव , सुखवीर सिंह यादव, दुर्गेश सिंह, ऋषि कुमार, संजीव तिवारी जी, अमित कुमार जी आदि अभिभावकों उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे इटावा ताइक्कांडो के सीनियर प्रेजिडेंट व ज्ञान स्थली ग्रुप के चेयरमैन शिवप्रसाद यादव ने सभी विधार्थियो को नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप के सर्टिफिकेट व मैडल से सम्मानित किया व मुख्य प्रशिक्षक/सचिव शिवजीत द्विवेदी ने मुख्य अतिथि के साथ-साथ सभी अभिभावकों को धन्यबाद दिया।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर निकाली गई साइकिल रैली

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। पोषण माह के अंतर्गत आज आंगनवाड़ी केन्द्रों पर साईकिल रैली का आयोजन किया गया ।रैली में बच्चों और किशोरियों ने उत्साह से भाग लिया ।बच्चों और किशोरियों ने साइकिल पर पोषण से संबंधित विभिन्न प्रकार के स्लोगन की तख्तियां भी लगा रखी थी ।पोषण माह के दौरान आम जनता को कुपोषण के कारण और निवारण के उपाय तथा बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास में सुपोषण के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए प्रतिदिन विविध गतिविधियां आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित की जा रही हैं जिससे माता-पिता अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकें। माता पिता आज भी बच्चों का वज़न कम होना या बच्चे की लंबाई कम होना कोई गंभीर बात नहीं मानते है ।जबकि यह बीमारी का प्रारंभिक लक्षण हो सकता है ।इसलिए सरकार कुपोषण के प्रति आम जनमानस को अधिक से अधिक जागरूक बनाना चाहती है क्योंकि जब माता पिता अपने बच्चे के स्वास्थ्य ,उसके वज़न और उसकी लंबाई के प्रति जागरूक होंगे तो वह बच्चे की देखभाल भली प्रकार से करेंगे और जब बच्चे की देखभाल अच्छे ढंग से होगी तो कुपोषण की समस्या स्वतः कम हो जाएगी ।इसलिए अधिक से अधिक जन जागरूकता लाने के लिए प्रति वर्ष सितम्बर माह में पोषण माह का आयोजन किया जाता है ।किशोरियों और बच्चों की पोषण साइकिल रैली ने भी सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया और पोषण के प्रति लोगों को सोचने और संवेदन शील बनने के लिए जागरूक किया।

सविता सेन समाज ने महर्षि सविता ऋषि की जयंती मनाई

गोवर्धन/मथुरा। कस्बा के बस स्टैंड के समीप मां श्यामा आश्रम में सविता सेन समाज द्वारा महर्षि सविता ऋषि की जयंती श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबर व समाज के लोगों ने सविता ऋषि के चित्रपट पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महेश सविता ने बताया कि महर्षि सविता ने धर्म सम्मत मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। समाज के सभी लोग उनके आदर्श संकल्पों पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज में एकता जरूरी है। गरीब व जरूरतमंदों के लिए सेवा की जा रही हैं। समाज के उत्थान लिए लोग आगे आएं। इस अवसर पर महेश सविता, कोषाध्यक्ष पप्पू सविता, हरी सिंह, मंत्री हरिओम, उप महामंत्री सुरेश सविता नीम गांव, गिरधारी सविता अजीत सविता आदि थे।

सीएम डैशबोर्ड के संबंध में रैंकिंग में सुधार लाया जाए: सीडीओ

वहाज अली निहाल

इटावा। मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग सुधारने के लिए समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ विकास भवन के प्रेरणा सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग , पंचायती राज विभाग, पशु टीकाकरण, कन्या सुमंगला योजना, श्रम विभाग, मत्स्य विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड के संबंध में रैंकिंग में सुधार लाया जाए। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि टीकाकरण की रैंकिंग सबसे खराब पाई जा रही है, इसमें लक्ष्य के सापेक्ष जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वृद्धावस्था पेंशन में प्रगति खराब पाई जा रही है, इसमें सुधार कर ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी की समीक्षा में जिले की रैंकिंग खराब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की, साथ ही समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनायें लक्ष्य को पूरा करते हुए समस्त विभागीय अधिकारी अपना अपना नोटिंग बनाकर डैशबोर्ड पर डाटा सही करके एक कॉपी कार्यालय में अवश्य सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के संबंध में जो भी प्रकरण लंबित हैं विभागीय अधिकारी संज्ञान लेते हुए प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में जिला विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग सुधारने के लिए समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ विकास भवन के प्रेरणा सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई

धीरेन्द्र शास्त्री के विरूद्ध लंकेश भक्त मंडल करेगा मानहानि का केस

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। लंकेश भक्त मंडल की आपातकालीन बैठक गोविंद नगर स्थित सारस्वत धर्मशाला में हुई।जिसमे बागेश्वर धाम के नाम से चर्चित धीरेंद्र शास्त्री के द्वारा वृंदावन में रावण पर जाति को लेकर की गई टिप्पणी का घोर विरोध किया गया। इस मामले मानहानि का वाद दाखिल करने का निर्णय लिया गया है। लंकेश भक्त मंडल के संयोजक ओमवीर सारस्वत एडवोकेट ने कहा की बागेश्वर धाम के नाम से कुछ दिनों से चर्चा में आए धीरेन्द्र शास्त्री अपना मानसिक संतुलन खो बैठे है । उन्होंने प्रकांड विद्वान रावण को सपा नेता

स्वामी प्रसाद मौर्य की जाती का बता दिया है। भगवान राम ने रावण की विद्वता को मानते हुए लंका पर विजय प्राप्ति के लिए रावण से भगवान भोलेनाथ की पूजा कराई तभी से वह स्थान रामेश्वरम के नाम से जाना जाता है। लंका पर विजय के वाद रावण से भगवान श्री राम ने लक्ष्मण को राजनीत की शिक्षा दिलाई। धीरेंद्र शास्त्री ने रावण के यजमान रहे भगवान श्री राम का भी अपमान किया हैं। उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री धर्म के व्यवसाई है दस से पंद्रह लाख रुपए लेकर प्रवचन करते हैं। ऐसे व्यक्ति कभी भगवान के भक्त अथवा संत नहीं हो सकते है। उच्च कुल विभूषित पुलिस्त ऋषि के वंश में जन्मे रावण का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संजय सारस्वत एडवोकेट ने कहा कि रावण ब्राह्मण थे। इस नाते हम सारस्वत ब्राह्मण रावण के वंशज हैं। रावण पर जातिगत और अपमान जनक टिप्पणी की गई हे जिससे हमारे समाज के लोगो का अन्य लोगो द्वारा परिहास किया जा रहा है जिसके लिए हम धीरेंद्र शास्त्री के विरुद्ध मानहानि का मुकद्दमा दाखिल करेंगे।

खंड विकास अधिकारी को ग्राम प्रधानों ने सौंपा मांग पत्र

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। गुरुवार को प्रमुख मिथिलेश सिंह यादव तथा भाजपा के मंडल अध्यक्ष की मौजूदगी में क्षेत्र से आये प्रधानों ने पिसावां विकास खंड कार्यालय पर 12 सूत्रीय मांग पत्र बीडीओ को सोंपा। इस अवसर पर ग्राम प्रधानो व विकास खंड के कर्मचारियों को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता बनाये रखने के लिये शपथ भी दिलायी गयी। गुरुवार को विकास खंड कार्यालय पर पहुंचे प्रधान संघ के अध्यक्ष मुन्ना लाल, पंकज शुक्ला, हरिवंश त्रिवेदी, अरविंद शुक्ला, संग्राम सिंह, कुसाग्र दिक्षित आदि 60 ग्राम प्रधानों ने 12 सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी को सौपा। प्रधानों ने आरोप लगाया कि बरम्हौली ग्राम पंचायत की बैठक में आवास लाभार्थी को अपात्र किया गया। ग्राम पंचायत अधिकारियों के स्थांतरण की सूचना ग्राम प्रधानों की दी जाए। वरिष्ठ ग्राम पंचायत अधिकारी को सहायक विकास अधिकारी पंचायत बनाया जाए, मनरेगा सम्बंधित समस्याओं के लिये विकास खंड पर हेल्प डेस्क हो, मनरेगा सम्बंधित प्राकलन समय से स्वीकृति हो, एमबी समय से की जाय, सचिवों को रोस्टर के अनुसार से बैठक पंचायत भवनों मे बैठना सुनश्चित हो आदि मांगे प्रधानों ने की। मांग पत्र खंड विकास अधिकारी प्रीती तिवारी को सौंपा। इस अवसर पर एडिओ पंचायत अमित चतुर्वेदी, आनंद कुमार, वीरेंद्र गुप्ता, संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

दिव्यांग ट्राइसाईकिल रेस में प्रतिभागियो को किया गया सम्मानीत

आजमगढ़। आजमगढ़ महोत्सव 2023 के अन्तर्गत ट्राइसाईकिल रेस का आयोजन श्री सुखदेव पहलवान स्टेडियम ब्रम्हस्थान आजमगढ़ में किया गया। उक्त कार्यक्रम में 15 वर्ष से 29 वर्ष तक के कुल 20 दिव्यांगजन द्वारा ट्राइसाईकिल रेस में प्रतिभाग किया गया। विजयी प्रतिभागियों को कैश प्राईज से पुरस्कृत किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार श्री मो0 आसिफ को रू0 2100,00, द्वितीय पुरस्कार राहुल निषाद को 1600,00, त्रितीय पुरस्कार अरूण वर्मा को रू0 1100,00, चतुर्थ पुरस्कार मनोज मौर्य एवं रामजोर तथा रोशन को सान्तवना पुरस्कार के रूप में रू0 500=00 यूनियन बैंक के श्री वी. बी. सहाय द्वारा प्रदान किया गया। ट्राइसाईकिल रेस में शामिल सभी प्रतिभागियों को इनर व्हील (नवेली) आजमगढ़ ने शाल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में न्यू कला केन्द्र समिति की सुश्री विभा गोयल ने योगदान दिया। जिसमे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सह -प्रायोजक रहा, मुख्य अतिथि के रूप में अंचल प्रमुख श्री वी. बी. सहाय, एल0डी0एम0 श्री पवन मिश्रा, वरिष्ठ प्रबंधक (रिजनल कासा ऑफिसर) श्री सुन्दर लाल एवं बिजनेस रिलेशनशिप मैनेजर श्री आशीष चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी श्री प्रभु नारायण प्रेमी एवं अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी श्री अजय कुमार मौर्य ने किया। इस कार्यक्रम में दिव्यांगजन प्रतिभागियो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने पुरस्कार वितरण कर सभी सहभागियों का हौंसला बढ़ाया गया।

सपाईयों ने भरी हुंकार: संविधान और आरक्षण बचाना है

■ संगोष्ठी में जातिगत गणना, महंगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था पर हुआ चिंतन

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। मथुरा वृंदावन महानगर समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की कार्यकर्ता संगोष्ठी समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मा. डा. राजपाल कश्यप के निर्देशानुसार 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर संविधान और आरक्षण बचाने एवं जाति जनगणना, मंहगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था लेकर कार्यकर्ता संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यकर्ता संगोष्ठी के मौके पर

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रहलाद यादव ओमपाल सैनी संजय यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा सरकार मोदी मुखौटे का असली चेहरा देश के सामने आ गया है संविधान विरोधी मानसिकता एवं षड्यंत्र सबके सामने है जिसे किसी कीमत पर सहन नही किया जाएगा। साथ ही मथुरा वृन्दावन महानगर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार की पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता पूरे देश के सामने उजागर हो गई है। महिला आरक्षण बिल में पिछड़े वर्ग की महिलाओं को भागीदारी नहीं देना यह बताता है कि नरेंद्र मोदी सरकार पिछड़ा वर्ग का कितना अहित कर रहे हैं।

पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को महिला आरक्षण बिल में हिस्सेदारी न देने की कीमत भाजपा को 2024 में चुकानी होगी। कार्यक्रम के दौरान समाजवादी विचारधारा के पिछड़ा वर्ग के बुजर्गो का महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता अमर सिंह सैनी व संचालन देवकीनंदन कश्यप ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से डा. राजकुमार सैनी, निरंजन सिंह पटेल पार्षद, ओमप्रकाश सैनी, लखन पहलवान, बलवीर सैनी, हरीशंकर सैनी, मनीष बाउंसर, रवि कुमार ,चंद्रभान सैनी ,बंटी सैनी, प्रकाश चंद हतिया वाले, जयकिशोर सैनी, उदयवीर बघेल, अमर सिंह सैनी, ओम बघेल , बनवारी लाल सविता, अनिल निषाद, पीतम सैनी, मुकेश सैनी, रामदयाल सैनी आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

सर्वजन सुखाय पार्टी ने जिलों के जिलाध्यक्ष किये नियुक्त

इटावा। सर्वजन सुखाय पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारणी की एक आवश्यक बैठक केंद्रीय कार्यालय अड्डा निहाल पर हुई जिसमे पार्टी के कार्यक्रम को गति प्रदान कर लेवा पाटी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश के कई जिलों के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई जो कि निम्नवत है जितेंद्र यादव जिला अध्यक्ष इटावा प्रेम सिंह यादव जिला अध्यक्ष ओरैया विनीत यादव जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद सत्येंद्र यादव जिला अध्यक्ष मैनपुरी प्रिंस यादव जिला अध्यक्ष कन्नौज गुलाब सिंह यादव जिला अध्यक्ष कानपुर देहात दिलीप सिंह यादव जिला अध्यक्ष आगरा अमर सिंह यादव जिला अध्यक्ष फतेहपुर नरेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष कानपुर ग्रामीण अरुण विक्रम जिला अध्यक्ष कानपुर नगर शिव नारायण यादव महासचिव कानपुर मंडल नीरज यादव महासचिव कानपुर मंडल बनाये गए।

विधुत अभियान: 5 लोग चोरी करते पाए गए

इटावा। विधुत विभाग आपके द्वार अभियान के तहत अधीक्षण अभियन्ता पंकज अग्रवाल(नोडल अधिकारी शक्ति भवन लखनऊ) अधिशाषी अभियन्ता श्रीप्रकाश के नेतृत्व में फ्रेंड्स कालोनी में विधुत अभियान चलाया गया जिसमे 5 लोग चोरी करते पाए गए सभी की धारा 135 में कार्यवाही करा दी गई है। टीम में उपखण्ड अधिकारी तृतीय गगन अग्निहोत्री, सहायक अभियन्ता मीटर विवेक कुमार सिंह, विजीलेंस प्रभारी मनोज कुमार, अवर अभियंता राजेंद्र सिंह , उमेश चन्द्र पाण्डेय टीजी 2 पृथ्वी पटेल, पुस्पेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

जल जीवन मिशन व ड्रॉइंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

इटावा। उच्च प्राथमिक विद्यालय समथर कंपोजिट ताखा में जल जीवन मिशन एवं ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों ने स्वच्छ भारत में अपने योगदान के लिए प्रतिज्ञा ली और उसके बाद ड्रॉइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई और बच्चो को पुरस्कार वितरण किया गया। विधालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा प्रतियोगिता का आयोजन प्रभात यादव की देखरेख मैं हुआ। अनिल दुबे ने बच्चो द्वारा बनाए गए चित्रों की सराहना की।

अंतर्जनपदीय स्थानांतरित होकर आए शिक्षकों को विद्यालय हुए आवंटित

मथुरा। अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण के तहत गैर जनपदों से मथुरा में आये शिक्षक शिक्षिकाओं को काउंसलिंग के द्वारा स्कूलों का आवंटन हुआ।स्कुल आवंटन के बाद शिक्षक शिक्षिकाओं के चेहरे पर अलग ही मुस्कान दिखाई दे रही थी। जनपद मथुरा में शासन के निर्देशों पर 20 व 21 सितंबर को अन्य जनपदों से अन्तरअपने गृह जनपद मथुरा आए हुए शिक्षकों को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मथुरा पर विद्यालयों का आवंटन किया गया। कुल 260 शिक्षकों को विद्यालयों का आवंटन होना था जिसमें से 130 क्रमांक की सूची तक काउंसलिंग 20 सितंबर को बाकी की काउंसलिंग 21 सितंबर को संपन्न हुई। काउंसलिंग के पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त द्वारा स्वयं अपने हाथों से शिक्षक शिक्षिकाओं को विद्यालय आवंटन पत्र सोंपा गया। काउंसलिंग की प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया गया। काउंसलिंग के समय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की पूरी टीम , डायट प्राचार्य राकेश बाबू, शिक्षा अधिकारी अखिलेश दीक्षित, दिनेश त्रिपाठी, राकेश व अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

विभिन्न थानों द्वारा चलाया गया चेकिंग अभियान में 536 वाहनों का चालान व 04 वाहन सीज

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ अनुराग आर्य द्वारा जनपद आजमगढ़ की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा अवांछित गतिविधियों पर लगाम लगाने के क्रम में चलाये गये अभियान में जनपद के कुल 95 स्थानों पर चेकिंग की गई जिसमें कुल 1910 वाहनों को चेक किया गया। बिना नम्बर प्लेट की गाड़ी चलाने, यातायात के नियमों का पालन न करने व नवयुवको द्वारा मोटरसाईकिल पर तीन सवारी चलने तथा बिना हेलमेट के चलने वाले 536 वाहनों का चालान तथा थाना मुबारकपुर से 03 व थाना जहानागंज से 01 वाहन सीज किया गया।

शिल्पी भगवान विश्वकर्मा भक्ति जागरण भंडारा व प्रसाद वितरण का किया गया आयोजन

आजमगढ़। मेहनगर तहसील में वार्ड नं 10 हरिवंश नगर मे 17 सितंबर के दिन भव्य तरीके से विश्वकर्मा पूजा का त्योहार मनाया गया जिसमे शाम भक्ति जागरण का आयोजन किया गया और भव्य एवम विशाल भंडारे का आयोजन किया गया पूरे क्षेत्र के लोगो ने प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम को बृजेश विश्वकर्मा की अध्यक्षता मे किया गयाअध्यक्ष-बृजेश विश्वकर्मा संरक्षक-अमरनाथ वि0 डॉ हरदेव वि संयोजक-भास्कर शर्मा, (राजू) कपिलदेव वि0। उपाध्यक्ष -गोपाल वि ,लालचंद वि,प्रमोद वि कोषाध्यक्ष-संतोष वि। संगठन मंत्री -संदीप मौर्या आदि लोग भारी संख्या में भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

राज्यमंत्री ने राजस्व एवं चकबंदी न्यायालयों में पंजीकृत वादों के निस्तारण की स्थिति के बारे में की समीक्षा

प्रयागराज। राज्यमंत्री, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन अनूप प्रधान की अध्यक्षता में गुरूवार को सर्किट हाउस के सभागार में विभिन्न राजस्व न्यायालयों, चकबंदी न्यायालयों में पंजीकृत वादों के निस्तारण की स्थिति के बारे में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मंत्री ने उ0प्र0 राजस्व संहिता-2006 की धारा-24, 34, 35, 67, 80 एवं 116 सहित अन्य धाराओं से सम्बंधित लम्बित राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी सम्बंधित राजस्व अधिकारियों को लम्बित वादों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्व से सम्बंधित मामलों का समय से निस्तारण किया जाना मुख्यमंत्री के शीर्ष प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। श्री प्रधान ने मुकदमों की पेंडेंसी के सापेक्ष मासिक निस्तारण कम पाये जाने पर तहसीलदारों को मुकदमों के निस्तारण में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक में मंत्री ने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व से सम्बंधित वादों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, डीडीसी, एसओसी, सभी तहसीलदारगणों के अलावा अन्य राजस्व से सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सूख गया है आंखों का पानी, तो जलन से राहत पाने के लिए खाएं ये फूड्स

आंखों का पानी सूखने पर आप कई तरह की समस्याओं से परेशान हो सकते हैं। ड्राई आई के कारण आंखों में दर्द सूजन आदि की समस्या होती है। लगातार स्क्रीन पर काम करने के कारण लोगों में इन दिनों ड्राई आई की समस्या आम होती जा रही है। आंखों का ड्राईनेस कम करने के लिए आप इन फूड्स को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

आजकल लोग लगातार कई घंटों तक मोबाइल या लैपटॉप पर काम करते हैं, जिससे आंखों से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। स्क्रीन पर ज्यादा देखने के कारण इन दिनों लोगों में ड्राई आंखों की समस्या बढ़ती जा रही है। दर असल, जब हम काम करते हैं, तो लंबे समय से अपनी पलकें नहीं झपकाते हैं और लगातार स्क्रीन की ओर देखते हैं। ऐसे में आंखों का



पानी सूख जाता है। इस तरह आंखों में दर्द, सूजन आदि कई समस्या होती हैं। आप अपनी डाइट में कुछ फूड्स को शामिल कर आंखों को हाइड्रेट रख सकते हैं।

फैटी फिश

आंखों को ड्राई आई सिंड्रोम से बचाने के लिए आप अपनी डाइट में फिश शामिल कर सकते हैं। इसमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, जो आंखों की सूजन को कम करता है और स्वस्थ रखता है। आंखों के लिए फैटी फिश हेल्दी आप्शन हो सकता है। इसके लिए आप सैल्मन, टूना, हेरिंग, आदि मछलियों का चुनाव कर सकते हैं।

हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियां विटामिन.सी से भरपूर होती हैं। ये आंखों को हेल्दी रखने में अहम भूमिका निभाती है। इनमें विटामिन-सी की मात्रा भी अधिक होती है, जो आंखों से जुड़ी बीमारियों को कम करता है। आंखों की सेहत के लिए आप अपनी डाइट में हरी सब्जियां जैसे केल कोलार्ड पालक आदि शामिल कर सकते हैं।

नट्स

पोषक तत्वों से भरपूर नट्स आंखों को ड्राई होने से बचाते हैं। ये विटामिन-ई और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं। जो आंखों में आंसू का निर्माण करते हैं। ड्राई आंखों से राहत पाने के लिए आप अपनी डाइट में मूंगफली, अखरोट, काजू खा सकते हैं।

पानी पिएं

शरीर में पानी की कमी के कारण भी ड्राई आंखों की समस्या होती है। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से पर्याप्त पानी पीना जरूरी है।

बीन्स

बीन्स पोषक तत्वों का खजाना है। इनमें प्रोटीन, फाइबर, जिंक, फोलेट जैसे तमाम पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये आपकी आंखों को नुकसान से बचाते हैं। बीन्स खाने से ड्राई आई सिंड्रोम की समस्या कम होती है।

चिया सीड्स और फ्लैक्स सीड्स

ये सीड्स शकाहारियों के लिए प्रोटीन का सबसे अच्छा स्रोत हैं। इन बीजों में ओमेगा.3 फैटी एसिड की मात्रा अधिक होती है। इसे आंखों के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। आपको अपनी डाइट में इन सीड्स को जरूर शामिल करना चाहिए।

डायबिटीज के मरीजों के लिए रामबाण है आंवला

आंवले को सुपरफूड के रूप में जाना जाता है। खाने में इसका इस्तेमाल कई तरह से किया जाता है। आंवले की चटनी या अचार काफी स्वादिष्ट लगता है। इसका मुरब्बा भी लोग बड़े चाव से खाते हैं। डायबिटीज के मरीजों के लिए आंवला किसी वरदान से कम नहीं है। यह ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

दुनियाभर में डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जब शरीर में ब्लड शुगर का स्तर बढ़ जाता हैए तो कई तरह की बीमारियां आपको घेर लेती हैं। हालांकि डायबिटीज का कोई इलाज नहीं है, लेकिन डाइट और लाइफ स्टाइल में बदलाव कर बढ़ते शुगर का स्तर सामान्य किया जा सकता है। शुगर के मरीजों के लिए आंवला काफी गुणकारी माना जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, आंवला खाने से रक्त शर्करा का स्तर सामान्य किया जा सकता है। डायबिटीज के मरीजों के लिए आंवला बेहतरीन उपचार माना जाता है। यह एक सुपरफूड के रूप में जाना जाता है। जो पाचन को भी दुरुस्त रखता है। आंवला में एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, ये डायबिटीज को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। आंवला विटामिन-सी का समृद्ध स्रोत है, जिससे आंखें की रोशनी बेहतर होती है। तो आइए जानते हैं, आंवले को नियमित रूप से डाइट में क्यों शामिल करने की सलाह दी जाती है।

आंवला विटामिन-सी और एंटीऑक्सिडेंट का समृद्ध स्रोत है। जो आपको कई बीमारियों से बचाता है। जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है, उन्हें अपनी डाइट में आंवला जरूर शामिल करना चाहिए। कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में आंवला काफी मददगार है। जिससे आपका हार्ट कई बीमारियों से सुरक्षित रहता है।आंवला खाने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। इससे वजन कंट्रोल होने में मदद मिलती है।

डाइट में ऐसे शामिल करें आंवला

कच्चे आंवले को भी आप खा सकते हैं। इसका स्वाद थोड़ा खट्टा होता है। सबसे पहले फ्रेश आंवले को धो लेंए फिर इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लेंए चाहें तो एक चुटकी नमक भी आंवले में मिक्स कर सकते हैं।

आंवले का जूस आपके लिए हेल्दी ऑप्शन हो सकता है। आप इसमें एक चम्मच शहद भी मिला सकते हैं। जिससे इसकी कड़वाहट कम होगी।

आंवले का अचार स्वाद और सेहत से भरपूर होता है। इसे बनाने के लिए कई तरह के मसाले का उपयोग किया जाता है।

आंवले का मुरब्बा बहुत ही स्वादिष्ट होता है। सभी इसे खाना पसंद करते हैं। आप इसे घर पर आसानी से तैयार कर सकते हैं।

सुबह की ये आदतें बढ़ा सकती हैं आपका वजन, फिट रहने के लिए आज से ही करें बदलाव

एक हेल्दी मॉर्निंग रूटीन शरीर को स्वस्थ रखने के लिए काफी महत्वपूर्ण है। कई बार सुबह की शुरुआत अच्छी न हो तो पूरा दिन खराब जाता है। अक्सर लोग सुबह उठते ही चाय या कॉफी पीने लगते हैं कुछ लोग तो ब्रेकफास्ट भी स्किप कर देते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं ये आदतें वजन बढ़ने का कारण बनती हैं।

हम सभी चाहते हैं कि सुबह की शुरुआत अच्छी हो, लेकिन कई बार हमारी कुछ आदतें पूरे दिन को बर्बाद कर देती हैं। अगर आप सुबह ऑफिस के लिए लेट हो जाएंए तो बॉस की डांट तो पड़ेगी ही, साथ ही आपका मूड भी खराब हो जाएगा। जिससे आप पूरा दिन बेमन से काम करेंगे और इसका असर आपके परफॉर्मेंस पर पड़ेगा। ऐसी ही कुछ आदतें हैं, जिन्हें बदलना बेहद जरूरी हैं, क्योंकि इनका असर मानसिक और शारीरिक दोनों तौर पर पड़ता है। इन आदतों की वजह से बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, साथ ही प्रोडक्टिविटी भी कम होती है। तो आइए जानते हैं कौन सी हैं वे आदतें जिन्हें बदलना जरूरी है।

देर से उठना

सुबह देर से उठने की आदत सेहत के साथ-साथ आपके दिन की शुरुआत के लिए भी सही नहीं हैं। देर से उठने से आप जल्दी में रहेंगे और ब्रेकफास्ट स्किप करेंगेए जो आपकी सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक हैं। सुबह सबसे पहले ब्रेकफास्ट करने से सेहत दुरुस्त रहती है। साथ ही, ज्यादा देर तक सोने वाले लोगों को मोटापा जल्दी घेरता है।

सुबह उठकर पानी नहीं पीना

सुबह उठकर सबसे पहले पानी पीने की सलाह दी जाती है। कहते हैं, सुबह एक गिलास पानी पीने से शरीर से सारे टॉक्सिक पदार्थ बाहर चले जाते हैं। साथ ही पाचन तंत्र मजबूत होता है और मेटाबॉलिज्म भी तेज होता है, इसलिए दिन की शुरुआत एक गिलास गुनगुने पानी से करें और दिनभर कम से कम आठ गिलास पानी जरूरी पिएं।

अनहेल्दी फूड्स और ब्रेकफास्ट स्किप करना

सुबह की शुरुआत अगर आप अनहेल्दी फूड्स से करते हैं, जैसे पिज्जा, बर्गरए तो ये आपके सेहत के लिए बहुत खतरनाक साबित हो सकते हैं। साथ ही सुबह ब्रेकफास्ट स्किप करने से वजन भी बढ़ सकता है। इसलिए सुबह का ब्रेकफास्ट हेल्दी होना चाहिए, जिसमें प्रोटीन, विटामिन जैसे पोषक तत्व शामिल हो।

खाते वक्त टीवी देखना

खाना खाते वक्त टीवी देखने से आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। इससे वजन बढ़ने की संभावना ज्यादा होती है। दरअसल जब आप टीवी देखते हुए खाना खाते है, तो आपको ध्यान नहीं होता कि आप कितना खा रहे हैं, इस वजह से कई बार ओवरईटिंग हो जाती है जिसके कारण वजन तेजी से बढ़ने लगता है।

सुबह एक्सरसाइज न करना

अच्छी सेहत के लिए अच्छे खाने के साथ-साथ एक्ससाइज भी जरूरी है। अगर आप सुबह एक्सरसाइज नहीं करते हैंस तो आज से ही शुरु कर देंए,जिससे आप फिट रहेंगे और वजन भी नहीं बढ़ेगा।

स्वाद में कड़वा लेकिन सेहत से भरपूर है करेला, फायदे जानकर हो जाएंगे हैरान

करेले का नाम सुनते ही कड़वाहट के कारण लोगों का मुंह बन जाता है। खाने में कड़वी यह सब्जी बहुत कम ही लोगों को पसंद आती है, लेकिन करेला कई गुणों से धनी होता है। इसमें आयरन, विटामिन-सी, जिंक, पोटैशियम और की पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। यह सब्जी शुगर के मरीजों के लिए किसी दवा से कम नहीं है। करेला खाने के कई लाभ हैं। यह शरीर को बीमारियों से बचाने में अहम भूमिका निभाता है। तो चलिए जानते हैं करेले खाने के अनगिनत फायदे।

शुगर के मरीजों के लिए रामबाण

करेला में औषधीय गुण पाए जाते हैं। जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है, उनके लिए करेला किसी

वरदान से कम नहीं है। यह प्राकृतिक रूप से रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद करता है।

ब्लड शुगर का स्तर सामान्य करने के लिए आप अपनी डाइट में करेले का जूस शामिल कर सकते हैं या उबला हुआ करेला भी खा सकते हैं। इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है और कैलोरी कम होता है। जिससे आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और पाचन भी बेहतर रहता है।

दिल को स्वस्थ रखता है

करेला में पोटैशियम अधिक मात्रा में पाया जाता है। यह शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करता है। जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है। इसके अलावा इसमें मौजूद पोटैशियम हाई ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करने में मदद करता है।

पाचन को दुरुस्त करे

आयुर्वेद में करेले का उपयोग पाचन संबंधी समस्या को कम करने के लिए औषधि के रूप में किया जाता है। यह आंत के स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है।

इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है

करेले में विटामिन-सी पाया जाता हैए जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। जिससे आप कई तरह के संक्रमण से बच सकते हैं।

आंखों के लिए फायदेमंद

करेला विटामिन-ए का समृद्ध स्रोत है, जो आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

थ्रेडिंग करवाने के बाद ना करें ये गलतियां, वरना स्किन को हो सकता है नुकसान

महिलाएं अपनी खूबसूरती को निखारने के लिए पार्लर जाकर तरह-तरह के स्किन ट्रीटमेंट लेती हैं। इसके साथ ही महिलाएं थ्रेडिंग कराना पसंद करती हैं। थ्रेडिंग से ना सिर्फ आइब्रो को बेहतरीन शेप मिलता है, बल्कि इससे चेहरा भी खिल उठता है।

महिलाएं अपनी खूबसूरती को निखारने के लिए पार्लर जाकर तरह-तरह के स्किन ट्रीटमेंट लेती हैं। इसके साथ ही महिलाएं थ्रेडिंग कराना पसंद करती हैं। थ्रेडिंग से ना सिर्फ आइब्रो को बेहतरीन शेप मिलता है, बल्कि इससे चेहरा भी खिल उठता है। बता दें कि कुछ महिलाएं थ्रेडिंग की जगह भी वैक्स का इस्तेमाल करती हैं। तो वहीं कुछ महिलाएं लेजर के माध्यम से अपने आइब्रो की शेप को सही कराती हैं।

अगर आप भी थ्रेडिंग कराती हैं, तो इस दौरान कुछ खास बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। बता दें कि थ्रेडिंग के बाद लोग अंजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिसके कारण उनकी स्किन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि थ्रेडिंग के बाद किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। जिससे आपकी त्वचा को किसी तरह की परेशानी ना हो।

धूप में जाना

थ्रेडिंग होने के बाद आपकी स्किन ज्यादा संवेदनशील हो जाती है। इसलिए बिना किसी सुरक्षा के धूप में जाने से बचना चाहिए। क्योंकि ज्यादा समय तक धूप में रहने से आपकी स्किन को नुकसान पहुंच सकता है।

ज्यादा कॉस्मेटिक का उपयोग

थ्रेडिंग करवाए जाने के बाद स्किन पर ज्यादा कॉस्मेटिक का उपयोग करने से बचना चाहिए। क्योंकि यह आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है। इसकी जगह पर आप अपनी स्किन पर प्राकृतिक, और हल्के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर सकती हैं।

मालिश करना

थ्रेडिंग करवाने के बाद स्किन पर मालिश करने या फिर उसे खींचने से आपकी त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। अगर आपको किसी तरह की संवेदनशीलता महसूस होती है, तो आपको स्किन डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

हाथों को सही से धोएं

थ्रेडिंग के बाद हाथों को अच्छे से धोना चाहिए। वरना आपकी त्वचा को अनचाहे इंफेक्शन का सामना करना पड़ सकता है।

ब्लीच से बनाएं दूरी

थ्रेडिंग के फौरन बाद ब्लीच नहीं करवाना चाहिए। क्योंकि थ्रेडिंग के समय अनचाहे कट लग जाते हैं। ऐसे में इन कट पर ब्लीच लगाने से आपकी स्किन को नुकसान पहुंच सकता है।

मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल

थ्रेडिंग बनवाने के बाद मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। इससे थ्रेडिंग के दौरान आने वाले कट से राहत मिलती है।

पाना चाहते हैं शाइनी और सुन्दर बालए तो बस शैम्पू करने से पहले करें ये काम

आज के समय में बालों की समस्या आम है। अक्सर लोग हेयर फॉल डैंड्रफ ड्राई स्कैल्प आदि समस्याओं से परेशान रहते हैं। हेल्दी बाल चाहते हैं तो आपको खास ख्याल रखने की जरूरत है। कई बार हेयर केयर टिप्स फॉलो करने के बाद भी बाल कमजोर हो जाते हैं। तो आइए जानते हैं बालों की मजबूती के लिए क्या करना चाहिए।

खूबसूरत बाल हर किसी की चाहत होती है और इसके लिए लोग कई तरह के हेयर केयर टिप्स भी फॉलो करते हैं। कई बार कुछ गलतियों के कारण हमारे बाल टूटने और झड़ने लगते हैं। इन्हीं में एक हैं शैम्पू करने से पहले और बाद में की जाने वाली गलतीए जिसके कारण बाल झड़ने-टूटने लगते हैं। तो आइए जानते हैं शैम्पू के पहले और बाद में क्या करना चाहिए।

कंघी करें

शैम्पू करने से पहले बालों को सुलझाएं। चौड़े दातों वाली कंघी की मदद से बालों को सुलझा लें और फिर शैम्पू करें इससे बाल कम टूटेंगे।

ऑयलिंग

बालों को शैम्पू करने से पहले ऑयलिंग करना बहुत जरूरी है। बाल धोने से कम से कम 1 घंटे पहले अच्छे से चंपी करें, इससे बाल मुलायम और शाइनी बने रहेंगे। बालों में ऑयलिंग करने के लिए ऑलिव या नारियल तेल का इस्तेमाल करें।

सही शैम्पू का चुनाव करें

अपने बालों की कंडीशन के हिसाब से सही शैम्पू का चुनाव करें। कलररिंग, वॉल्यूमाइजिंग आदि। इस बात का ध्यान रखें कि आपका शैम्पू सल्फेट और पैराबिन फ्री हो।

सही मात्रा में यूज करें

कई लोग जब शैम्पू करते हैंए तो बहुत अधिक मात्रा में शैम्पू का इस्तेमाल करते हैं जो सही नहीं है। बालों पर जरूरत से ज्यादा शैम्पू का उपयोग करना नुकसानदायक हो सकता है। इसके साथ ही जब भी आप शैम्पू का उपयोग करेंए तो स्कैल्प पर सर्कुलर मोशन में इसे लगाएं।

कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें

शैम्पू के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें। कंडीशनर को सिर्फ बालों में लगाएं इसे स्कैल्प पर न लगाएं। इससे स्कैल्प पर लगाने से बाल ऑयली हो सकते हैं। कंडीशनर को कंघी की मदद से भी लगाया जा सकता है।

बालों को ठंडे पानी से धोएं

बालों को धोने के लिए कभी भी गर्म पानी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। बालों के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। सर्दियों के दिनों में गुनगुने पानी से सिर धो सकते हैं।

डैप करके सुखाएं

बालों को धोने के बाद उन्हें डैप करके सुखाएं। बालों को कभी भी तेजी से रंगड़कर न सुखाएं इससे बालों के टूटने का डर रहता है।

सीरम का करें इस्तेमाल

बालों को धोने के बाद हेयर सीरम का इस्तेमाल करें। इससे बाल उलझेंगे नहीं और इनकी चमक बनी रहेगी।

मेकअप किट शेयर करने से हो सकती हैं स्किन संबंधी समस्याएं, कहीं खराब ना हो जाए आपका चेहरा

अपनी लाइफमें कभी ना कभी हर महिला ने किसी न किसी के साथ अपना मेकअप किट जरूर शेयर किया होगा। हालांकि शेयरिंग एक अच्छी आदत मानी जाती है। लेकिन क्या आप जानती हैं मेकएप किट को कभी शेयर नहीं करना चाहिए। हर महिला के लिए मेकअप कितना ज्यादा जरूरी होता है। यह बात तो हम सभी बहुत अच्छे से जानते हैं। वहीं अपनी लाइफ में कभी ना कभी हर महिला ने किसी न किसी के साथ अपना मेकअप किट जरूर शेयर किया होगा। हालांकि शेयरिंग एक अच्छी आदत मानी जाती है। लेकिन क्या आप जानती हैं मेकअप किट को कभी शेयर नहीं करना चाहिए। क्योंकि मेकअप किट शेयर करने की वजह से आपको कई स्किन संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मेकअप किट शेयर करने से आपको कौन-कौन सी स्किन संबंधी समस्याएं होने का खतरा होता है। आपको जानकर भले ही हैरानी हो लेकिन यह बात बिलकुल सच है कि मेकअप किट शेयर करने से आंखों में इंफेक्शन हो सकता है। क्योंकि अगर आप दूसरों के साथ आंखों में काजल लगाने वाले ब्रश का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे आपकी आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। इसके अलावा अगर किसी की आंखों में कोई समस्या या इंफेक्शन आदि है, तब भी एक ही ब्रश इस्तेमाल करना आपकी आंखों को नुकसान पहुंचा सकता है। अगर आप दूसरों के ब्लश लगाने वाले ब्रश का इस्तेमाल करती हैं, तो आपको सावधान होने की जरूरत है। क्योंकि यह आपके लिए नई समस्या को जन्म दे सकता है। इस कारण आपकी स्किन पर रैशेज, खुजली जैसी अन्य समस्याएं हो सकती हैं। वहीं दूसरे व्यक्ति को यदि स्किन से जुड़ी समस्या जैसे एक्जिमा या हीव्स आदि है, तो यह समस्या आपको भी हो सकती है।

होंठों में दाने

कभी भी किसी रिश्तेदार या फ्रेंड्स के साथ लिपस्टिक शेयर करने की गलती नहीं करनी चाहिए। ऐसा करने से आपको कोल्ड सोर यानी की होठों के आस-पास छोटे-छोटे दाने निकल सकते हैं। इन दानों में खुजली, जलन व दर्द भी हो सकता है। आपको यह बीमारी होने पर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी ऐसा हो सकता है।

आंखों में जुएं

हालांकि आखों की पलकों में जुएं की समस्या काफी कम लोगों के साथ होती है। लेकिन यह समस्या उन लोगों के साथ ज्यादा होती है, जो साफ सफाई का ध्यान नहीं रखते हैं। अगर किसी व्यक्ति को ऐसी समस्या को तो उसके मेकअप प्रोडक्ट जैसे काजल और आईलाइनर का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

बैक की टैनिंग को दूर करने के लिए अपनाएं ये उपाय

बैक टैनिंग को दूर करने के लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करना भी एक अच्छा विचार है। यह ना केवल आपकी बैक की टैनिंग को दूर करता है, बल्कि स्किन में होने वाली जलन को भी शांत करता है। इसके लिए आप एलोवेरा का पत्ता तोड़कर जेल निकाल लें।

स्किन पर जब टैनिंग होती है तो उसकी खूबसूरती कहीं छिप जाती है। आमतौर पर, हम अपने फेस और गर्दन की टैनिंग को तो दूर करते हैं, लेकिन बैक की टैनिंग पर हमारा ध्यान ही नहीं जाता है। बैक पर टैनिंग के कारण आप अपनी पसंद के कपड़े नहीं पहन पाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे उपायों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप बैक की टैनिंग को आसानी से दूर कर सकते हैं।

दही आपकी स्किन को नेचुरली ब्लीच करता है। वहीं, खीरे के रस में बहुत सुखदायक गुण होते हैं और यह एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। इसलिए, इन दोनों की मदद से टैनिंग को दूर किया जा सकता है। इसके लिए आअप 5.6 चम्मच दही में 2 चम्मच कद्दूकस किया हुआ खीरा मिलाएं। इस मिश्रण का बैक पर लगाएं। करीबन 30 मिनट बाद इसे धो लें।

एलोवेरा जेल करें इस्तेमाल

बैक टैनिंग को दूर करने के लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करना भी एक अच्छा विचार है। यह ना केवल आपकी बैक की टैनिंग को दूर करता है, बल्कि स्किन में होने वाली जलन को भी शांत करता है। इसके लिए आप एलोवेरा का पत्ता तोड़कर जेल निकाल लें। उसके बाद आप इसे अपनी पीठ पर लगाएं और 20.25 मिनट तक ऐसे ही लगा रहने दें। अंत में, आप इसे पानी की मदद से साफकरें।

नींबू का रस और शहद करें इस्तेमाल

जब बात टैनिंग को दूर करने की हो तो ऐसे में नींबू का रस यकीनन बेहतरीन तरीके से काम करता है। ऐसा इसमें मौजूद विटामिन सी के कारण होता है। वहीं, शहद धूप से होने वाली किसी भी जलन को शांत करने के साथ-साथ स्किन को मॉइश्चराइज़ और रिजुविनेट करता है। इसके लिएए आप एक नींबू के रस में एक चम्मच शहद मिलाएं और इस मिश्रण को अपनी स्किन पर लगाएं और 10.15 मिनट तक मलें। इसके बाद करीबन 20 मिनट

तक इसे ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, ठंडे पानी से धो लें।

आलू का रस और टमाटर का पेस्ट

आलू और टमाटर दोनों ही स्किन के लिए एक ब्लीचिंग एजेंट के रूप में काम करते हैं और इसलिए बैक की टैनिंग को दूर करने के लिए आप इन दोनों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आप आलू के रस को कद्दूकस किए हुए टमाटर के साथ मिलाएं और इसे पूरी पीठ पर मलें। करीबन 15 मिनट तक इसे ऐसे ही छोड़ दें। अंत मेंए पानी की मदद से इसे साफ करें।

हिंद प्रशांत क्षेत्र के सैन्य प्रमुखों की बैठक की मेजबानी करेगा भारत, 22 देशों के प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली। भारतीय सेना हिंद प्रशांत क्षेत्र के सैन्य प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक की मेजबानी करेगी।

महत्वपूर्ण

हिंद प्रशांत सैन्य प्रमुख सम्मेलन के दौरान क्षेत्र में सैन्य बलों के बीच सहभागिता बढ़ाने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।

इसका मुख्य उद्देश्य चीन की ओर से पैदा की गई चुनौतियों से निपटना है, जिससे क्षेत्र में शांति, सद्भाव और स्थिरता का निर्माण हो सके। इसका आयोजन 26 और 27 सितंबर को नई दिल्ली में होगा। अमेरिकी सेना बैठक की सह मेजबानी करेगी। इसमें 15 सैन्य प्रमुखों के अलावा 22 देशों के प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे। हिंद प्रशांत सैन्य प्रमुख सम्मेलन के दौरान क्षेत्र में सैन्य बलों के बीच सहभागिता बढ़ाने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक के दौरान भारत की ओर से स्वदेशी हथियारों और सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। आइपीएसीसी के 13वें सत्र के अलावा सेना की ओर से 47वीं पेसिफिक आर्मीज मैनेजमेंट सेमिनार (आइपीएएमएस) के साथ ही सीनियर इनलिस्टेड लीडर्स फोरम की मेजबानी भी की जाएगी।

उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एम वी सुचिन्द्र कुमार ने कहा कि ये आयोजन एक साझा दृष्टिकोण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन इस मायने में महत्वपूर्ण है कि इसमें सैन्य प्रमुख के साथ ही 22 देशों के नॉन कमीशन रैंक के अधिकारी पत्नी के साथ शामिल होंगे।

अरुणाचल प्रदेश का तेजु एयरपोर्ट हुआ पूरी तरह आधुनिक, ज्योतिरादित्य सिंधिया करेंगे 24 सितंबर को उद्घाटन

ईटानगर। अरूणाचल प्रदेश के लोहित जिले में स्थित तेजु एयरपोर्ट के नए बुनियादी ढांचे का 24 सितंबर को उद्घाटन किया जाएगा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री पेमा खांडू इसका उद्घाटन करेंगे। नए बुनियादी ढांचे के तहत रनवे, नया टर्मिनल और दमकल स्टेशन और एक एटीसी टावर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इसे बनाने में 170 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि तेजु एयरपोर्ट 212 एकड़ भूमि पर विकसित किया गया है और इस पर एटीआर-72 जैसे विमानों का परिचालन किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने एयरपोर्ट पर बेहतर सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया गया है। बता दें कि उड़ान योजना के तहत साल 2018 में तेजु एयरपोर्ट शुरू किया गया था। फिलहाल यहां से डिब्रुगढ़, इंफाल और गुवाहाटी की सीधी फ्लाइट मिलती है। एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 4,000 वर्गमीटर फैला है और एकसाथ 300 यात्रियों के बैठने की क्षमता है। वर्तमान में तेजु एयरपोर्ट पर पांच चेक-इन काउंटर हैं, जिसे बढ़ाकर आठ कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट पर एटीआर-72 विमानों के लिए दो पार्किंग भी मौजूद है। अधिकारियों ने कहा कि इस एयरपोर्ट से देश के बाकी हिस्सों के लिए फ्लाइट मिलेगी, जिससे नॉर्थ-ईस्ट के लिए बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। साथ ही यहां पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

लैंडर और रोवर को फिर जगाने की कोशिश करेगा इसरो, शिव शक्ति प्वाइंट पर सूर्योदय का हो रहा इंतजार

बेंगलुरु। 3 चंद्रयान-3 की चांद पर सफल लैंडिंग के बाद विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के लिए 22 सितंबर का दिन बेहद खास होने वाला है। दरअसल, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कल फिर सूर्योदय होगा। सूर्योदय के चलते इसरो चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर एक बार फिर 'जगाने' की कोशिश करेगा। सूर्योदय को देखते हुए इसरो के वैज्ञानिकों ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। चांद के शिव शक्ति प्वाइंट पर सूर्योदय होने के साथ ही कल लैंडर और रोवर को एक बार फिर एक्टिव करने की कोशिश की जाएगी। इसरो को इस प्रक्रिया में कामयाबी मिलना एक बड़ी उपलब्धि होगी। चांद के साउथ पोल पर कई जगह ऐसी है जहां हर 15 दिन में सूरज की रोशनी पड़ती है। जिस जगह लैंडर उतरा है, वहां 15 दिन सूरज चमकता है और 15 दिन अंधेरा रहता है। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि जब शिव

शक्ति प्वाइंट (चांद के साउथ पोल पर जहां लैंडर उतरा था) पर सूर्योदय होगा, तो लैंडर और रोवर फिर से सक्रिय हो जाएंगे। इसरो दोनों को फिर से चालू करने की कोशिश करेंगी। सोमनाथ ने कहा कि उम्मीद है कि 22 सितंबर को दोनों उपकरण आसानी से चालू हो जाएंगे। इसरो द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, विक्रम और प्रज्ञान पर लगे उपकरणों की बैटरी अभी चार्ज है। बता दें कि यह बैटरी सूरज की रोशनी से चार्ज होती है। स्लीप मोड पर जाने से पहले दोनों की बैटरियों को चार्ज कर दिया गया था और सौर पैनलों को इस तरह से सेट किया गया है कि सूरज की पहली किरण उन पर पड़े।

स्वीडन में 46% तो दक्षिण अफ्रीका में 45% महिला सांसद, लिस्ट में कहां ठहरता है भारत

नई दिल्ली। भारत में महिला जन प्रतिनिधियों को विधायिका में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए पेश किया गया विधेयक लोकसभा में पारित हो गया है। वहीं दुनिया के जिन देशों में महिला प्रतिनिधियों की संख्या का अनुपात अधिक है, उन देशों में आरक्षण के लिए कानून नहीं बनाया गया है।

सुप्रीम कोर्ट का तमिलनाडु को झटका, कर्नाटक को 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (21 सितंबर) कर्नाटक को तमिलनाडु के लिए 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने के आदेश में हस्तक्षेप

निर्देश

हम कर्नाटक को 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने के निर्देश देने वाले आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं।

करने से इनकार कर दिया। शीर्ष कोर्ट ने कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण और कावेरी जल विनियमन समिति के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार किया, जिसमें कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु के लिए 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया गया था। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि हम तमिलनाडु की उस याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं है

जिसमें कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण समिति के आदेश को इस आधार पर बरकरार रखने के फैसले को चुनौती दी है। बारिश की कमी की वजह से सूखे जैसी स्थिति है। पीठ ने कहा कि सीडब्ल्यूएमए और कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) जैसे विशेषज्ञ निकायों ने सूखे और कम बारिश जैसे सभी प्रासंगिक पहलुओं पर विचार किया है और आदेश पारित किया है। इसलिए, हम कर्नाटक को 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने के निर्देश देने वाले आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं।इससे पहले कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने राजधानी दिल्ली में कावेरी नदी जल बंटवारे के मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण बैठक की थी। बाद में दोनों नेताओं ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की।

डीपीडीसी एक्ट पर अमल की प्रक्रिया अगले 30 दिनों में हो जाएगी शुरू, सरकारी संस्थाओं के लिए भी समान रूप से होगा लागू

नई दिल्ली। इस साल अगस्त माह में बनाए गए डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट पर अमल की प्रक्रिया अगले 30 दिनों में शुरू हो सकती है। इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर के मुताबिक, अगले 30 दिनों में डीपीडीपी एक्ट के कुछ नियमों को अमल के लिए जारी किया जाएगा। कुछ दिनों में एक्ट से जुड़े आठ नियमों को अमल में लाने के लिए जारी किया जा सकता है। इनमें एक नियम कंसेंट प्रबंधन का होगा।

डीपीडीपी एक्ट के तहत यूजर्स की सहमति से ही कंपनियां या कोई विभाग उनके डिजिटल डाटा का इस्तेमाल कर सकेंगे या फिर उस डाटा को किसी और को दे सकेंगे। इस काम के लिए उन्हें कंसेंट प्रबंधन करना होगा। चंद्रशेखर के मुताबिक, एमएसएमई, अस्पताल व पंचायत जैसे संस्थानों को नियमों के लागू करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जा सकता है, क्योंकि उन्हें डाटा प्रबंधन का व्यापक अनुभव नहीं होता है, लेकिन सभी सरकारी

संस्थाओं को नियम के पालन के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। डीपीडीपी एक्ट कुछ विशेष परिस्थितियों को छोड़ अन्य सभी परिस्थिति में सरकारी संस्थाओं के लिए भी समान रूप से लागू होगा। चंद्रशेखर के मुताबिक, अगले 30 दिनों में डाटा प्रोटेक्शन बोर्ड के गठन पर भी काम शुरू हो जाएगा। डीपीडीपी एक्ट का पालन नहीं होने पर यूजर्स डीपीबी में शिकायत कर सकेंगे और डीपीबी उन शिकायतों पर कार्रवाई करेगा। नियम उल्लंघन पर 250 करोड़ रुपए तक का जुर्माना किया जा सकता है। नियम जारी करने के दौरान ही सरकार यह भी स्पष्ट करेगी कि किन-किन देशों को डाटा ट्रांसफर किया जा सकेगा और किन देशों को काली सूची में रखा जाएगा।

बुधवार को डीपीडीपी एक्ट पर अमल के लिए चंद्रशेखर ने स्टेकहोल्डर्स के साथ विचार-विमर्श के लिए बैठक की थी। बड़ी टेक कंपनियां डीपीडीपी एक्ट को पूरी तरह से अमल में लाने के लिए एक साल का समय चाहती है। सरकार भी एकदम से इस एक्ट को लागू करने के लिए दबाव नहीं बनाना चाहती है।

तभी चंद्रशेखर का भी मानना है कि अगले एक साल में इस एक्ट से जुड़े अधिकतर नियमों पर पालन शुरू हो जाएगा। हालांकि, मंत्रालय के अधिकारी इस बात को भी कह रहे हैं कि अगस्त माह में ही डीपीडीपी एक्ट की अधिसूचना जारी हो गई थी। ऐसे में कंपनियों को इस एक्ट पर अमल के लिए खुद को तैयार कर लेना चाहिए।

बीजेपी ने नए संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति को नहीं बुलाया, क्योंकि वह विधवा-आदिवासी हैं: उदयनिधि स्टालिन

मदुरै। सनातन धर्म पर बयान देकर घिरे डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने बुधवार को केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि संसद के नए भवन के उद्घाटन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित नहीं किया गया क्योंकि वह विधवा और आदिवासी हैं। उदयनिधि स्टालिन ने मदुरै में एक कार्यक्रम के दौरान सनातन के सिद्धांतों पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह इसके खिलाफ आवाज उठाना जारी रखेंगे। मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा, नए संसद भवन का उद्घाटन किया गया। बीजेपी उद्घाटन के लिए तमिलनाडु से अधिनमों को बुलाया, लेकिन भारत के राष्ट्रपति को आमंत्रित नहीं किया गया क्योंकि वह एक विधवा हैं और एक आदिवासी

यूक्रेन ने किया क्रीमिया और काला सागर पर हमला, रूस ने 19 यूकेनी ड्रोनों को दिया करारा जवाब

मॉस्को। रूस और यूक्रेन के युद्ध को 1 साल से अधिक हो चुका है, लेकिन ये युद्ध अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं, रूस ने गुरुवार को कहा कि उसने मॉस्को से जुड़े क्रीमिया प्रायद्वीप और

यूक्रेन

बेलगोरोड और कुर्स्क क्षेत्र पूर्वी यूक्रेन की सीमा पर हैं, जबकि ओर्योल राजधानी के करीब है।

आसपास के काला सागर के ऊपर रात भर में 19 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया है। मॉस्को के रक्षा मंत्रालय ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर कहा कि मानव रहित हवाई वाहनों के साथ यूक्रेन के हमले के प्रयास को ÷विफल÷ कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि अलग-अलग हमलों में तीन अन्य UAV ड्रोन भी मार गिराए गए हैं। मंत्रालय ने कहा, वायु रक्षा प्रणालियों ने काला सागर और क्रीमिया गणराज्य के क्षेत्र में 19 यूक्रेनी UAV को नष्ट कर दिया और कुर्स्क, बेलगोरोड और ओर्योल क्षेत्रों में एक-एक को नष्ट कर दिया।



बेलगोरोड और कुर्स्क क्षेत्र पूर्वी यूक्रेन की सीमा पर हैं, जबकि ओर्योल राजधानी के करीब है। रूस के पूरे हमले के दौरान क्रीमिया को यूक्रेन द्वारा निशाना बनाया गया है, लेकिन वहां हमले हाल ही में तेज हो गए हैं क्योंकि कीव ने काला सागर प्रायद्वीप पर फिर से कब्जा करने की ठान ली है, जिस पर मॉस्को ने 2014 में कब्जा कर लिया था। 25 अगस्त को रूस ने कहा कि उसने क्रीमिया के ऊपर 42 ड्रोन गिराए हैं और जब से यूक्रेन ने जून की शुरुआत में अपना जवाबी हमला शुरू किया, रूस ने ड्रोन हमलों की लहरों का सामना किया है, जिसमें मॉस्को सहित इमारतों को छिटपुट रूप से नुकसान पहुंचा है। सेवस्तोपोल के रूस समर्थित गवर्नर मिखाइल रज़्वोझायेव ने इस बात से इनकार किया कि क्रीमिया के सबसे बड़े शहर, जो रूस के काला सागर बेड़े का घर है, के क्षेत्र में कई ड्रोन नष्ट किए गए थे। उन्होंने टेलीग्राम पर प्रायद्वीप के बाकी हिस्सों का जिक्र करते हुए कहा, हां, हवाई रक्षा काम करती है, लेकिन क्रीमिया क्षेत्र में, जो शहर से अलग से प्रशासित है।

मॉस्को द्वारा नियुक्त क्रीमिया के गवर्नर सर्गेई अक्स्योनोव के सलाहकार ओलेग क्रायचकोव ने टेलीग्राम पर कहा, ÷हम सभी क्रीमियावासियों से शांत रहने के लिए कह रहे हैं। यदि आप किसी ड्रोन या वायु रक्षा प्रणाली के उड़ने की आवाज सुनते हैं, तो खिड़कियों से दूर चले जाएँ। आधिकारिक जानकारी बाद में आएगी। यदि आपको वायु रक्षा द्वारा मार गिराए गए या इलेक्ट्रॉनिक युद्ध द्वारा गिराए गए ड्रोन का मलबा मिलता है, तो कृपया विशेष सेवाओं या हॉटलाइन से संपर्क करें। रूस ने रात भर यूक्रेन के कई शहरों में हमले किए। इस दौरान यूक्रेन के शहर हमलों से दहल उठे।

आतंकवाद के महिमामंडन की अनुमति कैसे? भारतीय मूल के कनाडाई MP ने पन्नू को घेरा, ट्रूडो सरकार पर दागे ये सवाल

ओटावा। । कनाडा में रहने वाले हिंदु समुदाय के लोगों पर खालिस्तानी समर्थक नेताओं के जरिए भारत वापस जाने की धमकी दी जा रही है। हालांकि, कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने हिंदू-कनाडाई लोगों से धैर्य रखने की अपील की है। इसके अलावा उन्होंने कनाडा में मौजूद हिंदू समुदाय के लोगों को सतर्क रहने के लिए भी कहा है। सांसद चंद्र आर्य ने खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की जमकर निंदा की है। सांसद ने एक वीडियो संदेश में कहा,कुछ दिन पहले कनाडा में खालिस्तान आंदोलन के नेता और तथाकथित जनमत संग्रह का आयोजन करने वाले सिख फॉर जस्टिस के अध्यक्ष गुरपतवंत सिंह पन्नू ने हिंदू कनाडाई लोगों पर हमला किया और हमें कनाडा छोड़ने और

अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दौड़ में विवेक रामास्वामी दूसरे स्थान पर पहुंचे, पहले नंबर पर ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दौड़ में भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी अब दूसरे स्थान पर चल रहे हैं, जबकि पहले स्थान पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाड ट्रंप चल रहे हैं। सीएनएन के सर्वे सर्वेक्षण के मुताबिक, कभी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुख्य प्रतिद्वंद्वी रहे फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस विवेक रामास्वामी से अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों में पीछे चल रहे हैं। सीएनएन/न्यू हैम्पशायर विश्वविद्यालय के सर्वे के मुताबिक, ट्रंप देश के पहले जीओपी प्राथमिक वोटरों के 39 प्रतिशत की पहली पसंद बने हुए हैं। समाचार चैनल ने बताया, ÷यह राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रदर्शन से थोड़ा पीछे है, जहां रिपब्लिकन प्राथमिक वोटिंग में नियमित रूप से ट्रंप को बहुमत का समर्थन मिलता है। हैरानी की बात यह है कि रॉन डेसेंटिस लगातार नीचे खिसक रहे हैं। वह दो भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवारों उद्यमी विवेक रामास्वामी और दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली से पीछे चल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में रामास्वामी की

लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, रामास्वामी 13 प्रतिशत समर्थन के साथ ट्रंप के बाद दूसरे स्थान पर हैं, उनके बाद 12 प्रतिशत समर्थन के साथ निक्की हेली और 11 प्रतिशत समर्थन के साथ न्यू जर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी हैं। जनमत सर्वेक्षण में कहा गया है, ÷रॉन डेसेंटिस की लोकप्रियता में गिरावट नरमपंथियों के बीच भारी गिरावट की वजह से हुई है, जो जुलाई में उनके समर्थन में 26 प्रतिशत से घटकर अब 6 प्रतिशत हो गई है। रूढ़िवादियों के बीच वह उनकी लोकप्रियता में 8 अंक की गिरावट आई है।÷

सीएनएन के सर्वे में कहा गया है, विवेक रामास्वामी की लोकप्रियता में वृद्धि उन लोगों के बीच ज्यादा है जो पंजीकृत रिपब्लिकन नहीं हैं। जुलाई के बाद से उनकी इस ग्रुप में 16 अंक की बढ़ोतरी हुई है और युवा संभावित मतदाताओं के बीच रामास्वामी 28 अंकों की बढ़ोतरी हुई है।

गलत आरोप लगा दिया अब जवाब तो दो... भारतीय पत्रकार ने पूछा सवाल तो बचते दिखे कनाडाई पीएम ट्रूडो

यूनाइटेड नेशंस। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर गलत आरोप तो लगा दिया है, लेकिन उनसे अब जवाब देते नहीं बन रहा है। खालिस्तानी समर्थक आतंकी हरदीप

सिंह निज्जर की हत्या को लेकर ट्रूडो ने भारत पर आरोप लगाए थे। हालांकि, अब वो सवालों से बच रहे हैं। भारतीय पत्रकार के सवाल पर ट्रूडो चुप्पी साधते दिखे। दरअसल, ट्रूडो न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के मुख्यालय पहुंचे थे। वह यहां दो अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेने आए थे। इस दौरान समाचार एजेंसी पीटीआई की पत्रकार ने ट्रूडो से उनके गलत आरोपों को लेकर सवाल पूछा था। हालांकि, ट्रूडो पत्रकार के सवाल का जवाब दिए बिना ही आगे बढ़ गए। ट्रूडो से जब दोबारा सवाल पूछा गया तो वह तब भी इससे बचते दिखे। बता दें कि भारत ट्रूडो के आरोपों को खारिज कर चुका है। ट्रूडो के आरोपों के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है। लिहाजा भारत ने बुधवार को कनाडा में रह रहे भारतीयों के लिए एक एडवाइजरी जारी की थी। एडवाइजरी में कहा गया कि कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों, राजनीतिक रूप से प्रेरित घृणा अपराध और आपराधिक हिंसा की वजह से वहां रहने वाले सभी भारतीय या वहां जाने को तैयार भारतीय बहुत ज्यादा सतर्कता बरतें। इससे एक दिन पहले कनाडा ने भी भारत जाने वाले अपना नागरिकों को एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने को कहा था। इससे पहले कनाडा के पीएम की तरफ से वहां की संसद में भारतीय एजेंसियों पर लगाए गए आरोप को भारत सरकार पहले ही बेतुका करार दे चुकी है।

निज्जर के बाद कनाडा में मारा गया भारत का एक और दुश्मन, गैंगस्टर सुक्खा ढेर

ओटावा। भारत और कनाडा के बिगड़ते रिश्तों के बीच कनाडा में एक और गैंगस्टर सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा दुनिके गोली मारकर हत्या कर दी गई है। वो खालिस्तानी समर्थक अर्शदीप सिंह का करीबी था।

जानकारी के मुताबिक, अज्ञात हमलावरों ने सुक्खा दुनिके की हत्या की है। सुक्खा एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। कनाडा से वो भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देता था। साल 2017 में वो भारत से कनाडा भाग गया था।

अमेरिका की सबसे उम्रदराज फेडरल जज ड्यूटी से निलंबित, 96 साल की उम्र में लगे हैं कई गंभीर आरोप

वाशिंगटन। अमेरिका की सबसे उम्रदराज फेडरल जज की मानसिक स्थिती ठीक नहीं होने के कारण ड्यूटी से निलंबित कर दिया गया है। फेडरल जज की उम्र 96 वर्ष है। अमेरिकी अपील कोर्ट की न्यायिक परिषद के फैसले के अनुसार, साल 1984 से अपीलीय कोर्ट के जज पॉलीन न्यूमैन पर उनके सहकर्मियों ने बहुत धीमी गति से काम करने और अक्सर भ्रमित, उत्तेजित होने का आरोप लगाया गया था। इसके बाद ही 96 साल के जज की विकलांगता को लेकर चिंता बढ़ गई थी। फैसले में कहा गया है कि कर्मचारियों से बात करने के बाद जज पॉलीन न्यूमैन को स्मृति हानि, समझ की कमी, भ्रम और बुनियादी कामों को करने में असमर्थता सहित महत्वपूर्ण मानसिक समस्याओं का सामना कर रही थीं। इसमें कहा गया है कि काम का बोझ कम होने के बावजूद भी न्यूमैन को कोर्ट के फैसले जारी करने में अन्य जजों की तुलना में चार गुना अधिक समय लगता है। काउंसिल ने कहा

संतुलन

काउंसिल ने कहा कि क्योंकि जज न्यूमैन ने अपनी मानसिक संतुलन का आकलन करने के लिए काउंसिल द्वारा चुने गए।

कि क्योंकि जज न्यूमैन ने अपनी मानसिक संतुलन का आकलन करने के लिए काउंसिल द्वारा चुने गए। न्यूरोलॉजिस्ट और मनोचिकित्सक द्वारा जांच किए जाने से मना कर दिया। इसको देखते हुए उन्हें एक साल के लिए निलंबित कर दिया गया है। अगर वह अभी भी सहयोग करने से इनकार करती हैं तो, निलंबित को आगे बढ़ाया जा सकता है। वहीं, जज पॉलीन न्यूमैन ने कहा है कि

उनके खिलाफ कार्यवाही अवैध रूप से की गई है और कहा कि वे अन्य जजों की व्यक्तिगत दुश्मनी का सामना कर रही थी। जज न्यूमैन ने कोई खास भावनात्मक, चिकित्सीय या मानसिक विकलांगता नहीं दिखाई प्रदर्शन नहीं किया मनोचिकित्सक रेजिना कार्नी ने कहा, एक जज के रूप में उनके लंबे समय से चले आ रहे कामों को जारी रखने में हस्तक्षेप होगा। साल 1927 में जन्मे न्यूमैन ने येल यूनिवर्सिटी से रसायन विज्ञान में पीएचडी की उपाधि डिग्री ली है और फिर पेटेंट कानून विशेषज्ञ बन गए। उन्होंने 1984 में फेडरल सर्किट के लिए अपील की कोर्ट में नियुक्त किया था।

पाकिस्तान में चुनाव की तारीखों पर संशय खत्म, EC ने की घोषणा जनवरी 2024 में होंगे इलेक्शन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनावों की तारीखों की ऐलान हो गया है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को घोषणा की कि देश में आम चुनाव जनवरी 2024 के आखिरी सप्ताह में होंगे। एक बयान में, चुनावी आयोग ने कहा कि उसने निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर काम की समीक्षा की और निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए प्रारंभिक सूची 27 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा कि सूची के संबंध में आपत्तियों और सुझावों को सुनने के बाद 30 नवंबर को अंतिम सूची जारी की जाएगी। आयोग ने कहा कि जनवरी 2024 के आखिरी हफ्ते में चुनाव होंगे। पाकिस्तान में नेशनल असेंबली के विघटन के 90 दिनों के भीतर आम चुनाव होने हैं, जिसे 9 अगस्त को समय से पहले भंग कर दिया गया था।

'अजय टू योगी आदित्यनाथ' का यू.के. में विमोचन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यू.के. फॉर उत्तर प्रदेश (OFBJPUKyUP) ने बुधवार सायं को नेहरू सेंटर, लंदन में प्रसिद्ध लेखक शांतनु गुप्ता द्वारा लिखित अजय टू योगी आदित्यनाथ पुस्तक के प्रथम यू.के. लॉन्च का आयोजन किया। यह कार्यक्रम करने में इतिहास अकादमी, भारतीय उच्चायोग लंदन और नेहरू केंद्र ने अपना पूर्ण सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के प्रशंसकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतिष्ठित पुस्तक विमोचन में भारतीय प्रवासियों के विभिन्न सामुदायिक संगठनों के प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में शांतनु गुप्ता के साथ नेहरू सेंटर के निदेशक और प्रसिद्ध लेखक अमीश त्रिपाठी, MATV के निदेशक और OFBJPUK के अध्यक्ष कुलदीप शेखावत और OFBJPUK के महासचिव सुरेश मंगलगिरी मुख्य अतिथि थे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और OFBJPUKyUP के सदस्यों राजेश विश्वकर्मा, धीरेंद्र कुमार निम, हिरदेश गुप्ता और ज्ञान शर्मा द्वारा इन मुख्य अतिथियों के अभिनंदन के साथ हुई। कार्यक्रम का संचालन गीतिका सुलेख ने करा। वैशाली का भी योगदान रहा।

मंच पर औपचारिक पुस्तक विमोचन के बाद शांतनु गुप्ता ने पुस्तक के बारे में और योगी जी के साथ अपनी मुलाकातों के बारे में कई दिलचस्प बातें बताई। अमीष त्रिपाठी ने योगी जी और उनकी कार्यशैली के बारे में कुछ दिलचस्प किस्से भी सुनाये। कुलदीप शेखावत और सुरेश मंगलगिरि ने दर्शकों को बताया कि कैसे योगी ने सभी क्षेत्रों में आश्चर्यजनक सुधार के साथ उत्तर प्रदेश को पिछड़े राज्य से भारत के सबसे प्रगतिशील राज्यों में से एक में बदल दिया। इसके बाद एक प्रश्नोत्तर सत्र भी था, जहां शांतनु गुप्ता ने दर्शकों के प्रश्नों के जवाब दिए। ज्ञान शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और उनकी पुस्तक की शानदार सफलता के लिए समुदाय की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। राष्ट्रगान और ग्रुप फोटोग्राफ के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। यह एक हाउसफुल शो था और सभी को इस पुस्तक लॉन्च का रोचक स्वरूप पसंद आया। अतिथियों ने कार्यक्रम को अत्यंत संतुष्टिदायक एवं सफल बताया।

दुकान में सेंध लगाकर नकदी सहित हजारों की चोरी

जौनपुर (सुइथाकला)। सरपतहां थाना क्षेत्र के पट्टीनरेन्द्रपुर बाजार से सामान सहित पिकप चोरी का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी कि बीती रात चोरों द्वारा एक किराने की दुकान को निशाना बनाकर 35 हजार नकदी समेत हजारों का माल साफ कर दिया गया। चोरी की घटना को लेकर लोगों में काफी आक्रोश बना हुआ है। आक्रोश के चलते ही मामले के खुलासे को लेकर बाजारवासियों ने बाजार स्थित चौराहे पर धरना देकर पुलिसिया कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाया। ताबड़तोड़ हो रही चोरियों को देखते हुए लोगों का कहना है कि इस समय बाजार में चोरों के हौसले बुलंद हैं। मंगलवार की ही रात बाजार निवासी सन्तोष गुप्ता के राज कान्फेंसरी नामक दुकान में सेंध लगाकर चोरों द्वारा 35 हजार नकदी समेत हजारों के कीमत के सामान की चपत लगा दिए।

पैक्स कम्प्यूटराईजेशन हेतु चयनित समितियों का कलेक्ट्रेट में बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में जिले की पैक्स कम्प्यूटराईजेशन हेतु प्रथम चरण में चयनित 30 समितियों की जिला स्तरीय कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण समिति (डीएलआईएमसी) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार देर सायं सम्पन्न हुयी। बैठक में सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पैक्स कम्प्यूटराईजेशन के अंतर्गत जनपद की प्रथम चरण में चयनित 30 समितियों में हार्डवेयर की आपूर्ति हो चुकी है, जिनका इन्स्टालेशन भी सम्बन्धित वेण्डर द्वारा किया जा चुका है तथा हार्डवेयर की आपूर्ति के पूर्व विद्युत कनेक्शन, कनेक्टिविटी के सम्भावित व्यय मु0- 17.58, 500.00 की शीर्ष बैंक से फण्ड की मांग हेतु बाईसर्कुलेशन अध्यक्ष डी0 एल एम आई सी/ जिलाधिकारी द्वारा 01 अगस्त 2023 को स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसका अनुमोदन डीएलआईएमसी की बैठक में किया गया है, साथ ही जिलाधिकारी द्वारा जनपद की 204 समितियों में से किन समितियों में पूर्ण कालिक सचिव कार्यरत है तथा किन समितियों का भवन सुदृढ अवस्था में है की जानकारी अतिशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2022-23 का अवशेष समितियों का आडिट शीघ्रातिशीघ्र कराने का भी निर्देश दिया गया है। बैठक के अंत में उपस्थित सदस्यों के प्रति सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक लि0, जौनपुर/सदस्य संयोजक द्वारा आभार व्यक्त किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चैहान सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी ने किया राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ का स्थलीय निरीक्षण

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होने निर्माणाधीन भवनों को देखा। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष निर्माण कार्य पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में यदि किसी भी प्रकार की कमी पायी जाती है तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि निर्माण कार्य को यथाशीघ्र गुणवत्तायुक्त पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने अटल आवासीय विद्यालय गम्भीरवन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होने विद्यालय में बने लाइब्रेरी का अवलोकन किया। उन्होने लाइब्रेरी में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं से लाइब्रेरी कैसी बनी है।

रविन्द्र यादव बने सपा के प्रदेश सचिव, सपाजनों ने दी बधाई

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने शहर के बघाड़ा निवासी रविन्द्र यादव को पार्टी की प्रदेश इकाई में सचिव पद पर मनोनीत किया है। रविन्द्र यादव युवजन सभा के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। बुधवार को हुई प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार में प्रयागराज जिले से असगर अली अंसारी को सदस्य एवं क्रमशः राम दुलार यादव, प्रभात कुमार, अमर बहादुर यादव, राजेश यादव, शांति प्रकाश पटेल को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है। प्रदेश कार्यकारिणी में नामित पदाधिकारियों को स्थानीय सपा नेताओं बधाई देते हुए कहा है कि पुराने एवं अनुभवी लोंगो को संगठन में जगह मिलने से पार्टी मजबूत होगी। बधाई देने वालों में अनिल यादव जिलाध्यक्ष गंगापार, पप्पूलाल निषाद जिलाध्यक्ष यमुनापार, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन महानगर अध्यक्ष, एम एल सी डॉ मान सिंह यादव, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, गीता शास्त्री, हाकिम लाल बिन्द, जोखू लाल यादव, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल,क्षकमल सिंह यादव, पंधारी यादव, कृष्ण मूर्ति सिह, उज्जवल रमण सिंह, अंसार अहमद, हाजी परवेज अहमद, डॉ सरताज, अरुण गुप्ता, सचिन श्रीवास्तव, राजेश मौर्य, वीरेंद्र एडवोकेट, गुलाब पाल, नरेन्द्र पाल आदि शामिल हैं।

पीयू का दीक्षांत समारोह नौ नवंबर को

- कुलपति ने कमेटी के संयोजक और सदस्यों के साथ ली तैयारी बैठक

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह नौ नवंबर 2023 को आयोजित है। इस संबंध में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह की अध्यक्षता में दीक्षांत समारोह कमेटी की तैयारी बैठक गुरुवार को कुलपति सभागार में हुई। कुलपति और कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कुल 50 समितियों के संयोजकों से तैयारी के संबंध में वार्ता की। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि दीक्षांत समारोह में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सभी संयोजक अपनी टीम के साथ सक्रिय रूप से काम में लग जाए। संबंधित फाइल को आफिस के माध्यम से चला दें क्योंकि कुछ फाइलों की कार्रवाई को नियमानुसार कराने में समय लगता है। उन्होंने कहा कि आज ही 27 वें दीक्षांत समारोह की सूचना की तिथि राजभवन से निर्धारित की गई है। साथ ही राजभवन के निर्देश पर कई प्रतियोगिता, वाद-विवाद समेत कई कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाना है। दीक्षांत समारोह को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय की साफ-सफाई पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, उप कुलसचिव अमृतलाल, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो वंदना राय, प्रो अजय प्रताप सिंह, प्रो.अविनाश पाथर्डीकर, प्रो रजनीश भास्कर, प्रो देवराज सिंह, प्रो. संदीप सिंह, प्रो मुराद अली, प्रो.सौरभ पाल, डॉ मनोज मिश्र, डॉ. संतोष कुमार, एनएसएस समन्वयक डा. राजबहादुर यादव, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ. रसिकेश, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ अनु त्यागी, सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, बबीता सिंह, एमएम भट्ट, डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, संतोष कुमार मौर्य, कपिल कुमार त्यागी आदि लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

पटैला में गजानन गणेश का पुजन अर्चन किया गया

जौनपुर (खुटहन) स्थानीय विकास खंड के पटैला गाँव में गुरुवार को भगवान गणेश का विधिवत् मंत्रोच्चारण कर पुजन अर्चन किया गया। इस बीच पुरा पंडाल दर्शनार्थियों के जयकारों से गुंज रहा था कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि पुर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह ने भगवान गणेश के चरणों में मस्तक झुकाकर ब्राह्मणों से आशिर्वाद लिया मौजूद कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक झाकी निकाल लोगों का मन मोह लिया इस मौके पर दिव्यांशु गुप्ता ,अशोक निगम ,विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

आलोक त्रिपाठी लकी को सपा राज्य कार्यकरणी में सदस्य चुने जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के सपा के वरिष्ठ नेता आलोक त्रिपाठी लकी पुत्र स्व0 शचीन्द्र नाथ त्रिपाठी (पूर्व विधायक) को राज्य कार्यकरणी में सदस्य चुने जाने पर गुरुवार को सपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। आलोक त्रिपाठी लकी ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस प्रकार राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हमे यह जिम्मेदारी सौंपी है ।उसी प्रकार हम भी अपने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के सम्मान में कोई कमी नही होने देंगे। आलोक त्रिपाठी लकी ने आगामी लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को जी जान से जुट जाने की अपील किया।

यमुना नदी में नम आंखों से सैराया ताज़िया व इमामबाड़े का फूल

प्रयागराज। दायरा शाह अजमल इमामबाड़ा नवाब अब्बन साहब मरहूम के अज़ाखाने में रखा ताज़िया व तबर्रुक़ात पर चढ़े फूलों को अश्रुपूरित नेत्रों से यमुना नदी में अलवेदा नौहा पढ़ते हुए सैराया गया। क़दीमी चली आ रही रवायत के अनुसार इमामबाड़े के चौथी पीढ़ी के अस्करी अब्बास व पांचवीं पीढ़ी के अर्श अब्बास व अकबर अब्बास प्रातः ही यमुना नदी पहुंचे और नौहों और मातम की सदाओं के साथ नाव से बीच धारा में फूलों और ताज़िया को यमुना नदी की गोदी में समर्पित कर दिया। नजीब इलाहाबादी ने सब के लिए दूआ की तो शादाब जमन, अस्करी अब्बास साहिर, अली रजा रिजवी, शबीह अब्बास रिजवी, असद अली रिजवी, ज़ीशान हैदर, रज़ा, कुमैल, ऐजाज़, आसिफ रिजवी, दानियाल इलाहाबादी आदि ने पुरदर्द नौहा पढ़ते हुए पुरसा पेश किया।

किशोरी को भगाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़। देवगांव थाना क्षेत्र के वादी 21 अप्रैल को स्थानीय पर थाना पर शिकायत किया गया था कि हमारी नाबालिग लडकी को अर्जुन सरोज पुत्र सुबाष सरोज निवासी भुड़की थाना देवगांव जनपद आजमगढ़ बहला फुसलाकर भगा ले गया तथा अभियुक्त के घर पूछने पर अभियुक्त के घर वालो द्वारा गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी 21सितम्बर को उ0नि0 विनय यादव मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अर्जुन सरोज पुत्र सुबाष सरोज निवासी भुड़की थाना देवगांव जनपद आजमगढ़ को कंजहित बाजार से समय करिब 07.50 बजे गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

उप निदेशक पंचायत ने किया श्रमदान, दिलाई स्वच्छता की शपथ

अवधनामा संवाददाता

आज़मगढ़। जनपद में पूरे भारतवर्ष में चलाये जा रही 'स्वच्छता ही सेवा, कचरामुक्त भारत' अभियान में वृहस्पतिवार को मण्डलीय उप निदेशक, पंचायत संजय कुमार बरनवाल द्वारा जनपद के विकास खण्ड रानी की सराय अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोटवां में सफाई कार्य में श्रमदान किया गया।

उनके द्वारा मौके पर उपस्थित कर्मचारियों के साथ ही ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गयी। ज्ञातव्य हो कि गत 15 सितम्बर से आगामी 2 अक्टूबर तक पूरे भारत में 'स्वच्छता ही सेवा, कचरामुक्त भारत' अभियान चलाया जा रहा है। उप निदेशक, पंचायत श्री बरनवाल ने शपथ के माध्यम से लोगों को स्वयं गन्दगी न करने तथा दूसरों को भी गन्दगयी न करने देने की भावना को आत्मसात करने लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, कोटवा काशीनाथ यादव, मण्डलीय स्वच्छता सलाहकार राजू पटेल, सफाई कर्मचारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

दुर्लभ पाण्डुलिपियों की चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

- सन्तों एवं विशिष्ट जनों का हुआ सम्मान

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। ऋषि पञ्चमी के अवसर पर आज श्री शंकराचार्य आश्रम अलोपी बाग प्रयागराज में राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय संस्कृति विभाग के तत्वावधान में ऋषियों की कृति पर आधारित दुर्लभ पाण्डुलिपियों की चित्र प्रदर्शनी एवं सन्तों एवं विशिष्ट जनों का सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। 25 ऋषियों यथा विमान शास्त्री महर्षि भरद्वाज, वेदव्यास, श्री शंकराचार्य, गणितज्ञ भाष्कराचार, आयुर्वेदाचार्य धन्वन्तरि, वागभटट व चरक आदि विधा कर्मकांड, ज्योतिष, योग के प्राचीन ऋषियों की कृत पर आधारित दुर्लभ प्रदर्शनी का उद्घाटन ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती जी महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया तथा प्रदर्शनी के ब्रोशर का विमोचन भी हुआ। सभी सन्त जनों ने दुर्लभ पाण्डुलिपि प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभाग द्वारा कराये जा इस प्रकार के कार्यक्रमों की सराहना की। अपने उद्बोधन में महामण्डलेश्वर स्वामी रामगोपाल दास जी महाराज ने कहा कि ऋषि पञ्चमी के अवसर पर आयोजित यह प्रदर्शनी ऋषियों के एवं सत्तों के सम्मान का घोतक है।इस अवसर पर प्रयागराज के विशिष्ट सन्तों का सम्मान भी किया गया इसमें प्रमुख रूप से सुरेश सिंह पुरी पीठ शिव गंगा आश्रम के संचालक, श्री स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती ,श्री स्वामी अद्वैतानन्द सरस्वती आदि सम्मिलित थे।

इस अवसर पर पथरचट्टी रामलीला कमेटी में मंचन करने वाले मुस्लिम समुदाय के कलाकारों का भी सम्मान किया गया जो रामलीला में राम लक्ष्मण शंकर आदि का अभिनय करते हैं। इस अवसर पर ओंकार नाथ त्रिपाठी, डॉ0 शम्भूनाथ त्रिपाटी, डॉ0 शालिनी वाजपेयी, आदि को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 ओ0 पी0 एल0 श्रीवास्तव, डॉ0 आर0 एन0 पाल, सत्यम, शैलेन्द्र यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अरुण त्रिपाठी तथा आये हुये अतिथियों के प्रति आभार प्रकट गुलाम सरवर पाण्डुलिपि अधिकारी द्वारा किया गया।

प्राईवेट स्कूलों के वाहनों से हो रही है गैस बाटला की सप्लाई

सरायमीर आजमगढ़। सरायमीर थाना क्षेत्र में चलने वाले प्राईवेट स्कूलों के वाहनों,व गैस एजेंसियों के गैस बाटला सप्लाई करने वाले वाहनों पर न तो नम्बर प्लेट ही है और इन वाहनों दशा भी काफी दयनीय हैं। अगर ऐसे वाहन से कोई दुर्घटना होती है और भाग जाने के बाद किस नम्बर वाहन पर शिकायत होगी।ऐसा लग रहा है ज़िला प्रशासन व स्थनीय पुलिस की आंख उस समय खुलेगी जब कोई बड़ी घटना घटित होगी।इतना ही नही ऐसे कुछ वाहनो के ड्राइवरों के पास लाइसेंस भी नही है। ऐसे चलने वाले वाहन लोगों में चर्चा का विषय बने हुऐ हैं।स्थानीय पुलिस तो चेकिंग तो करती दिखती जरूर है मगर ऐसे बिना नम्बर पलेट व धोखादायक वाहनों के प्रति आंखे क्यो है । सवाल के घेरे मे है। सरकार को लाखों का चूना लगाया जा रहा है।

एमएलसी ने कबूतर उड़ाकर दिया अमन चैन एवं शान्ती का संदेश

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। आजमगढ़-गाजीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित चंद्रशेखर स्मारक ट्रस्ट रामपुर में गुरुवार को पूर्व मंत्री व विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह के समर्थको द्वारा उनका 66वां जन्मदिन बड़े धूम धाम से मनाया गया।

इस अवसर पर उनके समर्थकों के साथ-साथ अन्य पार्टियों के नेता प्रमुख भी उपस्थित हुए और सभी ने बुके देकर यशवंत सिंह को सम्मानित करने के साथ-साथ उनके यशस्वी एवं दीर्घायु होने की मंगल कामना किया। ट्रस्ट समिति के प्रबंधक बृजेश कांदू, कोषाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह लालू,अध्यक्ष प्रियंबदा सिंह ,उदय शंकर चौरसिया, अशोक पांडे, अरविंद सिंह, झब्लु सिंह , श्रीराम सिंह के नेतृत्व में बुधवार से ही ट्रस्ट परिषर में मानस पाठ का आयोजन किया गया था। जिसका समापन शुक्रवार को हुआ शुक्रवार को यशवंत सिंह ने सुबह सबसे पहले अपने गांव अल्दे मऊ जाकर मां का पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद ट्रस्ट परिसर में लोगों का तांता लगने लगा। ट्रस्ट पर पहुंचकर यशवंत सिंह ने दो कबूतर आसमान में उड़ा कर देश में अमन चौन एवं शांति का संदेश दिया और कहा की हर किसी को देश के अमन चौन एवं शांति के लिए अपनी क्षमता के अनुरूप कार्य करना चाहिए राष्ट्र से बड़ा कोई नहीं है हमारी पहचान देश से ही होती है श्री सिंह ने लोगो द्वारा मिले स्नेह प्यार और सहयोग के लिए सभी आगत जनों के प्रति आभार प्रकट किया।

प्रतापगढ़ और फतेहपुर के सीएमओ से कमिश्नर नाराज

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में गुरूवार को आईजीआरएस, विकास प्राथमिकता कार्यो की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों के निस्तारण एवं उसकी गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से किया जाये। मण्डलायुक्त ने कहा कि आईजीआरएस से सम्बंधित शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण हो, यह मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता पर है। समीक्षा में जल निगम, सिंचाई विभाग, पीडब्लूडी से सम्बंधित शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का फीडबैक खराब पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने निस्तारण की गुणवत्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये जाने का निर्देश दिया है।

मण्डलायुक्त ने कहा कि शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता को अवगत भी करा दिया जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के बाद नहीं होना चाहिए। मण्डलायुक्त ने लम्पी वॉयरस की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी जनपदीय अधिकारियों को पशुओं के टीकाकरण को तेजी के साथ कराये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने स्वास्थ्य सम्बंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रतापगढ़ एवं फतेहपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी को चेतावनी देते स्वास्थ्य सम्बंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि स्वास्थ्य से सम्बंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को आशाओं के कार्यो की पाक्षिक समीक्षा करने के लिए निर्देशित किया है।

मण्डलायुक्त ने स्टाम्प रजिस्ट्रेशन के आरसी वसूली में सबसे कम प्रगति वाले क्षेत्र के एसडीएम का नाम अगली समीक्षा बैठक में दिए जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल, जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन, जिलाधिकारी कौशाम्बी सुजीत कुमार, जिलाधिकारी फतेहपुर श्रीमती श्रुति, मुख्य विकास अधिकारीगणों के साथ ही अन्य विभागों के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। शिब्ली नेशनल कॉलेज के मोकीमा बीवी हाल में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बी एड विभाग के प्रोफेसर आसिफकमाल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अफसर अली ने कहा कि विश्व बंधुत्व ,मानव कल्याण एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर आसिफ कमाल ने कहा कि 21 सितंबर को विश्व भर में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1981 में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस की घोषणा की गई थी। पिछले वर्ष 2022 में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस का थीम था- नस्लवाद का अंत, शांति की स्थापना।

परंतु रूस- यूक्रेन युद्ध ने इस पर पानी फेर दिया। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर में आज भी अघोषित युद्ध की स्थिति के चलते वहां का जनजीवन प्रभावित है। कार्यक्रम का संचालनकर्ता दर्शनशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ बी के सिंह ने कहा कि देश और दुनिया में शांति एवं भाईचारा बनी रहे। हमारा देश भारत ने प्राचीन युग से विश्व शांति की कामना कर सदैव विश्व बंधुत्व, मानव कल्याण और परस्पर सहयोग को बढ़ावा देने का प्रयास किया हैं। अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस प्रेरित करता है कि समानता, सहयोग और सद्भावना से विश्व शांति के पावन ध्येय की प्राप्ति में हम सभी सहभागी बन सकते हैं। वही भौतिक विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ अरशद कमाल ने कहा कि अंधकार अंधकार को दूर नहीं कर सकता केवल प्रकाश ही ऐसा कर सकता है। शांति, सौहार्द एवं पारस्परिक प्रेम मनुष्य के जीवन की अहम पूंजी है। राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शफीउज्जमा ने कहा कि वसुधैव कुटुंम्बकम् की भावना अपने जीवन में अपनाये।

भवन निर्माण के पूर्व अग्निरक्षण प्रणाली का अनुपालन जरूरी: राव

अवधनामा संवाददाता

- मुक्त विश्वविद्यालय ने इंस्टीट्यूशन ऑफ फायर इंजिनियर्स इंडिया से किया एमओयू

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में दीक्षान्त समारोह के पूर्व दीक्षोत्सव का शुभारंभ गुरुवार से हो गया। दीक्षोत्सव के अवसर पर आज शैक्षिक परिसर में जीवन की अग्नि से सुरक्षा विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता इंस्टीट्यूशन ऑफ़ फायर इंजिनियर्स इंडिया, नईदिल्ली के अध्यक्ष इ. पी के राव ने कहा कि भवन निर्माण के पूर्व अग्निरक्षण प्रणाली का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने विशेष कर शैक्षणिक भवनों में तीन प्रकार के अग्नि शमन यंत्रों ए,बी,सी की उपयोगिता बताई तथा उनके रखरखाव के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने अग्नि से सुरक्षा के नियमों के पालन हेतु प्रतिबद्धता की मांग पर जोर दिया जिससे अग्नि से होने वाले जान माल के नुकसान को रोका जा सके। विषय प्रवर्तन राकेश राय, पूर्व अग्नि शमन अधिकारी, उत्तर प्रदेश फायर सर्विस ने किया। इस अवसर पर डॉ अमित सिंह, डॉ प्रदीप राय, राकेश राय आदि ने संस्थाओं एवं भवनों में अग्नि से सुरक्षा तथा बचाव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन अध्ययन विद्या शाखा के प्रभारी प्रोफेसर जे पी यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कमेटी कक्ष में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं इंस्टीट्यूशन आफ फायर इंजिनियर्स इंडिया, नईदिल्ली के मध्य अनुबंध की प्रक्रिया संपन्न हुई। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की तरफ से कुलसचिव कर्नल विनय कुमार एवं इंस्टिट्यूशन ऑफ़ फायर इंजिनियर्स इंडिया, नईदिल्ली की तरफ से इ. पी के राव ने सहमति पत्र एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर अधिकारी, निदेशक, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में मुक्त विश्वविद्यालय में दीक्षोत्सव 2023 के अन्तर्गत 22 सितम्बर को दोपहर 12:30 बजे लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में मानविकी विद्या शाखा के तत्वावधान में काव्य लेखन एवं देश भक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

कायक ने चैटजीपीटी के साथ बेस्ट टाइम टु ट्रैवल का अपडेटेड टूल लॉन्च किया

कानपुर। फेस्टिव सीजन में परिवार के साथ यात्रा करने या अकेले सफर के लिए आसानी से बुकिंग को बढ़ावा देने के लिए, कायक ने भारतीय फिल्म अभिनेता मृणाल ठाकुर



से साझेदारी की है। दुनिया के प्रमुख ट्रैवल सर्च इंजन कायक, की नई उपभोक्ता रिसर्च के अनुसार अगले कुछ महीने में आने वाले दिवाली के त्योहार के चलते भारतीयों की सैर-सपाटे में दिलचस्पी बढ़ी है। कायक ने 1200 भारतीयों को अपनी इस उपभोक्ता रिसर्च में शामिल किया। इस रिसर्च में कायक ने पाया कि भारतीय इस फेस्टिव सीजन में सफर के लिए बेहद उत्साहित हैं। त्योहार का यह मौसम नवरात्र से शुरू होकर दिवाली और भाईदूज तक चलेगा। साल के इस समय में ज्यादातर लोग अपने घर जाते हैं। कायक की उपभोक्ता रिसर्च के अनुसार इस सर्वे में शामिल 98 फीसदी लोगों ने इस फेस्टिव सीजन में अपने देश में ही घूमने की मंशा जताई, जबकि सर्वे में शामिल पांच में से तीन भारतीय, करीब 60 फीसदी लोग, इस त्योहार के मौसम में खुशियों को और बढ़ाने के लिए विदेश में अलग-अलग जगहों की यात्रा करना चाहते हैं। सर्वे के ये नतीजे कायक की खोज के आंकड़ों पर आधारित हैं। भारतीयों ने अक्टूबर-नवंबर में यात्रा करने के लिए जनवरी से अगस्त 2023 के बीच ये खोज की। इस साल इस यात्रा अवधि में भारतीयों की ओर से की गई घरेलू फ्लाइट्स की खोज में पिछले साल की तुलना में 29 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इस दौर के लिए इंटरनैशनल फ्लाइट्स की खोज में 14 फीसदी का इजाफा हुआ। कायक के इंडिया कंट्री मैनेजर तरुण तहिलियानी ने कहा, ÷यह फेस्टिव सीजन निश्चित रूप से भारतीयों के लिए काफी उत्साहजनक होगा। सर्वे में शामिल ज्यादातर लोग अपनी बहुप्रतीक्षित यात्रा पर जाने के लिए तैयार हैं। आंकड़ों के हिसाब से इनमें से कुछ यात्री एक से ज्यादा जगहों की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं।

एसियो इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने इलेक्ट्रिकल्स एससीरीज की लॉन्चिंग की

लखनऊ। एसियो इलेक्ट्रिकल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने अपने स्विच एससीरीज एवं एलईडी प्रोडक्ट की भव्य लॉन्चिंग हेतु बिजनेस पार्टनर सम्मिट का आयोजन किया। आशीष कुमार जायसवाल (डायरेक्टर), विकास जायसवाल

(डायरेक्टर), शशि कांत साहू, पंकज गुप्ता, पवन गुप्ता, सचिन गुप्ता व उदय प्रताप सिंह ने भगवान गणेश जी की स्तुति व दीप प्रचलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कंपनी के अन्य सदस्य विक्रम सिंह (वी.पी.), दिवाकर शर्मा (यू.पी स्टेट हेड), अनुराग वर्मा (क्यू.सी. एच. एवं) रवि शंकर तिवारी (ए.एस. एम.) रियाज अहमद (ए.एस. एम.) सैयद मोहम्मद आरिफ (ए.एस. एम.) तथा पूरी ऑफिस टीम ने कड़ी मेहनत करके इस आयोजन को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया। कंपनी की डायरेक्टर आशीष कुमार जायसवाल व विकास जायसवाल ने कंपनी की शुरुआती दौर में अपने कुछ डीलर मित्रों के अथक सहयोग के लिए उन सभी मित्रों को सम्मानित भी किया। कंपनी ने अपने सभी डीलर भाइयों के लिए कुछ विशेष स्कीम भी प्रस्तुत की, इसकी जानकारी आशीष कुमार जायसवाल ने दी तथा कंपनी के सभी प्रोडक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी विकास जायसवाल, विक्रम सिंह, दिवाकर शर्मा ने दिया। सबसे विशेष बात यह रही की इस आयोजन सफल बनाने में हमारे बिजनेस पार्टनर्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिन्होंने शुरुआत को मजबूती दी जिससे प्रोडक्ट लॉन्चिंग की प्रक्रिया को बहुत ही भव्य शानदार तरीके से संपन्न किया गया।

पॉलीकैब इंडिया ने एक नई ब्रांड पहचान आइडियाज.कनेक्टेड को लॉन्च किया

नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी वायर और केबल निर्माता और सबसे तेजी से बढ़ती एफएमईजी कंपनियों में से एक पॉलीकैब इंडिया ने अपनी एकदम नई ब्रांड पहचान को लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने अपनी नई फिलॉस्फी का भी खुलासा किया है। नई ब्रांड पहचान और नई फिलॉस्फी में कंपनी का भविष्य का बिजनेस रोडमैप झलकता है। प्रोजेक्ट लीप के तहत पॉलीकैब एक उल्लेखनीय परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। तारों और केबलों के निर्माण में अपनी उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध होने के बावजूद, पॉलीकैब आधुनिक जीवन को सुरक्षित, सुविधाजनक और सस्टेनेबल बनाने के लिए बेहतर इलेक्ट्रिक सॉल्यूशंस की एक व्यापक रेंज पेश करने का प्रयास कर रही है। खास बात यह है कि इस दिशा में कंपनी लगातार अपने क्षितिज का विस्तार करने की दिशा में जुटी हुई है।

मोटोरोला ने लॉन्च किया एज 40 नियो

नई दिल्ली। भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज एज सीरीज में अपनी नवीनतम पेशकश मोटोरोला एज 40 नियो के लॉन्च की घोषणा की। एक डिवाइस जो अत्याधुनिक तकनीक विकसित करने और उपयोगकर्ताओं को लागत कार्यकारी निदेशक, श्री प्रशांथ मणि ने कहा हमें खुशी है कि हम भारत में मोटोरोला एज 40 नियो को लॉन्च करने जा रहे हैं, जिससे हमारे प्रौद्योगिकी और नवाचार के प्रति हमारा समर्पण प्रकट हो रहा है। इस प्रभावशाली डिवाइस ने डिजाइन,

प्रभावी कीमतों पर प्रमुख सुविधाएँ प्रदान करने के एज परिवार के मिशन का प्रतीक है। आगे बढ़ते हुए, मोटोरोला एज 40 नियो वास्तव में एक असली ध्यान आकर्षित करने वाला डिवाइस है, क्योंकि इसे पैनटोन विशेषज्ञ द्वारा चुने गए ट्रेंड-सेटिंग रंग विकल्पों में लॉन्च किया गया है, जो एक श्रेष्ठ, पतले एंडलेस एज डिजाइन में है। यह डिवाइस व्यक्तिगता को प्रेरित करता है और ब्लैक ब्यूटी, सूथिंग सी, और कैनील बे के पावरफुल रंगों के माध्यम से व्यक्तिगत शैली को प्रोत्साहित करता है। मोटोरोला एशिया पैसिफिक के डिस्प्ले, बैटरी लाइफ, और परफॉर्मेंस के क्षेत्र में अपनी श्रेणी के पहले फीचर्स के साथ नए मानकों को स्थापित किया है। एज 40 नियो विश्व का सबसे हल्का 5जी स्मार्टफोन है, जिसमें आईपी68 अंडरवॉटर प्रोटेक्शन है, जो बिलियन कलर्स के साथ 144हर्ट्ज कर्व्ड डिस्प्ले के साथ आता है,यह दुनिया का पहला मीडियाटेक डाइमेंशन 7030 प्रोसेसर है, जिसमें तकनीकी तौर पर 12जीबी रैम और 256जीबी स्टोरेज है और इसके साथ ही एक अल्ट्रा-प्रीमियम डिजाइन है जिससे यह वाकई मनमोहक बन जाता है।

तमन सफारी इंडोनेशिया की ओर से भारतीय पर्यटकों के लिए वन्यजीव संरक्षण की सैर का आमंत्रण

नई दिल्ली। इंडोनेशिया केअग्रणी पशु शैक्षणिक मनोरंजन और संरक्षण केंद्र, तमन सफारी इंडोनेशिया (टीएसआई)बड़े हर्ष के साथ सभी भारतीय पर्यटकों को आमंत्रित किया है। टीएसआई इस साल भारत के 1,00,000 से ज़्यादा आगंतुकों के लिए टॉप डेस्टिनेशन्स में से एक है। टीएसआई अपने समर्पण के चार

मुख्य स्तंभों - शिक्षा, मनोरंजन, अनुसंधान और सबसे बढ़करबहुमूल्य वन्यजीव संरक्षणके प्रति वचनबद्धता प्रदर्शित करने के अत्यंत उत्साहित है।इन प्रत्येक स्तंभों के साथ विभिन्न प्रकार के बेहद रोचक कार्यक्रम जुड़े हुए हैं जो पर्यटकों को एक बेहतरीन और बेजोड़ शैक्षणिक अनुभव प्रदान करते हैं। वन्यजीव की रोमांचक खोज और संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों के अनोखे मिश्रण के अवसर तलाशने वाले भारतीय पर्यटकों के लिए टीएसआई सर्वोत्तम पर्यटन स्थल है। 400 विविध प्रजातियों के 8,700 जानवरों की सुरक्षा में टीएसआई सबसे अग्रणी रहा है। यह शानदार जीव न सिर्फ भूदृश्य का एक भाग हैं, बल्किवे संरक्षण के बारे में टीएसआई की प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी हैं। इंडोनेशिया के विविधता पूर्ण वन्य जीवन के कल्याण को बढ़ावा देने के प्रति चार दशकों के अडिग समर्पण के साथ टीएसआई ने राष्ट्रीय स्तर पर हितधारकों का भरोसा अर्जित किया है और एक राष्ट्रीय संपत्ति का दर्जा हासिल किया है। समर्पित संरक्षण कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के माध्यम से स्थानिक प्राणियों को उनके प्राकृतिक वास में फिर से भेजने में योगदान देने सहित टीएसआई ने कई शानदार नतीजे हासिल किए हैं। मीडिया ईवेंट एवं डिजिटल तमन सफारी इंडोनेशिया के वाइस प्रेसिडेंट, ऐलग्जेंडर जुल्करनेनने कहा, ÷हम जानते हैं कि इंडोनेशिया के प्राकृतिक सौदर्य से समृद्ध भूदृश्य और जीवंत संस्कृति को लेकर भारतीय पर्यटकों में ज़बरदस्त आकर्षण है, और हमारा ऐसा विश्वास है कि तमन सफारी इंडोनेशिया आपकी यात्रा में एक बेहद अविस्मरणीय आयाम लेकर आएगा।

एलजी ने नया वाई फाई कन्वर्टिबल साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर लॉन्च किया

लखनऊ। भारत के अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और एयर कण्डीशनर ब्राण्ड एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इण्डिया ने अपने क्रांतिकारी वाई-फाई कन्वर्टिबल साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर को लॉन्च किया है। इस लांच के साथ ही निश्चित तौर पर

यूजर्स का एक्सपीरिएंस बदलेगा साथ ही वे इसे अपने अनुसार कनवर्ट कर सकेंगे। साथ ही हम रेफ्रिजरेशन का अनुभव कैसे करते हैं, इसे फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है जो एलजी थिनक्यू ऐप का उपयोग करके कहीं से भी फ्रिज में फ्रीजर सेक्शन यूजर्स को कन्वर्ट करने की अनुमति देता है। यह अत्याधुनिक उपकरण घरेलू उपकरणों में सुविधा और नियंत्रण के एक नए युग का वादा करता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के होम अप्लायंसेज और एयर कण्डीशनर्स के निदेशक ह्योंग सुबजी ने कहा, आज, हम एलजी वाई-फाई कन्वर्टिबल साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर पेश करते हुए रोमांचित हैं, जो घरेलू उपकरणों में इनोवेशन और सुविधा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होने कहा एलजी थिनक्यू ऐप के माध्यम से दूर से संचालित होने की क्षमता के साथ, यह रेफ्रिजरेटर लचीलेपन और नियंत्रण के एक नए युग की शुरुआत करता है। चाहे काम के दौरान अपने फ्रीजर को फ्रिज में बदलना हो या अपने सोफे पर आराम से बैठकर तापमान सेटिंग्स को समायोजित करना हो, वाई-फाई कन्वर्टिबल रेफ्रिजरेटर आपकी लाइफस्टाइल के लिए सहजता से अनुकूल हो जाता है।

उत्तर प्रदेश बहराइच में लुप्तप्राय इंडियन स्किमर दिखायी दिया

बहराइच। द हैबिटैट्स ट्रस्ट की टीम ने घाघरा नदी के किनारे स्थित दुधवा टाइगर रिजर्व में एक लुप्तप्राय इंडियन स्किमर दिखते ही उसकी तस्वीर खींची और उसे रिकॉर्ड में लिया। उसके देखे जाने की पुष्टि दुधवा बफर ज़ोन में धौराहा रेंज के अंदर घाघरा पर ज़ालिम नगर पुल से नदी के बहाव की विपरीत दिशा में 5 किलोमीटर ऊपर खींची गए इस तस्वीर द्वारा हुई। यह तस्वीर द हैबिटैट्स ट्रस्ट के कार्यकर्ता प्रवर मौर्य ने ली थी। यहाँ पर उसके देखे जाने से स्पष्ट होता है कि बहराईच जिले में घाघरा नदी लुप्तप्राय इंडियन स्किमर का एक महत्वपूर्ण निवास स्थान है। यह इस बात का भी संकेत है कि ऊपरी क्षेत्रों में और अधिक इंडियन स्किमर पाये जाने की संभावना है। इंडियन स्किमर एक विचित्र सा दिखने वाला पक्षी है, जिसकी चोंच आकर्षक लाल/नारंगी रंग की होती है, और निचली चोंच ऊपरी चोंच से लंबी होती है। यह नदी के पानी की सतह पर अपना मुंह खोलकर तैरता है, निचली चोंच में मछली, लार्वा और झींगा को फँसाकर खाता है। ये फरवरी और जून के बीच प्रजनन करते हैं और एक बार के प्रजनन में एक से तीन बच्चों को जन्म देते हैं। यह पक्षी लुप्तप्राय है इनका संरक्षण किए जाने की ज़रूरत



है। इस बारे में द हैबिटैट्स ट्रस्ट के वन्यजीव जीवविज्ञानी, कौशिक सरकार ने कहा, ÷इंडियन स्कीमर्स विलुप्त होने के ख़तरे में हैं, और अपने आवास के ख़त्म होने के प्रति बहुत संवेदनशील हैं। उन्हें प्रजनन करने और बच्चों को पालने के लिए के लिए सुरक्षित एवं अनछुई रेतीली ज़मीन चाहिए। रेत खनन, कृषि गतिविधियों, मवेशियों की आवाजाही और मानव द्वारा छेड़छाड़ से उनके प्रजनन के लिए ज़रूरी रेतीले आवास को बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है, जो गर्मियों में मौसमी रूप से बनते हैं। आज पूरी दुनिया में 6,500 से कम इंडियन स्किमर बचे हैं, इसलिए हर संभावित प्रजनन स्थल उनके संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। हमें इस विलुप्तप्राय प्रजाति को बचाने के लिए गहन प्रयास करने होंगे।÷ दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित कुमार वर्मा ने संरक्षण के प्रयासों में ज़्यादा सामुदायिक सहभागिता देखने की कामना करते हुए कहा, ÷दुधवा टाइगर रिजर्व में इंडियन स्किमर का दिखना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। वन्यजीव प्रेमियों को ऐसे सभी प्राकृतिक आवासों की पहचान करने के लिए एक साथ आना चाहिए और उनका संरक्षण करने के लिए तत्परता से प्रयास करने चाहिए।

दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन के डीएफओ, सौरीश सहाय ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, ÷मैं पूरी टीम को बधाई देता हूँ। इंडियन स्किमर का यहाँ दिखना स्थानीय नागरिकों के लिए बहुत गर्व की बात है, और संरक्षण के प्रयास सफल होने का संकेत है।

एडिडास ने "3 का ड्रीम" कैम्पेन लॉन्च किया: तीसरा ओडीआई वर्ल्ड कप जीतने के लिए भारत का उत्साह बढ़ाया

नई दिल्ली। 'इम्पॉसिबल इज़ नथिंग' (कुछ भी असंभव नहीं) में अपने गहरे विश्वास के साथ एडिडास ने अपने '3 का ड्रीम' कैम्पेन के साथ आईसीसी मेंस वर्ल्ड कप क्रिकेट, 2023 का समाँ बांध दिया है। टीम इंडिया कोदेश के अटूट समर्थन को प्रमाणित करते हुए 3 का ड्रीम में एक बिलियन भारतीयों की भावनाओं को शब्द दिए गए हैं, जो अपनी टीम को तीसरा ओडीआई वर्ल्ड कप जीतते हुए देखना चाहते हैं। अभियान की शुरुआत करते हुए ब्रांड एडिडास, भारत के सीनियर डायरेक्टर, सुनील गुप्ता ने कहा, ''क्रिकेट हर भारतीय के दिल में एक विशेष स्थान रखता है। विश्व कप भारत में होने के कारण

इस बार दाँव पहले से कहीं अधिक ऊँचे हैं, और टीम को सफल होते देखने की इच्छा भी ज्यादा है। '3 का ड्रीम' ने इच्छाशक्ति का एक एंथम बनाया है, जो सभी भारतीयों को एक ही सपने - तीसरी बार विश्व कप जीतने - के लिए एकजुट करेगा।''गीत के बोल एकजुटता की भावना विकसित करते हैं, '3 का ड्रीम' क्रिकेट प्रेमियों को लामबंद कर उनमें अपने सपने को पूरा करने के लिए एक विश्वास जगाता है। इस ट्रैक को प्रतिभाशाली भारतीय रैपर रफ्तार ने अपनी आवाज दी है, और इस फिल्म में उत्साहित फैंस के साथ क्रिकेट के दिग्गज, जैसे रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पांड्या,शुबमन गिल, रविंद्र जडेजा, शर्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, और कुलदीप यादव दिखाई देंगे। इस फिल्म में क्रिकेटरों और प्रशंसकों दोनों की भावनाओं को सुंदरता के साथ संकलित कर, हर प्रशंसक की अटूट उम्मीदों को जीवंत किया गया है, क्योंकि वो अपनी पसंदीदा टीम को तीसरा वनडे विश्व कप जीतकर घर लाने के लिए उत्साहित करते हैं। यह अभियान एडिडास के इस विश्वास का प्रतीक है कि यह साबित करने के लिए केवल जोश की जरूरत है कि असंभव कुछ भी नहीं है।

शिक्षा के साथ अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करें छात्राएं

लखनऊ। विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव-2023 के अंतर्गत बाल निकुन्ज इंटर कालेज गर्ल्स विंग मोहिबुल्लापुर में विद्यार्थी प्रतिभा जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज तिवारी, बाल निकुंज स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर एच. एन. जयसवाल, प्रधानाचार्य श्रीमती



कार्यशाला का आयोजन किया गया। जनविकास महासभा, उत्तर प्रदेश एवं सामाजिक संस्था सोसायटी आफ करियर टेक्नॉलॉजी (सोक्ट) के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में छात्राओं को उनकी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए प्रेरित भी किया गया और उन्हें बताया गया कि आगामी दिसंबर में आयोजित विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव के मंच पर सभी छात्राएं जो अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहे, वह निःशुल्क आमंत्रित हैं यह मंच विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए ही बनाया गया है। इस मौके पर भगवती भण्डारी, सीनियर सेक्सन इंचार्ज नवल पाण्डेय, जूनियर सेक्सन इंचार्ज योगेंद्र सिंह, प्राइमरी इंचार्ज श्रीमती अंजू निगम, जनविकास महासभा के प्रदेश मंत्री अजय यादव, सोक्ट की सलाहकार राजनंदनी, सोक्ट कार्यकारिणी सदस्य जूही उपस्थित रहीं । इससे पहले जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपनी पर्यावरण एवं जल संरक्षण की जानकारी के प्रति जागरूक होते हुए शिक्षा के साथ-साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन अवश्य करें।

भारत में क्लीनिंग उद्योग: ग्लोबल लीडर बनने की ओर भारत के विकास को कर रहा प्रतिबिंबित

मुंबई: क्लीन इंडिया टेक्नोलॉजी वीक, 2023 के दौरान तीन दिवसीय कार्यक्रम में क्लीन इंडिया शो, वेस्ट टेक्नोलॉजी इंडिया एक्स्पो, लॉन्ड्रेक्स इंडिया और ऑटोकेयर एक्स्पो का बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर के हॉल नं. 1 में समापन होने के बाद भी आगंतुक 200 से ज्यादा स्टॉल्स के बारे में जानकारी लेने के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर पर कतार लगाकर खड़े थे। वो क्लीनिंग, वेस्ट मैनेजमेंट, पेस्ट मैनेजमेंट, लॉन्ड्री और ऑटो केयर उद्योगों में सैकड़ों ब्रांडो के प्रतिनिधियों के साथ बात कर रहे थे। विभिन्न सेगमेंट्स, जैसे एयरपोर्ट, पोर्ट, और भारतीय रेलवे से लेकर निर्माण सुविधाओं, कॉर्पोरेट रियल ईस्टेट, और सरकारी क्षेत्र से आए उच्च स्तरीय डिसीज़न-मेकर्स ने यहाँ आकर सबसे आधुनिक और हाई-टेक समाधानों के बारे में जाना और अपनी जरूरतों के लिए उन्हें खरीदने का निर्णय लिया। वेस्टेज को रोकने वाले टिश्यू डिस्पेंसर से लेकर बड़ी लॉन्ड्री मशीन, जिनमें कपड़े धोने और सुखाने के लिए कम पॉवर की जरूरत होती है; ऑटोमैटिक कार वॉश, जो कम से कम पानी में कार साफ कर देते हैं, तथा पानी से फर्श तक साफ करने वाले रोबोट, जो कैमिकल बहुत कम मात्रा में इस्तेमाल करते हैं, ऑटो एक्स्पो में मौजूद इन सभी उत्पादों में सस्टेनेबिलिटी पर सबसे ज्यादा ध्यान केंद्रित किया गया था। चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर सरकार के जोर ने एग्ज़िबिटर्स को मटेरियल रिकवरी सुविधाओं, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, और मुनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए समधान पेश करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही, कॉर्पोरेट्स के चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर्स ने यहाँ आकर अपने ईएसजी उद्देश्यों को पूरा करने के लिए समाधान तलाशे। कॉर्पोरेट रियल ईस्टेट फैसिलिटी मैनेजमेंट अवार्ड्स सस्टेनेबिलिटी में सफल होने वाले कॉर्पोरेट्स को सम्मानित करते हैं, और लगातार बढ़ते हुए और ज्यादा विशाल होते जा रहे हैं। शहरी स्थानीय संकायों और स्मार्ट सिटी मिशंस के प्रतिनिधियों ने यहाँ आकर मैकेनाईज़्ड स्ट्रीट क्लीनिंग और सीवर मेंटेनेंस के समाधान तलाशे, जो विशाल रोड स्वीपिंग और ड्रेन क्लीनिंग मशीनों द्वारा प्रदर्शित हो रहा था। क्लीनिंग मशीन के हर एग्ज़िबिटर ने छोटी-छोटी सुविधाओं में भी मैकेनाईज़्ड क्लीनिंग की ओर परिवर्तन के बारे में बात की, जबकि खरीदी अध्यक्षों ने पर्यावरण के लिए मित्रवत और यूज़र-फ्रेंडली समाधानों की ओर अपने रूझान के बारे में बताया।

गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर कार्गो सेग्मेंट में प्रवेश किया

पटना। एब्लू रेंज के इलेक्ट्रिक 2- और 3-व्हीलर के निर्माता, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने आज इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर ई-लोडर, एब्लू रीनो को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह भारत में ईवी थ्री व्हीलर कार्गो सेग्मेंट में कंपनी का पहला प्रॉडक्ट है। एब्लू रीनो के लिए प्री-बुकिंग 19 सितंबर 2023 को गणेश चतुर्थी के पावन दिन से शुरू होगी। उपभोक्ताओं को इन वाहनों की डिलिवरी शुरुआत 20 सितंबर 2023 से होगी। ई-लोडर की कीमत 3,34,999 रुपये (एक्स-शोरूम) होगी। कंपनी अभी देश में एब्लू रोज़ी (ईवी थ्री व्हीलर-एल5एम), एब्लू स्पिन, एब्लू थ्रिल (ई-साइकिल) और एब्लू फियो (इलेक्ट्रिक फैमिली स्कूटर) की रिटेल बिक्री कर रही है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सीईओ, श्री हैदर खान ने लॉन्चिंग पर कहा, ÷यह वाहन हमारे रायपुर स्थित प्लांट में डिजाइन किया गया है। एब्लू रीनो का निर्माण गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमने एब्लू पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर कार्गो सेग्मेंट में प्रवेश किया है। भारत में आर्थिक प्रगति के साथ कारोबार भी काफी तेजी से फल-फूल रहा है।

छोटे किसानों की आय बढ़ाने के लिए वॉलमार्ट फाउंडेशन ने ग्रामीण फाउंडेशन को दिया 2 मिलियन डॉलर का अनुदान

वाराणसी। ग्रामीण फाउंडेशन ने आज घोषणा की कि वह भारत में डिजिटल इनोवेशन द्वारा सक्षम मार्केट एक्सेस (मंडी) परियोजना के दूसरे चरण को लॉन्च करके छोटे किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता

को बढ़ाएगा, जिसे वॉलमार्ट फाउंडेशन के 2 मिलियन डॉलर के अनुदान ने संभव बनाया है। मंडी-द्वद्ध का उद्देश्य किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की क्षमताओं का निर्माण करके पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में छोटे किसानों, विशेषकर महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना होगा।मंडी प्रोजेक्ट के पहले चरण के दौरान, जिसे वॉलमार्ट फाउंडेशन का समर्थन भी मिला, ग्रामीण फाउंडेशन ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 एफपीओ की क्षमता बढ़ाने में मदद की, बाजार के संचालन को सुविधापूर्ण बनाने में सहायक हुए और वित्त, डेटा और प्रौद्योगिकी तक पहुँच प्रदान की, विशेष रूप से महिला शेयरहोल्डरों की भागीदारी में वृद्धि की गई। यह ग्रामीण द्वारा रिपोर्ट किए गए मंडी प्रथम चरण की उपलब्धियों में शामिल है। वॉलमार्ट फाउंडेशन की उपाध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी जूली गेहरकी ने कहा, ÷हम मंडी के अगले चरण के लिए ग्रामीण फाउंडेशन के साथ सहयोग करने के लिए उत्साहित हैं। हम भारत के कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ाने में छोटे किसानों की परिवर्तनकारी क्षमता में विश्वास करते हैं। इस परियोजना के माध्यम से, हमारा लक्ष्य किसानों को उनकी आजीविका में सुधार करने और उनके समुदायों के लिए स्थायी भविष्य बनाने के लिए आवश्यक उपकरण, संसाधन और बाजार पहुंच प्रदान करना है।÷परियोजना पर टिप्पणी करते हुए, ग्रामीण फाउंडेशन इंडिया की मुख्य कार्यक्रम अधिकारी, भारती जोशी ने कहा, ÷मंडी का दूसरा चरण पहले चरण की सफलताओं पर आधारित है और छोटे किसानों विशेषकर महिलाओं की आय बढ़ाने और लचीलेपन के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। प्रौद्योगिकी, बाजार संपर्क और लैंगिक मुख्यधारा का लाभ उठाकर, परियोजना का लक्ष्य उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में कृषि से संबंधित भूमिका में प्रभाव पैदा करना है।

बोईंग ने P-8I के लिए आत्मनिर्भर भारत के भविष्य की रूपरेखा तैयार की

नई दिल्ली। -बोईंग ने आज अपने क्क8ढ्ढ समुद्री चौकसी विमान (मैरीटाइम सर्विलांस एयरक्राफ्ट) के उत्पादन और इसे बरकरार रखने में हासिल किए गए पर्याप्त स्वदेशीकरण पर



जोर दिया है। कंपनी ने इस प्लेटफॉर्म के लिए अपने नजरिये के बारे में भी मीडिया को जानकारी दी। इतना ही नहीं, कंपनी ने अपनी आत्मनिर्भर भारत रणनीति के तहत निवेश और आर्थिक प्रभाव को बढ़ाने की योजना के बारे में भी बताया।बारह P-8I पहले से ही हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना की टोही और चौकसी सम्बन्धी ज़रूरतों के काम आ रहे हैं। बोईंग भारतीय नौसेना की सेवा में मौजूदा क्क8ढ्ढविमान बेड़े को सपोर्ट करने के लिएपहले ही 1.7 बिलियन डॉलर का पर्याप्त आर्थिक प्रभाव उत्पन्न कर चुकी है। इसके अलावा, बोईंग की परिकल्पना है कि P-8I बेड़े को बढ़ाकर 18 विमान तक करने से लगभग 1.5 बिलियन डॉलर का निवेश बढ़ेगा। साथ ही, वर्ष 2032 तक भारत के विमानन क्षेत्र और रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण के नए अवसर पैदा होंगे। बोईंग इंडिया के प्रेसिडेंट, सलिल गुप्ते ने कहा कि, आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे ले जाने के प्रति बोईंग की वचनबद्धता P-8I बेड़ेके लिए हमारा समर्पण बढ़ाती है।वैसे तो हम ज्यादा P-8I विमानों के लिए भारतीय नौसेना की ज़रूरत पर काम कर रहे हैं, पर हमें भारत में, भारत के लिए और दुनिया के लिए इंजीनियरिंग, उत्पादन, तथा स्थायी क्षमताओं में बढ़ोतरी करने की उम्मीद है। इससे भारत के साथ ही दुनिया भर के, दोनों ग्राहकों को फायदा होगा। 2013 में शामिल किये जाने के बाद से, 737 के नेक्स्ट जनरेशन प्लैटफॉर्म पर आधारित P-8I विमान भारतीय नौसेना के बेड़े का अभिन्न हिस्?सा बन गया है, और उच्च मिशन तत्परता दर के साथ 40,000 फ्लाइट घंटा पार कर चुका है। बोईंग ने आईएनएस रजाली में अशोक रॉय ट्रेनिंग सिम्युलेटर कॉम्प्लेक्स स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। साथ ही इसी साल अप्रैल में उद्घाटित, कोच्चि ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स की स्थापना में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका थी, जिसमें P-8I एयरक्रू और तकनीकी टीम के प्रशिक्षण के लिए अत्याधुनिक सिम्युलेटर की व्यवस्था है।

अमेज़ॅन मिनी टीव्ही प्रस्तुत करते है नई सिरीज बिल्डर्स

मुंबई। अमेज़ॅन मिनी टीवी, अमेज़ॅन द्वारा प्रदान की जाने वाली मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, हमेशा अपने दर्शकों को विविध प्रकार का कंटेंट प्रदान करने का प्रयास करती रही है। इस प्रतिबद्धता के कारण अमेज़ॅन मिनी टीवी पर उपलब्ध सभी श्रृंखलाओं को अपार लोकप्रियता मिली है। अब इन सफल सीरीज में एक नया नाम जुड़ने वाला है। अमेज़ॅन मिनी टीवी की नवीनतम पेशकश बिल्डर्स जल्द ही लॉन्च की जाएगी। यह सीरीज जिम में होने वाली हास्यप्रद घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। बिल्डर्स की कहानी और



किरदार अविश्वसनीय रूप से मज़ेदार हैं, जो दर्शकों को हँसाने की गारंटी देते हैं। इस सीरीज़ का ट्रेलर रिलीज़ हो चुका है, जो और भी अधिक उत्साह और प्रत्याशा पैदा कर रहा है। बिल्डर्स 22 सितंबर 2023 को रिलीज़ होने वाली है। इसमें स्वप्निल, अंकित मोटघरे, अनुष्का मिश्रा, विदुषी कौल और अवतार गिल मुख्य भूमिका में हैं।इस सिरीज में मुख्य किरदार जिम के मैनेजर का है। जिम का मालिक आर्थिक नुकसान के डर से इस मैनेजर को सदस्यता बढ़ाने का काम सौंपता है। जिमके कुछ सदस्य संकट में फंसे इस मैनेजर की सहायता के लिए आते हैं, जिससे हास्यपूर्ण स्थितियाँ उत्पन्न होती हैं जो कहानी की कहानी को आगे बढ़ाती हैं। इस कठिन परिस्थिति से उबरने के लिए जिम मैनेजर और उनके सहयोगियों के अथक प्रयासों को देखने के बाद, दर्शकों के लिए अपनी हंसी दबाना असंभव होगा।

पुलिस और अंतराज्यीय पंखिया गिरोह में मुठभेड़

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। रामकोला थाना क्षेत्र के माघी मठिया नहर पुल के पास बुधवार की देर रात अंतरराज्यीय पंखिया गिरोह के साथ रामकोला पुलिस, स्वाट व साइबर सेल की टीम के साथ मुठभेड़

- तीन के पैरों में लगी गोली, चार गिरफ्तार
- अभियुक्तों के पास से चोरी की गई करीब 36 लाख का समान बरामद

हो गई। पुलिस की गोली से तीन चोरों के पैर में गोली लगी जबकि एक को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। अभियुक्तों पर 25-25 हजार रुपए के इनामिया घोषित थे।

पुलिस टीम ने गिरफ्तार बदमाशो के पास से भारी मात्रा में चोरी के आभूषण एक लाख 26 हजार रुपए नगद, अपराध में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो, अवैध शस्त्र के साथ कुल 36 लाख का समान बरामद किया है। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसपी धवल जायसवाल ने पुलिस टीम को बधाई दी है। रामकोला थाना क्षेत्र के सिगहा में बीते सप्ताह सिंगहा निवासी समरजीत शाही के यहां बड़ी चोरी हुई थी। यह चोरी पुलिस के लिए चुनौती बन गई थी। इसके खुलासे के लिए एसपी धवल जायसवाल ने स्वाट टीम सर्विलांस के अलावा रामकोला पुलिस को लगाया था। काफी प्रयास के बाद स्वाट टीम सर्विलांस टीम के अलावा रामकोला और पडरौना कोतवाली पुलिस ने माघी मठिया नहर पुल के समीप एक स्कॉर्पियो गाड़ी को घेराबंदी की, जहां पुलिस से मुठभेड़ हुई। पहले मुकद्दर अली व जाफर अली तथा जाहिद अली तीनो निवासी गढ़िया पैगंबर थाना हजरतपुर जिला बदायूं व समीदुल निवासी मुनता नगला थाना सिकंदरपुर जिला कासगंज पुलिस देख भागने लगे। अंधेरे में चोरों ने फायरिंग की जवाब में पुलिस ने भी फायर किया, जिसमें मुकद्दर अली, जफर अली, जाहिद अली, को पैर में गोली लगी। वहीं समीदुल अली को पुलिस ने पकड़ लिया जहां उन सभी के पास से चार अवैध असलहा मिला और सोने के गहने के अलावा स्कॉर्पियो गाड़ी भी पुलिस ने बरामद किया। जिसमें चोरी में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री भी पुलिस के हाथ लगी। एसपी धवज जायसवाल ने टीम को बधाई दी तथा टीम को 25 हजार रुपए पुरस्कार अपने तरफ से तथा आई जी गोरखपुर के द्वारा 50 हजार पुरस्कार दिया गया। पुलिस के अनुसार इन चारों अभियुक्तों के खिलाफ कुशीनगर जनपद के विभिन्न थानों में लगभग एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

लूट की 36 लाख रुपए की सामान बरामद

अभियुक्तों की निशानदेही पर कुल बरामदगी की कीमत लगभग 36 लाख रुपए बताई गई है। जिनमें 126000 रुपये नगद, सफेद धातु के कुल आभूषण 1.722 किग्रा कीमत 1.30 लाख रुपए, पिली धातु के कुल आभूषण लगभग 153.17 ग्राम जिसकी कीमत 10 लाख रुपए, चोरी के अपराध में प्रयुक्त एक स्कार्पियो फर्जी रजिस्ट्रेशन नम्बर, एक कुटरचित आर.सी. व कुटरचित फर्जी एक मोहर, गृह भेदन से सम्बन्धित 10 उपकरण, चार अवैध तमंचे 315 बोर व फायर शुदा 07 खोखा कारतूस 315 बोर, चार जिन्दा कारतूस अवैध 315 बोर, अपराध मे प्रयुक्त 04 मोबाइल फोन भिन्न भिन्न कम्पनियों के शामिल है।

अपराध करने का तरीका

यह पंखिया गैंग पश्चिमी उप्र का एक शातिर चोरों का गिरोह है। ये गैंग भिन्न भिन्न प्रदेशो में व भिन्न शहरो में स्कार्पियों गाडी से घुम घुम कर आउट स्कर्ट कालोनियो में स्थित एकान्त मकानो व गांव के किनारे सुनसान मकानो की रैकी कर उनको लक्ष्य बनाते है तथा गाडियो में नकब लगाने वाले उपकरण भी रखते है। रात मे 12 बजे से 3 बजे के मध्य लक्ष्य किए गये सुनसान मकानो के आसपास स्कार्पियों से आते है तथा उसमे से तीन शातिर चोर उतरकर अपने पहने हुए कपडो को बदलकर व जूता चप्पलो को गमछे मे बांधकर गुप्त स्थान पर रख देते है तथा स्कार्पियों का ड्राईवर उनको छोडकर किसी सुरक्षित स्थान पर चला जाता है तथा तीन सदस्यो मे से दो सदस्य लक्ष्य किये गये मकानो मे घुस जाते है। तथा एक सदस्य वही आस पास बाहर आने जाने वालो लोगो पर निगरानी करता है तथा खतरा होने पर जंगली पक्षियो की आवाज देकर अपने सदस्यो के साथ सम्पर्क बनाये रखता है। दो शातिर सदस्य घरो मे कमरो मे सोये सदस्यो को उनके कमरो को बाहर से बन्द कर देते है। तथा शेष जगहो पर नगदी व आभूषण चोरी कर लेते है तथा चोरी कर छत के रास्ते कूदकर तीनो सदस्य उन जगहो पर फिर से पहुच जाते है। जहां पर गमछे मे इनका सामान रखा रहता है तथा जूते चप्पल व कपडे पहनकर स्कार्पियों वाहन ड्राईवर को फोन करके उसी जगह बुला लेते है तथा स्कार्पियों पर बनी स्कीम मे आभूषणो व पैसो को छुपा देते है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में रहे शामिल

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रामकोला अखिलेश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पंत प्रभारी साईबर सेल, प्रभारी निरीक्षक सुशील शुक्ला प्रभारी, प्रभारी स्वाट, प्रभारी निरीक्षक पडरौना कोतवाली राज प्रकाश सिंह, प्रभारी उनि शरद भारती प्रभारी सर्विलान्स सेल, उनि आलोक कुमार स्वाट, उनि नबीस अहमद, सुशील सिंह, शम्मी, लक्ष्मण सिंह सहित दो दर्जन पुलिस कर्मी शामिल रहे।

कलश लेकर घर-घर पहुंच रहे युवा

अमेठी अवधनामा संवाददाता। घर-घर अमृत कलश लेकर जहां युवा पहुंच रहे हैं वहीं ग्रामीण भी जमकर उत्साह दिखा रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में गुरुवार को नेहरू युवा केंद्र और युवक मंगल दल की ओर से विकास खंड अमेठी के ग्राम महादेवन पूरे अगवान मजरे कोरारी गिरधर शाह में राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक विवेक मिश्र के नेतृत्व में युवा घर घर पहुंचे और एक चुटकी चावल एक मुट्ठी मिट्टी एकत्रित किया। गया। एनवाईके की उपनिदेशक डॉ आराधना राज और जिला युवा कल्याण अधिकारी ने लोगों को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत संबोधित किया। बताया कि यह अभियान पूरे जिले में सभी ग्राम पंचायतों में लगातार 30 सितंबर तक चलेगा। इस अवसर पर युवा मंडल के अध्यक्ष अमन पांडेय पूर्व प्रधान लाल जी यादव ग्राम पंचायत सचिव मुकेश कुशवाहा बलवंत सिंह विकास शुक्ल राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक आशा वीनू सिंह माधुरी सिंह संतोष कुमार सरवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा की डीएम ने दिलाई शपथ

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और शहरी द्वारा संयुक्त रूप से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है इसकी थीम कचरा मुक्त भारत है। इस स्वच्छता पखवाड़े में विशेषकर ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर जहां लोगों का आवागमन ज्यादा होता है जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक स्मारक, नदियों के किनारे, घाट, नालियां और नाले आदि पर साफ सफाई की गतिविधियां संचालित किया जाना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साव्या छाबड़ा, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी डीएन सिंह, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीपीआरओ श्रीकांत यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

प्रमुख प्रतिनिधि ने चखा दाल पकौड़ी व चटनी का स्वाद

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से जुड़ी बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार योजना विभाग द्वारा बाल विकास परियोजना कार्यालय भटहट से लोगों को जागरूक करने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गुरुवार को पोषण रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को कुपोषण से बचाने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान बाल विकास परियोजना कार्यालय पर अन्न रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषित खाद्य सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई गई। खाद्य सामग्री प्रदर्शनी में पहुंचे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने दाल पकौड़ी के साथ चटनी का स्वाद चखा और खूब तारीफ की। रैली बाल विकास परियोजना कार्यालय से होते हुए भटहट कस्बे में भी घुमाई गई। इस दौरान आंगनवाड़ी अध्यक्ष नाहीदा निशा, सुपरवाइजर कुसुम शर्मा, उर्मिला यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मंजू चन्द्रा, अर्चना, गीता, सुशीला, सबीता अनीता आदि उपस्थित रहीं।

भटनी स्टेशन पर एक साथ चल रहा है स्वच्छता पखवाड़ा

भटनी अवधनामा संवाददाता। भटनी रेलवे स्टेशन के सुंदरीकरण, प्लेटफॉर्म शेडों का विस्तार सहित प्लेटफार्म चार और पांच पर शेड के अंदर मार्बल लगाए जा रहे हैं। इसी के साथ देशभर में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके लिए प्रशासन और जनता मिलकर काम कर रहे हैं। भटनी स्टेशन पर भी पखवाड़े में रोज हलचल रहती है। रेलवे में पखवाड़े की शुरुआत रेलवे बोर्ड की अध्यक्षा और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा ने रेल भवन में स्वच्छता शपथ दिलाकर किया था। भारतीय रेलवे में स्वच्छता पखवाड़ा का मकसद रेलवे परिक्षेत्र, प्लेटफॉर्मों को साफ सुथरा रखना, स्वच्छ पेय, स्वच्छ आहार, रेल पटरियों के आस-पास फैली गंदगी को खत्म करना और गंदगी नहीं फैलने के लिए जागरूक करना है। हर एक के लिए एक दिन निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में आज भटनी रेलवे स्टेशन पर रेलकर्मियों द्वारा स्वच्छ रेलगाड़ी के लिए पूरे दिन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पूरा दिन रेलगाड़ियों की सफाई की गई, लोगों को शौचालयों का प्रयोग करने,प्लास्टिक से बचने और साफ सफाई रखने की आदतों को अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

निशुल्क होगी दूध दाल मसाले व मिठाई की जाँच

अमेठी। अभिहित अधिकारी राजेश द्विवेदी ने बताया कि जनपद में खाद्य सुरक्षा विभाग की मोबाइल लैब फूड सेफ्टी आन व्हील आई हुई है, जिसका लाभ व्यापारी वर्ग और उपभोक्ता वर्ग दोनों ही निशुल्क उठा रहे हैं। आज तहसील तिलोई में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम के साथ मोबाइल लैब एफएसडब्ल्यू पीढ़ी कस्बे में पहुँची। वहां आम उपभोक्ताओं और दुकानों पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों की जाँच करते हुए विशेष रूप से छोटे चाट ठेले लगाने वालों को लक्ष्य कर के जागरूक किया गया। चाट ठेलों इत्यादि पर रंगीन चटनी एवं फिंगर चिप्स में मानक से अधिक रंग पाए जाने पर मौके पर ही नष्ट कराया और चेतावनी भी दी कि भविष्य में भी यदि रंगों का अत्यधिक प्रयोग पाया गया तो नमूना भेजकर विधिक कार्यवाही की जाएगी। कस्बे में फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स के माध्यम से बाजार में होने वाली जाँच से उपभोक्ता और व्यापारी वर्ग दोनों ही खुश दिखे। जहाँ व्यापारी वर्ग ने शपथ ली कि अब वे खाद्य रंगों का प्रयोग नहीं करेंगे, वही पीढ़ी कस्बे में आये ग्रामीण अंचल के उपभोक्ताओं ने भी आज के बाद कभी रंगीन मिठाई, चाट आदि खाद्य पदार्थ नहीं खरीदने की शपथ ली।

प्रधानपति व रोजगार सेवक पर मनरेगा कार्यों में धनउगाही का आरोप

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। विकास खण्ड दुदही अंतर्गत ग्राम पंचायत जंगल लुअठहां के ग्रामीणों ने डीसी मनरेगा, डीएम और सीडीओ को संयुक्त रूप से शिकायती पत्र देकर रोजगार सेवक दीपक कुमार, प्रधानपति शंकर प्रसाद एवं प्रदीप कुमार के द्वारा मनरेगा के तहत व्यापक रूप से धनउगाही करने का आरोप लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्याय की मांग की गई थी।

उक्त विकासखंड अंतर्गत ग्राम सभा जंगल लुअठहां के ग्रामीणों ने दिए गए शिकायत पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि ग्रामसभा के प्रधान पति शंकर प्रसाद एवं पुत्र प्रदीप कुमार और रोजगार सेवक दीपक कुमार के द्वारा मनरेगा के मजदूरी एवं कार्य मे घोर अनियमितता की जा रही है तथा रोजगार सेवक के द्वारा जो भी मनरेगा से काम करवाया जाता है उसमे काम कोई और करता है और फोटो किसी और का खींचा जाता है और मजदूरी किसी और के खाते में भेजा जाता है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि कुछ परियोजनाओं पर बिना काम कराए ही भुगतान करा लिया गया है। ग्रामीणों के बार-बार मना करने के बाद भी रोजगार सेवक एवं प्रधान पुत्र प्रदीप के द्वारा हमारे खाते में पैसा भेजवा कर हम लोगों के खाते से जबरन निकलवाया जाता है। मना करने पर प्रधान पति शंकर प्रसाद एवं रोजगार सेवक दीपक के द्वारा फर्जी मुकदमे मे फंसाने की धमकी दी जा रही है। उक्त के सम्बन्ध में 14 सितंबर 23 को भी शिकायती पत्र दिया गया था, जिसके तहत लोकपाल मनरेगा द्वारा मौके पर जांच करने गए थे लेकिन ग्रामीणों को न बुलाकर दोषियों से मिलीभगत कारण उक्त मामले मे लीपा पोती कर दी गयी हैं। जिससे ग्रामीणों को न्याय मिल पाना संभव नहीं है। ग्रामीणों द्वारा उक्त प्रकरण की जांच जिले स्तर के किसी सक्षम अधिकारी से कराकर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने की मांग की थी। इस अवसर पर कृष्ण मोहन, कमलावती, फुलकलिया, जिना, सैबुन, बब्लू, जयनारायण, हदीस आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

टहलने गई महिला को तेंदुए ने किया जख्मी

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। रामकोला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के धनौजी खास में एक तेंदुए ने एक महिला पर तब हमला कर दिया जब वह सुबह टहलने निकली थी। परिजन घायल महिला को इलाज के लिए कसया ले गए जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस व वन विभाग की टीम ने घंटों कांबिंग की लेकिन तेंदुआ हाथ नहीं आ सका।

तेंदुए के हमले से घायल महिला

रामकोला नगर पंचायत के धनौजी खास निवासी ज्योति देवी पत्नी महेन्द्र उम्र 45 वर्ष गुरुवार सुबह अपने घर से मुख्य सड़क की ओर जाने वाली राह पर टहल रही थी। अचानक तेंदुआ उन पर हमला कर दिया। तेंदुए के पंजे से महिला के गर्दन पर गहरे जख्म बन गये।

तेंदुए के पद चिन्ह से कॉबिंग करती वन विभाग की टीम

महिला की चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक तेंदुआ गन्ने के खेत में भाग चुका था। सूचना पर वन विभाग से वन क्षेत्राधिकार जयंत सिंह राणा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पंजे का निशान देखकर तेंदुआ होने की अंदेशा जताया। पुलिस और वन विभाग की टीम गन्ने के खेत में सर्च अभियान चलाई। लेकिन तेंदुआ नहीं मिला। तेंदुए को लेकर गांव के लोग दहशत में हैं। सरेह के तरफ जाने से लोग डर रहे हैं। सबसे भय ग्रस्त वे लोग हैं जो प्रतिदिन सरेह में पशुओं के लिए चारा काटने जाते हैं। अब लोग इस तेंदुए की दहशत से डर गए हैं कि हमारे पशुओं को चार कहां से आएगा। मौके पर वार्ड के सभासद प्रतिनिधि जनार्दन यादव, पूर्व प्रधान कमलेश यादव, पूर्व प्रधान मुनेब कुशवाहा, योगेंद्र चौधरी, प्रभु भारती, राजेश भारती, मुकेश कुशवाहा, माखन कुशवाहा, आदि लोग उपस्थित रहे।

डीएम की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता शपथ का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज विकास भवन स्थित गांधी सभागार में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता शपथ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने जनपदवासियों से स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाने का अनुरोध किया। यदि नागरिक ठान ली तो गंदगी हो ही नहीं सकती।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम कचरा मुक्त भारत है और इसके केंद्र में है संपूर्ण स्वच्छ गांव तथा साफ-सफाई को प्रत्येक व्यक्ति की जीवनशैली बनाना। प्रत्येक नागरिक को श्रमदान कर जनपद को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देना चाहिए। यदि नागरिक स्वच्छता संबंधित आदतों को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बना लें तो ऐसी कोई वजह नहीं कि जनपद स्वच्छ एवं सुंदर न दिखे। पखवाड़े के अंतर्गत स्कूलों और कॉलेजों में स्वच्छता क्लब स्थापित जाएंगे। इस अभियान में सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति पर विशेष रूप से जोर दिया जाएगा। डीएम ने कहा कि स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत प्लास्टिक कचरा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रत्येक ब्लॉक में सर्वाधिक प्लास्टिक कचरा एकत्र करने वाले तीन-तीन ग्राम पंचायतों को तौल के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में स्वच्छता आधारित इंटर वार्ड कंपटीशन आयोजित होगा। प्रत्येक नगरीय निकाय क्षेत्र में तौल के आधार पर सर्वाधिक प्लास्टिक कचरा एकत्र करने वाले तीन-तीन वार्डों को भी आगामी 2 अक्टूबर को सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि सबसे स्वच्छ कार्यालय को भी पुरस्कृत किया जाएगा। डीपीआरओ सर्वेश कुमार पांडेय ने बताया कि समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में गीले एवं कचरे के प्रबंधन के लिए कंपोस्ट पिट, नाडेप एवं वर्मी कंपोस्ट बनाने के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर सीएमओ डॉ राजेश झा, जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय, डीएफओ जगदीश आर, एआरटीओ आशुतोष शुक्ला, पीडी अनिल कुमार, डीपीओ कृष्णकांत राय सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

डीएम ने लिया ई क्रॉप सर्वे कार्य का जायजा

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज तरकुलवा ब्लॉक के कंचनपुर ग्राम पंचायत में ई क्रॉप सर्वे कार्य का जायजा लिया। उन्होंने लेखपाल एवं राजस्व विभाग के कार्मिकों से अद्यतन जानकारी प्राप्त की। डीएम ने कहा कि ई क्रॉप सर्वे शासन की प्राथमिकता का कार्य है, इसमें किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए। कार्य को समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए। सर्वे कार्य में लापरवाही करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

वहीं जिलाधिकारी ने तरकुलवा में नगर पंचायत कार्यालय निर्माण हेतु भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का कार्यालय ऐसी जगह पर बनाया जाए जहां आमजन को आने जाने में किसी भी तरह की असुविधा न हो। रोड की कनेक्टिविटी अच्छी होनी चाहिए एवं भूमि पूर्णतया निर्विवादित होनी चाहिए। जनपद के समस्त नवनिर्मित नगर निकायों का खुद का कार्यालय बनाया जाएगा।

नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत



देवरिया अवधनामा संवाददाता। जनपद देवरिया के नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह का गुरुवार को समारोह पुर्वक स्वागत भाजपा नेता नीरज शाही के आवास देवराड पिपरा-चन्द्रभान तथा सोनूघाट चौराहे पर भारी संख्या में गाजे-बाजे के साथ किया गया। उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का कोई लापरवाही नहीं होने दिया जाएगा उनके सम्मान की रक्षा और पार्टी को जनपद देवरिया में नए कीर्तिमान स्थापित कराना हमारा प्रमुख लक्ष्य होगा। नीरज शाही ने कहा कि भुपेन्द जी किसान परिवार से तथा पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता रहे हैं इसलिए इनके नेतृत्व में पार्टी काफी मजबूत होगा। सदर ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ता ने कहा कि छात्र नेता के समय से ही आपने जरूरतमंद तथा छोटे कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलते रहे हैं जिसके कारण आपकी छवि एक जननेता के रूप में रही है। सारे कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर हैं। इस अवसर पर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ से राजेश कुमार मिश्र, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविन्द सिंह, सतीश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजेश मिश्रा, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि, प्रमोद सिंह, मंडल अध्यक्ष भलुअनी प्रमोद सिंह, अरविन्द चौहान, मंडल अध्यक्ष देवरिया देहात अरविंद चौहान, रवि प्रकाश मिश्रा, पुर्व जिला पंचायत सदस्य राजन यादव, पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि पाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू गोड, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्रा, अजय सिंह अन्नू, डा. डी डी गुप्ता, नवीन यादव, विजय जायसवाल, विवेक कुमार शाही मुन्ना सिंह समाजसेवी अवधेश गुप्ता मौजूद रहे।

हमारी मानसिकता में बेरोजगारी है, हमें स्वयं इससे बाहर आना है: सतीश कुमार

देवरिया अवधनामा संवाददाता। हमारी मानसिकता में बेरोजगारी है, इस मानसिकता को हम स्वयं ही बदल सकते हैं। सरकार के पास नौकरी सीमित है, देश के 37 करोड़ युवाओं को खुद प्रयास करके उद्यमिता का मार्ग अपनाना होगा और आगे बढ़ना होगा। यह कहना है स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संगठक सतीश कुमार का। वे बृहस्पतिवार को जागृति उद्यम केंद्र ङ्क पूर्वांचल के बरगद समाभार में आयोजित गोरक्ष प्रान्त युवा स्वावलंबी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में जागृति के संस्थापक शशांक मणि ने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से कहा कि उद्यमिता के माध्यम से ही बेरोजगारी की समस्या खत्म हो सकती है। सरकार अपना काम कर रही है लेकिन आप भी अपना कर्तव्य निभाते हुए उद्यमिता करें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान अवश्य ही दें। मुख्य अतिथि सतीश कुमार ने कहा कि देवरिया में शशांक मणि जैसे लोग आपके बीच उपस्थित है, आपकी सहायता के लिए यह हमेशा तत्पर रहेंगे। स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा शशांक मणि को उद्यमिता के प्रचार के लिए पूर्वांचल के 10 जिलों का दायित्व दिया गया है।

पशुपालकों की समृद्धि में संजीवनी बनेगी नंदिनी

अवधनामा संवाददाता

- पायलट प्रोजेक्ट वाले 10 जिलों में गोरखपुर भी
- 50 फीसद अनुदान पर जिले में खुलेगी चार डेयरी यूनिट
- एक विकल्प में 31 लाख 25 हजार तो दूसरे विकल्प में 30 लाख 50 हजार रुपये का अनुदान

गोरखपुर। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए योगी सरकार किसानों और पशुपालकों को समृद्धि की संजीवनी देने जा रही है। इसके लिए बहुउद्देश्यीय लक्ष्यों वाली नंदिनी कृषक समृद्धि योजना लांच की गई है। 50 फीसद अनुदान वाली इस योजना से दूध का उत्पादन बढ़ने के साथ उन्नत नस्ल वाले पशुधन का संरक्षण और संवर्धन भी होगा। फिलहाल इस योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के 10 जिलों में शुरू किया जा रहा है। इन जिलों में गोरखपुर भी शामिल है। योजना के तहत जिले में पशुपालकों को अनुदान देकर चार डेयरी यूनिट खोली जाएंगी।

यह सर्वविदित है कि देश की आबादी के लिहाज से सबसे बड़े राज्य यूपी की अधिकांश जनता ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। ग्रामीण आबादी के जीविकोपार्जन का मुख्य स्रोत कृषि एवं पशुपालन है। वर्तमान में कृषि क्षेत्र के कुल योगदान में पशुपालन का योगदान 29.3 प्रतिशत है। पशुधन विकास के क्षेत्र में अग्रणी और दूध उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में प्रति पशु उत्पादकता कम है। प्रदेश में देशी गायों की उत्पादकता 3.6 किग्रा तथा भैंसों की उत्पादकता 5.02 किग्रा प्रतिदिन प्रति पशु है जबकि पंजाब एवं हरियाणा में अधिक है। इसका मुख्य कारण यूपी में उच्च गुणवत्ता वाले दुधारू पशुओं की कमी है।

इसे देखते हुए योगी सरकार पशुपालन के क्षेत्र में उद्यमिता विकास के लिए नंद बाबा दुग्ध मिशन चला रही है। इसी मिशन के तहत नंदिनी कृषक समृद्धि योजना को भी लांच किया गया है। नंदिनी कृषक समृद्धि योजना का मुख्य उद्देश्य उच्च उत्पादन क्षमता के गोवंश का संवर्धन, पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी, पशुपालकों के लिए उच्च क्षमता के गोवंश की उपलब्धता सुनिश्चित करना, रोजगार के अवसर प्रदान करना तथा पशुपालकों की आय को बढ़ाना है। प्रथम चरण में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह योजना प्रदेश के दस मंडल (मुख्यालयों गोरखपुर, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, झांसी, मेरठ, आगरा एवं बरेली) में शुरू की गई है। योजना के अंतर्गत पहले चरण में प्रदेश में 25 दुधारू गायों की कुल 35 डेयरी यूनिट स्थापित की जाएंगी। दुधारू गायों में साहीवाल, गिर, थारपारकर एवं गंगातीरी प्रजाति की गायों को ही सम्मिलित किया जाएगा। गंगातीरी नस्ल के गोवंशवाली इकाइयों में अधिकतम पांच गंगातीरी गोवंश अनुमन्य होंगे। परियोजना के दो विकल्प होंगे।

चरणवार मिलेगा अनुदान

योजना में अनुदान चरणवार दिया जाएगा। पहले चरण में डेयरी यूनिट की आधारभूत संरचना तैयार होने व सत्यापन के बाद 25 प्रतिशत अनुदान प्राप्त होगा। दूसरे चरण में 25 दुधारू गोवंश के नियमानुसार क्रय एवं इसके सत्यापन के बाद 12.5 प्रतिशत तथा तीसरे चरण में 25 दुधारू गोवंश में से 10 संतति उत्पन्न होने व सत्यापन के पश्चात 12.5 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध होगा। इस योजना में आवेदन के लिए आवेदक को गोवंश या महिष पालन के क्षेत्र में तीन साल का अनुभव और इस संबंध में पशु चिकित्सा अधिकारी से प्रमाण पत्र हासिल होना चाहिए। आवेदक के पास यूनिट लगाने के लिए आधा एकड़ तथा चारा उत्पादन के लिए डेढ़ एकड़ भूमि होनी चाहिए। पूर्व में संचालित कामधेनु, मिनी कामधेनु या माइक्रो कामधेनु योजना के लाभार्थियों को नंदिनी कृषक समृद्धि योजना का लाभ नहीं दिया जा सकेगा।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण का उत्सव

देवरिया अवधनामा संवाददाता। महिलाओं के आरक्षण सम्बन्धी नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पास होने पर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक पर एक-दूसरे को मिठाई खिला खुशी व्यक्त किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। इस दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भारती शर्मा ने कहा कि यह देश के लिये ऐतिहासिक दिन है, महिलाओं के उत्थान के लिये ऐतिहासिक निर्णय है।देश की आधी आबादी के लिए संकल्पित प्रधानमंत्री मोदी के अभूतपूर्व एवं दृढ़ता पूर्ण नेतृत्व का अभिनन्दन है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम सच्ची भावना में महिला सशक्तिकरण का उत्सव है, जो महिलाओं के लिए हमारे देश को विश्व नेता के रूप में आगे ले जाने के द्वार खोलता है। भाजपा जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने कहा कि भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं है बल्कि गवर्नेंस के केंद्र बिंदु के रूप में मातृशक्ति की परिकल्पना है।महिला कल्याण प्रधानसेवक मोदी के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। भाजपा जिला मंत्री निर्मला गौतम ने कहा कि पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक महिला जनप्रतिनिधियों का मानवर्धन करने का काम भाजपा सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल के माध्यम से किया गया है।प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की महिला जनप्रतिनिधियों का सम्मान सुनिश्चित हुआ है।

नन्हे राजा को न्याय दिलाने हेतु क्षत्रिय महासभा ने दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

- अति शीघ्र कार्यवाही न होने पर होगा वृहद आंदोलनः करणी सेना

ललितपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं करणी सेना के संयुक्त तत्वाधान में नन्हे राजा की संदिग्ध मृत्यु होने पर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि नन्हे राजा पुत्र देवी सिंह को स्थानीय वेटना के प्राइवेट चिकित्सक ने लापरवाही के चलते गलत इलाज कर दिया एवं कूल्हे पर इंजेक्शन लगा दिए। जिससे पूरे शरीर मे इंफेक्शन फेल गया। जिन्हें झांसी, ग्वालियर, सागर एवं अन्य जगह इलाज कराया गया। लेकिन कोई आराम नही हुआ। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी थी। उक्त घटना से परिवार में कोहराम मच गया। स्थिति दयनीय हो गयी। उक्त चिकित्सक एक झोलाछाप चिकित्सक है, जिसका नाम रमेश निरंजन पुत्र मोतीलाल ग्राम पिपरियापाली का निवासी बताया जा रहा है। जो वेटना में एक निजी अस्पताल खोले था। उक्त डॉक्टर की लापरवाही के चलते जितेन्द्र राजा के पिताजी नन्हे राजा की मृत्यु हो गयी है। जिसकी प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु जितेन्द्र राजा 14 सितंबर 2023 को थानाध्यक्ष नाराहट को प्रार्थना पत्र दिया था। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नही हुई। इसके बाद जितेन्द्र राजा ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर अभी तक उक्त रमेश पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नही हुई। जिससे आरोपी खुलेआम घूम रहा है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति दबंगई दिखाते हुये कार्यवाही करने पर तमाम प्रकार की धमकियां दे रहा है। बताया कि उक्त झोलाछाप चिकित्सक पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाना आवश्यक है। अन्यथा की स्थित में संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी। पूरे मामले पर अपर जिलाधिकारी ने 5 दिन में कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार, जिला महामंत्री भगवत सिंह बैस, करणी सेना भारत के मध्यप्रदेश अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह गौर, राजेन्द्र सिंह राठौर, रविन्द्र सिंह परमार, राजू राजा, सुंदरपाल सिंह, संग्रामसिंह बुन्देला, इंद्रपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, सूर्यप्रताप सिंह, राजाजी, अमर राजा, यादवेंद्र सिंह बुन्देला, प्रद्युम्न राजा, राजेन्द्र कुमार सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, यश प्रताप, दीपक राजा, रुद्रप्रताप सिंह, कैलाश शर्मा, राहुल राजा, समर राजा, अनिकेत, अंशुल राजा, राजकुमार सिंह, साहब राजा, सुरेन्द्रपाल सिंह बुन्देला, जंडेल सिंह, गजराज सिंह, गिन्नी राजा, शैलेन्द्र सिंह, सोवरन सिंह, युवराज बुन्देला, बब्लू राजा, शक्ति राजा आदि अनेकों क्षत्रिय उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री भगवत सिंह बैस ने किया।

भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीरामकथा का हुआ शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। श्री श्री 1008 श्री शारदा माता मंदिर तालाबपुरा में श्री मां शारदा सेवा समिति के तत्वाधान में नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के पहले दिन नगर में विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं अपने सिर पर कलश रखें मंगल गीत गाते हुए आगे चल रहीं थी, वहीं मुख्य यजमान श्री रामचरित मानस सिर पर धारण किये चल रहे थे। इस दौरान डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु नृत्य कर कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। बताते चलें कि 20 सितम्बर से श्री शारदा माता मंदिर तालाबपुरा में विध्यांचल से आए कथा वाचक पं. रामकृष्ण दुबे महाराज के मुखारबिंद से भव्य श्री रामकथा का आयोजन शुरू हो गया है। जिसका समापन 29 सितम्बर को हवन पूजन, कन्याभोज एवं प्रसाद वितरण के साथ होगा। श्री मां शारदा सेवा समिति द्वारा श्रीरामकथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राजेंद्र श्रीवास्तव, संजय बुंदेला, भरत रावत, नीरज राठौर, सुखसाहब यादव, भागवत राठौर, रामनारायण शर्मा, देवेंद्र राजपूत, मुकेश यादव, आरपीएफ जय हिंदर, सुखसाहब परमार के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

जलबिहार के पूर्व तैयारियां होंगी चाक-चौबंदः नपाध्यक्ष

- नपाध्यक्ष प्रतिनिधि व पार्षदों ने किया सुम्मेरा तालाब का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। नगर के ऐतिहासिक स्थल सुम्मेरा तालाब नपाध्यक्ष सरला जैन के निर्देशानुसार पालिका के समस्त पार्षद, अधिकारी, कर्मचारियों ने 25 सितम्बर को डोल ग्यारस (जल झूलनी एकादशी) जल बिहार की त्यौहार की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। डोल ग्यारस (जल झूलनी एकादशी) जल बिहार त्यौहार पर तालाब पर नगर के समस्त मंदिरों, देवालयों से विमानों में देवी-देवताओं को विराजमान होकर तालाब पर एकत्रित होते हैं, जहां तालाब के घाटों पर स्नान, पूजा आदि की जाती है, तत्पश्चात नृसिंह मंदिर प्रांगण में सभी विमान जी विराजते हैं, जिसके दृष्टिगत पालिका द्वारा तालाब पर समस्त तैयारियां जैसे लाईट सजावट, पांडाल, घाटों की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, साज-सज्जा, बैनर, होर्डिंग, वीडियाग्राफी एवं आदि कार्य कराये जाते हैं। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन एवं पार्षदों द्वारा निरीक्षण करते हुये अवर अभियन्ता को नृसिंह मंदिर मैदान के समतलीकरण तथा तालाब की ओर आने वाले समस्त सड़कों के गड्ढे भरवाने के दिशा-निर्देश दिये गये, दोनों सफाई निरीक्षकों को तालाब के घाटों की साफ-सफाई, घाटों की सीढियों पर जमी चिकनाई (कई) को शीघ्र साफ-कराने के निर्देश निर्गत किये गये। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा पालिका के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को सभी तैयारियों समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान जगदीश यादव, अशोक पंथ, अफजुल रहमान, उदय प्रताप यादव, जानकी प्रसाद, जितेन्द्र कुमार राठौर, रमेश कुमार उर्फ गांधी, गिरीश पाठक सोनू, पार्षद प्रतिनिधि गिरधारी कुशवाहा, धरमवीर कुशवाहा, अमित नायक, आनन्द यादव, अरविन्द राजा, करन कुशवाहा, अमित कुशवाहा, विनोद कुशवाहा समेत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, कार्यालय अधीक्षक रमाकांत तिवारी, वरिष्ठ लिपिक चन्द्रविनोद मिश्रा, लेखा लिपिक दीनदयाल सोनी, निर्माण लिपिक अभिषेक चौबे आदि उपस्थित रहे।

रेलवे क्रासिंग पर गढ्ढायुक्त रोड को करायें ठीकः जिलाधिकारी

गोण्डा। बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने महादेवा रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज एवं मिश्रौलिया रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज तथा सोनीगुमती रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज पर चल रहे कार्यों के प्रगति का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने वहां पर उपस्थित रेलवे एवं सेतु निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि सभी ओवरब्रिज पर चल रहे कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समय सीमा के अन्दर तैयार करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही उन्होंने सेतु निगम व रेलवे के अधिकारियों से कहा है कि आपस में संवाद स्थापित करते हुए बचे हुए कार्यों को समय से पूर्ण करायें, तथा समय समय पर प्रगति के संबंध में अवगत करायें। इसके साथ ही उन्होंने वहां पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि क्रासिंग के आस पास खराब व गढ्ढायुक्त सड़कों को तत्काल सही कराकर हमको अवगत करायें। साथ ही सड़क सही कराने का फोटोग्राफ भी भेजें। ताकि जनसमान्य के आवागमन में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट चन्द्रशेखर, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, रेलवे के अधिकारी, सेतु निगम के संबंधित अधिकारी, एसएचओ कोतवाली नगर संजय कुमार सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य बनने पर जताया आभार

सुल्तानपुर। महिला आरक्षण बिल के लोकसभा से पास होने पर खुशी है किंतु इसे तत्काल प्रभाव से लागू करें तो स्वागत है। जनता दल यू प्रबुद्ध प्रकोष्ठ अध्यक्ष ओम प्रकाश उपाध्याय ने कहा कि बिहार में तो इसे नीतीश कुमार जी ने काफी पहले ही लागू कर दिया था।कनाडा गलत कर रहा है, गांव में सुविधाओं को पुख्ता किया जाए। बेहद परेशानी है, युवकों को रोजगार एवं वरिष्ठ जनों को सुविधा दे सरकार।आवारा पशुओं से किसानों को बचाने की व्यवस्था करें। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश के प्रदेश संयोजक कार्यकारी अध्यक्ष माननीय सत्येंद्र पटेल जी ने 14 सदस्यों की कमेटी का गठन किया है। जिसके तहत सदस्यता संगठन विस्तार एवं भविष्य केकार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु यह कमेटी अहम स्थान रखेगी।श्री उपाध्याय ने इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश संयोजक तथा कार्यकारी अध्यक्ष का मान मंत्री श्रवण कुमार, माननीय मंत्री ग्रामीण विकास बिहार सरकार, प्रभारी उत्तर प्रदेश का आभार जताया है।उन्होंने कहा कि हम अपने तन मन धन से इस कार्य को करेंगे।

ग्राम अदालत का आयोजन 25 सितम्बर को

बहराइच। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि ग्राम गुजरा, परगना इकौना, तहसील पयागपुर के सार्वजनिक स्थान गुजराघाट बाज़ार में ग्राम अदालत का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए एसओसी ने बताया कि ऐसे कृषक जिनका चकबन्दी से सम्बन्धित वाद सहायक चकबन्दी अधिकारी, चकबन्दी अधिकारी अथवा उप संचालक चकबन्दी के न्यायालय में विचाराधीन हो, नियम तिथि व स्थान पर उपस्थित आकर ग्राम अदालत का लाभ उठायें।

ज़िला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक 23 सितम्बर को

बहराइच। बारावफात त्यौहार एवं श्री गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन कार्यक्रम के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा धार्मिक आयोजन के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत गाइड लाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से 23 सितम्बर 2023 को अपरान्ह 04:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति कमेटी की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

जनपद में 23 सितम्बर तक होगा खाद्यान्न का वितरण

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह सितम्बर 2023 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 12 सितम्बर से प्रारम्भ हो गया है, वितरण कार्य 23 सितम्बर तक होगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। इसके अलावा अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति किलो 18 रूपये की दर से प्रति राशनकार्ड 03 कि.ग्रा. चीनी का वितरण भी किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण कार्य ई-पॉस मशीन के द्वारा आधार प्रमाणीकरण प्रक्रिया के द्वारा होगा।

मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना हेतु आवेदन प्रारम्भ

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत रू. 10 हजार अथवा 15 हजार तक का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र पाने का सुनहरा अवसर। योजना प्रदेश के समस्त जनपदों में लागू है योजना के तहत गिर, शाहीवाल, थारपारक, हरियाणा एवं गंगातेरी नस्ल की गायों का प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन उच्च स्तर का होने पर निर्धारित मानकों के अनुसार चयनित गौपालकों को रू. 10 हजार अथवा 15 हजार की प्रोत्साहन धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन 20 सितम्बर 2023 से शुरू है। आवेदन पत्र का प्रारूप यूपीडेरीडेबलामेण्ट डाट जीओवी डाट इन एवं एनीमलहस्ब डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन/ईएन पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, दुग्धशाला विकास अधिकारी, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी, खण्ड पशु चिकित्साधिकारियों के कार्यालयों में भी उपलब्ध है। इच्छुक पशुपालक अधिक जानकारी के लिए इन कार्यालयों से सम्पर्क कर सकते है। सीवीओ डॉ वर्मा ने बताया कि एक गाय के जीवन काल में केवल एक बार प्रोत्साहन का लाभ पशुपालक को प्राप्त होगा। पुरस्कार गायों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ब्यात के लिए लागू है। प्रगतिशील गौपालक को अधिकतम 2 गाय प्रति पशुपालक के लिए केवल एक बार प्रोत्साहन का लाभ अनुमन्य होगा।

कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित आधार पंजीकरण केन्द्र का डीएम ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को आधार कार्ड में अभाव में गोल्डेन कार्ड बनवाने में किसी प्रकार की समस्या न हो को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में स्थापित किये गये आधार पंजीकरण केन्द्र का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने फीता काटकर उदघाटन किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा चौधरी, प्रशिक्षु पीसीएस प्रिन्स वर्मा, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, डीसी एनआरएलएम रामेन्द्र कुशवाहा, ई-डिस्ट्रिक मैनेजर सुमित तिवारी, डीएचईआईओ बृजेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आमजनमानस विशेषकर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की अर्हता रखने वाले ऐसे व्यक्तियों जिनका आधार कार्ड के अभाव में आधार कार्ड नहीं बन रहा है, से अपील की है कि आधार पंजीकरण केन्द्र के माध्यम से अपना आधार कार्ड के माध्यम से गोल्डेन कार्ड बनवाकर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि आधार पंजीकरण केन्द्र में शून्य से 05 वर्ष तक के बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र के आधार पर आधार कार्ड बनवाया जा सकता है। इसी प्रकार 05 से 17 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों का जन्म प्रमाण-पत्र अथवा आनलाइन निवास प्रमाण-पत्र के आधार पर आधार प्रमाण-पत्र बनवाया जा सकता हे। इसके अलावा जिन लोगों का आधार कार्ड 10 वर्ष से अधिक समय का है ऐसे लोग अपना आधार अपडेट करा सकते हैं। आधार पंजीकरण केन्द्र पर आधार कार्ड से सम्बन्धित किसी प्रकार का संशोधन भी कराया जा सकता है।

वेतन ना मिलने से स्वास्थ कर्मी करेंगे आंदोलन

अवधनामा संवाददाता

- मरीजों को हो सकती है भारी दिक्कत

सुलतानपुर। स्वाशाषी राज्य मेडिकल कॉलेज/ जिला अस्पताल के कर्मचारियों में अब उबाल जैसी स्थिति दिखाई दे रही है। वजह साफ है, अस्पताल के डॉक्टर, फार्मासिस्ट, स्टाफनर्स सहित अन्य कर्मचारियों को धीरे-धीरे तीन माह होने जा रहा है, उन्हें वेतन नही मिला। वेतन क्यूं नही मिला ये सवाल अनसुलझा नही, बल्कि बडी लापरवाही है। कर्मचारियों में आक्रोष इस बात का है की अब उनके बच्चे स्कूल की फीस, ट्यूशन, लोन पर ली गई चीजों की मासिक किस्तों का तकादा उनके दरवाजे दस्तक देने लगा है। उनकी मजबूरी है की उन्हे उनकी ही मजदूरी यानि वेतन नही मिल रहा है। वेतन की बाट जोह रहे कर्मचारियों का सब्र अब जवाब दे रहा है। वृहस्पतिवार को कर्मचारी संगठनों ने बैठक कर निर्णय लेते हुए प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ.सलिल श्रीवास्तव को मांगपत्र सौंपा। जिसमें उन्होंने 4अक्टूबर से प्रातः 8से10बजे तक कार्य वहिष्कार करने का फैसला लिया है। हमारा पूरा प्रयास है की कर्मचारियों का वेतन जल्द दिलाया जाए। कर्मचारी संगठन की बैठक में अध्यक्ष ओम प्रकाश, वरि.उपाध्यक्ष डॉ.केके तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद यादव महामंत्री लक्ष्मण स्वरूप श्रीवास्तव सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। सूत्रो की माने तो समय से वेतन ना मिलने की समस्या कर्मचारियों के लिए बड़ी समस्या बन गई है, जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज बनते ही डॉक्टर से लेकर कर्मचारियों पर काम का बोझ तो बढ़ा है, पर उनकी समस्याओं से मेडिकल कॉलेज प्रशासन गंभीर कम ही दिखाई दे रहा है।

जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में उठाया महत्वपूर्ण कदम

अवधनामा संवाददाता

- पहली बार गोण्डा शहर के 20 वार्डों में हुई शहरी आशाओं की नियुक्ति
- अधिकारियों को तत्काल औपचारिकताएं पूर्ण कर ज्वाइनिंग कराने के दिए निर्देश

गोण्डा। गोण्डा नगर के पन्तनगर, पटेल नगर पश्चिमी, महरानीगंज समेत करीब 20 वार्डों में पहली बार शहरी आशाओं की नियुक्ति की पूरी कर दी गई है। जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने गुरुवार को 30 शहरी आशाओं की नियुक्ति पर मुहर लगा दी है। जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु यह कदम उठाया गया है। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर ज्वाइनिंग की औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, रिक्त 10 पदों पर अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है। इससे साथ ही, अब इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का रास्ता साफ हो गया है। टीकाकरण, बच्चों को दवा खिलाने समेत दूसरी स्वास्थ्य सेवाओं को लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा। विगत,14 जून को जनपद में 40 शहरी आशा के रिक्त पदों के लिए भर्ती की प्रक्रिया शुरू की थी। इसमें, 28 नवसृजित पदों के साथ 12 बैकलॉग के पद शामिल किए गए थे। 06 सितम्बर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में साक्षात्कार का आयोजन किया गया। कुल प्राप्त 72 आवेदन पत्रों में से शैक्षिक योग्यता एवं साक्षात्कार के माध्यम से कुल 30 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इसके साथ ही, 101 पदों के सापेक्ष शहरी आशा की संख्या 61 से बढ़कर 91 हो गई है। पहली बार 20 वार्डों में इन 30 शहरी आशाओं का चयन हुआ है। इन वार्डों की सूची में पन्तनगर, पटेल नगर पश्चिमी, अहिरान, राजेन्द्र नगर, दयानन्द नगर, जिगर गंज, राजा मोहल्ला, आवास विकास प्रथम, आवास विकास द्वितीय, छेदी पुरवा, पटेलनगर पूर्वी, महराजगंज, इमाम बाडा, शास्त्रीनगर, बलवन्त पुरवा, सिविल लाइन प्रथम, साहेबगंज, बडगांव, मकाथी गंज और महरानी गंज वार्ड शामिल हैं। पहले यहां के लोगों को वैक्सीनेशन, बच्चों को दवा खिलाने जैसे सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भटकना पड़ा था।

पार्षदों ने लगाया सोशल मीडिया से बदनाम करने का आरोप

ललितपुर। पार्षदों के खिलाफ सोशल मीडिया पर अनर्गल पोस्ट डालकर बदनाम किये जाने का आरोप लगाते हुये पार्षदों ने एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पार्षदों ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा अपनी फेसबुक आईडी के जरिए पार्षदों को बदनाम करने की नीयत से एक पोस्ट डाली गयी है।

उक्त पोस्ट में नपाध्यक्ष के प्रतिनिधि द्वारा पार्षदों को सम्मान निधि के रूप में 10300 रुपये दिये जाने की बात अंकित की गयी है। पार्षदों ने बताया कि नगर पालिका परिषद में इस प्रकार की किसी भी राशि दिये जाने का कोई प्राविधान नहीं हैं। न ही किसी पार्षद को कोई पैसा दिया गया। उन्होंने इस पूरे वाक्या को एक सोची समझी साजिश के तहत पार्षदों को बदनाम करने की बात कही।

पीएम विश्वकर्मा योजना में कारीगरों को मिलेगा लाभ

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। उपायुक्त उद्योग बाबूराम ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत परम्परागत हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों को विश्वकर्मा के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाते हुए उनकी कौशल वृद्धि, उन्नतशील टूल्स, कोलेट्रल फ्री लोन, डिजिटल भुगतान एवं ब्राण्डिंग सपोर्ट करने का उद्देश्य निर्धारित किया गया है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकता है।

18 ट्रेड को किया गया है शामिलः योजनान्तर्गत 18 ट्रेडों का सम्मिलित किया गया है, जिसमें बढ़ई, लोहर, कुम्हार सुनार, गोबी, राजमिस्त्री, डलिया बुनकर, दर्जी, नाव निर्माता, अस्त्रकार, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, मरम्मत करने वाला, मूर्तिकार, टोकरी, चटाई बुनने वाले, सुनार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी / चटाई / क्नर बुनकर / झाड़ू / बनाने वाला, गुडिया और खिलौने बनाने वाला, नाई, माली, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बुनने वाला इत्यादि शामिल है। उपयुक्त उद्योग ने बताया कि लाभार्थी को स्वतः अथवा जन सेवा केन्द्र के माध्यम से अपने को किसी एक ट्रेड में पंजीकृत कराना है। सम्बन्धित ट्रेड में लाभार्थी को 05 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान कराया जायेगा, जिसके उपरान्त लाभार्थी को 15 हजार ई-रूपी / ई-वाउचर दिया जायेगा, जिससे लाभार्थी अपने ट्रेड से सम्बन्धित टूलकिट को खरीद सकेगा। टूलकिट प्राप्त कर रोजगार प्रारम्भ करने वाले लाभार्थियों को इच्छुक होने पर एक लाख का ऋण 5 प्रतिशत के सामान्य बयाज पर बगैर किसी गारण्टी के उपलब्ध कराया जायेगा।

G20 भारत 2023 INDIA

उत्तर रेलवे

ई– ऑक्शन सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

एडमिन यूनिट / जोन	लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य / उ०रे०
नीलामी सूची सं० / लॉट सं०	14511-SLR-F2-PYGS-SRE-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	21.09.2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	06.10.2023 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	06.10.2023 at 12:30 hrs.
नीलामी सूची सं० / लॉट सं०	22417-SLR-F2-BSB-NDLS-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	21.09.2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	06.10.2023 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	06.10.2023 at 12:40 hrs.
नीलामी सूची सं० / लॉट सं०	14205-SLR-F2-AYC-DLI-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	21.09.2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	06.10.2023 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	06.10.2023 at 12:50 hrs.
नीलामी सूची सं० / लॉट सं०	22417-SLR-R1-BSB-NDLS-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	21.09.2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	06.10.2023 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	06.10.2023 at 13:00 hrs.
नीलामी सूची सं० / लॉट सं०	22184-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	21.09.2023
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	06.10.2023 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	06.10.2023 at 13:10 hrs.

Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E- Auction Module of www.ireps.gov.in

No. C/SLR Leasing Contract-2019/KS Date :- 21.09.2023 2941/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शत्रुओं, पापियों का विध्वंस करने के लिए ही राम का हुआ अवतरण

अवधनामा संवाददाता

- रामभक्तों की रक्षा व राक्षसों का विध्वंस करने गुरु विश्वामित्र का हुआ आगमन

सुल्तानपुर। राम रस अमृत महोत्सव कार्यक्रम में चल रहे भव्य श्रीराम कथा के चौथे दिवस महराज रमेश भाई शुक्ला ने भगवान श्रीराम के अवतार की कथा के पश्चात बशिष्ठ मुनि को नामकरण कराने का जब निमन्त्रण मिला तो वे नाच उठे। वशिष्ठ मुनि ने ही राम का नाम रखा, उन्हों भले ही आभास था कि इनके नाम अनेक है पर चारों भाइयों के रामनाम की ब्याख्या करते हुए कहा कि जिसके दिब्य हाथों से राक्षसों का नास होगा वह राम है। भरत को विश्व भरण करने वाले, विश्णु के अवतार में , शेषनाग के रूप में लक्ष्मण, तथा शत्रुओं का नाश करने वाले शत्रुघ्न का नाम दिया। पहले राम सहित चारों भाइयों का जनेऊ संस्कार हुआ उसके बाद शिक्षा ग्रहण करने अपने गुरु बशिष्ठ के गुरुकुल में अध्ययन करने गये। चौथे दिवस में चल रहे 11 दिवसीय श्री राम कथा के अमृत महोत्सव में राम अवतार कथा श्रवण कराने के पूर्व व्यास पूजन कराया। भगवान के अवतार की कथा के पश्चात बशिष्ठ मुनि को नामकरण कराने का जब निमन्त्रण मिला तो वे नाच उठे। हुए वशिष्ठ मुनि ने ही राम का नाम रखा, उन्होंने कहा भले ही इनके नाम अनेक है पर चारों भाइयों का नाम रखतें हुए रामनाम की ब्याख्या करते हुए कहा कि जिसके दिब्य हाथों से राक्षसों का नास हो वह राम है। भरत को विश्व भरण करने वाले, विश्णु के अवतार में , शेषनाग के रूप में लक्ष्मण, तथा शत्रुओं का नाश करने वाले शत्रुघ्न का नाम दिया। पहले राम सहित चारों भाइयों का जनेऊ संस्कार हुआ उसके बाद शिक्षा ग्रहण करने अपने गुरु बशिष्ठ के गुरुकुल में अध्ययन करने गये।

राम कथा के मानस मर्मज्ञ पंडित श्री रमेश भाई शुक्ला जी ने राम कथा का रसपान कराते कहा कि समस्त विद्याओं का ग्रहण करते समय भगवान श्री राम मानस के अनुसार %प्रात काल उठ के रघुनाथा, माता-पिता गुरु नावहिं माथा, एक सामान्य मानव को संस्कार में रहने की शिक्षा देते हुए ज्ञान का बोध कराया है। जिसे हम सभी को अपने बच्चों में यह संस्कार देने की जरूरत है जो धीरे-धीरे लुप्त होती दिख रही है यह जिम्मेदारी सभी माता-पिता के ऊपर है। चौदह वर्ष के बाद गुरु विश्वामित्र का अयोध्या में आगमन होता है उसके बाद कथा में आगे

एमजीएस मैदान स्थित पंडाल में बह रही भक्तिभाव के रसधार में डुबकी लगाई। श्री राम कथा के संयोजक पंडित निर्मल शास्त्री जी ने पंडाल में पहुंचे श्री राम भक्तों का अभिवादन करते हुए कहा 17 सितंबर से चल रहे यह राम कथा सायं 4 बजे से 8 बजे तक प्रतिदिन आगामी 27 सितंबर तक चलेगा। भक्त कथा विसर्जन के बाद पंडाल में भोजन प्रसाद लेकर ही जायें।

व्यास पूजन के चौथे दिवस में पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा डॉक्टर सीता शरण त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री पूजा कसौधन, समाजसेवी विजय अग्रहरी, रजनी सिंह, अशोक मिश्रा, प्रधान अनूप चतुर्वेदी, गोमती मित्र मंडल रुद्र प्रताप सिंह (मदन) एमजीएस प्रबंधक संजय सिंह, भारतीय मीडिया परिषद व राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह, महामंत्री जयशंकर दुबे, गीता कसौधन, दीप सिंह, पत्रकार रवि दूबे, सभासद अरूण तिवारी ने भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर व्यास पूजन किया।

विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरा हटाया जाये: जिलाधिकारी

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि 02 अक्टूबर, 2023 के अवसर पर स्वच्छता के लिए जन आन्दोलन के उत्सव के दृष्टिगत स्वच्छ भारत दिवस (एसबीडी) के रूप में मनाया जाना है, जो महात्मा को उनकी जयंती के दिन एक श्रद्धांजलि है। एसबीडी-2023 की प्रस्तावना के रूप में वार्षिक स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) पखवाड़ा स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण और शहरी द्वारा संयुक्त रूप से 15 सितंबर से 02 अक्टूबर, 2023 से आयोजित किया जा रहा है, इस सम्बन्ध में भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा, 2023 'कचरा मुक्त भारत' पखवाड़ा मनाया जाना सुनिश्चित किया गया है।

उन्होंने बताया कि एसएचएस-2023 की थीम ''कचरा मुक्त भारत'' है, जिसका उद्देश्य दृष्यमान साफ-सफाई और सफाई मित्रों के कल्याण व समृद्धि से सम्बन्धित है, विगत वर्षो की तरह स्वच्छता गतिविधियों की भावना स्वैच्छिकता/श्रमदान से है, इस स्वच्छता पखवाड़े में विशेषकर ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर जहां लोगों का आवागमन बहुतायत में होता है, जैसे-बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पर्यटन स्थल, चिड़ियाघर, राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य, ऐतिहासिक समारक, नदियों के किनारे, घाट, नालिया और नाले आदि पर साफ-सफाई की गतिविधियां क्रियान्वित किया जाना है,

महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर स्वच्छता के लिए जन आन्दोलन के उत्सव के दृष्टिगत स्वच्छ भारत दिवस (एसबीडी) के रूप में होगा आयोजित

जिसके लिए जनपद में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जानी है जैसे-सूचीबद्ध सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरा हटाया जाये, क्षेत्र में कूड़ेदान, सार्वजनिक शौचालय, अपशिष्ट परिवहन वाहन, एमआरएफएस आदि जैसी सभी स्वच्छता संपत्तियों की मरम्मत, पेंटिंग, साफ-सफाई और ब्राडिंग किया जाये, नदी तटों विशेषकर गंगा नदी के किनारे स्थित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई कराने और कपड़े (प्लास्टिक सहित) को हटाने के अभियान में सहायता प्रदान की जाये, पर्यावरण एवं वन विभाग अन्तर्गत चिड़ियाघरों, राष्टीय उद्यानों, वन्यजीव अभयारण्यों आदि संरक्षित क्षेत्रों में कूड़ा-कचरा की सफाई तथा प्लास्टिक/पॉलीथीन फैलाने से रोकने के लिए नियमानुसार कार्यवाही करायी जाये, पर्यटन स्थलों एएसआई द्वारा संरक्षित स्मारकों की सफाई अभियान के साथ-साथ एकल उपयोग वाली प्लास्टिक (सिंगल यूज्ड प्लास्टिक) वस्तुओं के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए आईईसी गतिविधियां की जाये, जैसे-सूखे और गीले कचरे के पृथक-पृथक पात्र के लिये हरा गीला सूखा नीला अभियान चलाया जाये, छावनी परिषद क्षेत्रों में आईईसी अभियानों के साथ स्वच्छता अभियान सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों को प्रोत्साहित किया जाये, स्कूलों में स्वच्छता अभियान और जागरूकता गतिविधियॉ संचालित की जाये, जिससे स्रोत पर अपशिष्ट पृथक्करण, अपशिष्ट से धन सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के विकल्पों के महत्व को बच्चे समझ सकेंगें।

अभाविप शाहजहांपुर का विभिन्न शिक्षण संस्थानों का इकाई गठन प्रारम्भ

शाहजहाँपुर अवधनामा संवाददाता। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शाहजहांपुर जिला मे परिषद का सदस्यता अभियान निरंतर जारी है अभाविप बृज प्रांत के उपाध्यक्ष डॉ अनुराग अग्रवाल ने कहा कि परिषद के सदस्यता अभियान के निमित्त शाहजहाँपुर जिला टोली ने जिला भर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों मे सदस्यता कर गत वर्ष 10330 विद्यार्थी व शिक्षकों अभाविप की सदस्यता दिलाई थी इस श्रंखला मे वर्ष 2023-24 सत्र हेतु शाहजहांपुर जिला का बीस हजार का सदस्यता लक्ष्य लिया गया है इसके निमित्त अब तक लगबग 9 हजार से अधिक सदस्यता पुरी हो चुकी है एवं शेष लक्ष्य की प्राप्ति के लिए परिषद कार्यकर्ता पुरी योजना के मेहनत के साथ अभियान को पुरा करने भी जुटे हुए हैं। जिला प्रमुख ब्रिजेश मिश्रा ने बताया कि बीस हजार के सदस्यता लक्ष्य मे शेष 11 हजार के लक्ष्य की प्राप्ति की योजना के साथ-साथ विभिन्न परिसरो की इकाईयो का गठन मे प्रारम्भ किया जा चुका है जिसमे कार्यकर्ता निरंतर सक्रिय है। जिला संयोजक संजय गुप्ता ने कहा कि इस क्रम मे तिलहर के आर वी एम इंटर कॉलेज, शाहजहाँपुर के देवी प्रसाद इंटर कॉलेज जलालाबाद के काकोरी शहीद इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की इकाईयो का गठन पूर्ण हो चुका है। जिला सह प्रमुख रविकांत शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष लगभग 50 से अधिक इंटर कॉलेज, 10+ डिग्री कॉलेज व अन्य संस्थानों सहित जिले भी लगबग 14 नगर इकाईयो का गठन किया जायेगा। अभाविप के इस सदस्यता अभियान के निमित्त विभाग प्रमुख मचकेंद्र सिंह, विभाग संगठन मंत्री मनोज यादव, महानगर एवं जिला संगठन मंत्री आकाश, प्रांत सह मंत्री श्रुति गुप्ता, विभाग सह संयोजक अनुज जोहरी जिला सदस्यता प्रमुख, जिला सदस्यता सह प्रमुख करण प्रताप आदि पदाधिकारी निरंतर कार्य कों गति देने हेतु प्रवास व सम्पर्क कर रहे है।

पुलिस मुठभेड़ में तीन गौ तस्करो को लगी गोलियां

शाहजहांपुर अवधनामा संवाददाता। तिलहर शाहजहांपुर में पुलिस अभिरक्षा से भाग रहे बदमाश का एनकाउंटर करने के बाद देर रात पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गयी। पुलिस ने काफी देर तक सरेंडर की चेतावनी दी लेकिन गौ तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसमे जबाबी फायरिंग में तीन गौ तस्करों के गोली लगी है तो वही एक पुलिस कर्मी भी इस मुठभेड़ में घायल हुए हैं। मौके पर तैनात फोर्स ने सभी घायल गौ तस्करों व पुलिसकर्मी को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।पूरी घटना शाहजहांपुर के थाना तिलहर क्षेत्र की है।

पुलिस ने बैंक व सार्वजनिक स्थानों पर की गहन चैकिंग

हमीरपुर अवधनामा संवाददाता। दिनांक 21/09/2023 को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर महोदया के निर्देशन में समस्त थाना पुलिस द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रों के अंतर्गत बैंकों, बाजार एवं सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गयी, बैंक/संस्थानों में लगे सुरक्षा कर्मियों को ब्रीफ किया गया एवं आमजन को सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया।

एसएस कॉलेज में वैभव मिश्रा ने किया रसायन विज्ञान में टॉप

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। एसएस कॉलेज के रसायन शास्त्र के एमएससी प्रथम सेमेस्टर का परिणाम शत प्रतिशत आया है। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली ने एमएससी प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित कर दिया है। कॉलेज के 20 में से 19 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया है।

इस परीक्षा में वैभव मिश्र ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया जबकि 81 प्रतिशत अंकों के साथ प्रियंशी मिश्रा और वैष्णवी सक्सेना द्वितीय स्थान और 79 प्रतिशत अंक के साथ शिवांगी सिंह तृतीय स्थान पर रही। विद्यार्थियों की सफलता पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद, एसएस कॉलेज के प्रबन्ध समिति के सचिव प्रोफेसर अवनीश मिश्रा,

पिता पंकज मिश्रा अटल हैं नवोदय में अध्यापक

एमएससी प्रथम सेमेस्टर की दी थी परीक्षा

प्राचार्य प्रोफेसर आर के आजाद, रसायन विभाग प्रभारी डॉक्टर आलोक कुमार सिंह ,डॉक्टर अमित कुमार, डॉ संदीप दीक्षित, डॉक्टर चंदन गिरी गोस्वामी और डॉक्टर मंजीत सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियो को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

स्वच्छता ही सेवा पखवाडे का हुआ आयोजन

बाँदा। शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में दिनांक 15.09.2023 से 02.10.2023 तक आयोजित किये जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत दिनांक 21.09.2023 को महेश्वरी देवी चैराहा से बन्योटा होते हुये छोटीबाजार बांदा तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजन अध्यक्ष श्रीमती मालती गुप्ता बासू एवं अधिशाषी अधिकारी श्री बुद्धि प्रकाश के नेतृत्व में डेंगू नियंत्रण अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत वार्डो में विशेष साफ-सफाई, फॉगिंग एवं एण्टीलार्वा कराया गया। ये अभियान नियंत्रण चलाया गया। अध्यक्ष महोदया द्वारा यह संदेश दिया गया कि जिस किसी को डेंगू लक्षण पाया जाता है तो नगर पालिका परिषद बांदा में आकर अवगत करायें। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक हेमन्त प्रसाद द्वारा आगामी 02 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होने वाली स्वच्छता पखवाड़ा में सभी वार्डो में विशेष सफाई अभियान फॉगिंग एवं एन्टीलार्वा की रूप रेखा से अवगत कराया गया।

संस्कार भारती द्वारा हिण्डाल्को प्रेक्षागृह में 32वें बालगोकुलम कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/ रेणुकूट। संस्कार भारती रेणुकूट द्वारा हिण्डाल्को प्रेक्षागृह में बत्तीसवां ÷बाल गोकुलम÷ श्री कृष्ण रूप सज्जा का आयोजन विगत रविवार को किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हिण्डाल्को प्रोजेक्ट विभाग के महाप्रबन्धक श्री भगवती प्रसाद शर्मा, संस्कार भारती के अध्यक्ष श्री नवल किशोर, महामंत्री श्री विपुल अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक श्री राजेंद्र सिंह शेखावत ने भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात् श्री श्याम नारायण चौबे ने संस्था का ध्येयगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में 8 माह से ढाई वर्ष और 2 वर्ष 6 माह से 4 वर्ष तक की आयु वर्गो में कुल 50 बच्चों ने मंच पर पहुंच कर अपने विविध रूपों जैसे दही माखन चुराते, गेंद खेलते, रूदन करते, मुख पर माखन, मुरली लिए हुए कृष्ण अपनी बाल सुलभ नटखट अदाओं से खचाखच भरे प्रेक्षागृह में उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। श्रीमती गीता मौर्या के निर्देशन में बच्चों की नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को नई ऊंचाइयां प्रदान किया।

निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. आशुतोष दत्त त्रिपाठी श्रीमती तनुश्री दत्ता, एवं श्रीमती शाम्भवी मिश्रा ने बच्चों के परिधानों व उनके कौशल का कुशल मूल्यांकन करते हुए कनिष्ठ वर्ग में पद्माक्षी पाण्डेय, अविश्का शुक्ला, अथर्व सिंह और वरिष्ठ वर्ग में अविका शुक्ला, स्वास्तिका और वर्निका को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्रदान किया। कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागी बाल गोपालों को हिण्डाल्को प्रबंधन मंडल की तरफ से सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भगवती प्रसाद शर्मा ने अपने हृदय स्पर्शी उद्बोधन में अपने बचपन की यादों को ताजा करते हुए कुछ संस्मरण भी सुनाए और संस्कार भारती टीम को ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया और संस्थान की तरफ से हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन भी दिया।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

सोनभद्र/विंध्यनगर अवधनामा संवाददाता। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में गणेशोत्सव 19 सितंबर 2023 से 28 सितंबर 2023 तक बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे-फ़ैन्सी ड्रेस, नृत्य, शंखनाद, चित्रकला प्रतियोगिता, पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता, मूर्तिकला, गीत-गायन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्री प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 20.09.2023 को गणेश चतुर्थी के अवसर पर बाल वर्ग कक्षा 02 तक एवं कक्षा 03 से कक्षा 06 तक के बच्चों हेतु भारतीय पौराणिकता थीम पर आधारित फ़ैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें अधिक से अधिक बच्चों ने विभिन्न परिधानों में सज-संवरकर भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख (एनटीपीसी शक्तिनगर)श्री राजीव अकोटकर, अध्यक्षा वनिता समाज श्रीमती पीयूषा अकोटकर, विशिष्ट अतिथि परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार, अध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती सरोजा फणि कुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री राजेश भारद्वाज, उपाध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती सुभा भारद्वाज एवं अन्य महाप्रबंधकगण एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहें तथा कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग पर की गयी समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थित में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग पर की गयी समीक्षा बैठक डा एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से प्राप्त विभिन्न विकास कार्यो योजनाओं के प्रगति की रैकिंग व ग्रेडिंग के अनुसार विभागवार समीक्षा की गयी।

कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड योजना सरकार व आम जनता के विश्वास को बनाये रखने के लिये लांच किया गया हैं। इसमें सभी सम्बन्धित विभागो की मासिक रैकिंग और ग्रेडिंग से प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता हैं। सभी विभाग अपने मुख्यालय से सम्पर्क स्थापित कर रैकिंग की जानकारी के लिये लागिन आई0डी0 पासवर्ड प्राप्त करें तथा अपनी रैकिंग का निरीक्षण करते हुये उसमें सुधार ले आये। उन्हाने कहा कि जिस विभाग की सितम्बर में रैंकिग खराब अथवा डी श्रेण पायी जायेगी उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में अनुपस्थित रहने पर अधिकशाषी अभियन्ता विद्युत एवं प्रभागीय वनाधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के डैशबोर्ड पर सभी विभ्रागों के कार्य योजना फीडिंग के अनुसार प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के पेडिंग के आधार पर रैकिंग/ग्रेडिंग की जा रही है। कथिपय विभागों में पाया गया है कि कार्य करने के पश्चात संबंधित पोर्टल पर अपडेट न किये जाने से रैंकिग खराब है, तथा सभी विभाग प्रत्येक दशा में अपने द्वारा किये गये कार्यो एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर समय से अवश्य फीड कर दें जिससे रैकिंग सही हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, साथ ही उन्हाने निर्देशित करते हुए कहा कि आपूर्ति में तकनीकी खराबी आने पर तत्काल ठीक कराये, तथा आगामी आने वाले त्यौहारों में नियमित आपूर्ति हेतु अभी से तैयारी कर लें जिससे आम जन मानस को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़ें।

अवैध असलहा फैक्ट्री का खुलासा

हमीरपुर अवधनामा संवाददाता। दिनांक 21.09.2023 को थाना जरिया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम परछा में बंजरग आश्रम से करीब 100 मीटर दूर नहर के पास झाडियो में संचालित अवैध शस्त्र बनाने की फैक्टरी पकड़ी गई, जिसमे 03 अभियुक्तों को मौके पर अवैध असलहा बनाते हुये अवैध असलहा व असलहा बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध मे थाना जरिया पर मु0अ0सं0 245/23 धारा 5/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। पकड़ी गई अवैध शस्त्र फैक्ट्री का मुख्य संचालक मंगल पुत्र चेतराम विश्वकर्मा है। गिरफ्तार किये गये मंगल पुत्र चेतराम विश्वकर्मा निवासी ग्राम परछा थाना जरिया जनपद हमीरपुर, निखिल राजपूत पुत्र दिनेश राजपूत निवासी ग्राम पुरैनी थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर, पंकज उर्फ राजा अहिरवार पुत्र मुन्ना अहिरवार निवासी ग्राम पुरैनी थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर उक्त तीनों के पास से पुलिस नें 05 देशी तमंचा 315 बोर, 06 देशी तमंचा 12 बोर, 02 देशी तमंचा 315 बोर अर्द्ध निर्मित, 02 देशी तमंचा 12 बोर अर्द्धनिर्मित 5) 01 जिंदा मिस कारतूस 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 ब्लैंक कारतूस 12 बोर, 02 खोखा कारतूस 12 बोर तथा भारी मात्रा में असलहा बनाने के उपकरण बरामद किया। तीनों का आपराधिक रिकार्ड है जनपद के अलावा बारहवीं जनपद में भी अभियोग पंजीकृत हैं।

डायबिटीज में इलाज से अधिक जरूरी है परहेज, नियमित व्यायाम आवश्यक

अवधनामा संवाददाता

डा. सुनील कुमार

बाँदा। इन दिनो जिला चिकित्सालय मे मरीजो की भारी तादाद उमड रही है जहां प्रतिदिन 70/80 मरीज प्रतिदिन की ओपीडी होती थी वहीं अब प्रतिदिन ओपीडी मे एक हजार से अधिक मरीज आ रहे हैं जिससे अव्यवस्था का माहौल उत्पन्न हो रहा है क्योकि औसतन एक मरीज के साथ तीन चार लोग आते है।

वैसे एक कहावत भी है कि बीमारी से अधिक बचाव जरूरी है। इस समय मौसमी बीमारियों से पीडितो की संख्या सर्वाधिक है उसमे भी बुखार और पेट दर्द के मरीज सबसे अधिक आ रहे हैं। पेट दर्द मे गैस की समस्या और डायबिटीज के मरीज सबसे अधिक हैं, इस समय खान पान असंयमित होने से पेट दर्द और गैस की समस्या सबसे अधिक होती है। बाँदा जनपद मे पीने वाले पानी मे गंदगी सबसे अधिक घरेलू नलो से ही आती है जिससे पेट के रोगी बढ रहे हैं। सरकारी अस्पताल मे अपनी सेवायें दे रहे डाक्टर सुनील कुमार का भी कहना है कि बीमारी से अधिक जरूरी है उसका बचाव। डायबिटीज और गैस इन दिनो आम बीमारी हो गयी है , परंतु इनका उपचार आज भी बिना विशेषज्ञ के सम्भव नही है इसीलिये डायबिटीज लाइजाल नही बस जागरूकता आवश्यक है ऐसा कहना है गैस्ट्रोलाजिस्ट और डायबटीज के विशेषज्ञ डा. सुनील कुमार का उन्होने एक साक्षात्कार मे बताया कि ये एक मोटाबोलिज्म डिसआर्डर के होने वाला रोग है जिसमे आपको अपने शरीर को फिट रखना आवश्यक है जिसके लिये प्रतिदिन आधे घंटे या दो तीन किलोमीटर पैदल चलना , नियमित व्यायाम, भोजन मे कार्बोहाइड्रेट कम से कम प्रयौग करें।

डायबिटीज के मरीज क्या खायें

करेले, आंवला, एलोवेरा का जूस ले सकते है , पोहा, सब्जियों मे खीरा टमाटर खा सकते है, ब्राउन ब्रेड खा सकते है, पनीर हरी सब्जी, चपाती खा सकते हैं, दाल भी ले सकते है।

क्या ना खायें

सुगर, मिठाई, चावल, आलू, गन्ने का जूस, मीट, कोक, आईसक्रीम, चाकलेट आदि के सेवन से परहेज करें।

विधायक ने पीड़ित परिवार को दिया चार लाख का स्वीकृत पत्र

मौदहा हमीरपुर अवधनामा संवाददाता। इन्सान की जान की कोई कीमत नही होती और न जान का बदला किसी भी रूप मे दिया जा सकता है जान चाहे प्राकृतिक हो या दुर्घटनातम हो जिस परिवार में कोई गुजर जाता है उस का दुख और बोझ केवल परिपरिवार को ही उठाना पड़ता है लेकिन यदि ऐसी दुख के पल में अपना कोई राजनेता न केवल परिवार के साथ खड़ा हो बल्कि जो सम्भव हो परिवार की मदद करे तो समझये उस पीड़ित परिवार के लिए ऐसा नेता परिशते से कम नही होता ऐसा ही एक नजरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिसोलर में देखनें को मिल जहाँ विधायक नें बीते दिन आकाशीय बिजली गिरने से मलखान प्रजापति की पत्नी का दुःखद निधन हो गया था उन के इस दुख के अवसर पर सदर विधायक डाक्टर मनोज प्रजापति नें पीड़ित परिवार के बीच पहुंच कर दैवीय आपदा राहत कोष से चार लाख रुपए का स्वीकृत पत्र सौंपा जिस से पीड़ित परिवार के लिए बड़ी आर्थिक मदद होगी। स्वीकृत पत्र देनें के साथ-साथ विधायक नें पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि शोकाकुल परिवार को इस आपार दुःख को सहन करनें की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी व गांव के अनेक लोग उपस्थित रहे जिन्हों ने इस सराहनीय पल को अपनी आंखों में कैद कर लिया।

आईसैक्ट की विकास यात्रा से छात्रों में जागरूकता आयेगी

अवधनामा संवाददाता

बाँदा। देश मे कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 37 वर्षो से निरंतर कार्य कर रही संस्था आइसेक्ट द्वारा छात्रों में नई शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता लाने एवं कैरियर काउंसलिंग के उद्देश्य से देश व्यापी कौशल विकास यात्रा 18 सितंबर से पूरे देश में आयोजित की जा रही है। यात्रा देश के 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही है।

यात्रा 20 सितंबर को बांदा पहुंची यात्रा का स्वागत शैल कन्या इंटर कालेज के संस्थापक श्री प्रवीण निगम जी ने किया और श्याम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अलीगंज बाँदा से श्याम निगम ने किया। आईसैक्ट ग्रुप द्वारा बच्चों को जागरूक करके नयी शिक्षा नीति का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक जागरूक करना साथ साथ बच्चों की कांउसिलिग करवाकर जो बच्चे जिस क्षेत्र मे जाना चाहते है उनकी रूचि के हिसाब उनको उस फील्ड के बारे मे अधिक से अधिक जानकारी देना है। आईसेक्ट ग्रुप से श्री विकास श्रीवास्तव एवं श्री सौरभ सक्सैना जी ने यात्रा के उद्देश्य को बताया। इस अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन शैल कन्या इंटर कालेज में किया गया। श्री विकास श्रीवास्तव जी छात्राओं संवाद करते हुए उन्हें नई शिक्षा नीति के बारे मे चर्चा की साथ ही बताया अब आप लोग एक साथ डुअल डिग्री कोर्स कर सकते है। आईसेक्ट के रोजगार मंत्रा जॉब पोर्टल की जानकारी दी जो कि उन्हें जॉब दिलाने में मदद कर्ता है। सौरभ सक्सेना जी ने आईसेक्ट और विश्व की प्रतिष्ठित कम्पनी माइक्रो सॉफ्ट के क़रार की जानकारी देते हुए उनके ऑनलाइन कोर्स करके अपने कौशल विकास कर सकते है। अंत मे छात्राओं के प्रश्न के उत्तर दिये गये। निगम जी ने भोपाल से आए कौशल विकास यात्रा के यात्रियों को एवं छात्राओं को धन्यवाद दिया।

कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बच्चो के विकास के लिये आईसेक्ट ने बताये सफलता के गुण

पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व मंत्री स्व. सूबेदार प्रसाद

सोनभद्र/चोपन। पूर्व मंत्री स्व. सूबेदार प्रसाद के आवास पर गुरुवार को उनकी सप्तमी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर नगर व आसपास के सैकड़ो लोगों ने पूर्व मंत्री के साथ व्यतीत किए स्वर्णिम पलों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख लीला देवी गौड़ ने कहा कि कोन जैसे दुरूह इलाके से निकल कर उन्होंने इस इलाके में अपने कार्यकाल के दौरान विकास की गंगा बहाई, उसके जीवन्त प्रमाण आज भी देखने को मिलते हैं। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि सूबेदार जी ने सोनभद्र के विकास में अहम योगदान दिया उनके द्वारा कराए गए कार्य आज भी अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए मिशाल है उनके बारे में जितना कहा जाए कम है। उनके किए गए कार्यो से सीख लेते हुए अनुसरण करने की आवश्यकता हैं उनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम हैं। उनके जीवन यात्रा की बातों को उनके छोटे पुत्र डॉ. सत्येंद्र आर्य ने लोगों के साथ साझा किया।

कबूतरबाजों के फरेब में आकर फंस रहे हैं युवा

अवधनामा संवाददाता

सब्ज बाग दिखाकर मोटी रकम लेकर विदेश भेजनें वाले गिरोह सक्रिय

मौदहा हमीरपुर। मौदहा क्षेत्र कबूतरबाजों के पंजे में फंसता जा रहा है, लेकिन इनके पंख कतरने के लिए कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा। विदेश जाने के जुनून में युवा और उनके घरवाले अपनी जमापूंजी लुटा रहे हैं। जमीन तक गिरवी रख रहे हैं, लेकिन उन्हें रोजगार के नाम पर सिर्फ धोखा मिलता है। इतना ही नहीं अवैध तरीके से विदेश जाने के चक्कर में कई युवाओं को जान के लाले भी पड़ते है। बढती हुई बेरोजगारी का लाभ उठाते हुए कबूतर बाज न केवल अपना नेटवर्क मजबूत कर रहें बल्कि अब इस को अन्य जिलो व प्रदेशों तक फैलाते जा रहे हैं।

बेरोजगारों को सब्जबाग दिखा कर लाखों रुपये उसूल कर उन्हें विदेशों में भेज तो दिया जाता है लेकिन कुछ समय बाद काम न मिलने या दूसरा काम मिलने की वजह से जानें वाले किसी तरह से अपने देश तो आ जाते हैं लेकिन उनके ऊपर साहूकारों का लाखों रुपए का कर्ज चढ जाता है जिसे उतारने में ही उनके जीवन के कुछ साल गुजर जाते हैं वहीं कोतवाली प्रभारी ने अभी तक ऐसे मामलों की जानकारी नहीं होने की बात कही है। देश में बढ रही बेइंतहा मंहगाई और बेरोजगारी के चलते लोग कहीं भी रोजगार के चलते रहने को तैयार हो रहे हैं।इसी का फायदा उठाकर कस्बे सहित क्षेत्र में फैले कबूतर बाजों द्वारा बेरोजगारों को विदेशों में अच्छी नौकरी के सब्जबाग दिखा कर उन्हें फांस लेते हैं जिसके एवज में एक युवक से ढाई से तीन लाख रुपये तक लिए जाते हैं।

विकास निधि के अन्तर्गत 1255.00 करोड़ स्वीकृति

- आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उप मुख्यमंत्रीकेशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्यों हेतु विधान सभा में 403 सदस्यों हेतु प्रति मा0 सदस्य को रू0 2.50 करोड़ की दर से रू0 1007.50 करोड़ तथा विधान परिषद के 99 मा0 सदस्यों हेतु प्रति सदस्य को रू0 2.50 करोड़ की दर से रू0247.50 करोड़, अर्थात विधान मण्डल के कुल 503 मा0 सदस्यों में से 502 मा0 सदस्यों हेतु कुल धनराशि रू01255.00 करोड़, जी0 एस0 टी0 सहित (रूपये बारह सौ पचपन करोड़ मात्र) को द्वितीय किश्त के रूप में अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गयी है। इस संबंध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा ग्राम्य विकास विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं कि स्वीकृत की गयी धनराशि का व्यय विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के मार्गदर्शी सिद्धांतों में उल्लिखित व्यवस्था/प्रावधानों तथा इस निमित्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार ही किया जाय। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि सम्बन्धित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वीकृत की गयी धनराशि की जानकारी तथा शासनादेश की प्रति अपने-अपने जनपद से सम्बन्धित मा0 विधान सभा/विधान परिषद सदस्यों को एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दी जाय।जारी शासनादेश में निर्देश दिए गए हैं कि विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने की कार्यवाही का दायित्व सम्बंधित मुख्य विकास अधिकारी का होगा।

गौरतलब है विधान मण्डल के दोनों सदनों के मा0 सदस्यों को अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास कार्यों हेतु विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24के लिए 1257.50 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति पूर्व में प्रदान की जा चुकी है।

यूपी के ग्रोथ इंजन को मिली रफ्तार... बेमिसाल प्रगति की ओर उत्तर प्रदेश सरकार

कैमरे बने ऐतिहासिक छण के गवाहः ग्रेटर नोएडा में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हुआ यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो का हुआ शुभारम्भ। राष्ट्रपति ने उ0प्र0 के विकास को निरन्तर ऊर्जा तथा दिशा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री की सराहना।

साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

- साइबर क्राइम की केस स्टडीस पर प्रतिभागियों के साथ की चर्चा

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। परिवहन मंत्री के निर्देशों के क्रम में आज प्रातः 11:00 बजे परिवहन निगम के सभागार में परिवहन निगम के प्रबन्ध निदेशक श्री मासूम अली सरवर, अपर प्रबन्ध निदेशक अन्नपूर्णा गर्ग की उपस्थिति में साइबर सुरक्षा विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निगम मुख्यालय के सभी अधिकारीगणों एवं क्षेत्रों में तैनात अधिकारियों द्वारा भी वीसी के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राहुल मिश्रा, साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट द्वारा वर्तमान समय में बढ़ते साइबर खतरों एवं उनके विभिन्न प्रकार से कारित होनें से अवगत कराया गया।

यह जानकारी जीएम आई0टी0 यजुवेद्र ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता द्वारा साइबर सिक्योरिटी फन्डामेन्टल्स, आई.टी. एक्ट, एडवांस थ्रीट डिटेक्शन टेक्निक्स, साइबर हाइजिनन एण्ड बेस्ट प्रैक्टिसेस के विषय पर प्रतिभागियों को विस्तृत रूप से जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में साइबर क्राइम की विभिन्न केस स्टडीस पर प्रतिभागियों के साथ चर्चा की गयी एवं विभिन्न प्रकार के मालवेयर, वायरस, ट्रोजन्स, वार्म्स (डंसूंतमए टपतनेमेए ज्तवरंदे एवं ॅवतउेद्ध से बचाव के कारणों विषयक प्रशिक्षण दिया गया। ई-मेल के माध्यम से प्राप्त होनें वाले कम्यूनीकेशन्स में डंसूंतम इत्यादि से बचाव के तरीके भी इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बताये गये।

जी0एम0 आई.टी. ने बताया कि कार्यक्रम के अन्त में विभिन्न प्रतिभागियों की प्रेच्छाओं को मुख्य वक्ता द्वारा उत्तरित किया गया। साइबर सुरक्षा के इस कार्यक्रम को प्रतिभागी अधिकारियों द्वारा सराहा गया एवं कार्यक्रम से साइबर खतरों से बचाव के तरीके जानकर सभी प्रतिभागी लाभान्वित हुए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का समापन कल दिनांक 22 सितम्बर, 2023 को किया जायेगा।

युवा कांग्रेस संगठन के चुनाव के लिए सदस्यता अभियान लॉच

लखनऊ। युवा कांग्रेस की ओर से गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस संगठन के चुनाव के लिए सदस्यता अभियान लॉच किया गया। सदस्यता अभियान से प्रदेश अध्यक्ष, महासचिव, जिला एवं विधानसभा अध्यक्षों का चुनाव किया जाएगा।

इस मौके पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी विनीत कम्बोज, युवा कांग्रेस महासचिव एवं सहप्रभारी एजाज चौधरी और इकबाल ग्रेवाल, युवा कांग्रेस के चुनाव आयोग के पीआरओ राजपाल विष्ट मध्य जोन, पूर्वी जोन अध्यक्ष दीपक चौधरी, पश्चिम जोन ठाकुर विष्ट, प्रदेश युवा कांग्रेस पूर्वी अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ओमवीर यादव उपस्थित थे। युवा कांग्रेस महासचिव विनीज कम्बोज ने कह कि अभियान के जरिए हर युवा को आगे आने का मौका मिलेगा।

संक्रमण पर भाजपा की पोल खोलेगी कांग्रेस

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस ने प्रदेश में वायरल संक्रमण बढने और भाजपा सरकार की संक्रमण रोकने की उदासीनता पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने पूरे प्रदेश में पैर फैलाती डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और वायरल बुखार जैसी घातक बीमारियों की जमीनी स्थिति जानने और पीड़ित व्यक्ति की मदद करने के निर्देश पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को दिया है। साथ ही भाजपा सरकार की अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार के चलते संक्रमण के प्रति लापरवाही की पोल खोलने का काम भी कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता करेंगे।

पार्टी प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने आरोप लगाया कि बरसात के मौसम में मच्छर जनित रोग अपने पांव पसारते जा रहे हैं। इसकी रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। हालात यह हैं कि ग्रामीण और अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में डेंगू, चिकनगुनिया और वायरल बुखार से ग्रसित पीड़ितों से अस्पताल भरे हैं। सरकारी अस्पतालों में जगह नहीं है और न ही जरूरी दवाओं का इंतजाम। जिसके चलते आम आदमी निजी अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर है, जहां आम आदमी की जेब पर डाका डाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर कांग्रेस नेता, विधानसभा प्रत्याशी, कार्यकत्रा, एआईसीसी-पीसीसी सदस्य अस्पतालों में जाकर उनके इलाज और बीमारियों से ग्रसित रोगियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करेंगे। पार्टी नेता व कार्यकर्ता अपने जिलों के अस्पतालों में भर्ती डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और वायरल बुखार के मरीजों के संबंध में अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से मिल कर अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजेंगे साथ ही प्रदेश की भाजपा सरकार की जनता के स्वास्थ्य के प्रति उदासीनता की पोल खोलेंगे।

विभिन्न लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

लखनऊ। कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में आस्था जताते हुए कन्नौज के सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कुमार, बंटू शुक्ला, बृजेश सिंह, संदीप कुमार ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह ने पार्टी में शामिल होने वालों को सदस्यता ग्रहण करायी। उन्होंने पार्टी में शामिल होने वालों का स्वागत करते हुए उनके गले में तिरंगा पट्टिका पहनाई और सदस्यता कार्ड दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर जिस तरह देश की जनता का रुझान कांग्रेस की ओर दिख रहा हैं, आने वाले समय में निश्चित रूप से कांग्रेस इस देश की सत्ता पर काबिज होगी।

भाषा वि.वि. में छात्रों को मिला 9 लाख का पैकेज

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा कराई गई प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत 5 होनहार विद्यार्थियों का बायजूस कंपनी में 9 लाख के पैकेज पर चयन हुआ। पिछले चार दिवसों से चल रही इस प्रक्रिया में कुल 100 बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें बीटेक कंप्यूटर साइंस, सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, बायो टेक्नोलॉजी के साथ-साथ एमसीए, बीसीए, एमबीए, बीबीए, एमकॉम और बीकॉम के विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया। चयनित छात्रों को 8 से 9 लाख का वार्षिक पैकेज प्रदान किया जाएगा, जिसमें शुरुआती 3 महीनों में उनको ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें 22,500 का मासिक वेतन मिलेगा। पिछले तीन दिनो से भिन्न भिन्न चरणो में चयन प्रक्रिया चली। जिसमें मोहम्मद साबिर (बीटेक कंप्यूटर साइंस), मोहम्मद फैजान खान (बीटेक कंप्यूटर साइंस), विजय प्रताप (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), मोहम्मद नोमान (बीबीए) और मोहम्मद फ़राज़ इमाम (एमबीए) का चयन हुआ। कंपनी की एचआर मिस अंकिता के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार चयनित विद्यार्थीयो को 26 सितंबर तक कम्पनी में अपनी उपस्थति दर्ज करानी है।

सज्जन लोगों के घर संपदा की वृद्धि होती हैः ब्राह्मचारी

लखनऊ। इन्दिरानगर जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व के तीसरे दिन गुरुवार को उत्तम आर्जव धर्म की पूजा हुई। ब्राह्मचारी श्रीपाल ने बताया कि किसी को भी छल-कपट कभी नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो जीव सरल स्वभावी होते हैं, उनके घर में संपदा की अपने आप वृद्धि होती है। इस जगत में भी उत्तम आर्जव की ही रीति (प्रथा) अच्छी मानी है। थोड़ी-सी भी दगा, बेईमानी बहुत दुख देने वाली होती है। इससे बचने के लिए जो मन में हो, उसे ही वचनों से कहना चाहिए तथा जो वचनों से कहें, वह क्रिया अर्थात आचरण में भी होना चाहिए।

मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि प्रातः काल भगवान महावीर स्वामी की स्वर्ण कलशों से अभिषेक एवं शांतिधार की गई।

शाब्बेदारी की अलविदायी मजलिस में अली इमाम जैदी ने पेश की मर्सिया

अवधनामा ब्यूरो

- कल की मजलिस को मौलाना रजा हुसैन जरवली रात 8 बजे करेंगे खिताब

लखनऊ। अंजुमन जफरुल ईमान की शब्बेदारी का आयोजन शानदार मंजिल रकाबगंज में किया गया। मजलिस को मौलाना मुत्तकी जैदी ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन गुलामाने हुसैन, गुंचाए मजलुमियां, रजाए हुसैन, मोहिब्बाने हुसैन, नासिरुल इस्लाम, जलाल उलं ईमान,शहीदाने कर्बला आदि ने नौहाख्वानी की। अंजुमन गरीबुल अजा रूस्तम नगर की शब्बेदारी की अलविदायी मजलिस में अली इमाम जैदी ने मर्सिया पेश किया। इसके बाद अलम की जियारत करायी गयी। इमामबाड़ा नाजिम साहब विक्टोरिया स्ट्रीट में अंजुमन रौनके दीने इस्लाम की शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना एजाज अतहर ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचाए मजलूमिया, नासिरुल इस्लाम, गुलदस्ते हैदरी सहित कई अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। इमामबाड़ा शहंशाह बिल्डिंग नक्खास में मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास ने खिताब किया। अजाखाना ढयोड़ी सात सौ वाली बेगम मरहूमा कश्मीरी मोहल्ला में मजलिस को मौलाना रजा हुसैन ने खिताब किया। कल की मजलिस को मौलाना रजा हुसैन जरवली रात 8 बजे खिताब करेंगे। अजाखाना रजा अब्बास मरहूम टापे वाली गली में मौलाना मोहम्मद अस्करी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचाए मजलूमिया और लश्करे हुसैनी ने नौहाख्वानी की। इमामबाड़ा अफजल हुसैन मैदान एलएच खां में मौलाना अबुतालिब मेहदी ने मजलिस को खिताब किया। कर्बला नसरूद्दीन हैदर डालीगंज में मौलाना यासूब अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा डिप्टी मोहम्मद अजीम वजीरगंज में मौलाना आबिद बिलग्रामी ने मजलिस को खिताब किया।

दस्ते औन व मोहम्मद की शब्बेदारी की अलविदायी मजलिस में खुर्शीद रजा फतेहपुरी ने मर्सिया पढ़ा। दरगाह हजरत अब्बास में मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने मजलिस को खिताब किया। अय्यामे अजा की आखिरी रातें शीर्षक से रौजाए काजमैन में मौलाना जाहिद अहमद रिजवी ने मजलिस को खिताब किया। अजाखाने जफर शहीदी हाता कमाल जमाल रकाबगंज में मौलाना किरतास कर्बलाई ने मजलिस को खिताब किया।

शहीदाने कर्बला की याद में मजलिसें आज

लखनऊ। इमामबाड़ा अबुल फजलिल अब्बास (अ.स.) हसन पुरिया में मजलिसे अजा व शब्बेदारी का आयोजन शुक्रवार को होगा। मजलिस को मौलाना वसीउल हसन रात 8 बजे खिताब करेंगे। मजलिस का आगाज कारी हबीब आलम रिजवी तिलावते कुराने पाक से करेंगे। मजलिस के बाद अंजमुने नौहाख्वानी करेंगी। हादी लैन सरफराजगंज में रूख्सते अजा शीर्षक से मजलिस को मौलाना हैदर शरीयती रात 9 बजे खिताब करेंगे। मजलिस के बाद शबीहों की जियारत होगी व मातमी अंजुमनें नौहाख्वानी करेंगी। इमामबाड़ा झाउलाल ठाकुरगंज में शुक्रवार को शाम 6.30 बजे मजलिस को मौलाना इमरान हैदर खिताब करेंगे। मजलिस का आयोजन प्रशांत कुमार शेखर गुड्डू ने किया है। इमामबाड़ा हशमत आरा हसन पुरिया में रात 8 बजे मौलाना कर्रार हैदर मौलाई मजलिस को खिताब करेंगे।

मजलिस कलः अजाख्वाना सैयद अली नकी नादान महल रोड में नमाज ए मगरिब के बाद मौलाना सैफ अब्बास नकवी मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद रातभर अंजुमने नौहाख्वानी करेंगी।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

पिछड़ा वर्ग कल्याण मे संचालित कम्प्यूटर कोर्स मे छात्रों की शत प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाये

अवधनामा ब्यूरो

- निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से कराये पूर्ण
- दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगार मेलों का किया जाये आयोजन
- वृहद स्तर पर विभागीय योजनाओ के लाभार्थियों का कार्यक्रम आयोजित किये जाये
- विभागीय अधिकारियों का वर्कशाप आयोजन कर, योजनाओ का लिया जाये फीडबैक

लखनऊ। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने गुरूवार को विधानसभा नवीन भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता को परखते हुए समयबद्ध रूप से कार्य पूरे कराये जाय।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग मे संचालित शादी अनुदान योजना में आयसीमा की तुलना अन्य विभागों में संचालित शादी अनुदान योजना से करते हुए आयसीमा एक जैसी रखी जाय। उन्होंने कहा कि एक जैसी आयसीमा होने से अधिक से अधिक पात्र पिछड़ा वर्ग के लोगों इससे लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया जाय। इसके लिए सम्बन्धित विभागों से समन्वय भी स्थापित किया जाय। उन्होंने कहा कि विभाग में संचालित योजनाओं से लाभाविन्त लाभार्थियों का कार्यक्रम आयोजित किया जाय। वृहद स्तर पर विभागीय कार्यक्रमों का आयोजन कर संचालित योजनाओं का प्रदर्शित किया जाय। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों का वर्कशाप का आयोजन किया जाय। वर्कशाप के माध्यम से विभागीय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं में उनके फीडबैक लिये जाय। दिव्यांगजन मंत्री ने निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों के हितों के लिए नियमित रूप से मोबाईल कोर्ट का आयोजन विभिन्न जनपदों में किया जाय। उन्होंने कहा कि मोबाईल कोर्ट के आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया, जिससे अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने दिव्यांगजनों को दी जा रही पेंशन के बारे में जानकारी ली और निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों को समय से पेंशन की किस्त पहुंचाने का कार्य किया जाय। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने निर्देशित किया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण में संचालित ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर कोर्स मे छात्रों की शत प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाय। उन्होने कहा कि विभाग के माध्यम से कम्प्यूटर कोर्स करने के बाद छात्र-छात्राओं को कहां-कहां रोजगार मिला, इसकी सूचना एकत्र की जाय। उन्होंने कहा कि पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित छात्रावासों का व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण करते हुए मरम्मत कार्य कराया जाय।

बैठक में प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चन्द्र शर्मा, विशेष सचिव एवं निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेन्द्र एस चौधरी, विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण सुनील कुमार चौधरी, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन अजीत कुमार, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वन्दना वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

रोज़गार मेला में 200 युवाओं को मिला रोज़गार

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में रोजगार मेले का उद्घाटन प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा किया गया। उनके द्वारा मेले में अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया। ट्रेनिंग काउंसलिंग एवं प्लेसमेन्ट अधिकारी एम ए खाँ ने बताया गया कि रोजगार दिवस में लगभग 600 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें कुल 16 कम्पनियों द्वारा 200 अभ्यर्थियों को 8000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाओं के साथ जॉब के आफर दिये गये तथा यह भी कहा कि जो अभ्यर्थी रोजगार दिवस में चयन से वंचित रह गये है वे अभ्यर्थी 03 अक्टूबर 2023 को राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में होने वाले वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं जिसमें लगभग 100 कम्पनियाँ 10,000 रिक्तियों के सापेक्ष चयन करेगी।